CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शिवानन्दलहरी

हिन्दी व्याख्या एवं संस्कृत टीकासहित

श्री दक्षिणामूर्ति मठ, वाराणसी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

श्रीमद्भगवत्पादाचार्यविरचित

शिवानन्दलहरी

हिन्दी अनुवाद तथा संस्कृत टीका समेत

सम्पादक एवं अनुवादक

स्वामी स्वयम्प्रकाश गिरि

प्रकाशक

श्री दक्षिणामूर्ति मठ
डी. ४९/९, मिश्रपोखरा
वाराणसी — २२१०१०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पुस्तक - प्राप्ति - स्थान

१. श्री दक्षिणामूर्ति मठ, वाराणसी — २२१०१० ।
२. श्री संन्यास आश्रम, श्रीराम रोड, दिल्ली — ११० ०५४ ।
३. श्री शङ्कर मठ, आबू पर्वत — ३०७ ५०१ ।

प्रथम संस्करण
भगवत्पादाब्द १२०३
वैक्रमाब्द २०४८
ख्रैष्टाब्द १९९१

सर्वाधिकार सुरक्षित

मूल्य — 40 रु.

मुद्रक : निर्मल चिन्तन, आगरा

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विषय - सूची

	पृष्ठ
आचार्यचरण की भूमिका	क — ट
शिवानन्दलहरी हिन्दी व्याख्या	१ — १२५
अवतरणिका	१ — २
विषयविभाजन	३
श्लोकव्याख्यारंभ	४
चित्त स्वभाव से भगवत्स्रवण	६
अनन्यता	८
पशु-पाश	१०
भक्तियोग	१२
पूजाविषयक भ्रम	१४
पूजाविषक भ्रम	१५
भक्ति की सार्वत्रिकता	१६ — २०
रक्षक चुनना	२२
रक्षक पर विश्वास	२५
कार्पण्य	२५
निसर्गजा आदि भक्ति के आठ कारण	२६
आत्मनिक्षेप	२८
अनुकूलता का संकल्प व प्रतिकूलता का त्याग	२९
'मैं उनका ही हूँ'	३१
'वे मेरे ही हैं'	३३
'वह ही मैं हूँ'	३४
भक्तिफल की सान्तता	३६
सालोक्यादि मोक्ष	३७ — ३९
भजनीय दर्णन	४०

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परमेश्वर का ऐहिक संसर्ग	४१
'नक्षत्रमाला' का समर्पण	४२
शिव का गुरुरूप	४३
ऐश्वर्यशाली महादेव	४४
करुणार्णव पशुपति	४५
विस्मयकारी शंभु	४७
सेवा	४८
वीर संहारक	५०
स्मरणासक्ति	५१
अनन्यभक्ति	५२
श्रवण	५४
रत्यङ्कुर	५६
भक्तिभूमिकायें	५७
कीर्तन	५९
अर्चन	६०
दास्य	६१
सख्य	६२
स्मरण	६४
सेवन और वन्दन	६५
आत्मनिवेदन	६७
भक्ति-सार्थकता	६८
अनुस्मरण	७१
जीवकी अयोग्यता	७३
शिव की रहस्यदर्शकता	७५
भगवन्नृत्य का वातावरण	७६
शिवभक्ति में सर्वाधिकार	७९
हमारा दुर्भाग्य	८१
प्रेमवैविध्य	८२ — ८७
सात्त्विकभाव	८८

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भक्ति का अतर्क्य रूप	८९
भक्ति का फल	९०
संसार शिवक्रीडा है	९१
भक्ति भी भगवान् के सहारे ही संभव है	९३
स्मरण	९५
जप	९६
कर्तव्य	९८
भक्तिप्राप्य सम्पत्ति	९९
कर्मेन्द्रियों की भगवत्परता	१००
संतोष	१०१
बुद्धिवधू	१०२
सर्वसुलभ शम्भु	१०४
भगवद्धर्मनिष्ठा	१०५
शिवभक्ति की पूज्यता	१०६
महादेव ही सेव्यतम	१०८
शिव-शिवा की सेवा	११०
बुद्धिसमर्पण की श्रेष्ठता	१११
भक्ति का फल भक्ति	११२
भक्त के लिये अपेक्षित योग्यता	११३
मनोभावप्राधान्य	११४
पराभक्ति	११५
अभेद की आवश्यकता	११६
शिवप्रवणचित्त से सदा भजन	११८
भक्त में भगवान्	१२०
स्तोत्र का शिवार्पण	१२२
भक्ति का प्रयोजन शिवज्ञान	१२३
स्तोत्र समापन	१२४
संस्कृतटीका	१ –५२
श्लोकसूची	५३

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

भूमिका

हिन्दू धर्म वैदिक काल से ही कर्म, भक्ति व ज्ञान का समन्वय ही स्वीकारता रहा है। मन ही बन्धन व मोक्ष की प्रतीति का स्थल है। पाप रूपी मल, विक्षेप रूपी रागादि व स्वरूप का आवरण ही वे त्रिदोष हैं जो कुपित होकर जीव को बन्धन के सन्निपात में अण्डबण्ड बकवाते रहते हैं व व्यवहार में प्रवृत्त कराते रहते हैं। सत्कर्म से पापमल निवृत्त हो जाता है। भक्ति रागनिवृत्ति कर मुमुक्षा को तीव्र करती है। ज्ञान आवरण को भङ्ग कर स्वरूपाविर्भाव कर देता है जो मोक्ष का ही दूसरा नाम है। अथवा यह भी कहा जा सकता है कि कर्म विविदिषा को उत्पन्न करते हैं। भक्तिरूप शान्त्यादि ज्ञानयोग्यता का आपादन कराते हैं। श्रवण व मनन रूपी ज्ञानाभ्यास अपरोक्षानुभव को प्रकट करते हैं। इस प्रकार क्रम से तीनों का अभ्यास जीव को कृतार्थ कर देता है।

मुख्य धारा समन्वयवादी होने पर भी आचार्यों ने अपनी अपनी साधना-पद्धति को प्रधानता देने के लक्ष्य से इनमें से अन्यतम को ही प्रधान माना है। इनमें भी कुछ लोगों ने तो अन्यों को गौण स्वीकारा है और कुछ ने उनकी गौणता भी अस्वीकार कर दी है, मोक्ष के अनधिकारियों के लिये इनका प्रतिपादन मान लिया है। इसीलिये जिस प्रकार वेदव्यास ने पुराणों का प्रकाशन प्रधानरूप से भक्ति के लिये किया, वैसे ही ब्रह्मसूत्रों का ज्ञान के लिये निर्माण किया एवं महाभारत का कर्म के लिये प्रणयन किया। आचार्य शङ्करभगवत्पादों ने भी भाष्यों द्वारा ज्ञान का विस्तार किया तो स्तोत्रसाहित्य द्वारा भक्ति का विकास किया। उनका जीवन तो ज्वलन्त निष्काम कर्मयोग का दर्पण ही है। उनके बाद संभवतः कोई भी संस्कृतज्ञ भक्त ऐसा नहीं हुआ जो उनके प्रभाव से अभिभूत न हुआ हो। जो वैष्णवादि दार्शनिक उनके दर्शनपक्ष को नहीं स्वीकारते वे भी उनके विष्णुसहस्रनामादि-विवरण एवं उनके स्तोत्रों को तो उपजीव्य बनाते ही हैं। उनके स्तोत्र साहित्य का इसीलिये उन्होंने खण्डन भी नहीं किया।

उत्तर भारत विष्णु की अवतार लीला स्थली रही है। अतः हिमालय के पर्वतीय प्रदेशों को — काश्मीर, कांगड़ा, कूर्माचल, केदार, काष्ठमण्डप, कामरूप आदि को — छोड़ कर यदि तलस्थलों में देखें तो राम व कृष्ण की भक्ति का ही प्रचार प्रधान रहा है। अतः हिन्दीभाषी प्रदेशों की भाषाओं में शिवभक्ति का साहित्य न्यूनतम है। फलस्वरूप भक्ति का तात्पर्य ही वैष्णवभक्ति हो गया। इसी के कारण वैष्णव दार्शनिक पक्ष का भी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हिन्दी भाषामात्र जानने वालों में प्रभाव बढ़ता गया एवं अद्वैत पक्ष विस्मृति के गर्भ में चला गया। निर्गुण व सगुण दोनों भक्तिमार्ग विशिष्टाद्वैत या भेदाभेद या द्वैत दर्शनों से ही अनुप्राणित रहे। संस्कृतज्ञ तो यहां भी अद्वैत दर्शन के ही अनुयायी बने रहे। पर काशी ही अद्वैत का प्रधान केन्द्र रह पाया। अतः सामान्य जनता ने भक्तिमार्ग व ज्ञानमार्ग दो स्वतन्त्र मार्ग मान लिये एवं प्रथम को वैष्णवमार्ग व द्वितीय को शैवमार्ग भी माना जाने लगा। इसीलिये लोगों में भ्रम फैल गया कि अद्वैतमार्ग शुष्क व भक्तिहीन है। इस सन्देह की निवृत्ति के लिये आचार्य के स्तोत्रों का प्रामाणिक व विस्तृत विवेचन करते हुये अनुवाद आवश्यक हो गया था। स्वामी स्वयम्प्रकाशगिरि अद्वैत के दार्शनिक प्रस्थान के गंभीर अन्वेषक व पाठक रहे हैं। अतः वे इस कार्य के लिये सर्वथा सक्षम हैं एवं हमें बड़ी प्रसन्नता है कि उन्होंने यह कार्य अपने ऊपर लिया एवं स्वल्पकाल में ही सम्यग्रूप से सम्पन्न कर लिया।

शिवानन्दलहरी का भक्तिसाहित्य में विशेष स्थान है। संभवतः यह और स्तुतिकुसुमाञ्जलि शैवभक्तों का सर्वोत्तम पाथेय है। शिवानन्दलहरी में शिवतत्त्व का सभी प्रकार से विस्तृत विवरण आ गया है। सारा भक्तिसाहित्य का दर्शनपक्ष इसमें स्फुट है। स्वामी स्वयम्प्रकाशगिरिजी की व्याख्या भी संक्षिप्त होते हुये भी इस पर पूर्ण प्रकाश डालती है। अतः इस व्याख्या को हिन्दी स्मार्त्त-भक्ति-प्रकाश या अद्वैतभक्तिसार भी कहा जा सकता है। प्रारंभ में ही विद्वान् व्याख्याता ने भक्ति की साध्यरूपता व साधनरूपता पर प्रकाश डालते हुये इसकी साधनरूपता की ही वैदिकता सिद्ध कर अद्वैत भक्ति को केवल भावमात्र नहीं वरन् भावयुक्त-कर्मपरक सिद्ध किया है। दार्शनिक व धार्मिक मतभेदों के होते हुये भी विश्व के सभी धर्म भक्ति को स्वीकारते हैं। अतः अद्वैतसम्प्रदाय में इसका स्थान निश्चित करना आवश्यक है क्योंकि निर्गुण परमशिवतत्त्व व उसकी प्रत्यगात्मा से अत्यन्ताभिन्नता ही अद्वैत में प्रेम का आधार है। आचार्य मधुसूदन सरस्वती के शब्दों में '*स एवाहम्*' ही सर्वोत्तम भक्ति है जिसको श्रीकृष्ण ज्ञानी भक्त के रूप में बताकर '*ज्ञानी त्वात्मैव मे मतम्*' स्पष्ट करते हैं। अन्य सभी धर्म, चाहे वे भारतीय हों चाहे अभारतीय, भेद को प्रेम के लिये आवश्यक मानते हैं एवं जीव का ईश्वर से भेद या भेदाभेद ही स्वीकारते हैं। अद्वैत का उद्घोष है कि निरपेक्ष निरतिशय प्रेम भेद में कभी संभव नहीं। अत्यन्ताभिन्न ही परमप्रेमास्पद होने के योग्य है। व्याख्याकार ने इसका स्पष्ट विवेचन किया है।

महर्षि रमण शिवानन्दलहरी के बड़े भक्त थे एवं उन्होंने इसके श्लोकों का चयन करके विषयवार सजाया था। स्मृति में रह सके इसके लिये उन्होंने एक पद्य भी रचा था जो निम्नलिखित है :—

अं-भक्-जन-घटो-वक्षः-नर-गुहा-गभी-बटुः।

आद्या दश-शिवानन्दलहरी-श्लोक-सूचिका॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'*अम्*' अर्थात् '*अंकोलम्*' से प्रारंभ होने वाला ६१ वाँ श्लोक। इसमें सदृष्टान्त भक्ति का लक्षण किया है। विद्वान् व्याख्याता ने स्पष्ट किया है कि यह उदात्त स्वरूप है एवं '*हंसः*' (५९) तथा '*रोधः*' (६०) से भी भक्ति का ही वर्णन किया गया है। इस प्रसंग में प्रेमावरण का वर्णन भी बड़ा हृद्य है। चित्तवृत्ति से इन्द्रियवृत्तियों का संग्रह '*कंचित्कालम्*' में (८१) स्वयं भगवत्पाद शंकर भी करते हैं जिसका निर्देश यहाँ करके, एवं उसकी क्रियात्मकता का निरूपण करके साधकों का उपकार किया है।

'*भक्*' अर्थात् '*भक्तिर्महेशपद*' से प्रारंभ होने वाला ७६ वाँ श्लोक। भक्ति से चित्त आप्लावित होने पर जीवन की सफलता बताकर भक्ति का लक्ष्य बताया है। सन्तोष ही यह सफलता है इसे व्याख्या में स्पष्ट किया गया है। असन्तुष्ट कभी शिवभक्त नहीं हो सकता क्योंकि असन्तोष का बीज ईश्वर की सर्वज्ञता व सर्वशक्तिमत्ता में सन्देह है। आचार्यपाद '*सर्वज्ञस्य दयाकरस्य*' (३५) कहकर स्वयं इसे स्पष्ट करते हैं। इसकी व्याख्या में इसे रागानुगा भक्ति बताया गया है जो साक्षिरूप में स्थिति ही है। यहीं (३५ में) व्याख्याता ने स्वरूपप्रतिपादन का समापन माना है जो महर्षि रमण ने स्वीकारा है।

'*जन*' अर्थात् '*जननमृतियुतानाम्*' से प्रारंभ होने वाला ८३ वाँ श्लोक। अनन्त शिव ही भक्ति के विषय हैं अन्य देवता नहीं क्योंकि सान्त अनन्त को नहीं प्राप्त करा सकता। इस प्रकार अनन्तता ही शिवता है। इस बात को व्याख्याता ने बड़े विस्तार से समझाया है। शिवतत्त्व देवता विशेष का नाम नहीं है। भास्करराय के नव कारणों में इसी तत्त्व का कथन है न कि मूर्तिविशेष का। अन्य द्वैतवादी मूर्तिविशेषों को ही प्रधान मानकर तत्त्व को भुलाते हैं। अद्वैती मूर्ति को गौण व जिसकी मूर्त्ति है उस शिव को ही प्रधान मानता है।

'*घटो*' अर्थात् '*घटो वा*' से प्रारंभ होने वाला ६ठा श्लोक। क्या छोड़ने लायक है इसका इसमें प्रतिपादन है। जगत्कारणरूप से शिव का प्रतिपादन शास्त्रों में है। तैत्तिरीय उपनिषद् में वरुण ने अपने प्रिय पुत्र को '*यतो वा इमानि भूतानि . . . जातानि*' इत्यादि रूप से ब्रह्म को जन्म स्थिति भंग का हेतु बताया व इसीका विचार रूपी तप करके भृगु ने उसे पा भी लिया। भगवान् बादरायण ने ब्रह्मसूत्र में '*जन्माद्यस्य यतः*' के द्वारा ही ब्रह्म का लक्षण करके उसकी जगत्कारणता का ही निरूपण किया। अतः न्याय, पाशुपत, वैष्णवागम, सांख्य, आदि ने इसी पथ का अनुसरण किया। पर उन्होंने आरम्भकारणवाद व परिणामिकारणवाद के द्वारा इसे समझने का यत्न किया। इसीलिये वे सद्धर्म से हट गये। घड़े को मिट्टी का पिण्ड विशेष का, परिणाम या अणुओं से आरंभ मानने पर अभिन्ननिमित्तोपादान रूप विवर्ताधिष्ठान शिव की अनन्यभक्ति असंभव है। इसे सिद्ध करने में वेदोक्ति को भुलाकर अनुमानमात्र का सहारा लेकर '*अचलो वह्निमान् धूमात्*', '*क्षित्यंकुरादिकं कर्तृजन्यं कार्यत्वात्*' रूपी विचार ही करते रहे। इससे तो मोक्ष असंभव

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है। शंभु ही अधिष्ठान कारण हैं यह श्रुति से जानकर इसके विषय में शङ्कानिवृत्ति के लिये तर्क का उपयोग तो ठीक है। और ऐसा तर्क बृहदारण्यकोपनिषद् के '*मन्तव्यः*' का ही आदेश है। तार्किकशिरोमणि भगवत्पाद शङ्कर इसी प्रकार के तर्कों से सांख्य, सौगत, औलूक्य दर्शनों की असंगति का निरूपण करते हैं। '*दुस्तर्कात्सुविरम्यताम् श्रुतिमतस्तर्कोनुसन्धीयताम्*' से उपदेशपंचक में इसे स्पष्ट करते हैं। इसीलिये व्याख्याता ने स्पष्ट किया है कि अनुभूति के अनुसार ही शब्द को समझना है, शब्दमात्र से सन्तुष्ट नहीं होना है। प्रेम विचार से नहीं होता : अपने से सम्बन्ध समझने पर ही प्रेम स्वभावतः होता है। गौणात्मा व मिथ्यात्मा से भी प्रेम होता है तो मुख्यात्मा से न हो यह असंभव है। अतः विवर्त्तवाद के द्वारा शिव को मुख्यात्मरूप से अपना व जगत् का अधिष्ठानकारण समझने का ही प्रयत्न करना चाहिये जिससे अनन्यभक्ति हो कर भूमा सुख की प्राप्ति हो सके। तर्क प्रेम का कार्य नहीं कर सकता। तर्ककुशलता से सुख नहीं वरन् बौद्धिकश्रम ही हाथ लगता है। जल्प व वितण्डा तो भक्त साधक के लिये सर्वथा हेय है। वाद भी विचार को स्पष्ट करने तक ही सीमित रखना चाहिये। रमण महर्षि स्वयं इसके दृष्टान्त हैं।

'*वक्षः*' अर्थात् '*वक्षस्ताडनमन्तकस्य*' के द्वारा प्रारंभ होने वाला ६४ वाँ श्लोक। मन में तर्क आदि न बस कर शिव बसें तो सभी क्लेश निवृत्त हो जावें। शिव स्वयं कृपा कर बसें तभी यह संभव है। जीव अपने प्रयास से इसे नहीं साध सकता। अतः भक्त प्रेम से उन्हें मनावे कि वे ऐसी कृपा करें क्योंकि घोर कर्मों को करते समय उन्हें भी घोर मन रूपी उपाधि की आवश्यकता है। कठोर स्थानों पर पैर पड़ने के लिये चमड़ा निकृष्ट वस्तु होने पर भी, जूते के काम आता है। इसी प्रकार मेरा मन आपके जूते के काम आ जायेगा व आपके सदा बसने से मैं भी धन्य हो जाऊंगा। यह भावुकतापूर्ण अनुनय किस सहृदय को स्पर्श करके विह्वल नहीं कर देगी? प्रश्न हो सकता है कि कहीं यह जूता उनके पैर को घायल न कर दे। पूर्वश्लोक में उत्तर दे दिया है कि प्रेमपूर्ण जूता जब आपको प्रिय लगता है तो फिर यह प्रश्न कैसे उठेगा? शंकर भगवत्पाद का काव्य शान्तरस में अनुपम है यह निर्विवाद है। ऐसा जूता बन जाने पर वह मन यम की छाती को भी चोटिल कर देगा, अपस्मार को भी दबा देगा, दुर्ग ज्ञान मार्ग में स्वच्छन्द विहार कर लेगा व देवताओं या इन्द्रियों का भी पूज्य बन जायेगा। निम्न होने पर भी उत्कृष्ट बन जायेगा। क्या विरोधाभासालङ्कार है!

'*नर*' अर्थात् '*नरत्वं देवत्वम्*' से प्रारंभ होने वाला १० वाँ श्लोक। प्रेम ही प्रधान है। अन्य परिस्थितियाँ या वर्णाश्रम प्रधान नहीं हैं। '*जिस विधि राखे शंकर उसी विधि रहिये*' का अनुसरण करते हुये सभी अवस्थाओं में शिवचरणानुराग में प्रवृत्ति ही कर्त्तव्य है। मनीषी गिरिजी ने यहाँ देवत्व आदि की व्याख्या छान्दोग्य की प्रजापतिविद्या के भाष्य का अनुसरण करते हुये सर्वथा अद्वैतपरक करके अद्भुत विवेक का परिचय दिया है जो

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रशंसनीय है। साथ में साधकों को स्मार्त दृष्टि से आगाह भी किया है कि प्रेम कर्त्तव्य का साधक होता है, न कि बाधक। परवर्त्ती वैष्णव भक्तों ने इसे न समझ कर अपना व समाज का — दोनों का अकल्याण ही किया है। शाङ्करसम्प्रदाय की भक्तिधारा इन दोषों से इसीलिये बची रही कि मधुसूदन, अप्पय, नीलकंण्ठ आदि आचार्य साधकों को आगाह करते रहे। गिरिजी ने इधर ध्यान दिलाकर इसी परंपरा को पुष्ट किया है।

'*गुहा*' अर्थात् '*गुहायां गेहे वा*' से प्रारंभ होने वाला १२ वाँ श्लोक। जैसे शरीर से फर्क नहीं पड़ता वैसे ही देश से भी फर्क नहीं पड़ता। सभी देशों में शिवभक्ति की जा सकती है। इतना ही नहीं सभी देशों में करनी ही चाहिये। शिवनिष्ठा ही योग है। तीर्थ भी तीर्थ इसीलिये है कि वहाँ शिवभक्ति के स्पन्दों का निरन्तर प्रवाह होता है। जैसे मनुस्मृति की टीका में कहा गया है कि वैदिक वर्णाश्रम को त्याग देने पर आर्यावर्त्त भी म्लेच्छ देश हो जाता है एवं उसकी स्थापना होने पर म्लेच्छ देश भी पुनः आर्यावर्त्त हो जाता है वैसे ही शिवभक्तिस्पन्दों से रहित तीर्थ भी तीर्थ नहीं रह जाता। आज व्यावहारिक जगत् में भी सिन्धु, वितस्ता, कुभा नदी म्लेच्छ देश बन चुकी हैं एवं हिंगलाज, मूलज्वालामुखी, मूलस्थान आदि तीर्थ नहीं रह गये हैं यह स्पष्ट है। इन्हें पूत किया जाना चाहिये एवं एतदर्थ प्रयत्न भी कर्त्तव्य है। शिव को केन्द्र बनाकर जीना ही सुख है यह शिवभक्तों के जीवन से स्पष्ट है।

'*गभी*' अर्थात् '*गभीरे कासारे*' से प्रारंभ होने वाला ९ वाँ श्लोक। भक्ति में हृदयकमल का दान ही प्रधान है। भक्ति में मानसक्रिया ही प्रधान है, बाह्यक्रिया नहीं। प्रेमपूर्वक आदेशपालन व प्रेमरहित आदेशपालन में जैसे भेद होता है वैसे ही कर्म व भक्ति में समझना चाहिये। हृदयसमर्पण करने में अपने मन की गहराइयों में भी उतरना पड़ता है। मन को विषयों से हटाकर शिवैकतानता रूपी घोर जंगल की एकान्तता भी प्राप्त करनी पड़ती है एवं वहां के काम, क्रोध आदि जंगली जानवरों का भी सामना करना पड़ता है, भक्तिभूमिकाओं के शिखरों पर आरूढ होना पड़ता है। इस प्रकार सभी कठिनाइयों का सामना इस एक कमल के समर्पण में ही सिद्ध हो जाता है अतः घर में ही शहद मिले तो पर्वत पर क्यों जाना की लोकोक्ति यहाँ घट जाती है। पर ऐसी योग्यताप्राप्ति के पूर्व कमलों का चयन तो प्रेमपूर्वक करना ही है। विष्णु की कमल-लीला में भी इसी हृदयकमल को चढ़ाने का माहात्म्य प्रकट किया है। वेदान्तशास्त्र दक्षिणनेत्र में जीव अर्थात् अन्तःकरणावच्छिन्न चैतन्य की स्थिति मानता है। अतः विष्णु का नेत्र चढ़ाना इसी जीवभाव या हृदयकमल को चढ़ाना है। इसके चढ़ाने से उन्हें सुदर्शन अर्थात् ब्रह्मसाक्षात्कार की प्राप्ति हुई जिससे सारे संसार की रक्षा करने में वे समर्थ हुये। ब्रह्मज्ञानी न दूसरे को उद्वेग देता है, न किसी से उद्वेग प्राप्त करता है। इस प्रकार सारे संसार को उद्वेगशून्य वह अपनी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तरफ से बना कर उसकी रक्षा करता है। विष्णु समष्टि जीवभाव को प्रतीत कराते हैं यह तो व्याख्या नें स्पष्ट किया ही गया है (पृ-४)।

'बटु' अर्थात् '*बटुर्वागेहीवा*' से प्रारंभ होने वाला ११ वाँ श्लोक। जिस प्रकार जन्मगत भेदों से भक्ति का अधिकार नहीं रुक सकता उसी प्रकार अपने द्वारा वरण किये जाने वाले आश्रम-भेदों से भी नहीं रुकता। व्याख्या में भक्ति के अधिकार व भक्तकष्टों की निवृत्ति या अनिवृत्ति पर सुन्दर विचार किया गया है। वस्तुतः इन कई श्लोकों का नारदप्रणीत भक्तिसूत्र के '*नास्ति तेपु जाति-विद्या-रूप-कुल-धन-क्रियादिभेदः*' से घनिष्ठ सम्बन्ध है। भक्ति सभी के अधिकार में है। कर्म में अधिकार का सर्वाधिक विचार है क्योंकि उसमें शरीर प्रधान है। अतः शरीर सम्बन्धी वर्ण, आश्रम, जाति, कुल, रूप आदि सभी प्रधान हो जाते हैं। ज्ञान व भक्ति का सम्बन्ध अन्तःकरण से है। शरीर यहाँ गौण है। अतः शरीर में रहने वाले वर्णादि धर्म भी यहाँ गौण हो जाते हैं। ज्ञान में अत्यन्तवैराग्य जरूरी होता है। अतः परमहंस का ही इसमें प्रधान अधिकार है। यह लिंगधारण से हो या लिंग के अधारण से हो यह विचार दूसरा है। कर्म का पूर्ण संन्यास तो दोनों में है। पर भक्ति में पूर्ण वैराग्य व पूर्ण कर्मत्याग न होने पर भी अधिकार हो जाता है। अतः अन्तःकरण भी थोड़ा वैराग्यवाला हो तो भी काम चल जाता है। अतः यह मानवमात्र के लिये कर्त्तव्य है। ज्ञान में विचारयोग्यता व गुरु की प्राप्ति भी आवश्यक है। अतः ज्ञान के विषय में वेदाधिकार का विचार भी अनेक जगह किया गया है। ज्ञान होने पर मोक्ष अवश्यंभावी है। पर ज्ञानोत्पत्ति के साधनों में विकल्प संभव है। ज्ञानप्राप्ति में सभी की योग्यता तो निर्विवाद है। पर ज्ञानप्राप्ति के साधनों के विषय में मतभेद पूर्वाचार्यों में रहा है। परन्तु भक्ति में ये सभी विचार अनावश्यक हैं। अतः भक्ति द्वारा शिवप्राप्ति कर शिवोपदेश से निर्विशेष अवस्था की प्राप्ति सरल घण्टापथ मानना ही पड़ता है। आवश्यकता इसमें परमेश्वर-प्राप्ति की इच्छा व विषयों के प्रति अत्यन्तासक्ति का अभाव मात्र है। आवश्यकता की पूर्ति शिव करेंगे इस विश्वास के साथ उनकी सर्वथा शरणागति लेना ही यहाँ अधिकारसम्पादन कर देता है।

'*आद्या*' अर्थात् '*आद्या विद्या*' से प्रारंभ होने वाला ९१ वाँ श्लोक। यहाँ भक्ति का फल ज्ञान व मोक्ष बताया है। शिव-भक्ति अज्ञानान्धकार को ज्ञान प्रकाश से नष्ट करके स्वरूप स्थिति रूपी मोक्ष प्रदान कर देती है। यह जीवन्मुक्ति की स्थिति का प्रतिपादन है। इस प्रकार एक दृष्टि से इन दस श्लोकों में सार बताया है।

व्याख्या में हृदय को पिघलाने की आवश्यकता व उसके साधन रूप में सत्पुरुषों की सेवा आदि का प्रतिपादन किया है (पृ.५)। वस्तुस्थिति यह है कि भक्ति हृदय से होती है और ज्ञान प्रज्ञा से। अतः जैसे विचारशक्ति के बिना ज्ञान असंभव है वैसे ही प्रेम करने की शक्ति के बिना भक्ति असंभव है। बहुत से लोग प्रेम करने में असमर्थ होते हैं। अतः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

किसी व्यक्ति से पहले अपनत्व बना कर प्रेमसामर्थ्य को प्राप्त करना होता है। जैसे न्याय, मीमांसा आदि से विचारसामर्थ्य को प्राप्त करके ही ज्ञान मार्ग में प्रवेश करना होता है, वैसे ही महत्पुरुषों की सेवा से उनके प्रेम को प्राप्त कर अपने में प्रेमानुभूति होने पर ही भक्तिमार्ग में प्रवेश संभव होता है। यद्यपि स्त्री, पुत्र आदि में भी यह प्रेम संभव है, परन्तु वहां आलम्बन के दोष से मोह ही हो पाता है। कहीं कहीं अपवाद हो यह बात दूसरी है। मोह व प्रेम का भेद तो स्पष्ट है। मोह में स्व को क्या मिलेगा यह भाव समाप्त नहीं होता जो प्रेम में सर्वथा नहीं रहता। अतः प्रेम में वनिया-बुद्धि नहीं रह सकती। महत्संग से ही यह संभव है। अतः यहीं से भक्तिसोपानों का प्रारंभ है। ज्ञानमार्ग में विवेक-स्थानीय प्रेममार्ग में महत्संग है। महापुरुषों के न मिल पाने पर यह पनप ही नहीं सकता। नारद ने भी इसे '*अमोघ*' कहा है। इसी से चित्त पिघलता है। पिघले काल में भक्त का चातुर्विध्य (श्लो. ३) संभव है। पर पिघलने पर भी शिव की अन्य विभूतियों के प्रति आदर बना रखना (श्लो.४) यह अद्वैतरस का वैशिष्ट्य है। महापुरुषसंगति के न मिलने पर भी वात्स्यार्चा में तो रत रहे ही क्योंकि यही महत्प्राप्ति का द्वार वन जायेगा (श्लोक ७ व व्याख्या)। यही उनकी दया के प्रति हमें खींचेगा। शिव की अप्रतिहत स्वातंत्र्यशक्ति अवश्य ही कृपा कर गुरु के रूप में दर्शन देगी। इस बारे में व्याख्या विस्तृत व मननीय है (श्लोक. १५)। इन श्लोकों से शरणागति के सभी सोपानों का प्रतिपादन स्वयम्प्रकाशजी की विशेषता है। तदनन्तर श्लोक २४ से सालोक्यादिमुक्तियों का वर्णन शंकरभगवत्पाद करते हैं।

भक्तिसाधना में अनन्यभक्ति ही आदर्श सभी को स्वीकार्य है। अनन्यता के ज्ञान से मोक्ष व अनन्यता को मानने से या अनन्यता की भावना करने से भक्ति होती है। इस भावना का उत्स शिव पर विश्वास एवं प्रेम का सम्बन्ध है। इसमें शिव को एक ऐसा सर्वज्ञ सर्वशक्तिमान् दयालु स्वीकारा जाता है जो हमारी प्रार्थना को न केवल सुनता है वरन् उससे प्रभावित भी होता है। वेदान्त की भाषा में इसे मायाधीश कहा जाता है। साधारण विवेकहीन व अज्ञानी भी अपनी नीचता व कमजोरी को समझ कर ईश्वर को अपना अधिपति व सर्वस्व तो मान ही सकता है। कर्मयोग में अपनी इच्छा को सर्वेश्वर के उद्देश्यों से एक करना पड़ता है जो कठिन है। हठयोग में आसन प्राणायाम आदि व अव्यक्त में ध्यान लगाना कठिन है। ज्ञानयोग में काम व कर्म दोनों का स्वरूपतः त्याग और विचार का कठिन साधन है। भक्ति में तो केवल उनपर भरोसा कर अपनी सभी अभिलाषाओं का विषय उन्हें बना देना मात्र है। भक्ति का उद्गम ऋग्वेद के स्तुति व प्रार्थनात्मक मन्त्रों के रहस्यों में छिपा है। मोहन्जोदाडो व हरप्पा में शिवमूर्तियों व शिवलिंगों का पाया जाना तब तक भक्ति के विकास का परिचायक है। उपनिषदों के उपासना भाग में तो '*तज्जलानिति शान्त उपासीत*' आदि वाक्य अद्वैत अनन्योपासना का स्पष्ट उपदेश करते हैं। आगम, पुराण, महाभारत आदि समृद्ध भक्तिग्रन्थ हैं। परमशिव ऐसे अतीत तत्त्व नहीं हैं जो उस

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लोक के वासी हों जहां जीवों की प्रार्थना की पहुँच नहीं है, न वे ऐसे असंग हैं कि उससे उनमें करुणा न उपजे। वे तो ऐसे करुणासागर हैं जिनका सहारा भक्त को प्रतिक्षण मिलता रहता है। भक्त ऐसा हो जो शिव से परानुराग निर्हेतुक करे। गुणरहित, कामनारहित, प्रतिक्षणवर्द्धमान, अविच्छिन्न सूक्ष्मतर अनुभवरूप उसे नारद ने कहा है। शिव की सर्वशक्तिमत्ता, सर्वज्ञता व करुणाविग्रहता का प्रेम से निरन्तर स्मरण इसे पुष्ट करता है। साधक को दूसरों से उनके गुणों का वर्णन, ज्ञान एवं सर्वकर्मसमर्पण करते रहना है। पूज्यभावना ही भक्ति का प्राण है। अपने शुद्धतम भाव में ही व्यक्ति का पूज्यतम भाव व प्रियतमभाव बन सकता है। अतः अनन्यता इसका सार है। सन्त पॉल कहते हैं कि 'I and yet not I but Christ liveth in me': 'मैं, पर मैं नहीं वरन् ईसा ही मैं-में जी रहे हैं'। जगद्धर भट्ट कहते हैं कि मैं आपकी स्तुति करता हूँ यही अविद्या है। वस्तुतः आप ही अपनी स्तुति कर रहे हैं। पर ज्ञान व भक्ति में अभेद नहीं है क्योंकि यहाँ मन कर्मेन्द्रिय की तरह स्वतन्त्र है, जब कि ज्ञान में मन ज्ञानेन्द्रिय की तरह शिवतन्त्र होता है। अतः भक्त का कर्तृत्त्व बाधित नहीं होता। इसीलिये उसका आनन्द भी स्फुट है व असफलता का दुःख भी। श्लो. ९१-९२ में आनन्द है तो श्लो. २०, २२ में दुःख भी है। अपनी धन्यता का वर्णन भी श्लो. ९९ में है कि जो शिव ब्रह्मा व विष्णु को भी प्रयत्न करने पर साक्षात्कृत नहीं हुये वे ही मुझे प्रयासरहित होने पर साक्षिरूप से वृत्ति के विषय होकर साक्षात्कृत हो गये। शिव विनयप्रिय हैं व अहङ्कारी को प्रकट नहीं होते।

भक्ति की स्त्रीलिंगता व ज्ञान की नपुंसकलिंगता व धर्म की पुँल्लिंगता सार्थक है। अपनी पुरुषार्थता व इच्छा रूपी स्त्रीरूपता दोनों का परित्याग करने पर ज्ञान होता है। अपनी इच्छा को छोड़ कर अपने प्रयत्न पर जोर देने से धर्म की ईश्वरार्पणता रूपी योग सिद्ध होता है। इच्छा रूपी स्त्रीरूपता विकसित होकर भक्ति का रूप धारण करती है। प्रेम, शरणागति, दया, कोमलता सहज स्त्रीस्वभाव है। विनय, आज्ञापालन, सेवाभाव, आदि उनमें प्रायः होते हैं। इसीलिये रुग्णालय सेविकाएं (nurses) प्रायः स्त्रियाँ होती हैं। आशा, कष्टसहन, आदि के बिना मातृधर्मपालन असंभव होता है। इसीलिये उनमें सर्वस्वसमर्पण का भाव सहज है। प्रेम पाने व प्रेम करने में उनका सारा जीवन धन्य हो उठता है। अतः भक्ति के द्वारा मनुष्य में रहने वाली स्त्रीता पूर्णता को प्राप्त कर लेती है। धर्म के द्वारा पुरुषता पूर्ण हो जाती है। तभी नपुंसक ज्ञानभाव की पूर्णता संभव होती है। प्रथम दोनों की पूर्णता के बिना एक भाव प्रधान बना रहेगा जो ज्ञानभाव-प्राप्ति में प्रतिरोध करता रहेगा। योग भी पुँल्लिंग है। यह भी धर्मविशेष ही है क्योंकि कर्तृता से ही पुष्ट होता है। इसमें सर्वाधिकार होने से संन्यासी भी इसका अनुष्ठान कर सकता है यह बात दूसरी है। प्रत्येक जीव द्विलिङ्गी है यह तो आधुनिक विज्ञान व युगनद्ध आदि ग्रन्थों में विस्तार से प्रतिपादित है ही। दोनों से परे ही शिवतत्त्व है। यद्यपि विश्लेषण के लिये ऐसा भेद

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

करना पड़ता है तथापि वास्तविकता में कोई भी साधक सामान्यतः एक प्रकृति का नहीं मिलता अतः कर्म व भक्ति का या योग व भक्ति का अनुष्ठान करते हुये वेदान्तविचार में प्रवृत्ति करते रहना चाहिये जिसमें सभी पथ पुष्ट होते चलें। वेदान्तविचार में जैसे-जैसे प्रौढता आती जायेगी वैसे-वैसे कर्म घटते हुये कर्मसंन्यास की स्थिति बनती जायेगी। अन्ततः केवल तीव्र प्रेम रूपी भक्ति रह जायेगी जो वैराग्य व मुमुक्षा का ही रूप होगा।

भक्ति श्रद्धा पर आधारित है। अतः देवताभक्ति भी स्मार्त्तसम्प्रदाय स्वीकारता है। श्रद्धा को भंग न करके श्रद्धास्पद की वास्तविकता को शिवरूप सिद्ध करने से देवताभक्ति ही शिवभक्ति हो जायेगी। अन्य मत जहाँ एक मूर्ति को तोड़कर अन्य मूर्ति को स्थापित करते हैं, स्मार्त्त उसी मूर्ति को शिवरूप बना देता है। अतः हिन्दू मूर्तिभंजक (iconoclast) नहीं है। जबतक मूर्तिभंजक रहेंगे तब तक धार्मिक असहिष्णुता व धर्मसंघर्ष अवश्यंभावी है चाहे जितना धर्मनिरपेक्षवाद का नारा लगाया जाये। आवश्यकता है कि सभी धर्मों को सहिष्णुता स्वीकारने को बाध्य किया जाये। हिन्दू तो पति व आचार्य को भी देवता मान उसकी पूजा से भी अन्ततः शिवप्राप्ति मानता है यदि उसकी वास्तविक शिवता का पता लग जाये। सीमित प्रेम भी प्रेमाभाव की अपेक्षा वांछनीय है क्योंकि प्रेम के बिना स्वार्थ का सीमित त्याग भी असंभव है। सभी पूज्य उसी पूज्य के अंग होकर ही पूज्य होते हैं। सभी देव महादेव के अंग ही हैं। क्षितिज हमेशा हमारी आंखों की सीध में ही रहता है, हम चाहे जितना ऊपर चले जावें। इसी प्रकार शिवविषयक हमारी प्रज्ञा, हमारी श्रद्धा से ऊर्ध्व नहीं जा सकती। अतः प्रत्येक साधक उसे अपनी कामना से ही समझता है।

'रुजासु नाथः परमं हि भेषजम्, तमः प्रदीपो, विषमेषु संक्रमः।
भयेषु रक्षा, व्यसनेषु बान्धवो, भवत्यगाधे विषयाम्भसि प्लवः' ॥

निम्नतम स्तर में धन, आरोग्य आदि की कामना से हमें वे मृत्युंजय या यक्षरूप से प्रतीत होते हैं। ज्ञानकामना से दक्षिणामूर्त्ति रूप में प्रकट होते हैं। इस प्रकार सभी साधक शिवोपासना में प्रवृत्ति कर सकते हैं। पुण्याहवाचन प्रत्येक शुभ कर्म के प्रारंभ में किया जाता है। श्लो. ३६ में इसी को शिवभक्ति का रूपक देकर स्पष्ट किया है कि सभी कर्म इसी प्रकार समझे जा सकते हैं। पुण्याहवाचन को छोड़ना नहीं वरन् उक्त भावना के साथ करना है।

श्रवणभक्ति का निरूपण श्लो. ३७ की व्याख्या में स्पष्ट किया गया है। श्लो. ४७ तक नवधा भक्ति व फल का विस्तृत प्रतिपादन है। आचार्य शंकर के जीवन में मल्लिकार्जुन का विशेष माहात्म्य रहा है। अन्यत्र भी

'सिद्धिं तथाविषमनोविलयां समाधौ श्रीशैलशृङ्गकुहरेषु कदोपलप्स्ये।
गात्रं यदा मम लताः परिवेष्टयन्ति कर्णे यदा विरचयन्ति खगाश्च नीडान्' (शृंगेरी शांकरग्रंथावली खण्ड ११ पृ. ४२८)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कह कर साधकभाव में स्थित होकर यहीं निर्विकल्प समाधि को साधा इसका यहाँ सङ्केत है। आज भी मल्लिकार्जुन का वातावरण महाशान्त है एवं स्पन्दों से पूर्ण है। नागार्जुन व पाशुपतलकुलीश आदि ने भी यहाँ सिद्धि प्राप्त की थी एवं वीरशैवों का यह सदा ही मुख्य केन्द्र रहा है। इस प्रकार यह साधना का तीर्थ है। इस ग्रंथ में भी *'श्रीशैलवासी प्रभुः'* का स्मरण कर अपने प्रिय तीर्थ का निर्देश करते हैं। सर्वत्र शिवानुभूति होने पर भी जिस केन्द्र से प्रथमानुभूति होती है उसका आकर्षण बना ही रहता है। महर्षि रमण अरुणाचल के प्रति सदा आकृष्ट थे तो परमहंस रामकृष्ण दक्षिणेश्वरकाली के प्रति। यही कारण है कि ज्ञान होने पर भी अपने गुरु एवं वेदान्तशास्त्र के प्रति अत्यन्त आकर्षण बना रहता है। इनके प्रति उपेक्षा कभी संभव नहीं हो सकती। इसी प्रसंग में मेघ, मयूर, खेत आदि उपमाओं से शिव को निर्दिष्ट किया है। मोर के गुह्यांग की विशेषता का निरूपण व्याख्याता की अद्भुत कल्पनाशक्ति का परिचायक है। इसी प्रसंग में जो भक्ति को योग से असम्बद्ध बताते हैं उनका भी निवारण कर दिया गया है। वस्तुतस्तु योग के ईश्वरप्रणिधान का विस्तार ही भक्ति है। श्लो. ५७ की व्याख्या में संक्षेप में भक्तिधर्मों का पूरा निरूपण भक्त साधकों को आह्लाद प्रदान करेगा यह निःसन्दिग्ध है।

शिव की स्वातन्त्र्यशक्ति ही वेदान्त में माया या अविद्या कही जाती है। स्वतंत्रता का अर्थ ही होता है कारणरहितता या अन्य से अजन्यता। माया अनादि है, परन्तु शिवाधीन सत्ता वाली होने से स्वतः स्वतन्त्र नहीं। शिवज्ञान से यह शक्ति नष्ट हो जाती है। शिव ही अपने को प्रकट करके फिर अपने में परिपूर्ण अनन्तरूप से स्थिर हो जाता है। जिस प्रकार भौतिक-शक्तिशास्त्र (Physics) में अव्यक्तशक्ति (Potential) व्यक्तशक्ति (Kinetic) होकर निर्वाण को प्राप्त कर जाती है, पुनः कार्योत्पन्न करने में असमर्थ हो जाती है, एवं चूँकि कार्य से ही शक्ति का अनुमान होता है अतः कार्याभाव में उसे निःसत्त्व ही मानना पड़ता है; उसी प्रकार शिव की शक्ति भी निःसत्त्व हो जाती है। भौतिकशास्त्री शक्तिमान् को स्वीकार नहीं करता अतः वह निःसत्त्वता का निरूपण नहीं कर पाता यह विचार अलग है। किंच यहाँ शक्ति का रूप शिव की अज्ञातता ही है। अतः शिव की ज्ञातता ही इसका व्यक्तीकरण है। शिवसाक्षात्कार से ही यह शक्ति समाप्त होती है अन्यथा नहीं। जिस प्रकार रस्सी में यह शक्ति है कि मन्द प्रकाश में सर्प, जलधारादि अनेक रूपों में प्रकट हो, यह शक्ति तभी समाप्त होती है जब तीव्र प्रकाश में रस्सी का ज्ञान हो जाये, इसी प्रकार शिव की माया अनन्त देश, अनन्त काल व अनन्त वस्तुओं के रूप में प्रकट होती रहेगी जब तक शिवज्ञान न हो जाये। अपने आप कार्य करके समाप्त नहीं होती अतः अनन्त कही जाती है। निष्प्रयोजन ही यह क्रीडा है क्योंकि शिव विमर्श काल में भी परिपूर्ण अनन्तप्रकाश रूप ही बना रहता है। इस क्रीडा में सहयोग ही भक्त करता है। विना जानकर बन्ध काल में व समझकर भक्तिकाल में करता है बस यही भेद है। ज्ञान

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होने पर तो साक्षिभाव में स्थित होकर सहयोग भी केवल प्रकाशमात्र रूप से रह जाता है, क्योंकि मायिक अनात्मा शरीर मन आदि जो क्रीडा करते हैं उनमें तादात्म्य सम्बन्ध के अभाव से कर्त्तृत्व भोक्तृत्व भी नहीं पैदा हो पाता। अतः श्री कृष्ण की तरह '*तस्य कर्त्तारमपि मां विद्ध्यकर्त्तारमव्ययम्*' वह अपने को सहयोगी नहीं समझता।

ईसाईयों की साधना की कालरात्रि (Dark night of the Soul) का वर्णन अति उत्कृष्ट रूप से आचार्य ने विरहिणी वधू कहकर कर दिया है। प्रथम दर्शन के बाद जब शिव अन्तर्धान हो जाते हैं तो जो तड़पन पैदा होती है वह असह्य होती है। बार-बार मन में शंका उठती है कि मेरी ही किसी भूल से ऐसा हुआ होगा। आत्मविश्लेषण की तरफ ध्यान केन्द्रित होता है और सूरदास तक कह उठते हैं '*मो सम कौन कुटिल खल कामी*'। पर इस ताप में तपकर बुद्धि सर्वथा शुद्ध हो जाती है एवं महादेव का अवतरण होने के योग्य बन जाती है। जब तक शिव पहले कृपा कर दर्शन नहीं देते तब तक यह तड़पन पैदा नहीं होती, अतः यह कृपासाध्य है। यह होने पर '*बुद्धिकन्यां प्रदास्ये*' जो आपकी व पार्वती की सेवा करेगी। पार्वती मायारूप होने से धर्म का चिन्तन व प्रतिपादन, एवं शिव ब्रह्मरूप होने से ज्ञान का प्रचार करना ही बुद्धि की सेवा है। इस लोकसंग्रह के सिवाय और कोई लोकसंग्रह साधारण साधकों के लिये असंभव है। वह तो ब्रह्मा, विष्णु, वसिष्ठ आदि आधिकारिक पुरुषों के लिये ही संभव हो सकता है। श्लो. ८६ से ८८ तक इसे बताया है। अतः शिवचरित्रवर्णन रूपी पराभक्ति ही हमारा कर्त्तव्य है। इस प्रकार यह अनुपम ग्रन्थ भक्ति का पूर्ण वर्णन करता है। हमें आशा ही नहीं पूर्ण विश्वास है कि स्वामीजी की यह व्याख्या शैवों को अतिप्रिय होगी व अद्वैत भक्ति के विस्तार में महत्वपूर्ण भाग अदा करेगी। आशा है स्वामीजी अन्य ग्रंथों के द्वारा भी हिन्दी पाठकों का उपकार करेंगे।

शिवानन्दलहरी पर बहुत अन्वेषण करने पर भी केवल एक संस्कृत टीका मिल पाई है। इसके लेखक का नाम अज्ञात है। टीका खास प्रौढ विचारों से पूर्ण नहीं है, फिर भी अप्रकाशित न रह जाये एवं संस्कृतज्ञों का कुछ उपकार मूलार्थ को अवगत कराने में करेगी ही, अतः परिशिष्ट रूप से उसे भी प्रकाशित किया जा रहा है।

शंकरमठ, आबू पर्वत — भगवत्पादीय

अधिक वैशाख शुक्ल दशमी २०४८ वि. — *महेशानन्द गिरि*

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ॐ

श्रीमद्भगवत्पादशङ्कराचार्यकृता

शिवानन्दलहरी

अनुत्तराशाभिमुखं कृपार्णवं प्रणम्य शंभुं भगवत्पदं परम् ।

महेशपूर्वं सुखशैलमात्मनो गुरुं सुधाविप्रुडथोच्यते मुदा ॥

गुरूक्तिमनुसृत्यापि गच्छतः स्खलनं मम । भवेत्तदपि सोढव्यं शिवार्भकवचो यथा ॥

अन्योक्तालोचनं भक्त्या कुर्वतो मे न दोषिता । पण्डितोऽपण्डितो वाऽपि सर्वो ब्रूते यथामति ॥

महादेवकृता व्याख्या सरलाप्याश्रिता मया । तुष्यत्वनेन भगवान् देशिकेन्द्रो हृदि श्रितः ॥

'श्रद्धाभक्तिध्यानयोगादवैहि' (कै. १.२), 'यस्य देवे परा भक्तिः' (श्वे. ६.२३) आदि श्रौत उद्घोषों के आधार पर मुखरदक्षिणामूर्ति भगवान् भाष्यकार आचार्य श्रीशंकर ने परमपुरुषार्थ की प्राप्ति के लिये परमेश्वर-भक्ति के अनुष्ठान का विधान किया है । आनन्दगिरि स्वामी गीताटीका में इस रहस्य को सोदाहरण वताते हैं : *'यथा व्यापकमपि सावित्रं तेजः स्वच्छे दर्पणादौ प्रतिफलति, तथा परमेश्वरोऽवर्जनीयतया भक्तिनिरस्तसमस्तकलुषेषु पुरुषेषु संनिधत्ते' (९.२९)* । स्वयं आचार्य ने वाक्यभाष्य में उपासना की विधेयता कही है : *'सगुणोपासनार्थो वा, ... तस्यैव ब्रह्मणः सगुणत्वेनाधिदैवमध्यात्मं चोपासनं विधातव्यम्' (केन. खण्ड २)* । यद्यपि

'द्रुतस्य भगवद्धर्माद्धारावाहिकतां गता ।

सर्वेशे मनसो वृत्तिः भक्तिरित्यभिधीयते' ॥ (भक्तिरसायन पृ. ३०) इत्यादि सारस्वतवचन से द्रवीभूत मन की भगवद्विषयक अविच्छिन्न वृत्ति भक्ति है तथा *'सा त्वस्मिन् परमप्रेमरूपा' (नारद २), 'परानुरक्तिरीश्वरे' (शाण्डिल्य. २)* आदि अभियुक्तों के अनुसार निरवच्छिन्न प्रेम भगवद्विषयक हो तो भक्ति कहाता है व आनन्दगिरि स्वामी भी गीताटीका में *'भक्त्या परेण प्रेम्णा' (९.१४), 'भक्तिः शरणबुद्ध्या प्रीतिः ' (४.३), 'भजनं परमप्रेमा ' (१४.२६)* आदि से इसे स्पष्ट करते हैं, तथापि भगवत्पादीय मत में भक्ति मनोवृत्तिमात्र नहीं, उसका अभिव्यंजन भी है, जैसा कि बार-बार *' भजनं भक्तिः' (८.१०, १३.१०, १४.२६ आदि), 'भजते सेवते' (६.४७), ' भक्तिं मयि परां कृत्वा — भगवतः परमगुरोः शुश्रूषा मया क्रियते — इत्येवं कृत्वा' (१८.६८)* आदि गीताभाष्य-वचनों से स्पष्ट है । इस अभिव्यक्ति में स्वाभाविक प्रेम का होना उनकी दृष्टि से अनिवार्य है : *' ये भजन्ति तु मामीश्वरं भक्त्या मयि ते स्वभावत एव, न मम रागनिमित्तं मयि वर्तन्ते' (गी. भा. ९.२९)* । एवं च पूर्वोक्त लक्षण से उपेत अभिव्यक्ति भक्ति समझनी चाहिये । इस विभेद का कारण भी है । अन्य परम्पराएँ भक्ति को साध्यरूप — परमपुमर्थरूप— मानकर प्रवृत्त होती हैं, जबकि औपनिषद दर्शन में वह साध्य के लाभ का प्रशस्त उपाय है । अतः सत्य,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ज्ञान आदि की तरह भक्ति या प्रेम परमात्मा का स्वरूप ही है, वृत्ति में उसकी अभिव्यक्तिमात्र होने से वृत्ति में ज्ञान की तरह भक्ति का उपचार होता है, यह यदि आनन्द का ही नामान्तर भक्ति या प्रेम है तब तो ठीक है पर यदि इससे विलक्षण स्वरूप है तो प्रमाणसापेक्ष जान पड़ता है। *'अस्ति भाति प्रियं रूपं _आद्यं त्रयं ब्रह्मरूपम् '* आदि दृग्दृश्यविवेक में प्रियशब्द से आनन्द कहा ही गया है । एवं 'प्रेमावरण' भी अनानन्दापादक का दूसरा नाम ही प्रतीत होता है । इसी दृष्टि से प्रेम की परमा काष्ठा अखण्ड प्रेम जिससे ब्रह्मरूप परम रस व्यक्त होता है, वह परम रस - परम प्रेम - भक्ति है इत्यादि भक्तिव्याख्यान की संगति लग जाती है । आचार्य बादरायण भी भक्ति की द्वैतनिवृत्तिरूप परायणता स्वीकारते हैं यह आचार्य शाण्डिल्य ने सूचित किया है *'आत्मैकपरां बादरायणः' (शां. भ. ३०)*। इस अद्वैतनिष्ठा में पर्यवसित होने वाली सक्रिय प्रेमरूप भक्ति मुमुक्षुओं द्वारा सेव्य है । इसीलिये स्मार्तपरम्पराओं में विकसित भक्ति वैष्णवादि मान्यताओं से कुछ हट कर है । *'न माहात्म्यज्ञानविस्मृत्यपवादः' (नारद २२)* इस श्रीनारद-वचन की सार्थकता जैसे स्मार्तभक्ति में है वैसे वैष्णवादि भक्ति में नहीं यह सुविदित है । महत्ता प्रेम में आड़े आती है यह लौकिक रीति होने पर भी परमेश्वर से प्रेम में इसे स्थान नहीं (द्र. शिवानन्दलहरी ३५) । स्वयं परमेश्वर का बालक हो वात्सल्यपरिपाक स्मार्तों को इष्ट है, परमेश्वर को 'छाछियाभर छाछ पर नाच नचाना' नहीं । साथ ही शास्त्रीय आचारों का अनुसरण कर्तव्य कोटि में माना गया है: *' तदुदितं कर्म स्वनुष्ठीयतां तेनेशस्य विधीयतामपचितिः' (सा. पं. १), 'स्ववर्णाश्रमधर्मेण तपसा हरितोषणात्' (अपरो. ३), 'स्वकर्मणा तमभ्यर्च्य' (गी. १८. ४६)* आदि वचन इसमें प्रमाण हैं । एवं च व्यावहारिकता को दृष्टिगोचर रख भक्तिस्वरुप विज्ञेय है । व्यावहारिक होने से भक्ति का क्षेत्र अपारमार्थिक है इसमें सन्देह नहीं । कुछ विचारक मिथ्यात्व और रति का विरोध बताते हैं पर हम सभी को विषयरति अनवरत अनुभूयमान है जो इस बात को झुठला देती है । जैसे मिथ्यात्व ज्ञान अन्य व्यवहारों को नहीं रोकता वैसे ही भक्ति को भी । अत एव नाम, धाम, देहादि को नित्य मानकर *'नेह नाना'* आदि श्रुतियों को अदिव्यभेदनिवर्तक मानना और दिव्य भेद की कल्पना करना कहाँ तक संगत है यह विचारणीय है । *'उपासनार्थः प्रदेशविशेषपरिग्रहो न विरुद्ध्यते...... उपाधिविशेषसम्बन्धात् प्रदेशविशेषकल्पनोपपत्तेः' (ब्र. सू. भा. १.१.२४), 'अत्यल्पमिदमुच्यते; जाग्रद्विषया अपि ... सत्या एव भवन्ति' (छा. भा. ८.५.४)* आदि भाष्यसन्दर्भों से तथाकथित दिव्य धाम आदि व्यावहारिक ही सिद्ध होते हैं । ज्ञान, आनन्द आदि तो ब्रह्म से अपृथक् हैं, पृथक् की तरह तो केवल प्रतीत होते हैं, यदि ऐसे ही धाम आदि हैं तो दिव्य आदि विशेषण व्यर्थ है । एवमेव संक्षेपशारीरक की रीति से सत्य आदि की तरह धाम आदि को विशिष्ट में रूढ मान कर लौकिकांश त्याग से अभिव्यंग्य दिव्यतत्त्व की धामरूपता आदि की स्वीकृति का कोई दार्शनिक लाभ नहीं है । हाँ, यदि धामशब्द में रुचिविशेष हो और उससे सच्चिदानन्द परमात्मा को कहा जा रहा हो तब इष्ट ही है ।

इन सब विषयों को स्पष्ट करते हुए साम्ब सदाशिव की भक्ति में प्रेरित करते हुए भगवान् भगवत्पाद ने स्तोत्रग्रन्थों का निर्माण किया । स्तोत्रों में प्रधान विषय भक्ति है । यद्यपि रहस्यात्मक निरूपण से आध्यात्मिक पारमार्थिक सन्देश दिया जाना आवश्यक है और आचार्य के स्तोत्रों में औपनिषदपदार्थप्रतिपादन सुलक्ष्य है तथापि स्तोत्रप्रवृत्ति भक्तिमूलक है इसमें सन्देह नहीं । अतः भक्ति

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

के मान्य अंग आदि का वर्णन मुख्य और तात्त्विक निरूपण ध्वनि से किया मानना चाहिये । ध्वनि की भी मुख्यता ध्वनिकार आदि ने मानी ही है अतः सहृदयों को वही अर्थ प्रमुख लगे तो भी हानि नहीं । इन स्तोत्रों की आचार्यकर्तृकता में कुछ विचारक सन्दिग्ध हैं किन्तु तावता इनकी उपयोगिता में कमी नहीं आती । अतः इसमें कोई आग्रह नहीं कि इन्हें भाष्यकारकृत ही मानें, पर इनका अर्थ भाष्य-अविरुद्ध ही समझना उचित है । निश्चित से अनिश्चित का निर्धारण करना मीमांसा व युक्ति को मान्य है । श्री भगवत्पादीय दर्शन भाष्यों में यथावत् प्रकट है इसमें कोई सन्देह नहीं । उन निश्चित सिद्धान्तों का विरोध यदि इन स्तोत्र आदि में मिले तो स्तोत्र आदि की व्याख्या उन सिद्धान्तों के अनुसार समझनी चाहिये । व्यवहारभूमि में श्रौत-स्मार्त परम्पराओं को निभाना शंकराचार्य को स्वीकृत है । उन्हीं आधारों पर स्तोत्र आदि में साधनोपदेश है । अर्थवाद आदि का प्रयोग प्रेरणा के लिये यथायोग्य किया है । उनमें अतीव आग्रह न करने की हिदायत तन्त्रवार्तिककारने दी है जिसे हमेशा याद रखना चाहिये । इन स्तोत्रों में अन्यतम है 'शिवानन्दलहरी' । द्वितीय श्लोक में इसका नामनिर्देश है । सौ श्लोकों की इस लहरी में मनोरम रीति से भगवत्तत्त्व का परिचय और परिचर्या की प्रेरणा दी है । '*नतिः*' से उपक्रम कर '*कथं वेद्यः*' में उपसंहार कर आचार्य ने अपनी दृष्टि स्पष्ट कर दी है । यद्यपि विषय सङ्कीर्ण है तथापि छब्बीसवें श्लोकतक मुख्यतः साधक की स्थिति वर्णित है, तदनन्दर पैंतीसवें तक भगवान् का प्रधानतः वर्णन है व उसके बाद इनके सम्बन्ध का, भक्ति का। सैंतालीसवें श्लोक से बगीचा, लता, जननी, धेनु, रस्सी, अभ्रपंक्ति आदि रूपकों द्वारा भक्ति को समझाया है । उनसठ से इकसठ तक के श्लोकों में नाना दृष्टान्तों से भक्ति का स्वरूप लक्षित किया है । भगवान् को सूर्य, किला-प्रिय, घोंसला, भ्रमर आदि के रूप में वर्णित किया है । मन के लिये चालीस से अधिक उपमायें हैं, कुछ जड जगत् से जैसे सरोवर, कुछ पक्षीजगत् से जैसे हंस, कुछ पशुजगत् से जैसे घोड़ा व कुछ मनुष्य जगत् से जैसे चोर (क्रमशः श्लो. २, ४८, ७५, २२) । इस स्थूल विभाजन के रहते भी प्रायः समस्त स्तोत्र में भक्ति के किसी आयाम को, किसी कोण या वैशिष्ट्य को बताया ही गया है । '*भक्तेषु*' से अधिकारी, '*आनन्दस्फुरदनुभवाभ्याम्*' से प्रयोजन, '*शिवाभ्याम्*' से विषय और '*नतिः*' से सम्बन्ध बताते हुए यह प्रथम श्लोक है—

कलाभ्यां चूडालङ्कृतशशिकलाभ्यां निजतपः -
फलाभ्यां भक्तेषु प्रकटितफलाभ्यां भवतु मे ।
शिवाभ्यामस्तोकत्रिभुवनशिवाभ्यां हृदि पुन -
र्भवाभ्यामानन्दस्फुरदनुभवाभ्यां नतिरियम् ॥१॥

कलाभ्याम् = समस्त कलाओं के साररूप, **चूडालङ्कृतशशिकलाभ्याम्** = चन्द्रकला से अलंकृत मस्तकवाले, **निजतपःफलाभ्याम्** = एक दूसरे के तप के फलरूप, **भक्तेषु** = भक्तों पर (कृपा कर), **प्रकटितफलाभ्याम्** = फल देने वाले, **अस्तोकत्रिभुवनशिवाभ्याम्** = समस्त त्रिभुवन का कल्याण करने वाले, **आनन्दस्फुरदनुभवाभ्याम्** = आनन्द के प्रकट अनुभवरूप, **पुनः** = तथा, **हृदि** = हृदय में, **भवाभ्याम्** = होने वाले, **शिवाभ्याम्** = शिव-शिवा के लिये, **मे** = मेरी, **इयम्** = यह, **नतिः** = प्रणति (प्रणाम), **भवतु** = हो ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

*'ईशान'*आदि श्रुतियों के आधार पर भगवान् शंकर की ईश्वरता स्मार्तों को इष्ट है । यद्यपि विष्णु आदि की अनीश्वरता की कल्पना भी नहीं,— *' नास्माकं तत्र वादः प्रभवति किमपि स्पष्टमद्वैतभाजाम्'*— तथापि *' विष्णुर्व्यापकजीवस्वरूपम् '* आदि व्याख्या से चन्द्रिकाचार्यादि ने ईश्वर शब्द के कोशप्रसिद्ध अर्थ में ही रुचि व्यक्त की प्रतीत होती है ।अतः *' भगवतोऽन्यत्र पृथङ्न कदाचिदपि या भवति सा त्वनन्या भक्तिः' (गी. भा. ११.५४)*आदि स्ववचनानुसार परमेश्वर को इस श्लोक द्वारा नमस्कार किया है । कूर्म पुराण में (८.८९) वचन है

'त्रिविधां भावनां ब्रह्मन् प्रोच्यमानां निबोध मे । एका मद्विषाय तत्र द्वितीयाऽव्यक्तसंश्रया ।

अन्या तु सगुणा ब्राह्मी विज्ञेया त्रिगुणातिगा ॥'

इनमें अन्तिम श्रेष्ठ होने पर भी कठिन होने से यथाक्रम पूर्व भावनाएँ अनुष्ठेय हैं । अव्यक्त से चिच्छक्ति समझनी चाहिये । *' शिवाभ्याम्'* शब्द में शिव-शिवा दोनों का समावेश है । किन्तु शिवा का शिव के अन्तर्भूत होना *'पुमान् स्त्रिया' (१.२.६७)* इस पाणिनिवचनानुसार स्फुट है । एवमपि उपासक शिवा का अनुभव कर रहा है यह *' भ्याम् '* इस द्विवचन से स्पष्ट है । इस प्रकार उपास्य ब्रह्म का स्वरूप सूचित किया । साथ ही भक्ति का परमविरहरूप भी दिखाया है । संयोगकालीन विरह परमविरह बताया गया है । संयोग सत्य व वियोग कल्पित होता है । यहां प्रकृतिभाग से संयोग और प्रत्ययभागसे वियोग वताया है । शिव-शिवा से तीव्रतर पारस्परिक प्रेम और किसका हो सकता है ? वही प्रेम भक्ति का घटक है । इसी भक्ति से प्रेरित हो गौरी शिव-परिचर्या करेंगी (श्लो. ८४) । उमा से आश्लिष्ट होते हुए (२५), शिवा से आलिंगित होते हुए (५०) भी शिव भ्रमराम्बिका के अधिपति ही हैं (५१) । ईक्षणादि शिव का तप है । वेदान्त में ईश्वर सांख्यपुरुष की तरह लंगड़ा आदि नहीं है अत एव *' ईक्षतेर्नाशब्दम् ' (१.१.५)* आदि अधिकरण संगत है । उस तप से ही शिवा का शिवसम्बन्ध प्रकट होता है । शिवा तो नित्यशरणागत होने से सदा तपस्विनी है ही । अतः ये एक दूसरे के तप के फलरूप हैं । सतीदाह के बाद भगवान् ने व युवावस्था में भगवती पार्वती ने तप किया यह तो प्रसिद्ध ही है । *' फलमत उपपत्तेः ' (ब्र. सू. ३.२.३८)* आदि के आधार पर ईश्वरेच्छा से अतिरिक्त अपूर्वादि को फलप्रद मानने का आचार्य ने निषेध किया है । उसी फलप्रदाता को नमस्कार का विषय बताकर शास्त्रप्रसिद्धि का स्मरण दिलाया है । हृदयस्थता से परोक्षता की निवृत्ति है । 'यद्यपि मैं जानता हूँ कि मेरे हृदय में जो है वह आप ही हैं, तथापि इस तथ्य का स्फुरण मुझे नहीं अतः उसके लिये मैं नमस्कार कर रहा हूं' यह भाव है । वाक्यालंकार प्रयोजन वाले शब्दों का अनुवाद भी वैसा किया है कि अनुवाद में भी वही प्रयोजन सिद्ध हो अतः उन शब्दों को कोशोक्त पदों से ही अनूदित नहीं किया गया है ॥१ ॥

'नमन से सन्तोष नहीं होता क्योंकि आप मेरे अन्तरंग हैं (श्लो. ३५) और आपका आनन्दस्वरूप मुझ में उफन रहा है । बाढ़ की तरह वह आनन्द रोके नहीं रुकता । इसलिये निरन्तर मुझमें रहने वाला भगवत्प्रेम ही इस स्तोत्ररूप में प्रकट हो रहा है' — इस तात्पर्य से कथाश्रवणश्रद्धादि भक्तियोग, उससे पापनिवृत्ति और फलतः तापशान्ति बताते हुए स्तोत्र का नामकरण करते हैं —

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitization by eGangotri

गलन्ती शंभो त्वच्चरितसरितः किल्बिषरजो
दलन्ती धीकुल्यासरणिषु पतन्ती विजयताम् ।
दिशन्ती संसारभ्रमणपरितापोपशमनं
वसन्ती मच्चेतोह्रदभुवि शिवानन्दलहरी ॥२॥

शम्भो = हे शम्भो !, त्वच्चरितसरितः = आपकी लीलाकथा रूप नदी से, गलन्ती = बहती हुई, किल्बिषरजः = पाप-धूलि को, दलन्ती = नष्ट करती हुई, धीकुल्यासरणिषु = बुद्धिरूप नाली के मार्गों में, पतन्ती = पड़ती हुई, संसारभ्रमणपरितापोपशमनम् = संसार में भ्रमणरूप परिताप के उपशम के उपाय को, दिशन्ती = बताती हुई, मच्चेतोह्रदभुवि = मेरे मनरूप सरोवर की भूमि में, वसन्ती = रहती हुई, शिवानन्दलहरी = शिवरूप आनन्द की लहरी (बाढ़), विजयताम् = सर्वोत्कर्ष पाये ।

उद्धव को भक्तियोग (देखिये श्लो. ७) बताते हुए (उद्ध. गी. १४.२०) '*श्रद्धाऽमृतकथायां मे*' से प्रारंभ किया है । भगवच्चिन्तनार्थ लीलाश्रवण परम आवश्यक है । भागवत में अन्यत्र (३.२९.११) भी कहा है :

'मद्गुणश्रुतिमात्रेण मयि सर्वगुहाशये ।मनोगतिरविच्छिन्ना यथा गंगाम्भसोऽम्बुधौ ॥
लक्षणं भक्तियोगस्य निर्गुणस्य ह्युदाहृतम्' ॥

चित्त को लाख (लाक्षा) जैसा बताया गया है, जिसे पिघला कर तो चाहे जिस रंग में रंग सकते हैं, विना पिघलाये कुछ नहीं कर सकते । काम, क्रोध, स्नेह आदि वे अग्नियाँ हैं जो इसे पिघलाती हैं । इन्हें उद्दीप्त करने के लिए कथाश्रवण, लीलादर्शन आदि उपाय हैं । चरितनदी की एक आनन्दात्मक लहर भक्त के चित्त को भर देती है । पत्थर जैसे मन वालों पर कुसुमांजलि में उदयनाचार्य शोक प्रकट करते हैं । कारण यही है कि '*कठिनी शिथिला वा धीर्न गृह्णाति न वास्यते'(भक्तिर. पृ. ६१)*—कठोर, बिना पिघली, बुद्धि तो भगवदाकार ग्रहण ही नहीं करती और शिथिल, हलकी पिघली, बुद्धि तत्काल ग्रहण करने पर भी धारण नहीं करती । अतः '*काठिन्यं विषये कुर्याद् द्रवत्वं भगवत्पदे'(भक्तिर. पृ. ६४)* ।'*संगात्संजायते कामः*' नियम से भगवत्संग से भगवत्काम होना आवश्यक है । '*अभ्यासाद्रमते यत्र' (गी. १८.३६)* से भी बताया है कि अभ्यास से— पुनः पुनः करने से — अभ्यस्त विषय में रमण होता है । अतः महात्माओं की सेवा कर उनकी दया पाकर उनके धर्मों में श्रद्धा पूर्वक हरगुणश्रवण करना चाहिये, यह तात्पर्य है ।

'प्रथमं महतां सेवा तद्दयापात्रता ततः ।श्रद्धाऽथ तेषां धर्मेषु ततो हरिगुणश्रुतिः ॥'

आदि द्वारा प्रथम स्कन्ध (भा. १.५. २३ आदि) में नारदजी ने इन भक्तिभूमिकाओं का उपदेश दिया है (द्र. श्लो. ३९) ।'*वसन्ती*' से यह बताया कि चित्त की स्वाभाविक रति परमेश्वर में सदा विद्यमान है,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

किल्बिष (पाप) के कारण वह विषयासक्त होता है, पाप निवृत्त हो जाने से परमेश्वर के प्रति प्रेम प्रकट हो जाता है । जैसे जीव की शिवरूपता स्वाभाविक है, अज्ञानसे उत्पन्न भेददृष्टि की निवृत्ति ही साध्य है, स्वरूप नित्य शिव है, यह शांकर सिद्धान्त है, वैसे ही यह भी समझना चाहिये । आचार्य मधुसूदन ने इसे व्यक्त किया है —

'*भगवदाकारता तु चित्तस्य स्वाभाविकी.... शास्त्रस्य....उपयोगः.... अन्याकारताविरोधिभगवदाकारतासम्पादने । या हि स्वाभाविकी भगवदाकारता चित्तस्य सा विषयाकारतासहचरितत्त्वात् तत्साधकत्त्वाच्च न तद्विरोधिनी*' (*भक्तिर. पृ. ६६-६७*) ।

जैसे स्वरूपज्ञान अज्ञानविरोधी नहीं, वृत्तिज्ञान ही वैसा है, ऐसे ही प्रकृत में भी समझना चाहिये । तात्पर्य है कि भगवान् में प्रेम 'करने' की जरूरत नहीं, वह तो है ही, जरूरत उनसे अतिरिक्त जहाँ कहीं भी प्रेम है वहाँ से उसे हटाने की है । 'मानो परमात्मा द्वारा ऊपर को खींची जा रही हो' — यह लहरी शब्द का अर्थ है : '*लेन इन्द्रेण इव ह्रियत ऊर्ध्वगमनाय*' । अतः इस स्तोत्र द्वारा आनन्द निरवच्छिन्न होना चाह रहा है और वह भी शिवेच्छा से ॥२॥

इतनी उत्तेजित स्थिति है तो चाहे जिस तरह आनन्द (प्रेम) प्रकट कर दिया जाये— इस सम्भावना का निराकरण करते हुए वैदिकमार्ग की प्रधानता बताते हैं —

त्रयीवेद्यं हृद्यं त्रिपुरहरमाद्यं त्रिनयनं
जटाभारोदारं चलदुरगहारं मृगधरम् ।
महादेवं देवं मयि सदयभावं पशुपतिं
चिदालम्बं साम्बं शिवमतिविडम्बं हृदि भजे ॥३॥

त्रयीवेद्यम् = वेद द्वारा विज्ञेय, **हृद्यम्** = हृदय को प्रसन्न करने वाले, **त्रिपुरहरम्** = त्रिपुर का नाश करने वाले, **आद्यम्** = सर्वप्रथम, **त्रिनयनम्** = तीन नेत्रों वाले, **जटाभारोदारम्** = जटा की बहुलता से भव्य दर्शन वाले, **चलदुरगहारम्** = चंचल सर्परूप आभरण वाले, **मृगधरम्** = मृग को धारण किये हुए, **महादेवम्** = सब देवताओं में महान्, **देवम्** = अप्राकृत द्युति वाले, **मयि** = मुझ पर, **सदयभावम्** = दया का भाव रखने वाले, **पशुपतिम्** = पाशबद्ध जीवों के अधीश्वर, **चिदालम्बम्** = समस्त चैतन्य के आश्रय, **अतिविडम्बम्** = (उपाधिधर्मों का) अनुकरण करने में तथा (अविवेकियों को) भ्रमित करने में कुशल, **साम्बम्** = उमा सहित, **शिवम्** = भगवान् शंकर को, **हृदि** = हृदय में, **भजे** = भजता हूँ ।

सूतसंहिता का (३.४.११, १९) वचन है —

'*श्रुतिर्बलीयसी प्रोक्ता प्रमाणानां सुलोचने*' ॥ '*लभ्यो वैदिकनिष्ठानामहमव्यवधानतः*' ॥

स्मार्त परम्परा की वैदिकनिष्ठा अन्य भक्तिमार्गों से उसे विलक्षण बनाती है । भगवान् शंकर की स्तुतियाँ वेदों में बहुलता से मिल जाती हैं, इस तथ्य को भी कारण माना जा सकता है । सर्वथापि,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'वैदिकधर्ममार्गपरता' (वि. चू. २) पर आचार्य की निष्ठा है । यद्यपि अन्य ग्रंथ भी परमेश्वर का ज्ञान देते हैं तथापि आचार्य उन्हें त्रयीवेद्य होने से सर्वप्रथम पहचानते हैं । अतः भक्त को वेद द्वारा भगवत्तत्त्व समझने का प्रयास करना चाहिए यह उपदेश है । चरितसरिता में त्रयी का जल बहे । भगवान् प्रसन्न करने वाले हैं । रुलाना, तड़पाना— ये काम उन्हें प्रिय नहीं । यद्यपि वियोग की गहरी अनुभूति आवश्यक है तथापि भगवान् का त्रयीवेद्य रूप ही हृद्य हो जाता है वे हमारे वेद्य बनें उसके पहले ही । कारण कि हम उनका नैकट्य समझ लेते हैं ।*'आत्मबुद्धिप्रकाशं. . . प्रपद्ये' (आत्मा. १६)* से अप्पय दीक्षित ने भी इस तथ्य को सूचित किया है । इस ज्ञान से ही पूर्वोक्त 'परमविरह' प्रस्फुटित हो सकता है । स्वर्ग में तारकाक्ष की स्वर्णपुरी, अन्तरिक्षमें कमलाक्ष की रजतपुरी और मर्त्यलोक में विद्युन्माली की लोहपुरी —इन तीन को भगवान् ने नष्ट किया यह पुराणादि में प्रसिद्ध है । हृद्य होते हुए उन्होंने यह किया, यह विशेषता है । अभक्तों को दण्डित करने से भक्तों की रक्षा भगवान् करते रहते हैं जिससे उनकी हृद्यता बनी रहे, यह हमें पक्का निश्चय रखना चाहिये । भक्त प्रारम्भ में इतना विरक्त नहीं होता कि वह अपनी सुरक्षा की परवाह न करे । वह वैराग्य तो आगे (१३, ३३) बताया जायेगा । अभी वह रक्षक चाहता है । इस चाह का विश्वास में बदलना भी बतायेंगे (१६) । यहाँ तो उसीका बीज आरोपित किया है । अतः अन्य हृद्यता न भी समझ आये तो रक्षक होने से ही हृद्य हैं ऐसी बुद्धि से भजन करना चाहिये यह भाव है । इससे आर्तभक्त का संग्रह है । जिसके देखने पर ही चन्द्र, सूर्य व वह्नि भी दर्शक हों, वह भगवान् है । उस परममहेश्वर के न देखने पर इनका दर्शक होना असम्भव है । त्रिपुरहर से क्रियासामर्थ्य बताकर त्रिनयन व जटाभारोदार से ज्ञानसामर्थ्य बता दी । जटा से ज्ञान समझना चाहिये । एवं च ज्ञान चाहने वाले भक्त को भी भगवान् ही हृद्य हैं यह बताया । अलंकृत होने से अर्थार्थी के भी वे ही सेव्य हैं। दारुकावन आदि से आये भयभीत सर्पों को अलंकाररूपता प्रदान की । जिसकी कोई कीमत नहीं उसे बहुमूल्य बनाना उनके लिये अनायाससिद्ध है । चिदालम्ब कह कर ज्ञानी भक्त का संग्रह है । एवं च हर तरह के भक्तों द्वारा साम्बशिव का भजन किया जाये, यह तात्पर्य है । भगवान् स्वयं संयमीन्द्र हैं । अन्य भक्तिधाराएँ चंचल उपास्य की महत्ता भले ही बतायें, शंकराचार्य तो मृगधर का भजन करते हैं । मृग कुचाले भरने वाला मन ही है । *'काममय एवायं पुरुषः । स यथाकामो भवति तत्क्रतुर्भवति । यत्क्रतुर्भवति तत्कर्म कुरुते । यत्कर्म कुरुते तदभिसंपद्यते' (बृ. ४.४.५)* इस औपनिषद तत्क्रतुन्याय को समझकर ही उपास्य स्वरूप यहाँ बताया गया है । *' अशान्तवेशैः. . . अमरैरलं नः' (दक्षिणामूर्ति स्तोत्र पृ. १०० स्तुतिकदम्ब)* से भी इस तथ्य को इंगित किया है । अतएव यहाँ केवल 'देव' न कह कर साथ ही महादेव कह दिया है । 'अतिविडम्ब' से आचार्य ने सिद्धान्त सूचित स्पष्ट ही किया है । वि उपसर्ग पूर्वक डम्ब् धातु (चु. उ.) नकल करने व ठगने अर्थ में प्रसिद्ध है ही ॥३॥

प्रमाणसिद्ध हृद्य महादेव की एकनिष्ठ सेवा की कर्तव्यता *'भक्त्या त्वनन्यया' (गी. ११.५४)* आदि स्मृतियों के तथा *'शिव एको ध्येयः शिवंकरः सर्वमन्यत्परित्यज्य' (अ. शिखा. ३.४)* आदि श्रुतियों के अनुसार बताते हैं —

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सहस्रं वर्तन्ते जगति विबुधाः क्षुद्रफलदा
न मन्ये स्वप्ने वा तदनुसरणं तत्कृतफलम् ।
हरिब्रह्मादीनामपि निकटभाजामसुलभं
चिरं याचे शंभो शिव तव पदाम्भोजभजनम् ॥४॥

शम्भो = हे शम्भो !, शिव = हे शिव !, जगति = संसार में, क्षुद्रफलदाः = तुच्छ फल देने वाले, विबुधाः = देवता, सहस्रम् = हजारों, वर्तन्ते = हैं (किन्तु), तदनुसरणम् = उनकी सेवा, वा = या, तत्कृतफलम् = उससे होने वाले फल को, स्वप्ने = सपने में (भी), मन्ये न = मैं कोई मान नहीं देता, हरिब्रह्मादीनाम् = विष्णु ब्रह्मा आदि को, अपि = भी, निकटभाजम् = (जो कि) आपके निकट हैं, असुलभम् = जो सुलभ नहीं, तव = आपके, पदाम्भोजभजनम् = चरण कमलों के उस भजन की, चिरम् = चिर काल से, याचे = मैं याचना करता हूँ ।

भक्ताचार्य नारद ने '*अन्याश्रयाणां त्यागोऽनन्यता*' (नार १०) से एकनिष्ठ भक्ति का विधान किया है । '*देवभक्तिरितरस्मिन् साहचर्यात्*' (शाण्डि. १८) से शाण्डिल्य महर्षि ने भी अन्य देवों में भक्ति के सहचर के रूप में अवस्थित भक्ति को भगवद्भक्ति नहीं माना है । शिवगीता में (१.३०) कहा है :

'*तं त्यक्त्वा तादृशं देवं यः सेवेतान्यदेवताम् । स हि भागीरथीं त्यक्त्वा सेवेत मृगतृष्णिकाम्* ' ॥

स्वयं भाष्यकार ने अनन्यभक्ति की परिभाषा की है '*भगवतोऽन्यत्र पृथङ्न कदाचिदपि या भवति, सा त्वनन्या भक्तिः*' (*गी. भा. ११.५४*) । इस एकनिष्ठा को आगे भी (३३, ४५, ८३, आदि) बताना है । ध्यान देने योग्य बात यह है कि पञ्चदेवोपासना की प्रतिष्ठा भी आचार्य ने की, अतः किसी वैमनस्य को स्थान देकर वैष्णव, शाक्त आदि मतवादों की तरह वे स्मार्त मार्ग को संकीर्ण नहीं बना रहे हैं । अत एव '*हरिः पूज्यात् पूज्यतरः*' इसी स्तोत्र में (८२) कहेंगे । अभिप्राय है कि पूर्वोक्त लाख (लाक्षा) के दृष्टान्त से मन को रंगना है और इसकेलिये एक ही रंग का प्रयोग उचित है अन्यथा वस्तुतः कोई रंग नहीं चढ़ेगा । दीर्घकाल व नैरन्तर्य को दाढ्र्य के प्रति पतंजलिने भी कारण बताया है । ये दोनों तभी संभव हैं जब इष्ट एक रखा जाये । यद्यपि यह मान्यता सभी भक्तिवादों की है, स्वयं भगवान् ने अन्यदेवता-प्रपत्ति में काम-हृत-ज्ञानता को हेतु कहा है (गी. ७.२०), तथापि स्मार्त वैशिष्ट्य यहाँ सूचित है । अन्यदेवतानुसरण और तत्कृत फल मान के — इज्जत के — योग्य नहीं, पूज्यात्पूज्यतरता भले ही रहे । अतः प्राचीन वचन भी है '*हरिर्यथैकः पुरुषोत्तमः स्मृतो महेश्वरस्त्र्यम्बक एव नापरः*' — श्रेष्ठता की असहिष्णुता नहीं, पहचान है । शिवभुजंग में '*अकण्ठे कलंकाद् .... देवमन्यं न मन्ये*' (*पृ. २९ स्तु.*) से यही प्रकट किया है । यह भाव विकृतरूप न ले — देवतान्तरों के प्रति हेय दृष्टि न हो — इसके लिये जो विचार अपेक्षित है उसे भी यहाँ बताया है । प्रथमतः तो अन्य देवों से प्राप्य फलों में क्षुद्रबुद्धि होनी चाहिये । गीतोक्त नियम से कामवश ही अन्यदेवतानुसरण में प्रवृत्ति होती है अतः कामना को विपरीतभावना से — दोषदृष्टि से — दबाने का आयास करना चाहिये । एवं द्वितीय विचार निज इष्ट की अन्य देवों द्वारा प्रार्थ्यमानता का करना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चाहिये— 'वे देव भी इन्हीं के कृपापात्र हैं ' इस प्रकार सोचना चाहिये । इससे उन देवों के प्रति सद्भाव बना ही रहता है और उनका अनुसरण भी करना नहीं पड़ता । *'त्वद्भृत्यभृत्यपरिचारकभृत्यभृत्यभृत्यस्य भृत्यम्'(मुकुन्दमाला २६)*होना अन्य भक्त चाहे चाहते रहें,आचार्य तो साक्षात् शिव के चरणाम्भोजभजन की ही याचना कर रहे हैं । *'निकटभाजाम्'*से इस शंका को हटाया कि उत्तम लोकादि वाले ही शिव भक्ति कर सकते हैं । अन्य मतों में इष्ट के निकट स्थित अष्टसखी आदि को सुलभता व दूरस्थों को दुर्लभता है अत एव परम्परा से भी भृत्यता स्वीचिकीर्षित है, किन्तु स्मार्तमत में ऐसा विभाजन नहीं । *'यो यो देवानां प्रत्यबुध्यत स एव तदभवत् तथर्षीणां तथा मनुष्याणाम्..... तदिदमप्येतर्हि'(बृ. १.४.१०)* इस ज्ञानविषयक सिद्धान्त को भक्ति में भी समान ही समझना चाहिये । इससे हीनभावना आदि को स्थान नहीं रहता ॥४॥

अन्य देवताओं का अनुसरण छोड़ने पर भी स्वयं अपने पर, अपनी सामर्थ्य पर हमे गर्व रहता है जिससे हम भक्ति — *'शरणबुद्ध्या प्रीतिः'* —नहीं कर पाते । अपनी असमर्थता, अकिंचनता को पहचान लेना किसी भी श्रेयोमार्ग का पहला पड़ाव होता है । वह पहचान ही पर्याप्त कारणहै कि भगवान् हमारा पालन करें —*'शरणं व्रज ..... मोक्षयिष्यामि'(गी. १८.६६)* । इस प्राथमिक अनिवार्यता को समझाते हैं —

स्मृतौ शास्त्रे वैद्ये शकुनकवितागानफणितौ
पुराणे मन्त्रे वा स्तुतिनटनहास्येष्वचतुरः ।
कथं राज्ञां प्रीतिर्भवति मयि कोऽहं पशुपते
पशुं मां सर्वज्ञ प्रथितकृपया पालय विभो ॥५॥

विभो = हे व्यापक परमेश्वर !, स्मृतौ = स्मृतियों के विषय में, शास्त्रे = शास्त्रों के विषय में, वैद्ये = वैद्यकशास्त्र में, शकुनकवितागानफणितौ = शकुन समझने में, कविता करने में, गाना गाने में, पुराणे = पुराणों के विषय में, मन्त्रे = मन्त्रों के विषय में, वा = या, स्तुतिनटनहास्येषु = स्तुति करने में, नाटक करने में, हँसी करने में, अचतुरः = मैं सर्वथा अकुशल हूं । मयि = ऐसे मुझ पर, राज्ञाम् = राजाओं की, प्रीतिः = कृपा, कथम् = कैसे, भवति = हो ?, सर्वज्ञ = हे सर्वज्ञ !, अहम् = (उनकी कृपा पाने वाला) मैं, कः = कौन हूँ ?, पशुपते = हे पशुरूप जीवों के स्वामी, पशुम् = पशुतुल्य, माम् = मुझ जीव को, प्रथितकृपया = अपनी प्रसिद्ध कृपा से, पालय = पलिये ।

'यथा तृणाशिनो विवेकहीनाः परप्रेष्याः कृष्यादिकर्मसु नियुक्ताः सकलदुःखसहाः स्वस्वामिबध्यमानाः गवादयः पशवः'(जाबाल्युपनिषत्), *'यथा पशुरेवं स देवानाम्'(बृ. १.४.१०)* आदि श्रुतियों व *'आत्मानः पशवः प्रोक्ताः सर्वे संसारवर्तिनः । तेषां पतित्वाद् देवेशः शिवः पशुपतिः स्मृतः'* ॥
महाभारत ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आदि स्मृतियों से हमारी पशुरूपता सिद्ध है । पाशसे बँधे को पशु कहते हैं । पाशबन्धन देखकर ही *'पश्चादिभिश्चाविशेषात्'* यह भाष्य है । शिवपुराण में ये पाश बताये हैं—

'चतुर्विंशति तत्त्वानि माया कर्म गुणा अमी । विषया इति कथ्यंते पाशा जीवनिबन्धनाः' ॥

शिवोपनिषत् में(१.११-१२)

'गुणो बुद्धिरहंकारस्तन्मात्राणीन्द्रियाणि च । भूतानि च चतुर्विंशद् इति पाशाः प्रकीर्तिताः ॥

पंचविंशकमज्ञानं सहजं सर्वदेहिनाम् ।पाशजालस्य तन्मूलं प्रकृतिः कारणाय नः'॥

कहा है । शैव विचार के अनुसार विद्यारण्यस्वामी कहते हैं

'पाशाश्चतुर्विधाः शैवशास्त्रेषु प्रतिपादिताः । मलो, माया, कर्म तत्त्वतिरोधानं च ते मताः ॥

मलो ज्ञानक्रियाशक्त्याच्छादको दोष इष्यते । रागादिहेतुर्मायोक्ता कर्म पुण्यं च पातकम् ।

मूढैस्तत्त्वतिरोधानं सर्वैरप्यनुभूयते' ॥ अनु. प्र. १२.३० ॥

चाहे जिस प्रकार समझें, अपने बन्धन का हमें अनुभव है और बन्धन पशु का चिह्न है । सांसारिक व्यवहार में इस बन्धन—सीमा—को हम मानकर—सिद्धवत्कृत्य—चलते हैं अवश्य पर सीमा के अंदर जो हमें स्वातंत्र्य प्रतीत होता है उसी के नशे में धुत्त होकर साक्षात् असुर (गीता. १६.६-१८) बन जाते हैं । भक्तिमार्ग में— वस्तुतः अध्यात्ममार्गमात्रमें — किसी भी उपलब्धि के पूर्व हमें असुरता छोड़ अपनी पशुता स्वीकारनी होगी — अपनी औकात पहचाननी होगी । शिवचरितश्रवण, शास्त्रविचार *(त्रयीवेद्यम्)* आदि साधनों से हम अकिंचन हैं इसका जागरूक बोध बनाने का प्रयास करना चाहिये । बोध तो यत्किंचित् है पर हम प्रायः उसे भूले रहते हैं । यह याद रहने लगे तो शिवाज्ञावशवर्ती रहते हुए शिवेच्छा के कल्याणमय राज्य में हमारा वास निश्चित है । इसी निश्चय का उपयोगी विचार यहाँ प्रदर्शित है । प्रायः हम लोग टुटपुंजिया योग्यता वाले ही होकर केवल वृथा गर्व से फूल जाते हैं । वास्तव योग्यता वालों से अयोग्यो में ही योग्यता का दंभ अधिक मिलता है । अपनी तथाकथित योग्यता पर विचार करें— कितनी है वह ? कैसी है ? संसार में उससे अधिक कहाँ तक है ? क्या अपनी योग्यता के लिये हम ही जिम्मेदार हैं या अन्यों की कृपा से हमें वह मिली है ? इत्यादि ढंग से विचार करें तो गर्व ढीला पड़ेगा और पशुभाव का भान होने पर शरणागति संभव होगी ॥५ ॥

अपनी तुच्छता समझ न पाने से मनुष्य अपनी महत्वाकाङ्क्षाओं के पीछे जिन मार्गों पर भटकता है उनमें शब्दजाल नामक महारण्य सबसे भीषण है क्योंकि इसमें फल-फूल मिलते रहते हैं, धूप अधिक सताती नहीं, भटकते रहने में ही मजा सा आने लगता है और लक्ष्य भुला दिया जाता है । इससे सावधान करते हुए कहते हैं—

घटो वा मृत्पिण्डोऽप्यणुरपि च धूमोऽग्निरचलः
पटो वा तन्तुर्वा परिहरति किं घोरशमनम् ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वृथा कण्ठक्षोभं वहसि तरसा तर्कवचसा

पदाम्भोजं शंभोर्भज परमसौख्यं व्रज सुधीः ॥६ ॥

सुधीः = हे बुद्धिमान् व्यक्ति !, **किम्** = क्या, **घटः** = घड़ा, **अपि** = और, **मृत्पिण्डः** = मिट्टी का पिण्ड, **वा** = या, **अणुः** = परमाणु, **अपि** = या, **धूमः** = धुआँ, **अग्निः** = आग, **च** = और, **अचलः** = पहाड़, **वा** = या, **पटः** = कपड़ा, **वा** = या, **तन्तुः** = धागा, **घोरशमनम्** = भयंकर मृत्यु को, **परिहरति** = हटाते हैं ?, **तरसा** = तेजी से बोले जाने वाले, **तर्कवचसा** = तर्क पूर्ण वचनों से, **वृथा** = व्यर्थ ही, **कण्ठक्षोभम्** = कण्ठ के कष्ट का, **वहसि** = अनुभव कर रहे हो । **शम्भोः** = भगवान् शङ्कर के, **पदाम्भोजम्** = चरण-कमल का, **भज** = भजन करो (और), **परमसौख्यम्** = परम सुख, **व्रज** = पाओ ।

मनुष्य दुःखरहित सुख चाहता है । उसकी प्राप्ति का उपाय ही साधना है । क्योंकि ऐसे सुख का एकमात्र उपाय तत्त्वज्ञान है इसलिये उसके लिये आयास उपयुक्त है । किन्तु इस पराभक्ति में उसका ही अधिकार है जो धोखेबाज न हो अन्यथा शब्दज्ञानमात्र से सन्तोषाभास होकर वह स्वयं ही अपने को धोखा देकर कृतार्थ मान लेगा । कलिविडम्बन में ठीक ही कहा है '*पठनै ग्रन्थनिर्माणैः प्रतिष्ठा तावदाप्यते । एवं च तथ्यव्युत्पत्तिरायुषोन्ते भवेन्नवा*' ॥ इसीसे '*नायमात्मा प्रवचनेन लभ्यो न मेधया न बहुना श्रुतेन*' (*मुं. ३.२.३*) '*न वेदयज्ञाध्ययनैः*' (*गी. ११.४८*) आदि शास्त्रवचन हैं । भक्तिसूत्र में देवर्षि ने भी कहा है '*वादो नावलम्ब्यः*' (*नार ७४*) । भाष्यकारने अन्यत्र '*वादः समुत्सृज्यताम्*' (*उपदेशपं. ३*) कहा है । प्रसिद्ध है कि वृद्ध को व्याकरण याद करता देख आचार्य ने कहा था '*भज गोविन्दं नहि रक्षति डुकृञ्करणे*' (*मोहमु.१*) । न्याय, मीमांसा आदि साधनमात्र हैं, स्वयं साध्य नहीं । भूल हम यही करते है कि इनसे कुछ समझना है इसका प्रयास न कर इन्हें समझने में जीवन खपा देते हैं । शब्द सुनकर ज्ञान हो किन्तु जिस बात का ज्ञान हो वह स्वयं कुछ न हो, तो वह ज्ञान 'विकल्प' शब्द से योगसूत्रों में माना गया है, जैसे 'गधे का सींग' सुनकर होने वाला ज्ञान । ऐसे ही 'शुद्धत्वम्पदार्थ', 'साक्षी' आदि शब्दों को तो हम समझते हैं किन्तु वे जिसे कहते हैं वह वस्तु है नहीं — त्वम्पदार्थ में शुद्धि है नहीं । ऐसे ही 'भगवान् सबका हित करते हैं'— इस वाक्य को तो हम समझते हैं पर इसके अर्थको —अर्थभूत तथ्य को— स्वीकारते नहीं । अतः प्रयास हमें समझने का करना है, शोधन करने का करना है, शब्द याद कर लेने का नहीं । शास्त्रविचारात्मक परा भक्ति का स्मार्तोपासना में स्थान आगे बताया जायेगा । उससे विरोध न हो इसीलिये '*वृथा*' (व्यर्थ) शब्द रखा है । '*वि-अर्थ*' न हो '*स-अर्थ*' हो; प्रयोजन सिद्ध करता हो, तव तो शास्त्रविचार भक्ति है अन्यथा नहीं । जैसे ही हमें लगे कि हमारा ज्ञान हमारे अनुभव से दूर हट रहा है, अपनी अभयरूपता जानकर भी हम डरते हैं, भगवान् को दयालु जानकर भी भय खाते हैं, वैसे ही हमारा प्रयास इनके सामंजस्य पर एकाग्र हो जाना चाहिये, ज्ञान बढ़ाने में नहीं । किं च भक्ति प्रेमरूप है और '*न कामवृत्तिर्वचनीयमीक्षते*' — प्रेम विचार पर आधारित नहीं होता । अतः अपने प्रेम को विचारसिद्ध करने के लिए हम वाद करें यह व्यर्थ है । इसीप्रकार कोई वाद से कुछ सिद्ध कर दे तो हमें

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उस वस्तु से प्रेम होना नहीं, अतः भी हम वाद करें (सुनें) यह व्यर्थ है । वस्तुतः परमेश्वरविचार तो कर्तव्य ही है, यहां तो '*अन्या वाचो विमुंचथ*' (मुं. २.२.५) के आधार पर अनात्मवस्तुओं की चिन्ता त्यागने का विधान है ॥६ ॥

घट, पट को न सोचें तो क्या करें ? इस शंका का उत्तर देते हुए भक्ति कैसे करें (*भक्तेरित्थंभावः - आ.गि.*) यह '*मन्मना भव मद्भक्तः*' (९.३४) आदि गीता के आधार पर बताने के लिये ज्ञानेन्द्रिय, मन व बुद्धि — सभी को भगवद्विषयक करने की प्रार्थना करते हैं —

मनस्ते पादाब्जे निवसतु वचः स्तोत्रफणितौ
करौ चाभ्यर्चायां श्रुतिरपि कथाकर्णन विधौ ।
तव ध्याने बुद्धिर्नयनयुगलं मूर्तिविभवे
परग्रन्थान् कैर्वा परमशिव जाने परमतः ॥७ ॥

परमशिव = हे परमशिव !, मनः = मन, ते = आपके, पादाब्जे = चरण कमल में, वचः = वाणी, स्तोत्रफणितौ = स्तोत्रों का उच्चारण करने में, च = और, करौ = दोनों हाथ, अभ्यर्चायाम् = पूजन में, अपि = तथा, श्रुतिः = कान, कथाकर्णनविधौ = कथायें सुनने में, बुद्धिः = बुद्धि, तव = आपके, ध्याने = ध्यान में, नयनयुगलम् = दोनों आँखे, मूर्तिविभवे = मूर्ति-सौन्दर्य के दर्शन में, निवसतु = लगे रहें, वा = तो, अतः = इस व्यस्तता के, परम् = बाद, कैः = किन इन्द्रियों से, परग्रन्थान् = अन्य ग्रन्थों को, जाने = मैं जानूँ ।

'*क्वचिन्नावसरं दद्यात्*' न्याय का अनुसन्धान है । ठाले बैठने में ही सारा अनर्थ है । सभी तरह से भगवद्भजनमें लगना चाहिये । उद्धवगीता में (१४.२०) भक्तियोग का वर्णन है ।

'*श्रद्धाऽमृतकथायां मे शश्वन्मदनुकीर्तनम् । परिनिष्ठा च पूजायाम् स्तुतिभिः स्तवनं मम ॥*
आदरः परिचर्यायां सर्वांगैरभिवन्दनम्...' आदि ।

इन्हीं योगों को यहां सूचित किया है । भाष्यकार '*भजनं भक्तिः सैव योगः*' (*गी. भा. १४.२६*) यह भक्तियोग शब्द का अर्थ करते हैं । इन योगांगों की अमोघ सामर्थ्य '*परग्रन्थान् कैर्वा*' से ध्वनित की है, इन्हे करने वाले को और कुछ जानने की ज़रूरत ही नहीं । घट पट छोड़ मन चिंतन भगवत्पदों का करे । मन का विचार शब्दमय अधिक होता है, हम शब्दों में सोचते हैं । अतः परमशिव के स्तोत्र बोलेंगे तो मन परमशिव में लगेगा । स्तोत्रों का वैविध्य मन को भरने नहीं देता (आधुनिक भाषा में 'बोर' नहीं होने देता) । एवमपि नियमतः स्तोत्रविशेष के पाठ का माहात्म्य है क्योंकि उसके सहारे एकाग्रता सरल होती है । शब्द-अर्थ समझ आये हुए हों तो तात्पर्यार्थ में स्थित रहना सहज होता है, अन्यथा अन्वय लगाने में ही मन लग जाता है, अलंकार आदि ही पहचानने लगता है । अतः दोनों तरह स्तोत्रपाठ करना चाहिये ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्रिया से संस्कार पड़ते हैं । अतः भगवान् की नित्य पूजा करनी चाहिए । घर पधारे श्रेष्ठ व्यक्ति की सेवा की तरह पूजा की जाती है । साक्षात् महादेव की सेवा के भाव से पूजा करनी चाहिये । पूजा की अलौकिक सामर्थ्य भी असीम है अतः भी नियमतः पूजा करनी चाहिये । *'पूजया मुक्तिमाप्नुयात्', 'पूजया सर्वजन्तूनां भोगमोक्षौ', 'पूजयैव महादेवः शिवोनित्यं प्रसीदति'* (१.४.१७, ४८, ५३) *'शिवलिंगार्चनश्रद्धा चापि भक्तिरनुत्तमा'* (४. यज्ञवै. २६.९) आदि सूतसंहिता तथा अन्य ग्रन्थों से पूजा का माहात्म्यादि जाना जा सकता है । स्मार्त प्रक्रिया में पूजा का विशेष स्थान है । यद्यपि मूर्ति को ही अवतारविशेष मानन आदि स्वीकृत नहीं तथापि नियत व वैध पूजा को आवश्यक माना गया है । अन्यत्र तो व्रजगोपिकादि की तरह चिंतन को ही प्रमुखता दी जाती है । पूजा की सरलता का भी ख्याल है ।

'ऋद्धं किंचित्समादाय क्षुल्लकं जलमेव वा ।यो दत्ते नियमेनासौ तस्मै दत्ते जगत्रयम् ॥

तत्राप्यशक्तो नियमान्नमस्कारं प्रदक्षिणम् ।.....चन्दनं बिल्वकाष्ठस्य पुष्पाणि वनजान्यपि ।

फलानि तादृशान्येव यस्य प्रीतिकराणि वै' (शि. गी. १.२४-२७) ।

'नद्यान्तु सिकतावारि कुसुमं सुलभं वने ।

नास्त्येव करणक्लेशः कर्तव्यः सकृदंजलिः' ॥ (वायुपु.)

'मुखेन वाद्यं सलिलेन पाद्यं मूर्ति मृदा बिल्वदलेन पूजा ।

फलं पुनस्तस्य भवेदनन्तं निःस्वस्य विश्वेश्वर एव देवः' ॥

आदि सहस्रों वचन इसमें प्रमाण हैं । यद्यपि शिवार्चन में लिंगार्चन ही प्रधान है तथापि साकारमूर्तियों का उपयोग है यह *'मूर्तिविभवे'* से बताया ।ऐन्द्रिय कामना उत्तम विषय की निश्चित है, भगवान् के उत्तम स्वरूप से उसे पूरा करने से ऐहिक आमुष्मिक उभयविध सुख है । बुद्धि से निश्चय कहा जाता है । मन से भगवान् को सोचना (संकल्प-विकल्प) कहा था । सोचविचार कर भगवत्तत्त्व का निश्चय कर लेना चाहिये । फिर निश्चय बनाये रखने व दृढ करने का प्रयास कर्तव्य है ॥७ ॥

पूर्वोक्त मनन व निश्चय के अभाव में भगवत्तत्त्व के विषय में भ्रम होना स्वाभाविक है । प्रामाणिक अप्रामाणिक चाहे जिस को आराध्य बनाने की मानवीय आदत है । जिन्हें देवान्तर पूजा का निषेध है वे नास्तिक सन्त, पीर आदि पूजने लगते हैं । यह भ्रम न होने पाये यह बताने केलिये ऐसे भ्रम वालों पर कृपा कर कहते हैं —

यथा बुद्धिः शुक्तौ रजतमिति काचाश्मनि मणि-
र्जले पैष्टे क्षीरं भवति मृगतृष्णासु सलिलम् ।
तथा देव भ्रान्त्या भजति भवदन्यं जडजनो
महादेवेशं त्वां मनसि च न मत्वा पशुपते ॥८ ॥

देव = हे देव !, पशुपते = हे पशुपति !, यथा = जिस प्रकार, शुक्तौ = सींप में, रजतम् = 'यह चाँदी है', इति = ऐसा, काचाश्मनि = काँच की मणि में, मणिः = 'यह रत्न है' ऐसा, पैष्टे =

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पिसे आटे से घुले, जले = पानी में, क्षीरम् = 'यह दूध है' ऐसा, मृगतृष्णासु = मृगमरीचिका में, सलिलम् = 'यह जल है' ऐसा, बुद्धिः = निश्चय, भवति = होता है, तथा = उसी प्रकार, जडजनः = मूर्ख व्यक्ति, भ्रान्त्या = भ्रम से, भवदन्यम् = आप से अन्य का, महादेवेशम् = 'यह महादेव ईश्वर है' ऐसा, मत्वा = मानकर, भजति = भजन करता है, मनसि = अपने हृदय में विद्यमान, त्वाम् = आपको, [मत्वा = जान कर (आपका), भजति = भजन, न = नहीं करता]।

अल्प गुण वाले को अधिक गुण वाला समझने में प्रथम, गुणरहित को ही गुणी समझने में दूसरा, यत्किंचित् कार्यनिर्वाहकता से निकृष्ट को उत्कृष्ट समझने में तीसरा और आशा मात्र से कहीं कुछ समझने में चौथा दृष्टान्त है। प्रथम और तृतीय राजस भक्तों की स्थिति के व द्वितीय और चतुर्थ तामस भक्तों की स्थिति के परिचायक हैं। '*देवभ्रान्त्या*' ऐसा समस्त पाठ भी समझना चाहिए । भ्रान्ति में अविवेक (जाड्य) सहायक है यह '*जडजन*' से कहा तथा फल जन्म मृत्यु की प्राप्ति ही है यह भी '*जडजन*' से कह दिया। दीक्षित जीने भी कहा है कि मेरा संसारनामक रोग अन्य देवों द्वारा चिकित्स्य नहीं '*कथमपि परै र्योऽचिकित्स्याममर्त्यैः संसाराख्यं शमयति रुजम्*' *(आत्मार्पण १८)*। नीलकण्ठदीक्षित अन्य देवताभक्ति को ग्रामीणों द्वारा शहर के लोगों की सेवा मानकर अर्थात् सूचित करते हैं कि इष्टभक्ति साक्षात् राजसेवा है :

'*भक्तिं करोतु नितरां सुरजातिमात्रे ग्रामीणजन्तुरिव पौरजनेषु लोकः*' (*आनन्दसागरस्तवः श्लो.५*)। ग्रामीण हर शहरी को ओहदेदार मानता है । ऐसे ही हम जिस किसी देवता को फलदाता मान लेते हैं । सब कुछ देने वाले एकमात्र महादेव हैं इस निश्चय को रख उनसे अतिरिक्त को ईश्वर नहीं मानना चाहिए। भगवान् के अभिज्ञान के अभाव से फलच्युति गीता में (९.२४) भी बतायी है। यदि देवभ्रान्ति न हो, उन्हें ईश्वर न मानकर ही पूजा करें तो हानि क्या? इस प्रश्न का बीज है उन अनीश्वरों में कोई ऐसी अच्छी या बुरी सामर्थ्य मानना जो ईश्वर में नहीं तथा यह मान्यता ही सर्वथा हेय है यह स्पष्ट है । भक्तिमार्ग में यह ध्यान रखना चाहिये कि हम इष्ट से अतिरिक्त और किसी से कुछ न चाहें । '*लप्स्यामहे वित्तमद्राक्ष्म चेत्त्वा*' (कठ. २.२.२७) यह भाव रखना चाहिए — महादेव के दर्शन मिल गये तो सभी ऋद्धि सिद्धि स्वयं मिल जायेंगी । इस एकनिष्ठेता को पहले (४) भी बताया था आगे भी कई श्लोकों में बताना है। अन्यों का भजन करने का साक्षात् फल है '*त्वां न भजति*' । शिव व अशिव दोनों में प्रेम होना संभव नहीं । '*हृदि भवाभ्याम्*' (१) '*हृदि भजे*' (३) की शृंखला में '*मनसि न मत्त्वा*' है । अर्थात् भगवान् को अपने में मानना अत्यावश्यक है । वस्तुतः क्योंकि महादेव को हम अपने में नहीं मानते इसीलिये देवभ्रान्ति से अन्यभजन में लगते हैं । इस प्रकार '*च*' को हेतु में समझना चाहिए । केवल पारलौकिक जीवों में ईश्वरभ्रम का निषेध नहीं ऐहलौकिक जीवों में भी वैसा भ्रम नहीं रखना चाहिए। इससे अभय का उपदेश भी दिया । शिवभक्तों की सेवा तो कर्तव्य है ही किंतु उसमें भी उनसे किसी लाभ की आशा से नहीं। गुरु साक्षात् शिव हैं अतः वहां भ्रम का प्रसंग नहीं । एवं च पूर्वश्लोक - सूचित मननजन्य निश्चय से ईश्वरविषयक भ्रम हटाकर अपने में स्थित महादेव का भजन कर्तव्य है यह तात्पर्य है ॥८॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जैसे पूज्यविषयक भ्रम होता है वैसे ही पूजाविषयक भ्रम भी होता है अतः पूर्वश्लोक में साध्यनिर्धारण कर अब साधननिर्धारण करते हैं —

गभीरे कासारे विशति विजने घोरविपिने
विशाले शैले च भ्रमति कुसुमार्थं जडमतिः ।
समर्प्यैकं चेतःसरसिजमुमानाथ भवते
सुखेनावस्थातुं जन इह न जानाति किमहो ॥९॥

उमानाथ = हे उमापति !, जडमतिः = स्थूल बुद्धिवाला, जनः = व्यक्ति, कुसुमार्थम् = पुष्पों के लिये, गभीरे = गहरे, कासारे = तालाब में, विशति = घुसता है, विजने = जहाँ मनुष्य नहीं बसते ऐसे, घोरविपिने = गहरे जंगल में, च = और, विशाले = बड़े, शैले = पहाड़ पर, भ्रमति = घूमता है । अहो = आश्चर्य है !, भवते = आपके लिये, एकम् = एक, चेतःसरसिजम् = हृदय कमल, समर्प्य = समर्पित कर, इह = संसार में, सुखेन = सुख से, अवस्थातुम् = रहना, किम् = क्यों, न = नहीं, जानाति = जानता ।

भक्ति का कर्म से यही वैलक्षण्य है कि यह भावप्रधान है, क्रियाप्रधान नहीं । यद्यपि भक्ति का एक अंग क्रिया है तथापि भावप्रयुक्त क्रिया ही भक्ति का अंग है । भावरहित भी सश्रद्ध द्वारा निर्वर्तित क्रिया अपना फल अवश्य देती है किन्तु भावराहित्य में भक्तिका स्वरूपलाभ ही नहीं होता । भाव का अर्थ है प्रेम । प्रेमवश जो आदर आदि प्रकट करना है वही पूजा है । यद्यपि विधिका अनुसरण अपेक्षित है तथापि प्रेरक प्रेम ही हो, नियम नहीं, यह तात्पर्य है । चित्त में केवल भगवत्संस्कारों का आधान करें, यही चेतःसरसिज का अर्पण है । जिसमें हमें आदरभाव हो, जिसे हम कीमत देते हों, उसका संस्कार हममें रहता है । अन्यथा व्यवहार कर लेने पर भी संस्कार नहीं पड़ता । भगवान् की ही आदरणीयता पूर्व में स्थापित हो चुकी है अतः उन्हीं के संस्कारों को चित्त में पड़ने दें, अन्य संस्कारों को नहीं, यह अभ्यास करना चाहिये । इसका मुख्य उपाय तो यही है कि अन्यत्र आदर बुद्धि हटाने का प्रयास करें । यह अनित्यत्व, सदोषत्व, मिथ्यात्व आदि देखने से होगा । सभी वस्तुएँ स्वरसतः अनित्यादि प्रतीत नहीं होती, उन्हें वैसा सायास देखना पड़ता है । संसार की दुःखरूपता विचारपूर्वक बार-बार समझनी पड़ती है । अन्यथा संसार सह्य दुःख से अधिक प्रतीत नहीं होता । दूसरा उपाय है क्रियाओं में, बातों में भगवान् को अधिकता देना । पूजन, अर्चन, प्रदक्षिणा आदि अधिकाधिक करना चाहिये । बातचीत में भगवल्लीला का वर्णन आदि ज्यादा करना चाहिये । इन दो उपायों से चित्तसमर्पण होता है । किन्तु इस अभ्यास में मूल प्रेम रहना चाहिये । यन्त्रवत् क्रियाएँ पुनः संस्काराधायक नहीं हो पातीं । प्रेमवशीभूत यदि गहरे तालाब में भी जाते हैं तो चेतःसरसिज को समर्पित कर ही रहे हैं । अन्यथा पूजा करते हुए भी भ्रांत हो केवल बाह्य पुष्प चढ़ा रहे हैं । बाह्य पूजा को मनःसमर्पण का साधन बनाना चाहिये । इस प्रकार उसे उदात्त करने का निर्देश है, उसे छोड़ने का नहीं । किन्तु चेतोर्पण सहज होने लगे, बाहरी आलम्बन

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बाधा डालने लगें, तो उन्हें छोड़ देना चाहिए । उस स्थिति में *'तीर्थक्षेत्रादिगमनश्रद्धां तत्र परित्यजेत्'* *(शि. गी. १२.१८)* यह वचन स्मर्तव्य है । तालाब से सूचित केवल कर्म भगवत्प्राप्ति का नहीं, डूबने का ही उपाय है । घोर जंगल से सूचित भक्तिशून्य तप भी क्योंकि निःसीम है इसलिये घोर संसार में ही रखता है । ऐसे ही भगवत्प्रेमशून्य पर्वतशब्दसे सूचित ज्ञान भी कुसुमार्थशब्दसूचित 'पुष्पित वाणी' (गी. २.४२) मात्र है । कुसुमार्थ न हो भगवदर्थ यदि ये भ्रमण हो जायें तो हम जडमति न रहें । मति की जडता से ही हम भ्रमित होते हैं । अतः साधनविषयक विचार का निष्कर्ष है कि अकेले चित्त को शिवार्पण करने से हम यहाँ (इस लोक में) भी सुख से रहेंगे और जीवन समाप्त कर शिवसान्निध्य भी पायेंगे । अधिकारी के अनुरूप दोनों ही फल 'इह' — संसार में ही हैं, यह तो निश्चित है ॥९ ॥

इस प्रकार साध्य व साधन विषयक भ्रम दूर हो जाने से चाहे जिस अवस्था में भक्ति संभव है, मुख्य उपाय के अनुष्ठान के लिये गौण सहायकों का इन्तजार नहीं करना चाहिए — यह तीन श्लोकों द्वारा बताते हैं —

नरत्वं देवत्वं नगवनमृगत्वं मशकता
पशुत्वं कीटत्वं भवतु विहगत्वादिजननम् ।
सदा त्वत्पादाब्जस्मरणपरमानन्दलहरी-
विहारासक्तं चेद्धृदयमिह किं तेन वपुषा ॥१० ॥

नरत्वम् = (चाहे) मनुष्यरूपता, देवत्वम् = देवरूपता, नगवनमृगत्वम् = पहाड़ी या जंगली जानवररूपता, मशकता = मच्छररूपता, पशुत्वम् = (ग्राम्य) पशुरूपता (या), कीटत्वम् = कीड़ा रूपता, भवतु = हो (या), विहगत्वादिजननम् = पक्षी आदि रूप से जनन, (भवतु = हो), चेत् = यदि, सदा = हमेशा, त्वत्पादाब्जस्मरणपरमानन्दलहरीविहारासक्तम् = आपके चरणकमलों का स्मरणरूप परम आनन्द की लहरों में क्रीडा करने में दृढ रुचि वाला, हृदयम् = मन हो (तो), इह = संसार में, तेन = उस उस, वपुषा = शरीर से, किम् = क्या (अन्तर पड़ता है) ?

'भक्तिसुखधारायाः सर्वदेशकालशरीरेन्द्रियादिसाधारण्येन' *(भक्तिर. पृ. २७)* कहकर आचार्य मधुसूदन ने भक्ति को परिस्थिति की सीमाओं से मुक्त बताया है । पुराणादि में इसीलिये मनुष्येतरों की भक्ति का प्रचुर वर्णन है । श्रीकालहस्तीश्वर (दक्षिण कैलास) आदि तीर्थ अमनुष्य भक्तों से ही अतिशय माहात्म्य वाले हैं । अप्पय दीक्षित ने भी कहा है कि भगवान् के चरणकमलों के परिमल से सुरभित पवन जहां बहे वहां कीड़ा, नाग या पेड़ हो जाना भी भगवद्विमुखता से कहीं अच्छा है : *'कीटा नागास्तरवः —त्वत्पादाम्भोरुहपरिमलोद्वाहिमन्दानिलेषु' (आत्मार्प. ३७)* । प्रसिद्ध शिवभक्त जगद्धरभट्ट स्तुतिकुसुमांजलि में कहते हैं कि भगवदाराधन में साधन बने ऐसा नीच शरीर ही काम्य है: *'वरं भवेदप्यवरं कलेवरं परं हराराधनसाधनं हि यत्' (७.२४)* ।

'मनुष्याधिकारत्वाच्छास्त्रस्य' नियम से यहां बतायी योनियाँ मनुष्यों की ही अवस्थाओं को द्योतित करती समझनी चाहिये । नरत्व से विरागी अवस्था और देवत्व से भोगप्रधान अवस्था कही है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

संसार का ताप सहने की योग्यता रहित व्यक्ति पहाड़ी जानवर और संसार के जंगली-नियम में जीवन व्यतीत करने वाला वन्य पशु है। हर तरह से कमज़ोर मच्छर, और दूसरों के सहारे ही जीने वाले ही ग्राम्य पशु हैं। नीचस्वभाव वाला कीट, और स्वतन्त्र प्रकृति का मनुष्य विहग है। इनमें सभी मानवीय अवस्थायें आ जाती हैं। ये प्रायः प्रारब्धवशात् निश्चित हैं। संसारप्रवण व्यक्ति तो इनमें फेरबदल का प्रयास करता है। भक्त के लिये आचार्य निर्देश दे रहे हैं कि इन्हें परिवर्तित करने का प्रयास करना लाभदायक नहीं, जिस भी अवस्था में हम हैं उसी में भगवान् के स्मरण में सुख लेना प्रारम्भ करें। गरीबी में हम सोचते हैं 'पैसा हो जायेगा तब फुरसत में भजन करेंगे'। किन्तु चाहे जितना पैसा मिले फुरसत — विशेषतः भजन करने की फुरसत — नहीं मिलनी। ऐसे ही रोगी स्वस्थ होने की प्रतीक्षा करता है पर रोग की कमजोरी जाती नहीं कि दूसरी बीमारी लग जाती है। अतः 'अन्य सब अनुकूल हो तब भगवद्भजन करें' ऐसा न सोच आज से ही प्रारम्भ करना चाहिए। मन दुःखी हो, भूख सता रही हो, ठण्ड में ओढ़ने को न हो, बच्चा बुखार से तड़प रहा हो तो कैसे भजन करें? यह प्रायः प्रश्न उठता है। दूरदर्शन या सिनेमा इस प्रश्न का स्पष्ट उत्तर है। उक्त चाहे जैसा कष्ट हो, मन चाहा कार्यक्रम आता है तब उसे देखने में वृत्ति एकाग्र हो जाती है, सारा कष्ट भूल जाता है। कारण कि उस कार्यक्रम में आनन्द आता है, वह हमें इष्ट है। ऐसे ही भजन का आनन्द लें तो हर अवस्था में वह संभव है। यह आनन्द '*अभ्यासाद्रमते*' न्याय से ही संभव है। एक बार आनन्द ले लिया तो हृदय स्वभाववश ही उसमें आसक्त हो जायेगा। फिर अनायास ही भजन सम्भव हो जायेगा। इससे भक्ति की सर्वाधिकारता भी बता दी। स्वयं भगवान् ने शिवगीता में (१६.३) कहा है

'बहुनाऽत्र किमुक्तेन यस्य भक्तिः शिवार्चने। स एवात्राधिकारी स्यान्नान्यचित्तः कथंचन' ॥

इससे अवैध कार्यों की छूट नहीं समझ लेनी चाहिये। जिनके लिये जिस ढंग का भजन शास्त्रमर्यादानुकूल है उन्हें वैसे ही भजन करना चाहिये।

'अन्येषामपि सर्वेषां नराणां मुनिपुंगवाः। पूजा देवालयं दृष्ट्वा प्रणामस्तस्य कीर्तितः' ॥

कहकर सूतसंहिता ने (१.४.१६) सर्वाधिकार व शास्त्रमर्यादा का सामंजस्य स्थापित किया है। शास्त्र भगवदाज्ञा है अतः भगवद्भक्त उन्हें न माने तो भक्त कैसा? उडुपी आदि में भक्त केलिये भगवान् का अपने मुँह की दिशा बदलना प्रसिद्ध है, इतने पर भी भक्त का उच्छृंखल आचार नहीं। अतः शास्त्र की मर्यादा तोड़ने की इच्छा हो तो निश्चय जानना चाहिये अभी भक्ति का अंकुर नहीं फूटा है ॥१०॥

चाहे जिस अवस्था में भगवद्भजन प्रारंभ करें — इसी को और भी स्पष्ट करते हुए, भगवद्भजन में आनन्द आ चुकने पर हृदय भगवत्परवश हो जाता है — इस उत्कृष्ट भजनावस्था को बताते हैं —

बटुर्वा गेही वा यतिरपि जटी वा तदितरो
नरो वा यः कश्चिद् भवतु भव किं तेन भवति।
यदीयं हृत्पद्मं यदि भवदधीनं पशुपते
तदीयस्त्वं शंभो भवसि भवभारं च वहसि ॥११॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भव = हे भगवन् ! नरः = व्यक्ति, बटुः = ब्रह्मचारी, वा = या, गेही = गृहस्थ, वा = या, यतिः = संन्यासी, अपि = या, जटी = जटाधारी, वा = या, यः = जो, कश्चिद् = कोई भी (अवती), भवतु = होवे, तेन = उससे (व्रती या अव्रती होन से), किम् = क्या, भवति = होता है ?, पशुपते = हे जीवों के अधिपति !, शम्भो = हे शम्भु !, यदीयम् = जिसका, हृत्पद्मम् = हृदयकमल, यदि = अगर, भवदधीनम् = आपकी अधीनता स्वीकार लेता है, (तर्हि = तो), त्वम् = आप, तदीयः = उसके, भवसि = हो जाते हैं, च = और (उसका), भवभारम् = संसाररूप बोझ, वहसि = ढो लेते हैं ।

पूर्वश्लोक के भाव को ही और विकसित किया है । गत श्लोक में विभिन्न सांसारिक स्थितियाँ बतायी थीं। यहां शास्त्रीय स्थितियाँ गिनायी हैं । चाहे जो आश्रम हो, भगवान् का भजन सर्वथा संभव है । ध्रुव आदि ब्रह्मचारी थे, अम्बरीष आदि गृहस्थ थे, दुर्वासा आदि यति थे और धृतराष्ट्रादि वानप्रस्थ हो भजन करने में लगे थे । पिंगला आदि अनाश्रमी भक्त प्रसिद्ध ही हैं । अतः किसी भी आश्रम में भगवद्भजन प्रारंभ किया तथा चलाया जा सकता है । हम जिस में भी हों उसी के अनुसार भजन करते रहना चाहिये । '*अतस्त्वितरज्ज्यायः*' (*ब्र. सू. ३.४.३९*) न्याय से आश्रमी को साधनपौष्कल्य मिलेगा इसमें सन्देह नहीं । किंतु प्रमुखता भावना की होने से उपलब्ध साधन ही पर्याप्त हैं ।

पूर्वश्लोक में हृदय भजन में आनन्द लेने के कारण आसक्त था । उस अवस्था का परिपाक हो तो हृदय भगवान् के अधीन हो जाता है । आनन्द के लिये रमण करते हुए अन्यत्र आनन्द प्रतीत हो तो चित्त अन्यत्र जाता है किन्तु स्थिरता होने पर अन्यत्र आनन्द प्रतीत होने पर भी अन्यत्र जा नहीं पाता, यही चित्त का भगवान् के अधीन होना है । अन्यत्र आनन्द प्रतीत ही न हो, यह अतिवैराग्य की स्थिति अभी संभव नहीं । भक्ति में अधिकारी वह हो जाता है जिसकी आसक्ति कुछ कमजोर पड़ चुकी हो, पूरी समाप्त होने की जरूरत नहीं : '*न निर्विण्णो नातिसक्तो भक्तियोगोऽस्य सिद्धिदः*' (*उद्धवगी. १५.८*) । अतः अभी अन्यत्र आनंद प्रतीत तो होता है पर प्रेम के कारण व अभ्यास से भगवान् को चित्त छोड़ पाता नहीं । इस अवस्था में ही भगवान् भक्त के हो जाते हैं । 'हाथ छुड़ा कर भले ही भाग जाइये, हृदय से जाकर दिखाइये तब आपका पौरुष समझूँ' आदि इस स्थिति के अनुभव हैं । '*समुद्रो न तारंगः*' के आधार पर भगवत्पादीय दर्शन निर्माण करने वालों के लिए '*तदीयस्त्वं शंभो भवसि*' भी विचारणीय सूत्र है । किंच, 'उसके हो जाते हैं ' सुनकर प्रश्न होता है ' उसके क्या हो जाते हैं ?' 'उसके स्वरूप हो जाते हैं '— यही उत्तर है । जब भक्त ने अपना हृदय भगवान् को दे दिया तो भक्त और भगवान् के स्वरूप में अंतर नहीं रह गया — यह परमरहस्य भी यहां ध्वनित समझा जा सकता है । अत एव भवभार भी भगवान् ही ढोते हैं : '*ब्रह्मैव संसरति*', '*क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि*' । भक्त की सांसारिक परेशानियाँ तो भगवान् दूर करते ही हैं यह प्रायः भक्तिमार्ग के प्रत्येक साधक का अनुभव है । जो भक्तों के कष्ट दीखते भी हैं वे उनके हित के लिये ही हैं अत एव भगवान् द्वारा हटाये नहीं जा रहे । जैसे ठीक करने कि लिये वैद्य को फोड़ा पकाना पड़ता है ऐसे ही भक्त को जो कुछ भोगना आवश्यक है उसे भगवान् न हटावें यह संगत ही है ॥११ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जैसे दारिद्र्यादि, गार्हस्थ्यादि अवस्थाओं से भक्ति प्रतिबद्ध नहीं होती वैसे ही देश काल से भी प्रतिबद्ध वह नहीं होती यह वताते हैं —

गुहायां गेहे वा बहिरपि वने वाऽद्रिशिखरे
जले वा वह्नौ वा वसतु वसतेः किं वद फलम् ।
सदा यस्यैवान्तःकरणमपि शंभो तव पदे
स्थितं चेद्योगोऽसौ स च परमयोगी स च सुखी ॥१२॥

शम्भो = हे कल्याणभूमि परशिव !, गुहायाम् = गुफा में, गेहे = घर में, वा = या, बहिः = वाहर, अपि = भी, वने = जङ्गल में, वा = या, अद्रिशिखरे = पहाड़ की चोटी पर, जले = जल में, वा = या, वह्नौ = आग के घेरे में, वा = या (अन्यत्र कहीं), वसतु = कोई रहे, वद = बताओ, वसतेः = कहीं रहने (मात्र) का, किम् = क्या, फलम् = फल है ?, यस्य = जिसका, अन्तःकरणम् = मन, अपि = भी (शरीर के साथ), सदा = हमेशा, एव = ही, तव = आपके, पदे = चरण में, स्थितम् = एकनिष्ठ है, चेत् = तो, असौ = वही, योगः = योग है, च = और, सः = वह व्यक्ति (ही), परमयोगी = योगियों में श्रेष्ठ है, च = तथा, सः = वही, सुखी = सुखी है ।

'*अन्तःकरणमपि*'— इस '*अपि*'—भी—से स्पष्ट कर दिया कि शरीर का शिवचरणों में अर्पित होना अनावश्यक नहीं । साधनदृष्ट्या पहले शरीर ही अर्पित किया जाता है । उतने में ही रुक कर मिथ्याचारी न बनें यह तात्पर्य है । शिवगीता में (१.३२) बताया है कि जहां व जब चित्त भगवान् में रम जाये वहीं तभी भजन कर लेना चाहिये, देश या काल का इंतजार नहीं करना चाहिये :

'*न कालनियमो यत्र न देशस्य स्थलस्य च। यत्रास्य चित्तं रमते तत्र ध्यानेन केवलम्* ॥

परमात्मोपासना के लिये वादरायण महर्षि ने भी '*यत्रैकाग्रता तत्राविशेषात्*' (*ब्र. सू. ४.१.११*) कहकर यह छूट दी है । एवमपि

'*सन्तिलोके विशिष्टानि स्थानानि मम माधव । तेषामन्यतमे स्थाने वर्तनं भुक्तिमुक्तिदम्*' ॥

आदि सूतसंहिता (१.७.२८) एवं देवीगीता आदि में तीर्थमाहात्म्य निश्चित होने से तीर्थादि विशेष क्षेत्रों में वास आदि भक्ति पूर्वक करना चाहिये । जो तीर्थादि न जाने के लिये कहा है वह अभक्तिपूर्वक जाने का निषेध है तथा उस स्थिति में जाने का निषेध है जब तीर्थादि में गये विना भक्तिप्रवाह निरन्तर चलता हो । इनसे अतिरिक्त स्थितियों में तीर्थसेवा भक्तिवर्धक है । किं च '*अन्तःकरणं वसतु*' यह भी सम्बन्ध है । '*गेहे हृदये*'—शरीर में स्थित हृदय गुफा में मन एकाग्र हो, '*बहिरपि*' चाहे वाहर किसी आलम्बन में हो इससे विशेष अन्तर नहीं पड़ता, होना भगवद्विषयक चाहिये, यह तात्पर्य है । इससे मूर्ति आदि का निषेध करने वालों का खण्डन समझना चाहिये । इन तीनों श्लोकों में 'चेत्' (१०), '*यदि*' (११) और 'चेत्' (१२)— इन शब्दों से इस स्थिति की दुर्लभता बतायी है । यह इसलिये स्मरणीय है क्योंकि हम

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रायः नियमित भजन से होने वाली शान्ति से सन्तोष कर लेते है और सोचते हैं कि हमारा चित्त शिवार्पण हो चुका, जबकि आचार्य इस स्थिति को दुर्लभ बता रहे हैं । अतः '*श्रेयसि केन तृप्यते*' न्याय से हमें निरन्तर इस ओर बढ़ने का प्रयास करना चाहिए यह भाव है ॥१२॥

'मन आदि भगवान् के चरणों में रहे तभी कल्याण संभव है (७), किन्तु जडजन (८) होने से मैं इस ओर से बेखबर हूं (९) । अतः आप ही मुझे बचाइये' यह प्रार्थना करते हुए वक्ष्यमाण (१४-२२) शरणागति की भूमिका रचते हैं—

असारे संसारे निजभजनदूरे जडधिया
भ्रमन्तं मामन्धं परमकृपया पातुमुचितम् ।
मदन्यः को दीनस्तव कृपणरक्षातिनिपुण-
स्त्वदन्यः को वा मे त्रिजगति शरण्यः पशुपते ॥१३॥

पशुपते = हे पशुपति !, निजभजनदूरे = अपने प्राप्तव्य से अत्यन्तभिन्न, असारे = निस्तत्व, संसारे = संसार में, जडधिया = (अपनी) मूढ बुद्धि के कारण, भ्रमन्तम् = भटकते हुए, माम् = मुझ, अन्धम् = अन्धे की, परमकृपया = (आपकी) अहैतुक कृपा से, पातुम् = रक्षा हो (यह), उचितम् = उचित है । तव = आपके लिये, त्रिजगति = तीनों लोकों में, मदन्यः = मुझ से भिन्न, दीनः = दीन, कः = कौन (होगा जिसपर कृपाकर आप रक्षा करें) ?, वा = और, मे = मेरे लिये, (त्रिजगति = तीनों लोकों में), त्वदन्यः = आप से भिन्न, कः = कौन, शरण्यः = शरण लेने योग्य (तथा), कृपणरक्षातिनिपुणः = दुःखी की रक्षा में कुशल (होगा) ?

पूर्वत्र जिस 'नातिसक्ति' को कहा उसे यहां स्पष्ट किया है । देवर्षि ने सूत्र बनाया है : '*तत्तु विषयत्यागात्संगत्यागाच्च*' (*नार ३५*) अर्थात् विषयों के व उनके संग के त्याग से भक्ति संभव होती है । यह सत्य है कि प्रारम्भिक अवस्था में परम वैराग्य संभव ही नहीं किन्तु भगवान् का भजन करने के लिये यत्किंचित् वैराग्य आवश्यक है यह भी निश्चित है । स्वभावतः परमात्मप्रेम का प्राकट्य दुर्लभ है, उसे अभ्यास आदि से ही प्रकट करना व बढ़ाना पड़ता है । विषयासक्ति इस ओर बढ़ने में लंगर का काम करती है । अतः संसार की असारता की ओर जागरूक रहना भी भक्ति का आवश्यक अंग है । वस्तुओं की तरह सम्बन्धों से भी वैराग्य करना चाहिये । प्रकृत प्रसंग का वैराग्य '*निजगृहात्तूर्णं विनिर्गम्यताम्*' के लिये नहीं । केवल सांसारिक आकर्षण को क्षीण करने की जरूरत है । इसके लिये संभव मात्रा में तप—जिसे नारदजी ने विषयत्याग कहा है— भी किया जाना आवश्यक है । विषयभोग संस्कार छोड़कर विषयप्रावण्य बढ़ाते हैं यह भोग को कामाग्नि की हवि बताकर समझाया है । अतः भोगकर मन भर जायेगा और शांत हो जायेगा ऐसी आशा नहीं रखनी चाहिए । सर्वथा वैराग्य न करना हो तो कर्ममार्ग तो यथाकथंचित् अपनाया जा सकता है, भक्तिमार्ग नहीं । इस कठिनाई से डरने वालों पर ही नीलकण्ठ दीक्षित ने वैराग्यशतक में (श्लो. ७५) कटाक्ष किया है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'कामं जनाः स्मयन्ते कैलासविलासवर्णनावसरे ।साधनकथनावसरे साचीकुर्वन्ति वक्त्राणि' ॥

अतः विषय पारवश्य से बचने का सरल उपाय भी वे बताते हैं :

'विषयाननुकूलयितुं विषयिणि हृदये विधीयतां यत्नः ।

दृशि देयमौषधं को दृश्ये दत्त्वा कृतीभवति' ॥वै.श. २८ ॥

यहां स्वयं आचार्य एक विचार-प्रकार की दीक्षा दे रहे हैं : *'निजभजनदूरे'* । जो हम चाहते हैं क्या वह हम संसार में पा रहे हैं ?— ऐसा विचार करना चाहिये । प्रातीतिक सुख से लगता है, 'हाँ, पा रहे हैं', अतः कहा *'जडधिया'* । अविचार से असुख को सुख समझ कर ही हम भ्रम में पड़े हैं और अन्धों की जमात की तरह दिशाहीन भटक रहे हैं । इस ओर विचार एकाग्र करें तो अपनी दीनता का बोध होगा । 'नष्ट होना' अर्थ वाली 'दी' (दिवा. आ.) धातु से 'हो चुका' अर्थ वाले 'क्त' प्रत्यय के लगने पर 'दीन' शब्द बनता है । 'निजभजनदूर' होने से नाश निश्चित है इसमें संदेह नहीं । दीनता का पुनः (१६) कुछ विचार आयेगा । हम असमर्थ हो चुके अतः भगवान् अपनी परमकृपा से हमें बचायें इसकी प्रार्थना है । जगद्धरभट्ट ने भी कहा है *'ब्रूहि त्वमेव भगवन् करुणार्णवेन त्यक्तास्त्वया कमपरं शरणं व्रजामः ?'* *(स्तु. कु. ९.५४)* । श्रुतिने बताया है *'यमेवैष वृणुते तेन लभ्यः'* *(कठ. २.२३)*— जिस परमात्मा की हम शरण जायें वह परमात्मा ही हमें अपने से एक करता है । यदि हमें पौरुष कर उससे मिलना होता तो हमारी अतितुच्छ सामर्थ्य से वह असंभव ही होता । अपनी दीनता के साथ भगवान् की इस शरण्यता को भी पहचानना उचित है । तभी हम उसकी शरण में जायेंगे । कृपा की परमता यही है कि परमात्मा हमें आँख दे देता है, जडता दूर करता है , असारता समझने की योग्यता देता है और इस तरह निजभजन करा कर रक्षण कर लेता है । अर्थात् चमत्कार करना भगवान् की आदत नहीं । *'कुर्वन्निव कारयति'*— यह भागवत प्रक्रिया है ॥१३ ॥

अब नौ श्लोकों द्वारा शरणागति की सूचना देते हुए रक्षा की प्रार्थना करते हैं । पहले अपने स्वाभाविक सम्बन्ध को सोचकर रक्षक के रूप में भगवान् को चुनते हैं —

प्रभुस्त्वं दीनानां खलु परमबन्धुः पशुपते

प्रमुख्योहं तेषामपि किमुत बन्धुत्वमनयोः ।

त्वयैव क्षन्तव्याः शिव मदपराधाश्च सकलाः

प्रयत्नात्कर्तव्यं मदवनमियं बन्धुसरणिः ॥१४ ॥

पशुपते = हे पशुपति !, त्वम् = आप, खलु = निश्चय ही, दीनानाम् = दीनों के, प्रभुः = स्वामी (और उनके), परमबन्धुः = सर्वश्रेष्ठ बन्धु हैं । तेषाम् = उन दीनों में, अपि = भी, अहम् = मैं, प्रमुख्यः = प्रमुख हूँ (सर्वाधिक दीन हूँ) । अनयोः = हम दोनों के, बन्धुत्वम् = बन्धुत्व का, किमुत = क्या (कहना) ? शिव = हे शिव ! सकलाः = सभी, मदपराधाः = मेरे अपराध, त्वया = आपको, क्षन्तव्याः = क्षमा कर देने चाहिये, एव = ही, च = और, प्रयत्नात् = प्रयत्नपूर्वक,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मदवनम् = मेरी रक्षा, कर्तव्यम् = करनी चाहिये । इयम् = यही, बन्धुसरणिः = बन्धुओंके व्यवहार का ढंग है ।

'आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यविवर्जनम् ।

रक्षिष्यतीति विश्वासः गोप्तृत्वे वरणं तथा ॥ आत्मनिक्षेप-कार्पण्ये षड्विधा शरणागतिः' ॥

यह छह प्रकार की शरणागति अहिर्बुध्न्यसंहितादि में प्रसिद्ध है । इससे अतिरिक्त

'तस्यैवाहं ममैवासौ स एवाहमिति त्रिधा ॥ भगवच्छरणत्वं स्यात् साधानाभ्यासपाकतः' ॥

ये तीन शरणागतिप्रकार और भी प्रसिद्ध हैं । यहां पहले (१४,१५) '*गोप्तृत्वे वरणम्*', फिर '*रक्षिष्यतीति विश्वासः*'(१६), तदनन्तर कार्पण्य (१७) और आत्मनिक्षेप (१८) सूचित करते हुए अन्तमें (१९) '*आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यविवर्जनम्*' दोनों बताये हैं । बीसवे श्लोक में '*तस्यैवाहम्*', इक्कीसवें में '*ममैवासौ*' और बाइसवे में '*स एवाहम्*' को ध्वनित किया है ।

सर्वप्रधान होने से '*गोप्तृत्वे वरणम्*' अपने रक्षक के रूप में भगवान् को चुनना सबसे पहले बताया है । परमात्मा ही चुनने योग्य है यह उपनिषदों ने बताया है । प्रतर्दन को चुनना था तो इन्द्र ने परमेश्वर ही चुनने योग्य बताया (कौ. ३.१) । ऋषि शाकायन्य ने राजा बृहद्रथ को चुनने के लिये कहा '*वरं वृणीष्व*' तो उसने परमात्मा को ही चुना '*स त्वं नो ब्रूहि*' (*मैत्रायणी १.२*) । मुण्डक में '*वरेण्यम्*' (*२.२.१*) तथा श्वेताश्वतर में '*स देवो भगवान् वरेण्यः*' (५.४) कहा है । नचिकेता ने मुक्तकण्ठ कहा है : '*वरस्तु में वरणीयः स एव*' (*१.२७*) '*नान्यं तस्मान्नचिकेता वृणीते*' (*१.२९*) । भक्त को भी चाहिये कि दृढतापूर्वक अपना रक्षक एक मात्र भगवान् को बना ले । केवल संसारातीत क्षेत्र में नहीं संसार में भी रक्षक और किसी को न रख परमात्मा को ही रखना चाहिए । किन्तु यहां पुनः चमत्कारी रक्षक बनाना नहीं है । यद्यपि भगवान् आवश्यकतानुसार चमत्कार से भी रक्षा करते हैं तथापि प्रायः उनकी व्यवस्था ऐसी हो जाती है कि हम उस चमत्कार को पहचान नहीं पाते । जो वस्तुतः केवल निमित्तमात्र बना उसे ही हम रक्षक मान लेते हैं और 'भगवान् ने तो रक्षा की ही नहीं' ऐसा समझते हैं । जब हमने अपना सार्वकालिक रक्षक भगवान् को चुन लिया तब चाहे वह हमारी जिस रूप में आकर रक्षा करे, रक्षा करने वाला है वही, यह निश्चय रखना चाहिए । डूबते के लिये नाव परमात्मा ही लाता है ; हम यदि किसी दिव्यवाहन की आशा में नाव का तिरस्कार करते हैं तो हम मूर्खता ही करते हैं क्योंकि परमेश्वर का ही तिरस्कार करते हैं । यह चुनना इसलिये है कि परम शिव से हमारी सहज बन्धुता है । कौतूहल का विषय है कि ईसाई मान्यता के अनुसार भी जीव भगवान् के पशु (भेड़) हैं जिन्हें रक्षित करना भगवान् का ही काम है । अस्तु । क्योंकि हम दीन हैं और आप दीनरक्षक, इसलिये हमारी जोड़ी पक्की है । अब आप को मेरे अपराध माफ करने ही चाहिये और आगे गलती न करूँ ऐसी सीख भी देनी चाहिए : '*क्षन्तव्यं वा निखिलमपि मे भूतभावि व्यलीकं दुर्व्यापारप्रवणमथवा शिक्षणीयं मनो मे*' (*आत्मार्पण. ३०*) । यदि नहीं माफ करेंगे तो भी रहना तो मुझे आपके ही संरक्षण में है जिससे कि कष्ट आने पर बचाने का श्रम आपको ही होगा । जैसे किसी की गाय पराये खेत में चर आये और उस खेत वाला गाय को मारने आये

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तो गाय के मालिक का ही सिरदर्द होता है कि उसे बचाये । अतः *'क्षन्तव्या एव'* ऐसा संबंध है । जब तक हम अपनी गलतियाँ सुधारने व अपनी रक्षा का प्रयास अपने को ही समर्थ मानकर करते रहते हैं तव तक परमेश्वर भी *'अभिचाकशीति'* — हमारे प्रयास देखता रहता है । जैसे ही हम समझ जाते हैं हम समर्थ नहीं शिव ही रक्षक है, वैसे ही *'सर्वपापेभ्यो मोक्षयिष्यामि'* भगवान् रक्षा कर लेते हैं; यही रहस्य है । भगवान् का 'प्रयत्न' यही है कि हमें यह बुद्धि दें *'शिक्षणीयं मनः'* । इसके लिये यहां प्रार्थना की गयी है ॥१४॥

रक्षक के रूप में सशक्त का ही वरण होता है । भगवान् ही सशक्ततम हैं यह निश्चय प्रकट करते हुए उन्हें उल्हाना देते हैं कि आप मेरी ओर ध्यान नहीं दे रहे —

उपेक्षा नो चेत्किं न हरसि भवद्ध्यानविमुखां
दुराशाभूयिष्ठां विधिलिपिमशक्तो यदि भवान् ।
शिरस्तद्वैधात्रं न नखलु सुवृत्तं पशुपते
कथं वा निर्यत्नं करनखमुखेनैव लुलितम् ॥१५॥

पशुपते = हे पशुपति !, चेत् = यदि (आपके द्वारा मेरी), उपेक्षा = उपेक्षा, नो = नहीं (की जा रही तो), विधिलिपिम् = ब्रह्मा जी ने (मेरे लिये) जिस भाग्य को लिखा है (जिसमें), भवद्ध्यानविमुखाम् = आपके ध्यान से विमुखता (और), दुराशाभूयिष्ठाम् = सदोष विषयों की इच्छाएँ अत्यधिक हैं (उसे), किम् = क्यों, न = नहीं, हरसि = मिटा देते ?, यदि = यदि, भवान् = आप (वैसा करने में), अशक्तः = असमर्थ हैं (तो), वैधात्रम् = विधाता ब्रह्मा का, तद् = वह, न नखलु = नखों से नोचा न जा सकने वाला, सुवृत्तम् = सुघड़, शिरः = सिर, निर्यत्नम् = विना प्रयत्न के, करनखमुखेन = हाथ के नाखून की नोक से, एव = ही, वा = आखिर, कथम् = कैसे, लुलितम् = नोच लिया गया ?

भगवान् की उपेक्षा का स्पष्ट चिह्न है हमारी बुद्धि का परमेश्वरध्यानविमुख होना और सदोषविषयप्रवण होना । इन्हें भगवत्कृपा का मापदण्ड समझना चाहिये । वैभव, सुख आदि की प्राप्ति से समझ लेना कि भगवान् की कृपा है, सब ठीक चल रहा है — यह केवल सांसारिकों की प्रक्रिया है । भक्त इन दोनों की कमी से कृपा का आधिक्य समझें । तात्पर्य है कि हमें इन दोनों को चिकित्सित करना है । इस चिकित्सा के लिये प्रार्थना है । प्रार्थना का कारण है कि हमारे प्रयास से ही यह सिद्ध नहीं हो सकता । भगवत्करुणा ही इसमें साधन है, कर्मफलतया यह प्राप्त नहीं होता । नीलकण्ठ दीक्षित ने भी आनन्दसागरस्तव में उल्हाने भरे स्वर में कहा है

'त्रातव्य एव इति चेत्करुणा मयि स्यात् त्रायस्व किं सुकृतदुष्कृतचिन्तया मे ।
कर्तुं जगत्तिरयितुं च विशृंखलायाः कर्मानुरोध इति कं प्रति वञ्चनेयम् ?' ॥४२॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कर्मसामर्थ्य की इति पहचान कर, प्रार्थना की सामर्थ्य समझ कर प्रार्थना करना भक्ति मार्ग में उन्नति का प्रमुख साधन है । प्रार्थना भी किसी स्तर पर अनावश्यक हो जाती है यह आगे (३५) बताया जायेगा । अभी शरणागति का वर्णन है । पुराण आदि साहित्य में सहस्रशः स्तोत्र उपलब्ध हैं, उन सब को प्रार्थना का उपाय बनाना चाहिये । क्योंकि भगवान् सर्वसमर्थ हैं इसलिये उनके लिये कृपा कर कुछ भी कर देना दुष्कर नहीं । वे किसी का भी उद्धार कर सकते हैं, किसी भी दोषी को दण्ड दे सकते हैं । जगद्धर भट्ट ने 'शरणाश्रयण' स्तोत्र के प्रारंभ में (८.१-८) परमेश्वर की इस विशेषता का बहुत मार्मिक वर्णन किया है

'दोषाकरस्य शिरसि स्थितिमुत्तमाङ्गच्छेदं विधेरविरहं नरवाहनस्य ।

भस्मीकृतिं त्रिपुरपाशधरस्मराणां वश्यं दिशां च दशकं दशकन्धरस्य' ॥४॥

अनेक दोष वाले चन्द्रमा का उद्धार कर अपने सिर पर स्थान दिया, ब्रह्मदेव का सिर नोच डाला; कुबेर से मैत्री की और रावण को दसों दिशाओं का राजा बना दिया । त्रिपुरासुर, यम व काम— इन्हें जला दिया । निष्कर्ष है *'स्वातन्त्र्यमप्रतिहतं जयतीश्वरस्य'(८)* । शंकर के इस स्वातन्त्र्य को न समझ 'हेतुफलावेश' से हम व्यवहार करते हैं तो 'हेतुफलोदय' ही होता है क्योंकि *'ये यथा मां प्रपद्यन्ते तांस्तथैव भजाम्यहम्' (गी. ४.११)* । जब *'नास्ति हेतुफलावेशः'* तब *'नास्ति हेतुफलोदयः'* । शरण जाने वालों को इस आवेश से बचना चाहिए और अहैतुक कृपा पर अटल विश्वास के साथ प्रार्थना करनी चाहिए यह इस श्लोक का सन्देश है । रजःप्रेरित कर्म की यह सामर्थ्य मानो नुची हुई है कि वह भगवत्प्राप्ति कराये और इस नोचने में भगवान् को कोई यत्न नहीं करना पड़ा है क्योंकि न वे उत्पाद्य, आप्य, संस्कार्य या विकार्य रूप कर्म-कार्य हैं व न हीं कर्म नित्य का साधन है । भगवान् ने उपेक्षा की ही क्यों ? — इसका विचार आगे (६६) आयेगा । प्रकृत में इतना ही समझ लेना चाहिए कि उपेक्षा क्यों की ? कब से की ? आदि विचार हमारे लिये निष्प्रयोजन है । उक्त लक्षण से निश्चित है कि हमारी ओर उनकी उपेक्षा है, अतः हमें प्रार्थनादि करना है कि वह हटे — *'इमां कथमहं हन्यामेषा तेऽस्तु विचारणा'* यह वसिष्ठोपदेश स्मर्तव्य है ॥१५॥

जिस पर हमें विश्वास हो कि यह हमारी रक्षा करेगा उसे ही रक्षक के रुप में हम चुनते हैं अतः *'गोप्तृत्वेवरणम्'* का कारण होने से अब *'रक्षिष्यतीति विश्वासः'* — इस शरणागतिभेद को बताते हैं —

विरिञ्चिर्दीर्घायुर्भवतु भवता तत्परशिर-

श्चतुष्कं संरक्ष्यं स खलु भुवि दैन्यं लिखितवान् ।

विचारः को वा मां विशद कृपया पाति शिव ते

कटाक्षव्यापारः स्वयमपि च दीनावनपरः ॥१६॥

शिव = हे शिव !, विरिञ्चिः = ब्रह्मा जी, दीर्घायुः = लम्बी आयु वाले, भवतु = होवें । तत्परशिरश्चतुष्कम् = उनके बचे हुए चार सिर, भवता = आपके द्वारा, संरक्ष्यम् = रक्षणीय हैं, खलु = कारण कि, सः = उन्होंने, भुवि = संसार में (मेरे लिये), दैन्यम् = दीनता का, लिखितवान् = विधान किया । (अपने कल्याण की मुझे), कः = क्या, विचारः = चिन्ता ?, ते = आपकी,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

विशदकृपया = पवित्र कृपा से प्राप्य, दीनावनपरः = दीनों की रक्षा में तत्पर, कटाक्षव्यापारः = दृष्टिपात, स्वयम् = खुद, अपि = ही, माम् = मुझे, याति = बचाता है, च = और (ब्रह्मा द्वारा दी गयीं दीनता के कारण मुझ पर कृपा भी अधिक हो जाती है । अतएव ब्रह्मा के प्रति कृतज्ञता प्रकट की) ।

भगवान् स्वभावतः हमारी रक्षा करते हैं अतः हम यदि उनकी शरण जायेंगे तब तो वे रक्षा करेंगे ही इसमें सन्देह कहाँ ? '*स्वयम्*', '*कृपया*' और '*पाति*' — तीनों का निश्चय यहां '*रक्षिष्यतीति विश्वासः*' समझाया गया है । हममें कोई योग्यता हो या हमारा कोई कर्म हो जिसके कारण भगवान् हमारी रक्षा करें, ऐसा नहीं है । वे तो खुद ही रक्षा करते हैं । जैसे बालक की योग्यता या उसके किसी कर्म के कारण नहीं, बालक की रक्षा करना माता का स्वभाव है ; ऐसे ही भूतनाथ का स्वभाव ही ऐसा है कि वे हमारी रक्षा करते हैं । यदि स्वभाववश वे ऐसा करते हैं तो हमें श्रद्धावनत होने की क्या आवश्यकता ? इस शंका की निवृत्ति के लिये '*विशदकृपया*' कहा है । यद्यपि उनका हमारी रक्षा करना हमारे कारण नहीं तथापि इसमें उनकी कृपा ही कारण है, इसलिये हमें श्रद्धावनत होना आवश्यक है । हमारी रक्षा से उन्हें कोई लाभ नहीं अतएव केवल कृपा से हमारे लाभ के लिये वे रक्षा करते हैं । इससे सूचित किया कि परमेश्वर पर यह लांछन कभी नहीं लगाना चाहिये कि उन्होंने अपने किसी मतलब से कुछ किया । कृपा की पवित्रता है कारणशून्यता । शिवनिष्ठ कृपा में स्थानादिकृत अपवित्रता तो असंभव है, बीज भी यदि शिव ही हो तो सर्वथा पवित्रता रहेगी । कारणशून्यता से शिवेतरकारणराहित्य समझना चाहिए । अनुग्रहशक्ति आगमों में प्रसिद्ध है । '*पाति*'— बचाता है ; रक्षा की नित्यवर्तमानता का बोध चिकीर्षित है । अभी भी हमारी रक्षा हो रही है और उमामहेश्वर ही रक्षा कर रहे हैं, यह निश्चय करना चाहिये । जो हमें प्रतीत भी होता है कि हमारी रक्षा नहीं हो रही वह इसीलिये कि हम रक्षा के तत्त्व को समझ नहीं रहे । जैसे ठीक करने के लिये फोड़ा पकाना पड़ता है ऐसे ही भगवान् को हमें कष्ट देना पड़ता है । यह निश्चित है कि करुणापूर्ण परमेश्वर हमें न्यूनतम कष्ट होने देते हैं । हम दीन हैं इसके लिये विधाता को धन्यवाद है क्योंकि भगवान् की कृपा दीनता के अनुपात से होती है । भागवत में कुन्ती का वचन है

'विपदः सन्तु नः शश्वत्तत्र तत्र जगद्गुरो । भवतो दर्शनं यत्स्यादपुनर्भवदर्शनम्' ॥

विपत्ति या दीनता को भक्तिमार्गोपयोगी रूप से कुन्ती ने बताया है ; भगवान् के दर्शन में जो कारण बने वही अभीष्ट दीनता है । कोई आपत्ति भाइयों को और निकट ले आती है व किसी आपत्ति से वे और बिखर जाते हैं, ऐसे ही किसी दीनता से हम परमेश्वर का और आधिक सहारा लेते हैं जबकि किसी दीनता के चलते हम परमेश्वर मे दूर हो जाते हैं । इनमें प्रथम दीनता भक्त चाहता है । शिक्षा यह है कि हर दीनता को भगवान् पर आश्रित होने में कारण बना लेना चाहिए । यह करने लगें तो अपने कल्याण के प्रति हम निश्चिन्त हो सकते हैं '*विचारः को वा?*' ॥१६ ॥

रक्षा की आवश्यकता इसलिये है क्योंकि हम कृपण हैं । '*योऽल्पां स्वल्पामपि स्वक्षतिं न क्षमते स कृपणः तद्विधत्वादखिलोऽनात्मविदप्राप्तपरमपुरुषार्थतया कृपणो भवति*' *(गीता. २.७ आ.गि.)* : जो अपनी थोड़ी भी हानि सहन न करे वह कृपण होता है । इस कार्पण्यरूप शरणागति की आवश्यकता सूचित करते हुए कहते हैं —

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

फलाद्वा पुण्यानां मयि करुणया वा त्वयि विभो
प्रसन्नेऽपि स्वामिन् भवदमलपादाब्जयुगलम् !
कथं पश्येयं मां स्थगयति नमःसंभ्रमजुषां
निलिम्पानां श्रेणिर्निजकनकमाणिक्यमुकुटैः ॥१७॥

विभो = हे व्यापक परमात्मा !, स्वामिन् = हे अधीश्वर !, वा = चाहे, पुण्यानाम् = पुण्यों के, फलाद् = फल से, वा = या, मयि = मुझ पर, करुणया = कृपा कर, त्वयि = आपके, प्रसन्ने = प्रसन्न होने पर, अपि = भी, भवदमलपादाब्जयुगलम् = आपके निर्मल चरणकमलद्वय, कथम् = कैसे, पश्येयम् = देखूँ ?, नमःसम्भ्रमजुषाम् = आपको नमस्कार करने की उतावली वाले, निलिम्पानाम् = देवताओं का, श्रेणिः = समुदाय, निजकनकमाणिक्यमुकुटैः = अपने माणिक्य-जटित स्वर्ण मुकुटों से, माम् = मुझे, स्थगयति = ढाँप देता है (उन्हें देख पाने से रोक देता है) ।

महादेव सम्मुख उपस्थित हैं, यह बहुत महान् स्थिति है, किन्तु देवताओं की भीड़ से जो भगवच्चरणों के अनवरत दर्शन नहीं हो पा रहे उस थोड़ी सी क्षति को भी भक्त सहन करने को तैयार नहीं है । यही कार्पण्य नामक शरणागति है । सांख्यमत में तुष्टि को हेय माना है । भक्ति में भी वही बात समझनी चाहिये । वस्तुतः जब तक अत्यन्त अभेद से कम प्राप्ति हो तब तक सन्तोष होना ही नहीं चाहिए । अतः आनन्दगिरिस्वामी ने '*अप्राप्त परमपुरुषार्थतया*' कहा है, परम पुरुषार्थ प्राप्त हो जाने पर कृपणता समाप्त हो जाती है । बृहदारण्यक में भी इसी अर्थ में कृपणशब्द आया है । तुष्टि प्रयास को शिथिल करती है । जैसे सांसारिक उन्नति असन्तोष पर आधारित है ऐसे ही आध्यात्मिक उत्थान भी असन्तोष से ही प्रेरणा पाता है । जैसे सिर पर रखा जलता कोयला सहन नहीं होता तो तत्परता से उसे हटाने का प्रयास करते हैं ऐसे भगवान् से थोड़ी भी दूरी सहन न हो तभी तत्परता से उसे हटाने में लग सकेंगे । प्रेम में सन्तोष होता भी नहीं, यह प्रेमियों का अनुभव है । यहाँ निसर्गजा भक्ति भी बतायी है । आठ कारणों से भक्ति का होना भक्तिरसायन में (पृ. १६४) मधुसूदनसरस्वतीजी ने बताया है

'इयं निसर्गसंसर्गौपम्याध्यात्माभियोगजा । संप्रयोगाभिमानाभ्यां समारोपे स्थिता तथा' ॥

जन्मान्तर में किये दृढ अभ्यास से जन्य संस्कार निसर्ग कहाते हैं, उन्हीं से हुई भक्ति निसर्गजा है । सम्बन्धवश होनेवाली संसर्गजा है । भगवत्सादृश्य से उमड़ी औपम्यजा है । स्वतः ही उपजी भक्ति अध्यात्मजा कही जाती है । भावाभिव्यक्तिजन्य भक्ति को अभियोगजा कहते हैं । भगवत्सम्प्रयोगजन्य भक्ति सम्प्रयोगजा है । अभिनिवेशवश हुई भक्ति अभिमानजा है । शब्दादि विषयों से उपजी भक्ति को समारोपजा कहा जाता है । 'पुण्यों के फल से' कहकर निसर्गजा कण्ठतः कही है व अन्यों को उपलक्षणतया समझ लैना चाहिए । यदि निसर्गजा भक्ति न हो तो भक्ति उत्पन्न करने के उपाय करने चाहिये । कर्म, भक्ति व ज्ञान— यह प्रसिद्ध क्रम है । कर्म से भक्ति मिल सकती है । सूतसंहिता में (४.३२) महादेव में भक्ति(श्रद्धा) न होने के कारण को बताकर श्रद्धा के अभाव की निवृत्ति के सरल उपाय बताये है :

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'श्रद्धाऽभावस्तेन जातो नराणां साक्षाद्रुद्रे तस्य धर्मे च विप्राः ।

तस्माद्विद्वांस्तद्विनाशाय साक्षाद्रुद्रं नित्यं पूजयेच्छ्रद्धयैव ॥

त्रिपुण्ड्रमुद्धूलनमास्तिकोत्तमाः समाचरेन्नित्यमतन्द्रितस्तथा ।

विशेषतः शंकरवेदने रतो भवेदशेषं कथितं मयाऽनघाः' ॥४.३२.४६-४७ ॥

नित्य भस्मत्रिपुण्ड्र धारण कर महादेव की पूजा और महादेव के स्वरूप को जानने का प्रयास करने से शिवश्रद्धा होती है । महाभारत में (द्रो. २०१.९६) भी शिवलिंगार्चन से शिवप्रीति व ऐहिक आमुष्मिक फल बताया है :

'सर्वभूतभवं ज्ञात्वा लिंगमर्चयते प्रभोः । तस्मिन्नभ्यधिकां प्रीतिं करोति वृषभध्वजः' ॥

'ये भक्ता वरदं देवं शिवं रुद्रमुमापतिम् । अनन्यभावेन सदा सर्वेशं समुपासते ॥

इहलोके सुखं प्राप्य ते यान्ति परमां गतिम्' ॥द्रो. २०२.२७ ॥

स्वयं भगवान् कृष्ण ने (अनु. दान. १६१.१५) कहा है :

'नित्येन ब्रह्मचर्येण लिंगमस्य यदा स्थितम् । महयत्यस्य लोकश्च प्रियं ह्येतन्महात्मनः' ॥

ऋतुमात्रगामी गृहस्थों का भी ब्रह्मचर्य प्रसिद्ध होने से तादृश नियमपूर्वक रहते वे भी स्थिरलिंगार्चन से शिवप्रसाद पा सकते हैं । शिवकृपा के बिना भक्ति नहीं होती । जैसे धन के बिना व्यापार और व्यापार के विना धन नहीं होता फिर भी व्यवहार में लोग धन से व्यापार करते दीखते हैं ऐसे ही कृपा के बिना भक्ति और भक्ति के बिना कृपा नहीं होती फिर भी संसार में भक्त दीखते हैं तो भगवान् की अनिर्वचनीय अनुग्रहशक्ति ही समझनी पड़ती है । इस अनिर्वचनीयता को स्वीकार कर हमें भक्तिप्राप्ति के उपाय करने चाहिए ॥१७ ॥

कार्पण्य(दैन्य)बोध और रक्षा करेंगे यह विश्वास होने पर व रक्षक के रूप में चुन लेने पर भी जब तक अपने को शम्भु के सुपुर्द नहीं करेंगे तब तक वे कैसे रक्षा करें ? अतः अब आत्मनिक्षेपरूप शरणागति सूचित करते हैं —

त्वमेको लोकानां परमफलदो दिव्यपदवीं

वहन्तस्त्वन्मूलां पुनरपि भजन्ते हरिमुखाः ।

कियद्वा दाक्षिण्यं तव शिव मदाशा च कियती

कदा वा मद्रक्षां वहसि करुणापूरितदृशा ॥१८ ॥

शिव = हे शिव !, **लोकानाम्** = सभी लोगों को, **परमफलदः** = कर्मों का फल देने वाले, **त्वम्** = आप, **एकः** = ही हैं । **हरिमुखाः** = विष्णु आदि, **त्वन्मूलाम्** = आप से प्राप्त, **दिव्यपदवीम्** = अलौकिक पद, **वहन्तः** = भोगते हुए, **अपि** = भी, **पुनः** = फिर (फिर), **भजन्ते** = आपका भजन करते हैं । **तव** = आपकी, **दाक्षिण्यम्** = सामर्थ्य, **वा** = तो, **कियत्** = कितनी (अधिक) है, **च** =

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

और, मदाशा = मेरी प्रार्थना, कियती = कितनी (छोटी) है। करुणापूरितदृशा = करुणा से भरी दृष्टि से, मद्रक्षाम् = मेरी रक्षा, वा = आखिर, कदा = कब, वहसि = करेंगे ?

'मद्रक्षां कदा वहसि' मैंने तो अपना काम — आत्मनिक्षेप — कर दिया, अब आप कब अपना काम — मेरी रक्षा — करेंगे ? इससे बताया कि हमें अपने आपको भगवान् के सुपुर्द करने के लिये किसी की प्रतीक्षा नहीं करनी चाहिये । सुपुर्द करने के बाद प्रतीक्षा करने का अधिकार मिलता है । जैसे डूबता व्यक्ति स्वयं बचाव का यत्न करता है इसलिये उसे उबारने गया तैराक उसे बचाने में कठिनाई का अनुभव करता है, डूबने वाला अपनी चेष्टा छोड़ दे तो तैराक आराम से उसे पार ले आता है ; ऐसे हम अपनी रक्षा के जो प्रयास करते हैं वे ही भगवान् के द्वारा की हुई रक्षा के प्रतिबन्धक बन जाते हैं । अतः हमें उन प्रयासों को छोड़ अपने को भगवान् के हवाले करना है । हमारे प्रयास हैं काम, क्रोध, राग आदि । इन्हें हम अपनी रक्षा, अपनी स्थिति के लिये अनिवार्य मानते हैं और इन्हीं से हम संसार में और गहरे डूबते जाते हैं । इन्हें छोड़ना परमावश्यक है । भगवान् के हवाले करने का तात्पर्य है शास्त्रप्रोक्त आचार-विचार करना । हम अभी समझते हैं धर्म से हमारी हानि होगी । यह रागप्रयुक्त हरकत है । इसे छोड़ धर्माचरण में प्रवृत्त होना कर्तव्य है । भगवान् की आज्ञा है, बस इसलिये करना चाहिये । अधर्मरूप अपराध से भगवान् का क्रोधित होना स्वाभाविक है : *'फलमतउपपत्तेरित्यधिकरणे महर्षिणा बादरायणेन विहितनिषिद्धयोः ईश्वरप्रसाद-कोपजनकत्वोक्तेः ।.... विहितक्रियामात्रस्य ईश्वरप्रसादजनकत्वात्, ईश्वरप्रसादस्यैव पुण्यरूपत्वस्य बादरायणसम्मतत्वात् ।'* ऐसा न्यायरत्नावली में (पृ. ३१५ MRI) गौडब्रह्मानन्दस्वामी ने स्पष्ट किया है । महादेव ही सर्वफलदायक हैं अतः किसी अन्य के निमित्त कर्म कर रक्षा का प्रयास व्यर्थ है यह भी ध्वनित है । *'परमफलदः'* से योग को भगवत्कारणक बताया और *'पुनरपि भजन्ते'* से क्षेम भी उन्हीं से होता है यह सूचित कर दिया । साथ ही आत्मनिक्षेप का नैरन्तर्य *'पुनरपि'* से स्पष्ट किया है । *'रक्षिष्यति इति विश्वासः' 'गोप्तृत्वे वरणम्'* के लिये चाहिये, उसी के लिये कार्पण्यबोध चाहिए अतः वरण करा कर ये कृतकार्य हो जाते हैं । वरण भी कर लिया तो आगे, जिसका वरण किया उसका कार्य बच जाता है । अतः वरण भी हो कर पूरा होता है । किन्तु आत्मनिक्षेप सदा करते रहने का कार्य है । अपने आग्रह अभिमान हमेशा छोड़ते रहने होंगे । इतना करने पर भी हमें अपनी कोई महत्ता समझने की आवश्यकता नहीं — *'मदाशा च कियती !'* "हमने तो इतना त्याग किया, भगवान् ने अभी कुछ नहीं किया' ऐसे भावों से बचना चाहिए । हमारे लिये कुछ करें इससे बहुत अधिक आवश्यक कार्य भी भगवान् के हैं, ऐसा भगवान् की महत्ता *'कियद्वा दाक्षिण्यम्'* का विचार बनाये रखना चाहिए । साथ ही हमने आत्मनिक्षेप आदि किया है इसलिये भगवान् रक्षा करेंगे ऐसा नहीं सोचना है । वे तो करुणा से रक्षा करेंगे *'करुणापूरितदृशा'* । किन्तु भगवत्कृपाप्राप्ति की नित्य उत्सुकता भी मन में रखनी है *'कदा वा'* । यह उत्सुकता भक्ति को जिलाये रखती है । अप्पय दीक्षित ने (आत्मा. ३१) भी वैद्यनाथ से कहा है : आप मेरी दर्दनाक स्थिति जानते भी हैं, कृपालु भी हैं, पूरी तरह समर्थ भी हैं । तब मुझ दीन का उद्धार करना आपके लिये कौन सा भार है जो आप रक्षणीय की कोटि में मेरी गिनती ही नहीं करते ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'सर्वज्ञस्त्वं निरवधिकृपासागरः पूर्णशक्तिः कस्मादेनं न गणयसि मामापदब्धौ निमग्नम् ।
एकं पापात्मकमपि रुजा सर्वतोऽत्यन्तदीनं जन्तुं यद्युद्धरसि शिव कस्तावतातिप्रसंगः' ॥१८ ॥

आत्मनिक्षेप की ही पूर्णता है रक्षक के अनुकूल ही चलना, प्रतिकूल नहीं चलना । ऐसा करने पर ही रक्षक अपने ढंग से व्यवस्था कर सकता है । हम तो अपना प्रयास पूरा कर हार चुके अतः अब अपनी राय देना व्यर्थ है । केवल अपनी अवस्था बताकर हमें रक्षक के अनुसार रहना है। इस द्विविध शरणागति को —*'आनुकूल्यस्य संकल्पः प्रातिकूल्यविवर्जनम्'* —बताते हैं—

दुराशाभूयिष्ठे दुरधिपगृहद्वारघटके
दुरन्ते संसारे दुरितनिलये दुःखजनके ।
मदायासं किं न व्यपनयसि कस्योपकृतये
वदेयं प्रीतिश्चेत्तव शिव कृतार्थाः खलु वयम् ॥१९ ॥

शिव = हे शिव !, दुरधिपगृहद्वारघटके = दुष्ट राजाओं के महलों के द्वारों पर ले जाने वाले, दुराशाभूयिष्ठे = असदिच्छाओं से भरपूर, दुरितनिलये = पाप के भण्डार रूप, दुःखजनके = दुःख के जनक (इस), दुरन्ते = समाप्त न होने वाले, संसारे = संसार में, मदायासं = होने वाले मेरे कष्ट को (आप), किम् = क्यों, न = नहीं, व्यापनयसि = हटाते ? (यह), कस्य = किसके , उपकृतये = उपकार के लिये है ?, वद = बताइये । चेत् = यदि, इयम् = इसी में, तव = आपकी , प्रीतिः = प्रसन्नता है तो, वयम् = हम (इसी अवस्था में), कृतार्थाः = कृतार्थ हैं, खलु = इसमें सन्देह नहीं ।

जिसमें शिव की प्रसन्नता है उसी में हम सन्तुष्ट हैं यह आनुकूल्य है ; इससे अधिक कुछ नहीं चाहते (*'खलु'*) यह अप्रतिकूलता है । *'कृपार्थाः'* पाठ में प्रसन्न होकर आप जो दें उसी के हम प्रार्थी हैं, यह अर्थ है ; तात्पर्य एक ही है । 'तत्सुखसुखिता' प्रियके सुख से सुखी होना यह प्रेम का स्वाभाविक वैशिष्ट्य है । यदि हम अपनी इच्छा को, अपने सुख को, प्रमुखता देते हैं तो निश्चित है कि अभी हमें प्रेम नहीं । यदि हमसे दूर रहने से ही प्रियतम प्रसन्न रहता है तो हम उससे दूर रहने में ही प्रसन्न हों, यह प्रेम की अवस्था है । हम जैसा चाहते हैं वैसा भगवान् करें यह भक्त की दृष्टि नहीं । *'यस्त आशिष आशास्ते न स भृत्यः स वै वणिक्'* कह कर भागवत ने चाहने वाले की भक्तरूपता को ही सन्दिग्ध बना दिया है । भक्त को इतना निश्चय होना चाहिये कि इसमें भगवान् प्रसन्न हैं : *'वद'* । *'पशुपतिवचनाद्भवामि सद्यः कृमिरथवा तरुरप्यनेकशाखः' (अनु. दान. १४.१८०)* कह कर महर्षि उपमन्यु ने यही स्थिति प्रकट की है । भगवान् कष्ट हरते हैं तो भी किसी के उपकार के लिये ही और नहीं हरते तो भी किसी के उपकार के लिये । जिसके उपकार के लिए आप मेरा कष्ट नहीं हटा रहे उसने आपसे उपकृत होने के लिए जो साधन किये हैं, उन्हें मैं भी कर लूँ, यह भाव है । 'क्यों नहीं हटा रहे ?' का भी यही तात्पर्य है कि और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कौन सी योग्यता मुझ में आने देना चाहते हैं यह पता चले तो मैं उसके लिए प्रयासशील बनूँ । उन्नति के साधनों के विषय में प्रेरणा मिले इसके लिए प्रार्थना तथा आत्मपरिशीलन करना चाहिये यह सूचना है । भट्ट जगद्धर ने भी भगवान् से कहा है : मुझ अविवेकी पर अब तक क्यों अनुग्रह नहीं किया ? ऐसी कृपा कीजिये कि मेरा अनुराग आपमें दृढ हो

'विहितं मयि चारु चिरं रुचिरं न गते विवेकलयम् ।

कलयन्नमलविभासतिभासित रुचिमेहि मे विपाकमलम्' ॥२३.७ ॥

[*रुचिरम्* = अनुग्रह । *मे अलम् विपाकं कलयन् मे रुचिम् एहि* — यह अन्वय है । *रुचिम्* = मेरी रुचि का विषय । *अमलविभासितभासित* = चन्द्रचूड] ।

अपने संसार का वर्णन इसलिये कि भगवान् के सामने हमारी पूरी स्थिति स्पष्ट हो जाये । हम दयनीय क्यों होने चाहिए — यह प्रकट किया है । तात्पर्य है कि हम दुराशा आदि छोड़ें । जैसे रोग हटाने के लिए पथ्य करना रोगी का दायित्व है व दवा देना वैद्य का, ऐसे पापसे हटना हमारा काम है (जिससे हम पापनिमित्तक दुःखों से बच जायेंगे) और धर्ममार्ग पर चलने पर होने वाले कष्ट भगवान् हटायेंगे ।

संसार को दुःखरूप न बताकर दुःखजनक बताया क्योंकि प्रकृत अधिकारी संसारमात्र से विरक्त नहीं । वैसे विरक्त की तो प्रार्थना है कि मेरा मदरूप-मिथ्याभिमानरूप-आयास (*वि-*) सकारण हटा क्यों नहीं लेते ? यदि पूछें कि बताओ किसके उपकार के लिए हटावें ? : '*कस्योपकृतये, वद?*' तो उत्तर स्पष्ट है : '*शिव ! वयं खलु कृतार्थाः चेत्, तव इयं प्रीतिः*' हे शिव ! यदि हम निश्चित रूप से कृतार्थ होंगे (मुक्त होंगे) तो यह आपकी ही प्रसन्नता होगी, क्योंकि हम आप ही हैं । हमने '*क्षेत्रज्ञं चापि मां विद्धि*' सुन लिया है । हम तो कृतार्थ होंगे, प्रसन्नता आपकी होगी । हमारा अर्थ — प्रयोजन — यही है कि आपकी प्रसन्नता हो, मदायास हटे । वह प्रयोजन सिद्ध हो जाने पर हमारी कृतार्थता है । तदनन्तर जीवरूपता को बचना नहीं । एक अखण्ड आनन्दघन चिद्घन शिवतत्त्व ही रहना है । इस वास्तविक शरणागति को भी यहाँ विवक्षित मान लेना चाहिए ॥१९ ॥

भगवच्छरणागति में प्रमुख प्रतिबन्धक है विषय की शरण लेने का हमारा अभ्यास । इस रुकावट को हटाने के लिये भी शरणागति ही कारण है ।

'प्रसादादेव सा भक्तिः प्रसादो भक्तिसंभवः । यथेहाङ्कुरतो बीजं बीजतो वा यथाङ्कुरः'॥

इस सौरपुराणवचन से (२४.४६) यही स्पष्ट होता है । इसी को बताते हुए '*तस्यैवाहम्*' इस शरणागतिभेद को सूचित करते हैं—

सदा मोहाटव्यां चरति युवतीनां कुचगिरौ

नटत्याशाशाखास्वटति झटिति स्वैरमभितः ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कपालिन् भिक्षो मे हृदयकपिमत्यन्तचपलं
दृढं भक्त्या बद्ध्वा शिव भवदधीनं कुरु विभो ॥ २० ॥

कपालिन् = हे कपाल धारण करने वाले !, **भिक्षो** = हे भिक्षुक !, **शिव** = हे शिव !, **विभो** = हे व्यापक ईश्वर !, **स्वैरम्** = स्वच्छन्द (यह मेरा मन), **सदा** = हमेशा, **मोहाटव्याम्** = अविवेक के जंगल में, **चरति** = घूमता है, **युवतीनाम्** = युवतियों के, **कुचगिरौ** = ऊँचे स्तनों पर, **नटति** = नाचता है, **आशाशाखासु** = इच्छाओं की शाखाओं पर, **झटिति** = जल्दबाजी से, **अभितः** = इधर-उधर चारों ओर, **अटति** = कूदता रहता है। **अत्यन्तचपलम्** = अत्यधिक चंचल, **मे** = मेरे (इस), **हृदयकपिम्** = मन रूप बन्दर को, **भक्त्या** = अपनी भक्ति रूप रस्सी से, **दृढम्** = पक्का, **बद्ध्वा** = बाँधकर, **भवदधीनम्** = अपने अधीन, **कुरु** = कर लीजिये ।

उद्धव ने भगवान् से यह कष्ट कहा है कि मन का नियन्त्रण करने में बहुधा कठिनाई आती है और साथ ही सन्तोष व्यक्त किया है कि भगवान् के चरणकमलों के सहारे से वह कठिनाई झेल ली जाती है

'प्रयाशः पुण्डरीकाक्ष युञ्जन्तो योगिनो मनः । विषीदन्त्यसमाधानाद् मनोनिग्रहकर्षिताः' ॥

'अथात आनन्ददुघं पदाम्बुजं हंसाः श्रयेरन्नरविन्दलोचन' (उद्ध. गी. २४.२-३) ।

भक्ति का साधक अत्यन्त विरक्त नहीं होता यह कहा जा चुका है । *'विद्यां चाविद्यां च यस्तद्वेदोभयं सह ' (ई. ११)* के आधार पर यह साधक कर्म भी करता रहता है । बल्कि *'न चलति निजवर्णधर्मतो यः. . . . तमवेहि विष्णुभक्तम्.' (विष्णुपु. ३.७.२०)* आदि वचन के अनुसार भक्त को कर्म करते हुए रहना चाहिये ही । कर्म राजस पदार्थ होने से उससे राजसी मनोवृत्तियों का उठना लाजमी है । भोग का संस्कार भी दृढ है तथा हर बार भोग करने से वह और भी दृढ हो जाता है । फलतः भोग की ओर आकर्षण बढने लगता है । हठपूर्वक रोकने पर मन अत्यधिक कष्ट देता है और भक्तिभावना से कुछ करने नहीं देता । अतः हम भगवान् से ही प्रार्थना करते हैं कि इस मन को वे ही नियन्त्रित करें । आखिर यह उन्हीं ने हमसे बाँधा है । दीक्षित जी ने भी कहा है कि भगवन् ! मुझ छोटे से बछड़े को एक साँड़ के साथ एक जुए में जोत दिया तो अब मैं क्या करूँ ? *'किंवा कुर्वे'* (आत्मार्पण. ९) । भोगों में स्त्री-पुरुष के आपसी संसर्ग की इच्छा सबसे लुभावनी है और यह अन्य बहुत विक्षेपों का मूल है अतः इसे मुखतः कहा । इसके अन्तर्गत सभी भोग समझ लेने चाहिये । वार्तिककार ने तैत्तिरीयकग्रंथ में (२.१.१७०) कहा है :

'तमसा कामशाङ्र्गेण संकल्पाकर्षणेन सः । रागाख्यविषलेपेन ताडितो विषयेषुणा' ॥

कामरूप धनुष, संकल्परूप प्रत्यंचा से खिंच कर, राग नामक विष में बुझे विषयरूप बाणों से हमें बींधता है । यत्किंचित् भोग से अभी कष्ट नहीं, अत्यंत चपलता से कष्ट है । अपनी पत्नी से प्रेम है यह दिक्कत नहीं, *'युवतिनाम्'* (बहुवचन विवक्षित है) की कामना से परेशानी है । मर्यादित भोगेच्छा कथंचित् पूरी भी की जा सके किंतु अभी हमारी स्थिति है *'झटिति अटति'* शीघ्रता से आकांक्षाएँ बदलते रहना ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भगवान् को '*कपालिन्*' से सम्बोधित किया। वह यह याद करने के लिये कि वे पाँच छेदों वाले कपाल को वर्तन बनाकर उसी में भोजन कर लेते हैं। उसमें कितना कम तो आ सकता है और उसमें से भी कितना तो बह ही जायेगा; फिर भी उतने से ही काम चला रहे हैं। हमें भी इसी तरह कम सामग्री से गुजारा चलाने का प्रयास करते रहना चाहिए। '*भिक्षु*' कहकर भगवान् को बताया कि इस बन्दर को आप पकड़ कर अपने हिसाब से नचायेंगे तो आपको भिक्षुक नहीं रहना पड़ेगा। तात्पर्य है कि हम विषयों से सुख की भीख माँगते फिर रहे हैं, पर मन भगवान् के अनुकूल हो जाये तो हमारा यह भीख माँगना निवृत्त हो जाये। बाँधने का साधन भी बता दिया — भक्ति। भक्ति तो मुझमें- साधक में- रहनी है क्योंकि भजनीय की प्रसन्नतार्थ भजमानव्यक्ति जो करे वही भक्ति है, उससे बाँधने के लिए भगवान् से कहा: '*बद्ध्वा कुरु*'। इससे शरणागति बता दी कि मुझमें रहने वाली भक्ति से भी मैं अपने मन को बाँध पाने में असमर्थ हूँ, अतः यह बन्धन भी आप ही करिये। साथ ही भक्तिप्राप्ति की भी प्रार्थना हो गयी; भक्ति होगी तभी उससे बाँधा जा सकेगा। '*विभु*' कह कर भगवान् की ऐसा कर सकने की सामर्थ्य बतायी और '*शिव*' से सूचित किया कि भक्ति का,-प्रेम का, विषय बनने की आपकी स्वाभाविक योग्यता से यह काम कठिन भी नहीं है। '*तस्यैवाहम्*' मैं उसीका हूँ; इस शरणागति में मेरी प्रधानता है। अतः अपनी ही स्थिति का चित्रण किया है। देवी भगवत की (७.३७.७) दृष्टि से इसे राजसी भक्ति समझा जा सकता है:

'भेदबुद्ध्या तु मां स्वस्मादन्यां जानाति पामरः। तस्य भक्तिः समाख्याता नगाधिप तु राजसी'॥

अभी भेददृष्टि दृढ है। साथ ही अपनी वर्तमान दशा की चिन्ता है और मेरे मन को भगवान् अपने नियन्त्रण में लें जिससे मेरा मोहाटवी में भटकना बन्द हो यह प्रार्थना है। यही प्रारंभिक स्थिति है ॥२०॥

शरणनिःश्रेणि पर कुछ ऊँचा चढ़ने पर स्वयं में कुछ योग्यता पाते हैं, '*नटति अटति*' की स्थिति समाप्त हो चुकती है और हिम्मत बाँधकर साक्षात् भगवान् को निमन्त्रण देने में भी संकोच नहीं होता। अब वे आयें तो बन्दर की हरकतें उन्हें परेशान नहीं करेंगी। इस स्थिति को '*ममैवासौ*' इस शरणागतिभेद को बताने के लिए प्रकट करते हैं—

धृतिस्तम्भाधारां दृढगुणनिबद्धां सगमनां
विचित्रां पद्माढ्यां प्रतिदिवससन्मार्गघटिताम्।
स्मरारे मच्चेतःस्फुटपटकुटीं प्राप्य विशदां
जय स्वामिन् शक्त्या सह शिवगणैः सेवित विभो ॥२१॥

स्मरारे = हे कामदेव के नाशक!, स्वामिन् = हे अधीश्वर!, शिवगणैः = (हे) शिवगणों द्वारा, सेवित = सेवित!, विभो = हे व्यापक तत्व! (आप), शक्त्या = अपनी शक्ति (पार्वती) सहित, मच्चेतःस्फुटपटकुटीम् = मेरे मनरूप उजले तम्बू में, धृतिस्तंभाधाराम् = जो धैर्य रूप आधारभूत खम्बे पर टिका है, दृढगुणनिबद्धाम् = स्थिर सद्गुण रूप रस्सियों से बँधा है, विचित्राम्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

= रंग बिरंगा है, पद्माढ्याम् = कमलों से सजा है, विशदाम् = विस्तीर्ण है, सगमनाम् = इधर-उधर ले जाया जा सकता है तथा, प्रतिदिवससन्मार्गघटिताम् = अच्छे रास्ते पर (बढ़ते हुए) प्रतिदिन (किसी न किसी पड़ाव पर) ताना जाता है, प्राप्य = आकर, जय = विजयी बनें ।

'ममैवासौ' वे मेरे ही हैं ; इसमें *'असौ'* —वह — भगवान् प्रधान हैं । अतः उनके योग्य जैसा तम्बू होना चाहिए वैसा वर्णित है । अपनी स्थिति प्रकट करना, अपनी अच्छाई ख्यापित करना यहाँ विवक्षित नहीं किन्तु भगवान् के योग्य हूँ, यह बताना अभीष्ट है । भेद बुद्धि अभी भी है, किन्तु पूर्ववत् चंचलता और तत्कृत विकलता नहीं । देवीभागवत की (७.३७.८-९) दृष्टि से इसे सत्त्विक भक्ति समझ सकते है :

'परमेशार्पणं कर्म पापसंक्षालनाय च । वेदोक्तत्त्वादवश्यं तत् कर्तव्यं तु मयाऽनिशम् ॥

इति निश्चितबुद्धिस्तु भेदबुद्धिमुपाश्रितः । करोति प्रीतये कर्म भक्तिः सा नग ! सात्त्विकी' ॥

पटकुटी के स्फुटत्व से- उजलेपन से- पापसंक्षालन, धृतिस्तंभ से *'कर्तव्यन्तु'* इत्यादि और *'निबद्धाम्'* से परमेश्वरार्पणता की ध्वनि मिलती है । चित्त यहाँ रहने योग्य तम्बू है, आगे किला बन जायेगा (४२) । वहाँ भी गांभीर्य, धृति (धैर्य), उद्गुण आदि विशेषताएँ कही जायेंगी । ऐसे ही हृदय बगीचा (आराम) भी बनेगा (४७) जिसमें पाप नहीं होंगे, पुण्य होंगे, गुण, सद्वासनाएँ होंगी । अतः जहाँ भी भगवान् के टिकने योग्य मन बताया है वहाँ समान विशेषताएँ बतायी हैं । हम इन विशेषताओं को अपने में लायें, यह विधित्सित है । *'प्रतिदिवस'* कहकर अपनी उन्नति का हमें नित्य पता चलना चाहिये यह बताया । जैसे हर कवल खाने से भूख मिटती है ऐसे ही भक्ति की हर अभिव्यक्ति से भगवत्प्रेम में अभिवृद्धि और भगवान् में तल्लीन होने से प्राप्य आनन्द में बढ़ोतरी का अनुभव होना चाहिये । न हो तो उसके लिये प्रयासशील होना चाहिए । प्रयास का प्रकार उक्त देवीभागवत के श्लोकों में स्पष्ट किया है । *'सगमनाम्'* से इसी प्रयासपूर्णता को बताया है, पटकुटी कहीं रुक नहीं गयी है, बढ़ हीं रही है । मन के उल्लास को विचित्र और पद्माढ्य से कहा । रोते से मन में भगवान् क्या आकर रहेंगे ? उनके लायक उत्फुल्ल मन ही है । भक्तिमार्ग में प्रगति न होने आदि से इतना दुःखी नहीं होना चाहिए कि सात्त्विकता न रह जाये । *'सत्त्वं सुखे सञ्जयति'* (१७.९) आदि गीता से निश्चित है कि सात्त्विक स्थिति में सुख होता है । भक्त को सात्त्विक रहने का प्रयास करना ही चाहिये । किन्तु विषयसुखों से यह स्थिति न हो इसके लिये सद्गुणों को बता दिया और इस प्रकार के सुख के लिए परमावश्यक धैर्य का परिगणन किया । भगवद्भक्त का सत्कार करना भी भक्ति का अनिवार्य अंग है । अष्टविधभक्ति का प्रारंभ ही सौरपुराण में किया है *'मद्भक्तजनवात्सल्यम्'* से (११.१६) । सूतसंहिता (१.६) आदि में भी इसकी आवश्यकता पर बल दिया है । *'वैष्णवे बन्धुसत्कृत्या' (उद्ध गी. ६.४४)* आदि से भागवत में भी इसे भगवत्पूजा के अन्तर्गत माना है । इसी दृष्टि से भगवान् के साथ ही उनके गणों को भी निमन्त्रित समझना चाहिए ॥२१ ॥

शरणागति का चरम स्तर है *'स एवाहम्'* मैं वही परमेश्वर हूँ । अहंपर्यन्त अपने सर्वस्व को भगवान् के चरणों पर न्योछावर करने में भ्रम-निवृत्ति की आवश्यकता है । पहले (२०) अपने आंतरिक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उपद्रव शान्त किये, फिर (२१) भगवान् को निमन्त्रित किया, अब उन्ही का एकाधिकार स्थापित करते हुए शरणागति के प्रसंग का उपसंहार करते हैं—

प्रलोभाद्यैरर्थाहरणपरतन्त्रो धनिगृहे
प्रवेशोद्युक्तः सन् भ्रमति बहुधा तस्करपते ।
इमं चेतश्चोरं कथमिह सहे शंकर विभो
तवाधीनं कृत्वा मयि निरपराधे कुरु कृपाम् ॥२२॥

तस्करपते = हे चोरों के अध्यक्ष !, **शंकर** = हे शंकर !, **विभो** = हे विभु !, **इमम्** = इस, **चेतश्चोरम्** = मन रूप चोर को, **इह** = इस (साधक) जीवन में, **कथम्** = कैसे, **सहे** = सहन करूँ ? (यह), **प्रलोभाद्यैः** = प्रलोभ आदि द्वारा, **अर्थाहरणपरतन्त्रः** = धन इकट्ठा करने के (मानो) पराधीन है (व), **धनिगृहे** = धनिकों के घरों में, **प्रवेशोद्युक्तः** = घुसने की कोशिश करते, **सन्** = हुए, **बहुधा** = तरह-तरह से, **भ्रमति** = घूमता रहता है । (इसे आप) **तव** = अपने, **अधीनम्** = नियन्त्रण में, **कृत्वा** = करके, **मयि** = मुझ, **निरपराधे** = निरपराध पर, **कृपाम्** = कृपा, **कुरु** = कीजिए ।

यहाँ अपनी निरपराधता का बोध हुआ है अतएव अपराधकलंकशून्य से अपने अभेद की सूचना समझनी चाहिए । इसे ही '*शरणं व्रज*' (१८.६६) से गीता में बताया है । यदि यह प्रामाणिक (प्रमाणजन्य, प्रमारूप) बोध है तब इसे ज्ञानलक्षणा भक्ति में समझ लेना चाहिये । किन्तु यदि अभी वैसा निर्विचिकित्स दृढ निश्चय नहीं तब इसे उत्तम शरणागति समझना चाहिए । चोर अहमात्मा नहीं, इदमात्मा है और उसपर (इदमात्मा पर) भूतमहेश्वर का शासन है अतः इस चोर की गिरफ्तारी उनका काम है, मुझे तो यही कहना है कि आपके राज्य में ऐसे चोर यों घूमें यह मैं सहन नहीं करूँगा '*कथमिह सहे ?*' तात्पर्य है कि यतः अब इसमें संशय नहीं कि मेरा भगवान् से अभेद है, '*सकलमहमिदं च वासुदेवः परमपुमान्परमेश्वरः स एकः*' (*विष्णुपु ३.७.३२*), इसलिये इस चेतश्चोर के भ्रमण को मैं कैसे सहन कर सकता हूँ ? इसका भ्रमण जल्दी ही समाप्त कर दिया जायेगा । क्योंकि यह मोहाटवी (२०) में ही भ्रमण है इसलिये प्रमाणसिंह का हमला ही अपेक्षित होने से वेदान्तकेसरी का सहारा लेने को मैं तैयार हूँ, यह भाव है । कामादि शत्रु विवेक का हरण करते हैं जिससे हम मारे जाते हैं, ऐसा भट्ट जगद्धर ने भी प्रलाप किया है—

'सर्वस्वमेव मम दत्तमहाप्रहारा हारामलं हर ! हरन्त्यरयो विवेकम् ।
रक्षाकरी तव कृपाऽत्र कृतावहारा हा राजशेखरमणेः पुरतो हतोऽहम्' ॥ ९.४१ ॥ [*हारवदमलं हारामलं विवेकम् । कृतोऽवहारोऽवहेलना मम तिरस्कारो यया तव कृपया सा कृतावहारा ।*] अपनी अपराधरहितता के इस बोध को ही उद्धव गीता में (९.१८-१९) 'प्रगल्भ भक्ति' कहा है :

'बाध्यमानोऽपि मद्भक्तो विषयैरजितेन्द्रियः । प्रायः प्रगल्भया भक्त्या विषयैर्नाभिभूयते ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यथाग्निःसुसमृद्धार्चिः करोत्येधांसि भस्मसात् । तथा मद्विषया भक्तिः उद्धवैनांसि कृत्स्नशः' ॥ प्रगल्भ भक्ति के स्वरुप में कोई शंका न रह जाये इसीलिये भगवान् ने ज्ञानाग्नि की सूचना देते हुए अपने ही इस पूर्वोपदेश का स्मरण करा दिया है '*यथैधांसि समिद्धोग्निः भस्मसात्कुरुतेऽर्जुन । ज्ञानाग्निः सर्वकर्माणि भस्मसात्कुरुते तथा* ' ॥ *गी. ४.३७* ॥

अभी तक हम '*आहरणपरतन्त्र* ' हैं, कुछ लाकर अपने से जोड़ना चाहते हैं, उसी से अपना कल्याण संभव समझते हैं । इससे हट कर 'निरपराध'— अपराध से तीनों कालों में असम्बन्ध— को समझना है । ऐसे ही बाहर '*धनिगृहे*' लाभ के लिए हम जाते हैं जबकि लाभ अन्दर '*इह*' है; यहीं समस्त धन है तब बाहर जाना कैसे सहन करें ? पहले तो चित्त बन्दर था, स्वभाव से चंचल था, पर अब चोर है, जान बूझ कर किसी प्रयोजन से परेशान करता है । यदि प्रयोजन यों ही सिद्ध हो जाये तो चोरी का जोखम क्योंकर उठायेगा ? किंच प्रसिद्ध है कि जो व्यक्ति चोर को पहचान लेता है, उसे चोर तंग नहीं करता । मन भी यदि इस प्रकार पहचान लिया गया तो हमें कष्ट नहीं देगा यह भी सूचना समझनी चाहिए ॥ २२ ॥

नौ श्लोकों से (१४-२२) शरणागति का उपदेश दिया । अब भावनाविशेष व क्रियाविशेष होने से

'*भावनाजं फलं यत्स्याद्यच्च स्यात्कर्मणः फलम् । न तत्स्थास्न्विति विज्ञेयं द्रविडेष्विवसंगतम्*' ॥
आदि न्याय से (नैष्कर्म्य सिद्धि ३.९३) भक्ति का फल सान्त है यह सूचित करते हैं—

करोमि त्वत्पूजां सपदि सुखदो मे भव विभो
विधित्वं विष्णुत्वं दिशसि खलु तस्याः फलमिति ।
पुनश्च त्वां द्रष्टुं दिवि भुवि वहन् पक्षिमृगता-
मदृष्ट्वा तत्खेदं कथमिह सहे शङ्कर विभो ॥ २३ ॥

विभो = हे शासक !, शंकरविभो = हे व्यापक शंकर !, त्वत्पूजाम् = आपकी पूजा, करोमि = करता हूँ । मे = मुझे, सपदि = जल्दी ही, सुखदः = आत्यन्तिक सुख देने वाले, भव = बनिये । खलु = यदि, तस्याः = उस पूजा के, फलम् = फल, इति = रूप से, विधित्वम् = ब्रह्मा (या), विष्णुत्वम् = विष्णु, दिशसि = बना दिया, पुनः = तो, त्वाम् = आपको, द्रष्टुम् = देखने के लिये, दिवि = आकाश में (तथा), भुवि = पृथिवी पर, पक्षिमृगताम् = हंस या वराह रूप, वहन् = लेकर, च = फिर भी (आपको), अदृष्ट्वा = न देखकर, तत् = उस अदर्शन से (होने वाले), खेदम् = कष्ट को, इह = संसार में, कथम् = कैसे, सहे = सहूँगा ?

भक्ति का वास्तव फल ब्रह्मादि बनना नहीं, भगवान् का नित्य दर्शनादि है । अतः ब्रह्मादि भी दर्शन चाहते हैं । किन्तु कदाचित् उन्हें भी वह मिलता नहीं । ऐसे ही मुझे भी उसका न मिलना सहना

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ही होगा । इससे भक्तिमात्र की अनित्यफलता बता दी । नित्य फल— जो नित्य होने से फल नहीं भी है— केवल कैवल्य होने से और वह केवल ज्ञान से होने से साधनान्तर स्वयं अस्थायी फल वाले ही हैं । अतः भक्ति आदि साधनों से ज्ञान प्राप्त करना चाहिये यह प्रेरणा है । किन्तु यदि ज्ञान का अधिकार न हो तो भी भक्ति करनी ही चाहिए और उसका फल पा ही लेना चाहिए यह बात क्रम से '*करोमि त्वत्पूजाम्*' तथा '*सुखदो भव*' से स्पष्ट की है । '*करोमि*' इस वर्तमान निर्देश से कहा कि भक्ति सदा करनी चाहिये, यह हो चुक नहीं जाती । '*त्वद्भक्तिम्*' न कह कर '*त्वत्पूजाम्*' कहने का तात्पर्य है कि भक्तिवशात् पूजा करनी चाहिए । भक्ति को अभिव्यक्त करना साधना है । अभिव्यक्ति स्थूल व सूक्ष्म दोनों हो सकती है पर होनी अवश्य पड़ेगी । भक्ति या तो साक्षात् पूजादिरूप में और या जिज्ञासा द्वारा श्रवणादिरूप में प्रकट होती है यह सिद्धान्त है । भगवान् को ही सुख देने वाला बनने को कहा है । कारण है कि यदि वे सुख न दें तो सुख लेने योग्य ही नहीं । भक्त उपमन्यु ने कहा ही है '*अपशुपतिवरप्रसादजा मे त्रिभुवनराज्यविभूतिरप्यनिष्टा*' *(अनु. दान. १४.१८०)* । उत्पलदेव ने भी घोषणा की है '*त्वत्पराची विभो मा भूदपि सौख्यपरम्परा*' *(शिवस्तो. १६.२०)* । अत एव '*सुखमस्तु*' की जगह '*सुखदो भव*' कहा । क्योंकि शरणागति में ही कह आये हैं कि मेरा श्रम न हटाने में आपकी रुचि हो तो भी मैं कृतार्थ ही हूँ (१९), इसलिए यहाँ सांसारिक या पारलौकिक वैषयिक सुख की माँग नहीं पेश की जा रही किन्तु भगवान् के अनवरत दर्शनादि के सुख की प्रार्थना है । यह सुख जीवित रहते भी मिल सकता है व मरकर भी । जीवित रहते पूजा, भक्तसेवा, कथाश्रवण, लीलादर्शन आदि से यही प्राप्त होता है व मरकर दिव्य लोकों में इष्टसान्निध्य में भी यही सुख मिलता है । स्वर्गादि की तरह शिवलोकादि को व्यावहारिक ही समझना चाहिए । कर्ममात्र से दुर्लभ होने के कारण उनकी दिव्यता है । अर्थवाद, पुराण आदि प्रमाणों से इन दिव्य लोकों को स्वीकारना ही संगत है । कोई हेतु नहीं जिससे माना जाये कि अनुभूयमान पृथ्वी से अतिरिक्त भोगलोक नहीं हैं । चन्द्रमा अनेक हैं, उनमें केवल पृथ्वी सम्बन्धी चन्द्रमा पर जीवनानुपलब्धि से चन्द्रलोक की भोगलोकता सन्दिग्ध नहीं हो सकती । किं च पृथ्वी से इतर लोकों में जीवदेह ऐसे ही हों जैसे पृथ्वी पर होते हैं, यह भी नियम नहीं । अतः लोकान्तर मानना ही उचित है । व्यापक होने पर भी भक्तों पर कृपा कर किसी देशविशेष में मायिक देहविशेष लेकर इष्ट की अवस्थिति भी स्वीकार्य ही है ॥२३॥

अब तीन श्लोकों से भक्तिप्राप्य उत्कर्ष को प्रकट करते हैं । कैवल्यमोक्ष से अतिरिक्त नाना प्रकार के मोक्ष प्रसिद्ध हैं । सुखातिशय से उनमें मोक्ष शब्द औपचारिक है । अथापि वे प्रार्थनीय तो हैं ही तथा यदि भक्ति ज्ञान को उत्पन्न नहीं कर पायी तो उन्हें ही प्रदान करेगी —

कदा वा कैलासे कनकमणिसौधे सहगणै-
र्वसन् शम्भोरग्रे स्फुटघटितमूर्धाञ्जलिपुटः ।
विभो साम्ब स्वामिन् परमशिव पाहीति निगद-
न्विधातृणां कल्पान् क्षणमिव विनेष्यामि सुखतः ॥२४॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कैलासे = कैलास पर, कनकमणिसौधे = मणिजटित स्वर्णमहल में, गणैः = गणों के, सह = साथ (सेवा में), वसन् = उपस्थित रहते हुए, शम्भोः = भगवान् शंकर के, अग्रे = सामने, स्फुटघटितमूर्धाञ्जलिपुटः = सिर पर ढंग से अंजलि बाँधकर, विभो = 'हे विभु !, साम्ब = हे अम्बा समेत शंकर !, स्वामिन् = हे स्वामिन् !, परमशिव = हे परमशिव !, पाहि = मेरी रक्षा कीजिये', इति = इस प्रकार, निगदन् = प्रार्थना करते हुए, विधातृणाम् = अनेक ब्रह्माओं के, कल्पान् = कल्पों को, सुखतः = अत्यधिक सुख से, क्षणम् = एक क्षण की, इव = तरह, वा = आखिर, कदा = कब, विनेष्यामि = विताऊँगा ?

यहाँ सालोक्य मुक्ति का वर्णन है । विशिष्ट देह ग्रहण कर इष्ट जिस लोक में निवास करें उसी लोक में रहना सालोक्य मुक्ति है । कैलास की शिवलोकता प्रसिद्ध है । भूकैलास भी उत्तम होने से कैलास कहा जाता है । यहाँ तो कैलास लोकविशेषपरक है । इष्टसम्बन्धी होने से दिव्य लोकों का समस्त परिवेश सुन्दर व मनोरम है । यद्यपि 'यहाँ ' और 'वहाँ ' समानता ही है : *'यदेवेह तदमुत्र यदमुत्र तदन्विह'* (क. ४.१०), तथापि जैसे यहाँ साधनसम्पन्न लोगों का परिवेश सुन्दर व साधनविहीन लोगों का भौंडा होता है वैसे उपासना(भक्ति) रूप साधन से प्राप्य लोक भी सुन्दर हो इसमें कोई विसंगति नहीं । वस्तु आदि की प्राप्ति में धन ही एकमात्र साधन माना जाये यह आग्रह व्यर्थ है । शास्त्रोक्त कर्म व उपासनाएँ भी उस प्रकार की उपलब्धियों के साधन हैं । यद्यपि कदाचित् पृथ्वी पर ही सब तरह के भोगों की संभावना बता दी जाती है तथापि वह केवल समझाने के लिये है, लोकान्तर का निषेध करने के लिये नहीं, यह जान लेना चाहिये । यद्यपि लौकिक प्रेम एकाधिकार चाहता है तथापि भगवत्प्रेम ऐसा नहीं, यह '*सह गणैः*' कह कर स्पष्ट किया । 'मैं अकेला ही भगवान् के साथ रहूँ ' यह कामना नहीं है, किन्तु और भी सब भगवद्भक्त वहाँ हों यही आशीः है । इसमें एक समष्टिभाव व सब ' पशुओं ' के प्रति आत्मीयता झलकती है । सालोक्य परम पुमर्थ नहीं यह बताने के लिये वहाँ भी '*पाहि*' की रट रह जायेगी यह बताया । भक्ति से प्राप्य सालोक्यादि फल बहुत लम्बे समय तक बना रहता है यह '*विधातृणां कल्पान्*' से सूचित किया । शास्त्र पर ऐसा कोई अंकुश नहीं कि विस्तृत पद्धति से नाना सामग्रीसाध्य सोमादि यज्ञों का फल अधिक स्थायी ही हो और पत्र, पुष्प, फल, तोय या केवल नमन, जप, ध्यान से साध्य भक्ति का फल कम स्थायी हो । क्योंकि यथार्थ स्थिति बताना शास्त्र का कार्य है इसलिये यदि भक्ति का फल अधिक स्थायी है तो उसे वैसा ही बताना होगा । इन विषयों को यथाशास्त्र ही समझ लेना चाहिये । कश्मीर के उत्तम माहेश्वर उत्पलदेव ने (स्तो. ९.८) भी कहा है

'तत्त्वतोऽशेषजन्तूनां भवत्पूजामयात्मनाम् । दृष्ट्यानुमोदितरसाप्लावितः स्यां कदा विभो' ॥

सभी जन्तु आपकी पूजा में मग्न हैं ऐसा देखते हुए कब सुखी बनूँगा ? ॥२४ ।।

अब सामीप्यरूप मुक्तिविशेष को दिखाते हैं—

स्तवैर्ब्रह्मादीनां जय जय वचोभिर्नियमिनाम्

गणानां केलीभिर्मदकलमहोक्षस्य ककुदि ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्थितं नीलग्रीवं त्रिनयनमुमाश्लिष्टवपुषं
कदा त्वां पश्येयं करधृतमृगं खण्डपरशुम् ॥२५॥

ब्रह्मादीनाम् = ब्रह्मा आदि देवताओं द्वारा की जा रही, स्तवैः = स्तुतियों से, नियमिनाम् = संन्यासियों के, जय जय वचोभिः = 'जय हो ! जय हो !' ऐसे वचनों से, गणानाम् = सेवकों के, केलीभिः = खेलों से (रिझाये जाते हुए, तथा), मदकलमहोक्षस्य = अत्यन्त उत्साह वाले विशाल वृषभ के, ककुदि = कन्धे पर, स्थितम् = विराजमान, उमाश्लिष्टवपुषम् = पार्वती से सटे शरीरवाले, करधृतमृगम् = हाथ में मृग धारण किये, खण्डपरशुम् = टूटे फरसे वाले, त्रिनयनम् = तीन नेत्रों वाले, नीलग्रीवम् = नीलकण्ठ, त्वाम् = आपको, कदा = कब, पश्येयम् = देखूँगा ?

'पश्येयम्' से निकटवर्तितारूप सामीप्य को सूचित किया है । निकटता के कारण ही यहाँ भगवान् के विषय में अधिक विशेषताएँ ज्ञात हैं । साथ ही इस प्राप्ति के साधनों को भी ध्वनित किया है : *'नीलग्रीवम्'* से तप, *'त्रिनयनम्'* से विवेक, *'खण्डपरशुम्'* से वैराग्य, *'करधृतमृगम्'* से शम आदि, *'उमाश्लिष्टवपुषम्'* से सदा भक्तिनिश्चययुक्त रहना, *'मदकलमहोक्षस्य'* से धर्ममार्ग पर स्थित रहना, *'नियमिनां वचोभिः'* से सत्संग तथा *'ब्रह्मादीनां स्तवैः'* से कीर्तनादि साधनों के अनुष्ठान की प्रेरणा है । बृहन्नारदीयपुराणान्तर्गत स्थित वेदपादशिवस्तव में (७६) जैमिनि महर्षि ने भी कहा है —

'प्रमथेन्द्रावृतं प्रीतवदनं प्रियभाषणम् । सेविष्येहं कदा साम्ब सुभासं शुक्रशोचिषम्' ॥

सार्ष्टि (भगवन् के समान ऐश्वर्य वाला होना) व सारूप्य (भगवान् के समान पंचमुखादिरूप वाला होना) मोक्षविशेषों की इस प्रसंग में उपेक्षा समझनी चाहिये ॥२५॥

मुख्य ऐक्यलक्षण सायुज्य भक्तिमात्र से अलभ्य होने से सामीप्यातिशय संयोगादिलक्षण सायुज्य मोक्ष का वर्णन करते हैं—

कदा वा त्वां दृष्ट्वा गिरिश तव भव्याङ्घ्रियुगलं
गृहीत्वा हस्ताभ्यां शिरसि नयने वक्षसि वहन् ।
समाश्लिष्याघ्राय स्फुटजलजगन्धान् परिमलान्
अलभ्यां ब्रह्माद्यैर्मुदमनुभविष्यामि हृदये ॥२६॥

गिरिश = हे पर्वतवासी !, त्वाम् = आपको, दृष्ट्वा = देखकर, तव = आपके, भव्याङ्घ्रियुगलम् = दोनों दिव्य चरणों को, हस्ताभ्याम् = अपने दोनों हाथों से, गृहीत्वा = पकड़कर, शिरसि = सिर पर, नयने = आँखों पर (व), वक्षसि = हृदय पर (उन्हें), वहन् = स्पर्श कराते हुए, समाश्लिष्य = उनका आलिंगन कर, स्फुटजलजगन्धान् = खिले कमल की गन्ध वाले, परिमलान् = सौरभ को, आघ्राय = सूँघकर, ब्रह्माद्यैः = ब्रह्मा आदि को (भी), अलभ्याम् = अप्राप्य, मुदम् = आनन्द का, हृदये = हृदय में (मैं), वा = आखिर, कदा = कब, अनुभविष्यामि = अनुभव करूँगा ?

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पूर्वश्लोक में '*पश्येयम्*' कहा था, अब उस दर्शन के बाद के कृत्यों को बताया है । चरणों की कमलसे समानता है । कमल पंकस्थित होकर भी उससे अलिप्त रहता है, भगवान् के चरण भी संसार में रहते हुए—'*पादोस्य विश्वा भूतानि*'— इससे ऊँचे ही रहते हैं— '*अत्यतिष्ठद् दशांगुलम्*' । उनका सहारा लेने से हम भी संसारसागर से उबर सकते हैं । इसलिये श्रीदक्षिणामूर्ति का एक पैर नीचे लटकता है कि हम उसका सहारा ले सकें। यही अङ्घ्रि की भव्यता है । क्रियाशक्ति का प्रतीक हाथ है । ज्ञान तो '*दृष्ट्वा*' से भगवन्निष्ठ किया जा चुका है, अब क्रिया भी कर दी है । भक्तिप्राप्य उत्कर्ष की इस पराकाष्ठा में प्रत्येक ज्ञान व प्रत्येक क्रिया भगवत्सम्बन्धी है इसलिये आनन्द बना रहता है । लोक में भी प्रियसम्बन्धी ज्ञान व क्रिया करते हुए आनन्द प्रसिद्ध है । यद्यपि पहले ही भगवत्प्रेम अतिगाढ हो चुका तथापि अकम्प्य निष्ठा का यही अवसर है यह बताने के लिये '*शिरसि*' अर्थात् बुद्धि में व '*वक्षसि*' अर्थात् मन में भगवान् को '*वहन्*' ढोते हुए रहना कहा है । जीवन मार्ग पर ले चलने वाले को नयन कहते हैं, उसके सामने भी एक मात्र शिवपादपद्म ही रहें, यह '*नयने*' से बताया। इससे विक्षेपन्यूनताकृत अतिशय को ही समझना चाहिये । भगवान् के 'चरण' का आलिंगन यही है कि वे जैसे स्वरूपानन्द में स्थित रहते हुए क्रीडा भी कर लेते हैं वैसे हम भी कर लें । आत्मार्पणस्तुति में कहा है '*विज्ञातं ते चरितमखिलं विप्रलिप्सो कपालिन् !.... न ते पादपद्मं त्यजामि*' (४२) । बाधप्रक्रिया का यह मार्ग नहीं । यहाँ तो :

'*त्वया निराकृतं सर्वं हेयमेव तदेव तु। त्वन्मयं समुपादेयमित्ययं सारसंग्रहः*'॥

यह उत्पलदेव का (स्तो. १२.१२) वचन अनुसरणीय है । अथवा, आगमान्तों में संचारी होने से आगमान्तों के श्रवणादि को ही समालिङ्गन समझना चाहिये । तभी परममोक्षसाधना प्रवृद्ध हो सकती है ।

सौरभ आकर्षणार्थ होता है, स्वयं में किसी फल वाला नहीं, अतः यहाँ भी भगवच्चरणारविन्द के सौरभ से हम आकृष्ट हो अत्यन्त अभेदरूप रसके इच्छुक बनें यह भाव है । परिमल सूँघ लेने मात्र से सन्तुष्ट नहीं होना चाहिये । गौडाचार्य ने इसी दृष्टि से '*नास्वादयेत्सुखं तत्र*' कहा है । दर्शनजन्य सुख प्रिय व प्राप्तिजन्य सुख मोद आनन्दवल्ली में सूचित है । यहाँ भी '*गृहीत्वा*' से प्राप्ति बतायी जा चुकी है अतः '*मुदम्*' से मोद समझना चाहिये ।

इस प्रकार साधक का वर्णन यहाँ तक किया । मुझमें शिवानन्दलहरी प्रवाहित हो रही है जिससे मैं आपका भजन करता हूँ व चिरकाल तक करते रहना चाहता हूँ । मेरी कोई योग्यता नहीं तथा बुद्धिविलास को मैं घोरशमन का परिहर्ता नहीं मानता । मेरी इन्द्रियाँ आपकी सेवा में रहें यही मेरी अभिलाषा है । मैंने अपने साध्य व साधन के विषय में निर्भ्रान्त निर्णय कर लिया है तथा ऐसी लगन पा ली है कि चाहे जिस अवस्था में मैं इष्टलाभ के लिये प्रयास कर सकता हूँ । स्वयं संसार असार है व आप ही उसके सार हैं इस ज्ञान से मैं कार्पण्यदोष की निवृत्ति के लिये आपकी कृपा का प्रार्थी हूँ क्योंकि आपकी कृपा के बिना साधनमार्ग में गति असंभव है । अतएव मैं आपकी शरण में आ गया हूँ । एवं च बाइसवें श्लोक तक साधक की साधनावस्था बताकर उसी की सिद्धावस्था का वर्णन छब्बीसवें श्लोक तक किया । अब अत्यन्त सन्निहित होने से परमेश्वर का प्रसंग उपस्थित होता है । यद्यपि पूर्व में (१,३,१६ आदि) भी परमेश्वरवर्णन किया जा चुका है व आगे भी (५०-५६, ६४,८० आदि) किया जाना है तथापि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्वप्राधान्येन सत्ताइसवें से पैंतीसवें श्लोक तक भगवद्वर्णन है, पूर्व का व अनन्तरस्थित वर्णन भक्तिशेषतया समझना चाहिये ॥२६ ॥

'*भक्तिर्भजनं कायेन मनसा वाचा वा निष्पाद्यो भजनीयस्य तुष्टिहेतुर्व्यापारो भजमानपुरुषनिष्ठः*' (*न्या. रत्न. पृ. ३१३; प्र. द्वा. MRI*) — भक्ति का यह स्वरूप ब्रह्मानन्दस्वामी ने स्पष्ट किया है । भजमानपुरुष का विस्तार से व्याख्यान कर भजनीय का वर्णन प्रारंभ करते हैं—

करस्थे हेमाद्रौ गिरिश ! निकटस्थे धनपतौ
गृहस्थे स्वर्भूजामरसुरभिचिन्तामणिगणे ।
शिरस्थे शीतांशौ चरणयुगलस्थेऽखिलशुभे
कमर्थं दास्येऽहं भवतु भवदर्थं मम मनः ॥२७ ॥

गिरिश = हे पर्वतवासी !, **हेमाद्रौ** = स्वर्णमय मेरु के, **करस्थे** = हाथ में स्थित होने पर, **धनपतौ** = धनपति कुबेर के, **निकटस्थे** = (सेवकरूप से) निकट स्थित होने पर, **स्वर्भूजामरसुरभिचिन्तामणिगणे** = स्वर्ग की भूमि में उगने वाले दिव्य वृक्षों, दैव-गाय और यथेष्टप्रद मणिसमूहों के, **गृहस्थे** = घर में स्थित होने पर, **शीतांशौ** = चन्द्रमा के, **शिरस्थे** = सिर पर स्थित होने पर, **अखिलशुभे** = समस्त शुभ वस्तुओं के, **चरणयुगलस्थे** = दोनों चरणों में स्थित होने पर, **भवदर्थम्** = आपके लिये, **कम्** = किस, **अर्थम्** = वस्तु को, **अहम्** = मैं, **दास्ये** = दूँ ?, [**भवदर्थम्** = आपके लिये], **मम** = मेरा, **मनः** = मन, **भवतु** = होवे ।

भगवान् हर दृष्टि से परिपूर्ण हैं । स्वरूपानन्द तो निरवच्छिन्न है ही, विषयभूमिका में भी कहीं कोई कमी नहीं है । शौकीन लोग आराम से कुछ समय बिताने कि लिये पहाड़ों पर जाते हैं पर महादेव तो हैं ही गिरिश !इससे बेहतर आवासव्यवस्था संभव नहीं । समस्त धनों के अधिपति यक्षराज सेवा में उपस्थित हैं अतः धन की कमी नहीं । आवश्यकता पड़ने पर कुबेर के कोठार से वस्तु आने की प्रतीक्षा न करनी पड़े अतः स्वर्ण का पहाड़ हाथ-खर्च के लिये रख छोड़ा है । सौन्दर्य में कमी की शंका भी संभव नहीं क्योंकि स्वयं चन्द्रमा शृङ्गार बना हुआ है । वस्तुतस्तु यहाँ योजना विपरीत ही समझनी चाहिये— करस्थ होने से हेमाद्रि की महार्घता है, निकटस्थ होने से धनपति की महत्ता है इत्यादि । नाना प्रकार के भक्तों की दृष्टि से भगवान् के नाना स्वरूप हैं जिनका यहाँ वर्णन है । कुछ भक्त भोगविलास की सामग्री में श्रद्धालु होते हैं उनके लिये यह वर्णन है । कुछ लोग बड़प्पन से आकृष्ट होते हैं उनकेलिये वैसा स्वरूप है(३०) । अन्यों को दुःखियों का उपकार करने वाले के प्रति भावना बनती है तो उस स्वरूप को बताया(३१) । दूसरे भक्त वीरताप्रिय होते हैं अतः वैसा वर्णन है(३४) । आधार एक ही है '*उपासकानां कार्यार्थं ब्रह्मणो रूपकल्पना*' । यह कल्पना अस्मदादिकृत नहीं, स्वयं परमात्मा ने ही की है; जैसे पर्वत, सरिता, वन आदि की कल्पना है वैसे ही इन रूपविशेषों की भी है; अतः व्यवहारसिद्ध्यर्थ जैसे मृदादि हैं वैसे ये सब रूप भी हैं और उसी प्रकार श्रद्धेय हैं । अत एव अत्यन्त धनी होना— जैसा प्रकृत श्लोक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

में कहा है और अत्यन्त दरिद्र होना— जैसा आगे (८७) कहेंगे, दोनों युगपत् संभव है । '*अपि भैक्ष्यचरो महेश्वरः*' (*स्तुतिकद पृ.१८*)— ऐसा उपमन्यु ने भी शिवस्तोत्र में कहा है । इसीलिये वे हमारा चढ़ाया लुटिया भर दूध ग्रहण भी कर लेते हैं और भक्त को क्षीरसागर प्रदान भी करते हैं, सूर्यादि को प्रकाशित करने वाले हैं पर हमारे दीपक को स्वीकारते भी हैं :

'दुग्धाब्धिदोऽपि पयसः पृषतं वृणोषि दीपं त्रिधामनयनोप्युररीकरोषि ।

वाचां प्रसूतिरपि मुग्धवचः शृणोषि किं किं करोषि न विनीतजनानुरोधात्' ॥स्तु.कु.११.१४ ॥

क्या आश्चर्य कि कालिदास को कहना पड़ा '*न सन्ति याथार्थ्यविदः पिनाकिनः*' । अत्यन्तविरुद्ध-धर्माक्रान्तत्त्व भगवान् को सर्वसुलभ बना देता है । यह शंका व्यर्थ है कि कल्पित रूप आदि की उपासना सफल कैसे ? कारण कि सफलता-असफलता कल्पितक्षेत्र का ही प्रसंग है । भट्ट जगद्धर के रमणीय शब्द हैं :

'.... नश्यत्यविद्या यदविद्ययैव ।

रजः प्ररूढं मुकुरे प्रमार्ष्टुं रजो विना न ह्यपरोऽस्त्युपायः' (स्तु. कु. १२.३) ।

ऐसे स्वरूप वाले भगवान् का उपन्यास किया क्यों ? यह प्रश्न उठने पर कहा— '*भवदर्थं मम मनो भवतु*' । यही समस्त भगवद्वर्णनों का प्रयोजन है । '*समर्प्यैकं चेतःसरसिजम्*'(९) से जो कहा था उसमें यहाँ हेतु भी बता दिया कि अन्य कोई वस्तु उन्हें देने लायक है नहीं ।

प्रश्न होता है कि बाकी सारी सम्पत्ति है तो क्या मन की ही दरिद्रता है ? इसका उत्तर है— '*शिरस्थे शीतांशौ*' । चन्द्र मनःप्रतीकतया सुप्रसिद्ध है । इस सम्पत्ति की भी कमी नहीं है किन्तु हम भ्रमवश मन को '*मम*' अपना मान बैठे हैं जबकि है वह '*शिरस्थे*' । यह भ्रम निकल जाये यही तात्पर्य है । अतएव जल, पुष्पादि समर्पण भी संगत हो जाता है । क्योंकि हम उन्हें अपना मानते हैं अतः चढ़ाते हैं । भगवत्सृष्ट होने से पत्रपुष्पादि भगवान् को चढ़ाना व्यर्थ है ऐसा जो कहतें हैं उनको इससे निराकृत समझना चाहिये । जिसे यह निश्चय है कि मुझ समेत सारा भगवान् का ही है, उसके लिये अवश्य ही कुछ चढ़ाने के लिये नहीं, पर जब तक हम व हमारा कुछ है तब तक चढ़ाना भी सार्थक है ॥२७ ॥

सालोक्यादिवर्णन से अब तक के प्रसंग से प्राप्त होता है कि भगवान् का स्वरूप संसर्ग अतिलौकिक ही है । इसका निषेध कर ऐहिक संसर्ग भी है, यह बताने के लिये जिस स्वरूप से वह संसर्ग हो सकता है उसका वर्णन करते हैं—

सारूप्यं तव पूजने शिव महादेवेति संकीर्तने
सामीप्यं शिवभक्तिधुर्यजनतासांगत्यसम्भाषणे ।
सालोक्यं च चराचरात्मकतनुध्याने भवानीपते !
सायुज्यम् मम सिद्धमत्र भवति स्वामिन् ! कृतार्थोस्म्यहम् ॥२८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भवानीपते = हे पार्वतीपति !, **मम** = मुझे, **तव** = आपका, **पूजने** = पूजन करने में, **सारूप्यम्** = सारूप्य, **शिव** = शिव !, **महादेव** = महादेव !, **इति** = इस प्रकार, **संकीर्तने** = संकीर्तन करने में, **सामीप्यम्** = सामीप्य, **शिवभक्तिधुर्यजनतासांगत्यसम्भाषणे** = शिवभक्ति को प्रमुखता देनेवाली जनता की संगति और उससे बात करने में, **सालोक्यम्** = सालोक्य, **च** = और, **चराचरात्मकतनुध्याने** = समस्त चर व अचर प्रपंच स्वरूप जिसका है, ऐसे आपके शरीर का ध्यान करने में, **सायुज्यम्** = सायुज्य, **अत्र** = इस जीवन में (ही), **सिद्धम्** = प्राप्त, **भवति** = हो जाता है । (अतः), **स्वामिन्** = हे स्वामी !, **अहम्** = मैं, **कृतार्थः** = कृतकृत्य, **अस्मि** = हूँ ।

'*देवो भूत्वा देवं यजेत्*' यह नियम है जिससे पूजन काल में सारूप्य प्राप्त होता है । यहाँ पंचमुखादि सारूप्य विवक्षित नहीं, किन्तु यजमानमूर्ति से तादात्म्य विवक्षित है यह समझना चाहिये । सारूप्य की सुखमयता भक्त को पूजा में मिलती है यह उत्पलदेवने (स्तो. १७.२०) बताया है :

'*दृष्टार्थ एव भक्तानां भवत्पूजामहोद्यमः ।तदैव यदसम्भाव्यं सुखमास्वादयन्ति ते*' ॥

नारदभक्तिसूत्रों में पूजासक्ति (सूत्र ८२) का प्रसंग आया ही है । भगवन्नाम-चर्चा से सामीप्य इसलिये हो जाता है कि सहृदय भक्त को नाम से नामीविषयक एकाग्रता सहज हो जाती है:

'*अपीत्वापि भवद्भक्तिसुधामनवलोक्य च ।*

त्वामीश ! त्वत्समाचारमात्रात् सिद्ध्यन्ति जन्तवः' ॥*उत्पल. १०.१३* ॥

समाचार से कथादिवार्ता ही समझना चाहिये । भक्त भगवान् को अपने से दूर नहीं देखता, जैसे लौकिक प्रेम में भी जब प्रिय का विचार आता है तो वह सम्मुख ही प्रतीत हो यही उत्सर्ग है । नामग्रहण से स्मरण आवश्यक है व वह नैकटिक भगवान् का होने से सामीप्य-सुख देता है । इससे यह भी बताया कि नामसंकीर्तन करते हुए इसी तरह विचार करना चाहिये । यहाँ भगवान् के वाच्यस्वरूप का प्रतिपादन किया । अथवा शिव आदि नाम भी भगवद्रूप हैं ऐसा वर्णन समझना चाहिये । जैसे प्रणव को परात्पर ब्रह्मरूप बताया है वैसे ही शिवादि नामों के विषय में है । शिवभक्तों की संनिधि की सालोक्यरूपता स्पष्ट है । सालोक्यमोक्ष के वर्णन में '*सह गणै र्वसन्*'(२४) कहा ही जा चुका है । यह भी उपदेश है कि संगति और सम्भाषण भक्तों से ही करना उचित है, उससे सालोक्य सुख तथा भक्तिदार्ढ्य दोनों होते हैं । जड-चेतन सारा प्रपंच भगवान् का ही शरीर है ऐसा जान लेने पर हर सम्बन्ध भगवत्सम्बन्ध होने से सायुज्य स्वतः सिद्ध है । '*चराचरात्मकमिदं यस्यैव मूर्त्यष्टकम्*' (दक्षिणा.९) '*न विद्मस्तत्तत्त्वं वयमिह तु यत्त्वं न भवसि*' (महिम्न.२६) तथा स्तुतिकुसुमांजलि (३३.३६—४४) आदि वर्णनों का अनुसन्धान करना चाहिये ।

प्रकृत श्लोक से पूर्वतक सभी श्लोक शिखरिणी छन्द में थे, यहाँ से छन्दों में परिवर्तन है । सत्ताईस श्लोकों की 'नक्षत्रमाला' का समापन करता हुआ यह श्लोक है । संक्षेप में साध्य-साधन का उपदेश दिया जा चुका और प्राप्य कृतार्थतारूप फल यहाँ बता दिया । आगे इन्हीं विषयों का विस्तार किया जायेगा ॥२८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भगवान् का अलौकिक (२७) व व्यक्त (२८) स्वरूप स्पष्ट किया । अब गुरुरूप का वर्णन करते हैं—

त्वत्पादाम्बुजमर्चयामि परमं त्वां चिन्तयाम्यन्वहं
त्वमीशं शरणं व्रजामि वचसा त्वामेव याचे विभो ।
वीक्षां मे दिश चाक्षुषीं सकरुणां दिव्यैश्चिरं प्रार्थितां
शम्भो लोकगुरो मदीयमनसः सौख्योपदेशं कुरु ॥२९ ॥

विभो = हे व्यापकतत्त्व !, **शम्भो** = हे शंभु !, **लोकगुरो** = हे समस्त संसार के गुरु !, [**अहम्** = मैं], **अन्वहम्** = प्रतिदिन, **त्वत्पादाम्बुजम्** = आपके चरण कमल की, **अर्चयामि** = अर्चना करता हूँ, **परमम्** = परात्पर, **त्वाम्** = आपका, **चिन्तयामि** = ध्यान करता हूँ, **त्वाम्** = आप, **ईशम्** = परमेश्वर की, **शरणम्** = शरण, **व्रजामि** = लेता हूँ, **त्वाम्** = आप से, **एव** = ही, **याचे** = याचना करता हूँ । **दिव्यैः** = देवताओं द्वारा, **चिरम्** = चिर काल से, **प्रार्थिताम्** = प्रार्थित (माँगी गयी), **चाक्षुषीम्** = (आपके) नेत्रों की, **सकरुणाम्** = करुणायुक्त, **वीक्षाम्** = दृष्टि, **मे** = मुझपर, **दिश** = डालिये (और), **मदीयमनसः** = मेरे मन को, **सौख्योपदेशम्** = आनन्द का उपदेश, **कुरु** = कीजिये ।

सदाशिव स्वयं आदिगुरु हैं । '*यो वै वेदांश्च प्रहिणोति तस्मै*' (श्वे. ६.१८) आदि श्रुति, '*शास्त्रयोनित्वात्*' (१.१.३) आदि ब्रह्मसूत्र, '*पूर्वेषामपि गुरुः*' (१.२६) आदि पातञ्जलसूत्र इसमें प्रमाण है । इतना ही नहीं, प्रत्येक साधक को गुरुरूप से वे ही उपलब्ध होते हैं । वेदान्तरत्नकोश में नृसिंहाश्रम स्वामी ने ब्रह्मनिष्ठ जीवन्मुक्त आचार्य को अवतार स्वीकारा है । अवतार ईश्वर का ही होता है यह सिद्धान्तबिन्दु आदि में स्थापित है । एवं च गुरुरूप से शिव की प्राप्ति समझनी चाहिये । अतः पादार्चन आदि सब संगत है । चाक्षुष दीक्षा परशुराम कल्पसूत्र में बतायी है ।

'*चक्षुरुन्मील्य यत्तत्त्वं ध्यात्वा शिष्यं समीक्षते ।पशुपाशविमोक्षाय दीक्षेयं चाक्षुषी मता*' ॥

देवता भी गुरूपदेश के लिये लालायित रहते हैं । गुरु के बिना उन्हें भी शिवज्ञान न हो सका ऐसी केनोपनिषद् आदि में कथा आयी है । आराध्य मूर्तियों में गुरु का उत्तम स्थान है क्योंकि उनकी सेवादि सहजरूप से की जा सकती है व आपसी सम्बन्ध स्थापित हो सकता है । अन्य मूर्तियों में एक तरफ से ही सम्बन्ध स्थापित किया जाता है । '*तद्विज्ञानार्थम्*' (*मुं. १.२.१३*) श्रुति का अनुसरण कर '*सौख्योपदेशं कुरु*' ऐसी प्रार्थना की है । '*नापृष्टः कस्यचिद्ब्रूयात्*' (*मनु. २.११०*) स्मृति से बिना पूछे गुरु भी कैसे बताये, अतः हमें प्रश्न उपस्थित करना चाहिये । अर्चन आदि से गुरु को तुष्ट करने की विधि समझनी चाहिये । कुछ सम्प्रदाय अन्य मूर्तियों की पूजादि न कर गुरुपूजा में ही श्रद्धा रखते हैं, उनके लिये भी भक्तिमार्ग पर चलना सम्भव है यह तात्पर्य है । गुरुमूर्ति की शरण्यता यहाँ बतायी है । यद्यपि भगवान् ने शास्त्रद्वारा आज्ञाएँ दे रखी हैं तथापि प्रतिदिन बदलती समस्याओं का समाधान शास्त्र से ढूँढना कठिन होने से विशिष्ट परिस्थितियों में हम कर्तव्याकर्तव्य के विषय में भ्रान्त हो जाते हैं । गुरुमूर्ति का

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लाभ है कि हमारी तात्कालिक किंकर्तव्यविमूढता समझ कर हमें उपदेश देने वाला मिल जाता है। उस उपदेश को 'यह शिवाज्ञा है' ऐसा जानकर हमें पालन करना चाहिये तभी '*शरणं व्रजामि*' होगा। जैसे इष्ट में एकनिष्ठा चाहिये ऐसे गुरु में भी चाहिये। अध्यापक नाना हो सकते हैं, गुरु एक ही रखना चाहिये। कैसा गुरु हो ? इसका उत्तर है '*त्वामेव याचे*'— जिससे माँग कर हमें सन्तोष हो, चाहे वह दे या न दे, और जिससे अतिरिक्त किसी से माँगना अनावश्यक लगे, वही गुरु हो, यह तात्पर्य है। 'माँगने' से श्रेयोवस्तु की माँग समझनी चाहिये, द्रव्यादि की नहीं; किन्तु शरण पूर्णतया ली जा चुकी हो तो ऐहिक आमुष्मिक छोटी से बड़ी सभी आवश्यक माँगें जिस अकेले के सामने रखने से हमें सन्तोष हो, वही गुरु है। एवमपि भक्त को क्या माँग करनी उचित है यह '*सौख्य*' पद से बताया। उत्पलदेव ने शिवस्तुति में (१३.१) सौख्य का सरल स्पष्ट लक्षण कर दिया है:

'संग्रहेण सुखदुःखलक्षणं मां प्रति स्थितमिदं शृणु प्रभो।
सौख्यमेष भवता समागमः स्वामिना विरह एव दुःखिता' ॥

अतः इसी की याचना श्रीगुरु से करनी चाहिये ॥२९॥

महादेव का बड़प्पन वाला जो स्वरूप है उसका वैसे अधिकारियों के लिये वर्णन करते हैं जो बड़प्पन वाले रूप से आकृष्ट होते हैं—

वस्त्रोद्धूतविधौ सहस्रकरता पुष्पार्चने विष्णुता
गन्धे गन्धवहात्मताऽन्नपचने बर्हिर्मुखाध्यक्षता।
पात्रे काञ्चनगर्भतास्ति मयि चेद्बालेन्दुचूडामणे
शुश्रूषां करवाणि ते पशुपते स्वामिंस्त्रिलोकीगुरो ॥३०॥

बालेन्दुचूडामणे = हे द्वितीया के चन्द्ररूप शिरोभूषण वाले !, **पशुपते** = हे पशुपति !, **स्वामिन्** = हे अधीश !, **त्रिलोकीगुरो** = हे तीनों लोकों में सबसे बड़े !, **मयि** = मुझमें, **चेत्** = यदि, **वस्त्रोद्धूतविधौ** = (आपको) वस्त्र पहनाने के लिये, **सहस्रकरता** = हजारों हाथों वाले सूर्य का स्वरूप (हो), **पुष्पार्चने** = फूलों से अर्चना करने के लिये, **विष्णुता** = विष्णु का स्वरूप (हो), **गन्धे** = गन्धानुलेप करने के लिये, **गन्धवहात्मता** = सुगन्ध फैलाने वाले वायु का स्वरूप (हो), **अन्नपचने** = भोजन बनाने के लिये, **बर्हिर्मुखाध्यक्षता** = अग्निनिर्वर्त्य यज्ञों के अध्यक्ष इन्द्र का स्वरूप (हो), **पात्रे** = बर्तन बनाने केलिये, **काञ्चनगर्भता** = हिरण्यगर्भ ब्रह्मा का स्वरूप, **अस्ति** = हो (तो), **ते** = आपकी, **शुश्रूषाम्** = सेवा, **करवाणि** = करूँ।

भगवान् का रूप इतना विराट् और मैं इतना छोटा हूँ कि चाहकर भी सेवा कर नहीं सकता। तीनों लोकों में सबसे अधिक बड़प्पन वाले परमेश्वर हैं, यह प्रकृत वर्णन का तात्पर्य है। उनकी सेवा में प्रसिद्ध महत्ता वाले सूर्यादि देव ही समर्थ हैं। अथापि मैं चाहता अवश्य हूँ कि आपकी सेवा करूँ। ध्वनि यह है कि इन देवताओं को आपकी सेवा करने के योग्य बनाना, आपका ही काम है, अतः मुझे भी वह

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सामर्थ्य प्रदान कीजिये। साथ ही, लौकिक उन्नति को शिवसेवा में विनियुक्त कर देना चाहिये, यह उपदेश भी है। पूर्व में (२८) समस्तव्यक्तरूपता का वर्णन था व यहाँ विभूतिमत्सत्त्व का वर्णन है, यह भेद समझना चाहिये। गीतामें यह भेद '*पृथक्त्वेन*' और '*बहुधा विश्वतोमुखम्*' (९.१५) द्वारा प्रकट किया गया है। '*शुश्रूषां करवाणि चेत्, सहस्रकरतादि मयि अस्ति*' ऐसा भी सम्बन्ध है, अर्थात् आपकी पूजा से सूर्यादिरूपता अयत्नलभ्य है। किं च, '*सहस्रकरता चेत्, वस्त्रोद्भूतविधौ शुश्रूषां करवाणि*' इत्यादि योजना से अपनी निर्विशेषता का निश्चय करने का प्रयास भी कर्तव्य वता दिया। 'निर्गुणमानसपूजा' में (स्तु. कद. पृ. ११७) यह दृष्टि व्यक्त की है '*कुतो_वासो विश्वोदरस्य, निर्लेपस्य कुतो गन्धः, पुष्पं निर्वासनस्य च (कुतः), निजानन्दैकतृप्तस्य नैवेद्यं किम्*' इत्यादि। क्योंकि प्रकृत गौरवयुक्त वर्णन तादृश अधिकारियों के लिये है इसलिये यह भाव नहीं कि मुझ में ये योग्यताएँ नहीं हैं इसलिये आपकी सेवा न करूँ, अपितु और भी अच्छी तरह सेवा करूँ यह तात्पर्य है। भक्तिरसायन में बताया है कि चित्त लाक्षा की तरह है और इसे रँगने के लिये— अनुरक्त करने के लिये— पिघलाना पड़ता है; जिसकेलिये काम, क्रोध, भय, स्नेह आदि तापक हैं (पृ. ३२-३३)। बड़प्पन का विचार भी इन तापकों में गिन लेना चाहिये ॥३० ॥

करुणाप्रेरित हो सबका कल्याण करने वाले स्वरूप का वर्णन करते हैं—

नालं वा परमोपकारकमिदं त्वेकं पशूनां पते
पश्यन्कुक्षिगतांश्चराचरगणान्बाह्यस्थितान्रक्षितुम्।
सर्वामर्त्यपलायनौषधमतिज्वालाकरं भीकरं
निक्षिप्तं गरलं गले न गिलितं नोद्गीर्णमेव त्वया ॥३१ ॥

पशूनाम् = (हे) पशुरूप जीवों के, **पते** = स्वामी ! **कुक्षिगतान्** = अपने उदर में रहने वाले (और), **बाह्यस्थितान्** = वाहर रहने वाले (— दोनों प्रकार के), **चराचरगणान्** = स्थावर-जंगम प्राणियों का, **पश्यन्** = विचार करते हुए (उन्हें), **रक्षितुम्** = बचाने के लिये, **सर्वामर्त्यपलायनौषधम्** = सब देवताओं को (डराकर) भगाने वाला, **अतिज्वालाकरम्** = अत्यंत जलन करने वाला, **भीकरम्** = भयंकर, **गरलम्** = हलाहल विष, **त्वया** = आपके द्वारा, **गले** = गले में, **निक्षिप्तम्** = रख लिया गया, **न** = न (तो), **गिलितम्** = गले से नीचे निगला गया (और), **न** = न, **एव** = ही, **उद्गीर्णम्** = उगला गया। **इदम्** = यह, **एकम्** = एक, **तु** = ही, **परमोपकारकम्** = अत्यन्त उपकारक कृत्य, **वा** = क्या (आपकी कारुण्यपूर्ण महत्ता बताने के लिये), **अलम्** = पर्याप्त, **न** = नहीं है ?

अमृतमन्थन की चिरप्रसिद्ध कथा शिवमाहात्म्य का अनुपम दृष्टान्त है। रत्नादि को भगवान् को अर्पित करना किसी देवता ने जरूरी न समझा, जहर देखते ही उसे भगवदर्पण कर दिया। देवी को यह सहन न हुआ कि भगवान् विषपान करें पर विष्णु को सारे संसार की चिन्ता थी अतः वे पीने से रोकती रहीं व वे पीने के लिये प्रेरित करते रहे। शिवपादादिकेशान्तवर्णनस्तोत्र में (२५ पृ. ४८ स्तु.कद.) इसका रुचिर वर्णन है। विष्णु और देवी का शिव से अत्यन्त भेद आगममन्ताओं को इष्ट नहीं है। अतः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

दोनों भय एक ही को हैं यह वहाँ के वर्णन का चमत्कार है और दोनों भयों को निवृत्त करने की जिम्मेदारी का बोध भगवान् को साक्षात् है, यह यहाँ के वर्णन का वैशिष्ट्य है । हेतु बताया '*पशूनां पते*' से । अपने जानवरों की रक्षा खुद करनी ही पड़ती है । क्योंकि सभी भगवान् के अन्तर्गत ही हैं अतः '*कुक्षिगतान्*' से शरणागत व '*बाह्यस्थितान्*' से तद्भिन्नों को समझना चाहिये । करुणा की विशेषता यही है कि वह केवल दुःख देखकर बहने लगती है, और किसी निमित्त का इन्तजार नहीं करती । ऐसी करुणा करने वाले पर ही श्रद्धा होती है । अतएव अप्पय दीक्षित ने इस कृत्य से भगवान् की आर्त-रक्षा-परायणता को पहचाना है—

'क्षीरम्भोनिधिमन्थनोद्भवविपात् सन्दह्यमानान्सुरान्
ब्रह्मादीनवलोक्य यः करुणया हालाहलाख्यं विषम् ।
निःशङ्कं निजलीलया कवलयन् लोकानुरक्षादराद्
आर्तत्राणपरायणः स भगवान् गंगाधरो मे गतिः' ॥गंगाधरस्तोत्र—१ ॥

गले में चिरकाल के लिये जलते विष को रखे रहना कितना अधिक असुविधाजनक होता है, पर वह भी भगवान् करुणा से कर लेते हैं ।

वस्तुतः हमारा भगवान् के प्रति प्रेम भक्ति है तो भगवान् का हमारे प्रति प्रेम करुणा है । जैसे भक्ति केवल भावमात्र नहीं उसकी अभिव्यक्ति भी है, वैसे करुणा भी दुःखी के प्रति होने वाले प्रेम से जन्य उसके दुःखनिवृत्ति के लिये किया व्यापार है । ज्ञानेन्द्र सरस्वती ने भी '*दीक्षितं भक्तरक्षणे*' कहा है । आधुनिक काल में अनेक अधिकारी ठाट-बाट पर श्रद्धा नहीं करते, दीन दुःखियों के उद्धार में लगने वालों पर श्रद्धा करते हैं । उन अधिकारियों के उपयोग के लिये यह वर्णन है ।

विचारदृष्टि से प्रकृत पद्य में बताया है कि हमें जीवन्मुक्तिसुखप्राप्ति हो सके इसी प्रयोजन से परब्रह्म ने अविद्याकलंक स्वीकारा है । वह अविद्या न तो स्वरूप में अन्तर्निविष्ट हुई— अन्यथा कुक्षिगत हम सभी वस्तुतः बद्ध हो जाते और मोक्षाशा न रहती— तथा न सर्वथा असम्बद्ध हुई— अन्यथा हम, अविद्या-प्रयुक्त जीव, सर्वथा ब्रह्मस्वरूप से बाह्य हो जाते और पुनरपि मोक्ष असंभव हो जाता । अनादि होने पर भी चेतन के स्वातन्त्र्य को '*निक्षिप्तम्*' से सूचित किया ॥३१ ॥

विषपान को करुणा-प्रकाशक बताकर उसी का विस्मयजनक रूप से वर्णन करते हैं—

ज्वालोग्रः सकलामरातिभयदः क्ष्वेलः कथं वा त्वया
दृष्टः किं च करे धृतः करतले किं पक्वजम्बूफलम् ।
जिह्वायां निहितश्च सिद्धघुटिका वा कण्ठदेशे भृतः
किन्ते नीलमणिर्विभूषणमयं शम्भो महात्मन् वद ॥३२ ॥

शम्भो = हे शम्भु !, **ज्वालोग्रः** = धधकती आग-सा उग्र, **सकलामरातिभयदः** = सब देवताओं को अत्यधिक भय देने वाला, **क्ष्वेलः** = हलाहल विष, **त्वया** = आपके द्वारा, **कथम्** = कैसे,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वा = तो, दृष्टः = (घबराये बिना) देखा गया ?, च = और, करे = हाथ में, किम् = क्यों, धृतः = धर लिया गया ?, किम् = क्या (वह), करतले = हथेली पर (पड़ा), पक्वजम्बूफलम् = पका जामुन का फल था ?, च = तथा, जिह्वायाम् = जीभ पर, निहितः = रखा, वा = क्या (वह कोई), सिद्धघुटिका = तैयार की गयी दवा थी ? (उसे), कण्ठदेशे = कण्ठदेश में, किम् = क्यों, भृतः = धारण कर लिया ?, ते = आपकेलिये (क्या), अयम् = यह (कोई), नीलमणिः = नीली मणि थी ? (या), विभूषणम् = गहना था ?, महात्मन् = हे अक्षुद्र स्वभाव वाले !, वद = बताइये ।

चित्र-चरित्र परमेश्वर ने विषपान कर सबको विस्मित तो किया पर विशेषता यह है कि सब ऐसे विस्मय की आशा से ही उनके पास गये थे । विष ने घोषित ही किया था कि भूतभावन महादेव से अतिरिक्त सब उससे कष्ट ही पायेंगे । अन्यों को तो उसे देखना मुश्किल था पर इन्होंने उसे शान्ति से देखा । इसी प्रकार अनन्तर के कृत्य हैं । ऐसे विस्मयकारी स्वरूप से भी चित्त द्रवीभूत होता है । भक्ति रसायन में (पृ.१४०) कहा है :

'लोकोत्तरचमत्कारिवस्तुदर्शनजः परः । तज्जन्यायां द्रुतौ चेतो विकासो विस्मयो मतः' ॥

निश्चय ही विषपान करता हुआ स्वरूप लोकोत्तर चमत्कारि वस्तु है । अतः विस्मय से चित्त को अनुरक्त करने वालों के लिये यह वर्णन समझना चाहिये । इस लोकातीत कार्य को भगवान् क्यों कर सके, यह *'महात्मन्'* सम्बोधन से बताया है । क्योंकि उन्हें अपनी रक्षा की कोई चिंता नहीं थी इसीलिये यह सब वे कर सके । इससे हमें भी शिक्षा दी कि हमें स्वभाव की क्षुद्रता छोड़ देनी चाहिये । अनावश्यक बातों पर अधिक ख्याल रखना ही स्वभाव की क्षुद्रता है । लक्ष्य की ओर ही हमें एकाग्रवृत्ति से बढ़ना चाहिये, छोटी-छोटी कठिनाइयों के कारण रुकना या रास्ता बदलना नहीं चाहिये । महत्त्वाकांक्षा वाले सांसारिक कार्य में भी विकट परेशानी आती है । भगवत्प्रप्ति तो सर्वाधिक महत्त्वाकांक्षा का कार्य है । उस लाभ में साक्षात् देवता भी आड़े ही आते हैं । *'एषां तन्न प्रियं यदेतन्मनुष्या विद्युः'* (बृ.१.४.१०) आदि श्रुति में यह स्पष्ट है । अतः सांसारिक कष्ट निश्चय ही आयेंगे । *'तांस्तितिक्षस्व'* (गी.२.१४) इस भगवदाज्ञा से उन्हें चुपचाप सहते हुए भक्ति करते रहें यही उत्तम उपाय है ॥३२ ॥

अब भगवान् के स्तवनीय पूज्यादि स्वरूपों का निर्देश देते हैं—

नालं वा सकृदेव देव भवतः सेवा नतिर्वा नुतिः
पूजा वा स्मरणं कथाश्रवणमप्यालोकनं मादृशाम् ।
स्वामिन्नस्थिरदेवतानुसरणायासेन किं लभ्यते
का वा मुक्तिरितः कुतो भवति चेत् किं प्रार्थनीयं तदा ॥३३ ॥

देव = हे महादेव !, स्वामिन् = हे मालिक !, भवतः = आपकी, सेवा = सेवा, नतिः = प्रणाम, वा = या, नुतिः = स्तवन, पूजा = पूजन, स्मरणम् = ध्यान, कथाश्रवणम् = कथा सुनना, वा = या, आलोकनम् = दर्शन (यदि), सकृत् = एक बार, एव = भी (हो जाये तो),

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पादृशाम् = मुझ जैसों के लिये, वा = क्या, अलम् = पर्याप्त, न = नहीं है ?, अस्थिरदेवतानुसरणायासेन = बदल जाने वाले देवताओं के पीछे घूमने के प्रयास से, किम् = क्या, लभ्यते = मिलता है ?, का = कौन सी, मुक्तिः = मुक्ति, वा = ही (मिलती है) ?, चेत् = यदि (कहो कि), इतः = इस से (उक्त प्रयाससे), कुतः = क्योंकर (मुक्ति), भवति = होगी ? तदा = तो (और), प्रार्थनीयम् = चाहने योग्य, किम् = है क्या (जिसके लिये मैं आयास करूँ जबकि एक बार शिवपूजनादि से ही मुक्ति मुझे अनायाससिद्ध है) ?

भगवान् के सेवनीय, नमनीय, स्तोतव्य, पूज्य, ध्येय, श्रोतव्य तथा दर्शनीय नानाविध स्वरूप हैं। भागवतादि के अनुसार सेवा से 'पादसेवा' समझें तो उसके ये स्वरूप हैं '*विष्णुप्रतिमापादसम्मर्दन-गृहलेपनादिरूपा . . . . ब्राह्मणरूपस्य भगवद्देहस्य भगवद्भक्तस्य वा पदसंवाहनादिरूपा च*' *(न्या. रत्न.पृ.३१४ प्र.द्वा.)* अर्थात् विष्णुआदि इष्ट की मूर्ति के चरण दबाना व मन्दिरादि को लीपना आदि तथा ब्राह्मण के अथवा अन्य भक्त के पैर दबाना। शिवपुराण सतीखण्ड में केवल सेवन को नवाङ्गों में गिना है—

'श्रवणं कीर्तनं चैव स्मरणं सेवनं तथा। दास्यं तथार्चनं देवि ! वन्दनं मम सर्वदा।
सख्यमात्मार्पणं चेति नवाङ्गानि विदुर्बुधाः' ॥२३.२२-२३॥

इसके अनुसार किसी भी प्रकार की सेवा समझनी चाहिये। अतः भगवान् के उपदेशकरूप की सेवा है उपदेश का प्रसार करना। नियन्तारूप की सेवा है धर्ममार्ग पर सबको व स्वयं चलाना व चलना तथा धर्मातिक्रमण होने पर दण्डविधान करना। रक्षक रूप की सेवा है सबकी रक्षा करना। इसी प्रकार और भी सेव्यरूप समझने चाहिये। नमनीयरूप भी नाना हैं। सूर्य, अग्नि, पृथ्वि आदि तथा गुरु, ब्राह्मण, माता-पिता आदि एवं मूर्ति, लिङ्ग, यन्त्र आदि सब नमनीय स्वरूप हैं। ये सब भगवद्रूप हैं इस दृष्टि से इन्हें नमस्कार करना चाहिये। शिवदृष्टि व्यापक हो तो अश्व, चाण्डाल, गाय व गधे तक को दण्डवत् प्रणाम करना स्मृति में बताया ही है। स्तवनीयरूप भगवान् का सविशेषरूप है जिसे 'अर्वाचीन पद' पुष्पदन्ताचार्य ने कहा है। पूज्यरूप प्रतिमादि, विल्वादि वृक्ष, गाय आदि जानवर, गंगादि नदियाँ, संन्यासी, ब्राह्मणादि प्रसिद्ध हैं। ऐसे ही ध्येयरूप शास्त्र से जानने चाहिये। मनःकल्पित रूपों का ध्यान नहीं करना प्रारम्भ करना चाहिये। श्रोतव्यरूप भी उपनिषदादि सच्छास्त्रों में प्रतिपादित हैं। शास्त्राधार छोड़कर रुचिकर बना कर बोला गया जो भी कोई भगवान् का काल्पनिक स्वरूप श्रोतव्य नहीं। शास्त्रबोधित शिवलीलादि तथा पारमेश्वरादि रूप ही श्राव्य है। दर्शनीयरूप भी तीर्थादि में या विहितप्रक्रिया से स्थापित लिङ्ग, प्रतिमा आदि हैं। नाटक के राम, कृष्ण आदि को दर्शनीयरूप नहीं समझ लेना चाहिये। व्यतिरेकप्रदर्शन से महादेव का एक सामान्य स्वरूप भी बताया— स्थिरदेवता। भगवान् शंकर की जो महात्मता पूर्वश्लोक में उपस्थित की थी उसी का यह व्याख्यान है। यह सबसे सूक्ष्मस्वरूप है। नित्य परिवर्तनीय प्रपंच में जो एक सच्चिद्रूप स्थिर स्वप्रकाश तत्त्व है, वह भगवान् का ध्येय व ज्ञेय उभयात्मक स्वरूप है। इन स्वरूप वाले भगवान् की सेवादि सद्योमोक्ष देने में समर्थ है अतः इन्हीं में व्यापृत रहना चाहिये। आवृत्तिमात्र से फललाभ नहीं होता, साधन में सशक्तता होनी चाहिये। थोड़ी भी आग ढेर सारे

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तिनके जला देती है, छोटा भी दीपक अन्धेरा मिटा देता है, बूँद भर भी अमृत मर्त्य को अमर बना देता है, ऐसे थोड़ा सा भी ईश्वराराधन सब पाप हटा देता है :

'मणिः सुसूक्ष्मोऽपि यथोल्बणं विषं कृशोऽपि वह्निः सुमहद्यथा तृणम् ।

शिशुर्मृगेन्द्रोऽपि यथा गजव्रजं तनुः प्रदीपोऽपि यथा तमोभरम् ॥

यथाल्पमप्यौषधमुन्मदं गदं यथाऽमृतं स्तोकमपि क्षयाद्द्वयम् ।

ध्रुवं तथैवाणुरपि स्तवः प्रभोः क्षणादघं दीर्घमपि व्यपोहति' ॥स्तु. कु. ७.९-१० ॥

नीलकण्ठ दीक्षित ने भी *'अक्षय्यं पदमप्यमुत्र च सकृद्यत्कीर्तनं साधयेत्' (शिवोत्कर्षमंजरी ७)* कहा है । स्वयं भगवान् ने *'स्वल्पमप्यस्य धर्मस्य त्रायते महतो भयात्'* कहा ही है । यह सब इसलिये नहीं कि हम सकृत् सेवन से सन्तुष्ट हो उसे छोड़ दें बल्कि इसलिये कि इस अतिसामर्थ्यवान् कार्य में और अधिक जागरूक हो लगें । वस्तुतस्तु सकृत् सेवनादि का फल बताने से हमें पता चल जाता है कि हमने सेवनादि किया, या नहीं । जैसे यदि वस्तु में मिठास न लगे तो निश्चित है कि उसमें चीनी नहीं पड़ी वैसे यदि हमें उक्त फल नहीं मिला तो निश्चित है हमने अभी तक सेवादि की ही नहीं । इसीलिये आचार्यों ने कहा है 'भगवन् ! मेरा जन्म हुआ अतः निश्चित है कि अब से पूर्व मैंने आपको नमस्कार नहीं किया, यह एक अपराध हुआ । अब नमस्कार कर लिया है तो यह भी निश्चित है कि आगे कोई जन्म न होने से फिर नमस्कार नहीं कर पाऊँगा, यह दूसरा अपराध है । आप मेरे इन दोनों अपराधों को माफ कर दीजिये' : *'वपुःप्रादुर्भावादनुमितमिदं जन्मनि पुरा.... तदिदमपराधद्वयमपि'* । अतः पूर्ण तन्मयता से सेवा आदि में तत्पर हो जाना चाहिये ॥३३ ॥

समृद्ध, व्यक्त, गुरु, माहात्म्य वाले, करुणामय, विस्मापक तथा स्तवनीयादि भगवद्रूपों का वर्णन कर अब वीर्यवान् साहस वाले रूप को दिखाते हैं —

किं ब्रूमस्तव साहसं पशुपते कस्यास्ति शंभो भवद्-

धैर्यं चेदृशमात्मनः स्थितिरियं चान्यैः कथं लभ्यते ।

भ्रश्यद्देवगणं त्रसन्मुनिगणं नश्यत्प्रपंचं लयं

पश्यन्निर्भय एक एव विहरत्यानन्दसान्द्रो भवान् ॥३४ ॥

पशुपते = हे पशुपति !, शम्भो = हे शम्भु !, तव = आपके, साहसम् = साहस को, किम् = क्या, ब्रूमः = कहें ?, ईदृशम् = ऐसा, भवद्धैर्यम् = आपका धैर्य, कस्य = किस अन्य का, अस्ति = है ?, च = और, आत्मनः = अपनी, इयम् = यह, स्थितिः = दृढता, अन्यैः = अन्यों द्वारा, कथम् = कैसे, लभ्यते = प्राप्त की जाये ?, भ्रश्यद्देवगणम् = गिरते हुए देव समूह को, त्रसन्मुनिगणम् = त्रस्त होते मुनिसमाज को, नश्यत्प्रपंचम् = नष्ट होते प्रपंच को, (ऐसे), लयम् = प्रलय को, पश्यन् = देखते हुए, भवान् = आप, एकः = अकेले, एव = ही, आनन्दसान्द्रः = आनन्दपूर्ण (व), निर्भयः = अभय (रहते हुए) विहरति = विहार करते हैं ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

तैत्तिरीयश्रुति का निःशङ्क उद्घोष है '*आनन्दं प्रयन्त्यभिसंविशन्ति*'। सृष्टि का कारण सदा आनन्दरूप है, उत्पत्ति काल में ही नहीं, स्थिति व संहार में भी। अतः चाहे जितना भीषण प्रतीत हो, शिव की आनन्दघनता में प्रलय भी अन्तर नहीं ला पाता। उस प्रलय में स्फुट साहस को, अविकलता को और दृढता को यहाँ भगवान् में अनुरक्त होने के लिये चित्त का तापक बनाया है। जैसे युद्धाभिपातजनित उत्साह की तापकता भक्तिरसायन में (पृ.१४०) बताई है वैसे यह रूप भी तापक समझना चाहिये। अधिकारीभेद तो इष्ट ही है। लय का रोमहर्षक दृश्य प्रस्तुत किया है और साथ ही उससे विपरीत, कल्पान्तभैरव का आनन्दसान्द्र चित्र रख दिया है। आनन्दरूपता अटपटी न लगे इसके लिये पहले ही शिव तनु के विशेषण रखे हैं '*पशुपते ! शम्भो !*'। इस स्वरूप के चिन्तन से निर्भयता आदि का लाभ होता है। आनन्दसान्द्रता में निर्भयता हेतु है। निर्भयता में हेतु है '*एक एव*'। '*विहरति*' से चेतनरूपता स्फुट की है। '*लयं कुर्वन्*' न कह '*पश्यन्*' कहने से अकर्तृत्व भी प्रकट किया है। इसके कारण साहसादि सब उपपन्न हैं।

पूर्व में (३१) अविद्यांगीकार द्वारा सृष्टि बतायी थी; उसी के उपसंहार के लिये यहाँ प्रलय का नियोजन है। जैसे वह परमोपकारक था वैसे यह भी आनन्दसान्द्र होने से परमोपकारक है। अन्तर है तो यह कि वहाँ '*रक्षितुं पश्यन्*' स्वरूप था, यहाँ '*लयं पश्यन्*' स्वरूप है; पर '*पश्यन्*' एक ही है। उस वर्णन में भी '*पशूनां पते*' और '*शंभो*' (३२) सम्बोधन थे, इस वर्णन में भी वे सम्बोधन हैं। वहाँ भी अन्य अमर्त्यों का पलायन था, यहाँ भी देवगणों का गिरना है। किन्तु वहाँ पलायन रोकने के लिये '*निक्षिप्तम्*' था जो यहाँ नहीं है। तात्पर्य है कि सृष्टि व संहार में शिव ही एकमात्र स्वतन्त्र हैं अतएव जन्मादिसूत्रोक्त लक्षण उन्हीं का होने से समस्त वेदान्तों में प्रतिपादित परात्पर तत्त्व की निर्विशेष विशेषता यहाँ समझ लेनी चाहिये ॥३४॥

अत्यन्त समर्थ शिवस्वरूप के वर्णन का उपसंहार करने के लिये सर्वपालक रूप का वर्णन करते हुये नारदप्रोक्त (ना.भक्ति. ८२) स्मरणासक्ति सूचित करते हैं—

योगक्षेमधुरन्धरस्य सकलश्रेयःप्रदोद्योगिनो
दृष्टादृष्टमतोपदेशकृतिनो बाह्यान्तरव्यापिनः।
सर्वज्ञस्य दयाकरस्य भवतः किं वेदितव्यं मया
शम्भो त्वं परमान्तरङ्ग इति मे चित्ते स्मराम्यन्वहम् ॥३५॥

शम्भो = हे शम्भु !, **योगक्षेमधुरन्धरस्य** = अप्राप्त की प्राप्ति और प्राप्त की रक्षा में कुशल, **सकलश्रेयःप्रदोद्योगिनः** = सब को कल्याण प्रदान करना रूप व्यापार वाले, **दृष्टादृष्टमतोपदेशकृतिनः** = लौकिक व अलौकिक विषयक शास्त्रों के उपदेशक, **बाह्यान्तरव्यापिनः** = बाहर-अन्दर सर्वत्र व्यापक, **सर्वज्ञस्य** = सर्वज्ञ, **दयाकरस्य** = दया करने वाले, **भवतः** = आपके समक्ष, **मया** = मेरे द्वारा, **वेदितव्यम्** = निवेदन करने योग्य, **किम्** = क्या है ?, **त्वम्** = आप, **मे** = मेरे, **परमान्तरङ्ग**

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

= अत्यन्त अन्तरङ्ग हैं, इति = इसीलिये, अन्वहम् = प्रतिदिन, चित्ते = मन में (आपका), स्मरामि = स्मरण करता हूँ।

हम सभी को जो कुछ भी भोग मिलता है व मिला हुआ हमारे पास टिकता है, उसमें एकमात्र कारण है शिवकृपा। भगवान् सदा इसमें व्यापृत रहते हैं कि सबको परम कल्याण की प्राप्ति हो। हर प्रकार के कल्याण की प्राप्ति के उपायों की विद्या के वे ही उद्गम हैं। सर्वज्ञ होने से उन्हें मेरी इच्छा मुझसे पहले ज्ञात है। जान लेने पर योग्य हो तो अवश्य उसे पूरी करेंगे क्योंकि वे दयाकर — दया के आकर, खान, हैं। अतः मैं कोई माँग प्रस्तुत करूँ यह व्यर्थ है। फिर भी अत्यधिक प्रेम होने से स्मरण करता रहता हूँ— यह तात्पर्य है। दीक्षित जी ने भी भगवान् से कहा है कि मैं आपका दास हूँ अतः सदा से निश्चित निवेदन यही संभव है कि मुझे दासता से मुक्ति मिले और आप स्वयं इस वास्तविकता से परिचित हैं (— यद्यपि मैं अपने को दास ही जानता हूँ, पर आप इस तथ्य को जानते हैं) कि मैं आपके स्वरूप से ही निकला हुआ भटक रहा हूँ। इससे अधिक कुछ मुझे कहना नहीं। आप करुणा से मुझे ग्रहण कीजिये :

'दासोस्मीति त्वयि शिव मया नित्यसिद्धं निवेद्यं

.... नास्त्येवान्यन्मम किमपि ते नाथ विज्ञापनीयं कारुण्यान्मे .... गृहाण' (आत्मार्प. २०)।

सर्वशास्त्रोपदेशक रूप का भट्ट जगद्धर ने भी वर्णन किया है *'न शास्त्रं तत्स्वामिन्निह यदुपदिष्टं न भवता'* (स्तु. कु. ३५.२०)। प्रकृत भगवद्रूप यद्यपि सबको सामान्यतः ज्ञात है, सांसारिक लोग भी प्रायः इस स्वरूप से भगवान् को जानते हैं, तथापि इसे शिव वर्णन के अन्त में रखने का प्रयोजन है यह बताना कि इस स्वरूप का निश्चय होने पर कुछ भी निवेदनीय नहीं रह जाता और परमान्तरङ्गता का बोध बना रहता है। भागवत में निवेदन करने वालों को, माँगने वालों को भक्त नहीं, व्यापारी कहा है- *'यस्त आशिषआशास्ते न स भृत्यः स वै वणिक्'*। 'भक्ति' की पूँजी लगाकर फल का लाभ लेना— यही यहाँ व्यापार है। यह तो सांसारिक अवस्था है। ठीक है, अन्यों से व्यापार करने की अपेक्षा भगवान् से व्यापार करना बेहतर है किन्तु स्मरण रहना चाहिये कि है वह व्यापार ही। भक्ति की निष्ठा वाली अवस्था में *'किं वेदितव्यम्'* स्वाभाविक होता है। इस भूमिका पर आरूढ होकर *'योगक्षेमधुरन्धरस्य'* आदि पालनकर्तारूप यहाँ वर्णित समझना चाहिये। *'परमान्तरङ्ग इति स्मरामि'* को रागानुगा भक्ति के नाम से अन्यत्र कहा जाता है। विचारशील के लिये परमान्तरंगता है साक्षिरूपता से। अतः *'अनु-अहम्'* अहम् के पीछे विद्यमान प्रत्यक्तत्त्व का स्मरण ध्वनिलभ्य है। इसके बलपर ही वस्तुतः कुछ निवेदनीय नहीं बचता ॥३५॥

भजमान तथा भजनीय स्वरूपों का विस्तार किया। अब अनुष्ठेय होने के कारण प्रधान होने से शेष ग्रन्थ द्वारा भक्ति का प्रतिपादन करेंगे। पूर्व में मुख्यतः भजमानशेषतया व क्वचिद् भजनीयशेषतया भक्ति का प्रसंग आया था, अब स्वप्रधानतया भक्ति का वर्णन है, तच्छेषतया उन दोनों का, यह भेद है। पहले (४९ तक) श्रवणादि प्रधान कर्तव्यांगों का परिचय कराया जायेगा। तदनन्तर (५८ तक) अनुस्मरणशेषतया भगवद्वर्णन आयेगा। फिर (६५ तक) भक्ति के स्वरूप पर विचार प्रस्तुत होगा। उसके बाद

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सृष्टिरहस्य बताकर (६६) पुनः फलपरिचय कराते हुए विभिन्न रुचिकर बिम्बों व प्रार्थनाओं के माध्यम से भक्ति के लिये प्रेरित कर भगवान् के अपरोक्ष ज्ञान की प्रार्थना करते हुए स्तोत्र का उपसंहार किया जायेगा।

भक्तिप्रकरण का प्रारम्भ सर्वप्रधान अनन्यभक्ति से करते हैं। यद्यपि साधारण परिपाटी सरल से कठिन की ओर बढ़ने की है तथापि वेदान्तप्रक्रिया में सबसे पहले उत्तम रहस्य बता दिया जाता है, उतने से काम न बने तो अधिकारानुरूप और उपदेश दिये जाते हैं। इसी प्रक्रिया से अनन्यभक्ति का वर्णन करते हैं —

भक्तो भक्तिगुणावृते मुदमृतापूर्णे प्रसन्ने मनः -
कुम्भे साम्ब तवाङ्घ्रिपल्लवयुगं संस्थाप्य संवित्फलम्।
सत्त्वं मन्त्रमुदीरयन्निजशरीरागारशुद्धिं वहन्
पुण्याहं प्रकटीकरोमि रुचिरं कल्याणमापादयन् ॥३६॥

साम्ब = हे उमा सहित शंकर !, भक्तिगुणावृते = भक्तिरूप मौली से बँधे, मुदमृतापूर्णे = आनन्दरूप जल से भरे, प्रसन्ने = स्वच्छ, मनःकुम्भे = मनरूप घड़े में, तव = आपके, अङ्घ्रिप-ल्लवयुगम् = चरण रूप दो पत्तों को (और), संवित्फलम् = (आपके) ज्ञानरूप श्रीफल को (उस पर), संस्थाप्य = स्थापित कर, सत्त्वम् = सात्त्विक, मन्त्रम् = मन्त्र को, उदीरयन् = बोलते हुए, कल्याणम् = परम कल्याण, आपादयन् = पाते हुए, भक्तः = (मैं, आपका) भक्त, निजशरीरागारशुद्धिम् = अपने शरीररूप घर की शुद्धि, वहन् = करते हुए, रुचिरम् = दिव्य, पुण्याहं = पुण्याह कर्म को, प्रकटीकरोमि = स्पष्ट कर रहा हूँ।

परमात्मा मुझ से अभिन्न हैं यह चिन्तन व इस तथ्य में निष्ठा ही अनन्यभक्ति है। '*स्वजीवत्वेन यो वेत्ति मामेवैकमनन्यधीः*' (१२.९) आदि शिवगीता, '*अनन्याश्चिन्तयन्तः*' (९.२२) आदि भगवद्गीता इत्यादि में इसका विस्तार है। अन्य मत भेद में ही भक्ति सम्भव समझते हैं जबकि औपनिषदों का निश्चय है कि अभेद में ही भक्ति संभव है। भक्ति निरतिशय प्रेम है जो सबको अपने स्वात्मासे ही हो सकता है। ईश्वर स्वात्मा है अतः उससे निरतिशय प्रेम है। यदि स्वात्मा से भिन्न कोई ईश्वर हो तो उससे निरतिशय प्रेम नहीं हो सकता। यह परमभक्ति जब तक समझ न आये तब तक भेद मानकर भक्ति कर लेनी चाहिये। शंका हो सकती है कि ईश्वरप्रेमरूप भक्ति यदि ईश्वर के स्वात्मरूप होने से नित्यसिद्ध है तब उसे कर्तव्यतया बताना व्यर्थ है तथा उसका फल उपलब्ध होना चाहिये। इसका परिहार '*न माहात्म्यज्ञानविस्मृत्यभावः*' (ना.सू. २२) इस नारदीय सूत्र से समझ लेना चाहिये। ईश्वर को ईश्वर समझते हुए प्रेम करना भक्ति है। अभी हमारा जो अपने से प्रेम है वह यद्यपि है ईश्वर से ही पर उसे ईश्वर समझ कर नहीं, जीव समझ कर। अत एव फललाभ का प्रसंग नहीं। कर्तव्यतया जिस परमभक्ति को कहा जा रहा है उसमें इस तथ्य का भान है कि ईश्वर निजात्मा है। इस भक्ति वालों को यमराज भी बहुत मान देते हैं :

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'सकलमिदमहं च वासुदेवः परमपुमान् परमेश्वरः स एकः ।

इति मतिरचला भवत्यनन्ते हृदयगते व्रज तान् विहाय दूरात्' ॥विष्णुपु. ३.७.३२ ॥

प्रकृत श्लोक में इस भक्ति का प्रतिपादन किया है '*सत्त्वं मन्त्रम्*' से । '*सत् त्वम्*'— सद्ब्रह्म ही त्वम्पदार्थ है, यही महावाक्य यहाँ मन्त्र है । इससे ही 'निजशरीरागारशुद्धि' संभव है क्योंकि निजशरीररूप आगार स्वयं अशुद्धि है जिसका 'उपसंक्रमण'(तै.२.८) करना है । शरीर से त्रिविध शरीर समझने चाहिये ।

पुण्याह का रूपक बाँधा हैं । गृहप्रवेशादि मंगलकार्यों के लिये पुण्याह कर्म किया जाता है । घट में जल भर कर घट को मौली से बाँध, मुँह पर पल्लव रख उस पर नारियल आदि फल रखना उसके अंग हैं । इनके दार्ष्टान्तगत प्रतिनिधि यहाँ बता दिये हैं । मन को अन्दर, बाहर सभी ओर से भगवन्मय करने से भी अनन्य भक्ति को स्पष्ट किया है । बाहर से कड़ा होने पर भी भीतर सरस होना श्रीफल का वैशिष्ट्य होने से उसे भगवद्बोध का प्रतीक बनाया है । मौली रक्तवर्ण की होने से व बाँधने वाली होने से भक्ति की सूचक है । घड़े को बाँध भी सकते हैं और उसमें भर भी सकते हैं अतः वह मनःस्थानीय है । समुद्र, झरना आदि जलराशियों के निकट पहुँचते ही मन में एक विलक्षण शान्त आकर्षणजन्य सुख का अनुभव सार्वजनीन है ही । पोषक होने से पत्तों का भगवच्चरण याद दिलाना स्वाभाविक है । जब तक हमें पोषण की आवश्यकता है तब तक सदाशिव के चरणों के आश्रयण से ही वह हमें मिल सकता है । कर्म व उपासना का फल ज्ञान है, यह स्पष्ट है । किं च यह सूचित किया कि सभी कर्मों के इस प्रकार सूचित रहस्यभूत अर्थों को जानकर कर्म करते हुए ऐसी भावना करनी चाहिये । यद्यपि कर्म स्वप्रधान हैं तथापि वे इस प्रकार से सूक्ष्म तत्त्वों के प्रतीक भी हैं । यहाँ दो भूलों से बचना चाहिये : प्रथम तो यह कि कर्म की क्रियाप्रधानता से उसके व्यंग्य अर्थ को भूल नहीं बैठना चाहिये; द्वितीय यह कि कर्म का व्यंग्य अर्थ है अतः कर्म को गौण या अनावश्यक नहीं समझना चाहिये । इन्द्रियों को (अक्षों को) परमेश्वर में (रुद्र में) लगा देना रुद्राक्षधारण का व्यंग्यार्थ है, किन्तु इसका अर्थ यह नहीं कि हम रुद्राक्षधारण न करें । और न यह कि करें रुद्राक्षधारण और इन्द्रियाँ पाप में लगाये रहें । दोनों कार्य करने चाहिये । अतएव '*रुचिरम्*' विशेषण है । भावना न कर किया कर्म पुण्याह है और भावना सहित किया वही रुचिर पुण्याह है । '*विद्यया.... वीर्यवत्तरम्*'*(छा. १.१.१०)*आदि श्रुतियाँ इसमें प्रमाण जाननी चाहिये । अस्तु; प्रधानतः यहाँ अनन्य भक्ति — जिसमें भगवान् अपने से अन्य नहीं रहते — बतायी गयी है जिसे दृष्टि में रख स्वस्वरूपानुसन्धान आदि लक्षण अन्यत्र किया है ॥३६ ॥

अब नवांग भक्ति के प्रथम अंग श्रवण का प्रस्ताव करते हैं—

आम्नायाम्बुधिमादरेण सुमनःसंघाः समुद्यन्मनो
मन्थानं दृढभक्तिरज्जुसहितं कृत्वा मथित्वा ततः ।
सोमं कल्पतरुं सुपर्वसुरभिं चिन्तामणिं धीमतां
नित्यानन्दसुधां निरन्तररमासौभाग्यमातन्वते ॥३७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुमनःसङ्घः = विद्वत्समुदाय, **समुद्यन्मनः** = दृढ चित्त को, **मन्थानम्** = मथानी, **कृत्वा** = बनाकर (और उसे), **दृढभक्तिरज्जुसहितम्** = स्थिर भक्तिरूप रस्सी से सम्बद्ध, [**कृत्वा** = कर], **आदरेण** = श्रद्धापूर्वक, **आम्नायाम्बुधिम्** = शास्त्ररूप सागर को, **मथित्त्वा** = मथकर, **ततः** = उससे, **सोमम्** = चन्द्रमा, **कल्पतरुम्** = कल्पवृक्ष, **सुपर्वसुरभिम्** = दैवी गाय (कामधेनु), **चिन्तामणिम्** = इच्छा पूर्ण करने वाली मणि, **नित्यानन्दसुधाम्** = सदा बना रहने वाला आनन्दरूप अमृत (और), **धीमताम्** = बुद्धिमानों को होने वाला, **निरन्तररमासौभाग्यम्** = सनातन लक्ष्मीरूप सौभाग्य, **आतन्वते** = प्राप्त करते हैं।

भक्तिविवेचन में गौडब्रह्मानन्द सरस्वती श्रवण का लक्षण करते हैं '*विष्णोः सगुणस्य वा निर्गुणस्य वा शब्देन ज्ञानं, तादृशविष्णुप्रतिपादकशब्दस्य श्रोत्रेण ग्रहणं च श्रवणम्' (न्या. रत्न. पृ. ३१४ प्र.द्वा.)*। कहीं केवल 'सुन लेना' न समझ लिया जाये इसलिये नारायणी में '*श्रोत्रेण ग्रहणं तदर्थबोधश्च' (वहीं पृ. ३१८)*- यह स्पष्ट किया है। सारस्वत लक्षण के प्रथम भाग से स्वयं किया शास्त्रविचार और द्वितीय से गुरु आदि के मुख से कहे जाते शब्द को सुनकर समझना श्रवण पदार्थ निश्चित होता है। दोनों कहने से स्पष्ट किया कि गुरु आदि से सुनना भी आवश्यक है और स्वयं विचार पूर्वक अध्ययन भी आवश्यक है। वामकेश्वरादि तन्त्रों में

'मननं कीर्तनं ध्यानं स्मरणं पादसेवनम्। अर्चनं वन्दनं दास्यं सख्यमात्मसमर्पणम्'॥

इस प्रकार मनन का ग्रहण है। उदयनादि नैयायिकों ने भी न्यायचर्चारूप मनन को भगवान् शंकर की उपासना ही माना है—

'न्यायचर्चेयमीशस्य मननव्यपदेशभाक्। उपासनैव क्रियते श्रवणानन्तरागता'

क्योंकि उक्त श्रवण को अर्थनिश्चयपर्यन्त माना है और क्योंकि मनन के बिना अर्थनिश्चय असम्भवप्राय है इसलिये मनन को श्रवण के अन्तर्गत समझ लेना चाहिये। युक्तिपूर्वक शब्दार्थ- निश्चय श्रवण और युक्तिपूर्वक अर्थ-विचार मंनन है ऐसा सर्वज्ञादि मुनियों ने बताया है, अतः दोनों में युक्तिपूर्वकता होने से उक्त अंतर्भाव सुसंगत है। सविशेषश्रवण अपर का व निर्विशेषश्रवण परम भक्ति का अंग है। अधिकारभेद से दोनों की व्यवस्था है।

दूध में घी छिपा रहता है, जिसे मथकर निकालना पड़ता है। शास्त्र में भी परतत्त्व ऐसे ही छिपा है, उसे मथकर निकालना पड़ता है। उपक्रमादि मीमांसास्थापित लक्षणों का अनुसन्धान पूर्वक श्रवण ही मन्थन है। सगुणतत्त्व के अवबोधार्थ भी मन्थन आवश्यक है जिसके विना भ्रमवश मार्गभ्रंश हो जाना स्वाभाविक है। शिव, विष्णु, दुर्गा आदि परमेश्वर के स्वरूप ही हैं यह सभी सगुण-प्रसंगों का निर्णय है पर मन्थन न करने से 'विष्णु ही परतत्त्व है, शिव नहीं' आदि भ्रान्त ज्ञान वैष्णवंमन्यों को हो जाते हैं। दीक्षित जी ने ऐसे मन्थन न करने वालों को दुर्मति कहा है '*ईशद्वेषगाढानलकलितहृदां दुर्मतीनां दुरुक्तीः' (शिवार्क, मंगलाचरण)*। दूध को ही मथना पड़ता है, पानी मथने से घी नहीं मिलता। ऐसे ही वेदादिसच्छास्त्रों का ही श्रवण कर्तव्य है। चाहे जिस मनःकल्पित ग्रन्थ को 'संहिता' नाम से

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

प्रसिद्ध देखकर मथना प्रारंभ करें तो कुछ हाथ नहीं लगेगा। उन ग्रन्थों के सदुपदेश प्रतीत होने वाले भाग भी सच्छास्त्रों से ग्रहण करने चाहिये, उनसे नहीं। पवित्र गो दुग्ध भी जैसे कुत्ते के चमड़े में पड़ा हो तो ग्राह्य नहीं होता वैसे असद्ग्रन्थों में बतायी अच्छी प्रतीत होने वाली बात भी ग्राह्य नहीं होती। जैसे रोगनिदानार्थ चाहे जिस पत्र-पत्रिका का अनुसरण वैद्यादि नहीं करते किन्तु प्रामाणिक ग्रन्थों का ही करते हैं ऐसे धर्म के व ब्रह्म के विषय में स्वीकृत प्रामाण्य वाले ग्रन्थ ही विचारणीय हैं, बिना गंभीर विचार व साधना किये लिखी गयी जिस किसी आस्तिक-नास्तिक की पुस्तक से इन तत्त्वों का निर्णय नितरां मूर्खता है। शास्त्र में श्रद्धा हो तभी ठीक अर्थ समझ आता है। अश्रद्धेय स्थल की ठीक बात भी गलत लगती है। वचनव्यक्ति से कभी प्रतीत होता है कि अमुक बात अटपटी है, यदि वक्ता में श्रद्धा हो तो बात की संगति लगायी जाती है, अन्यथा अटपटा ही मानकर छोड़ना पड़ता है। शास्त्र को विशृंखल विचारसमूह आदि मानना उसमें आदर न रखना है। समस्त शास्त्र किसी निश्चित प्रयोजन वाला व किसी निश्चित क्रम से उस प्रयोजन की सिद्धि के उपाय बताने वाला है। यह उस पर श्रद्धा रखना है। साथ ही मन में शास्त्र व शास्त्रतात्पर्य के प्रति प्रेम—प्रेप्सा— होनी चाहिये, अन्यथा उपेक्षा सहज है। मन को मथानी उपनिषत् में भी बताया है।

'घृतमिव पयसि निगूढं भूते भूते च वसति विज्ञानम्।

सततं मन्थयितव्यं मनसा मन्थानभूतेन' ॥ब्रह्मबिन्दूप. २०॥

मथने से प्राप्य वस्तुएँ ये हैं- *सोमम्* मन की शान्ति, *कल्पतरुम्* ऐहलौकिक आध्यात्मिक लाभ, *सुपर्वसुरभिम्* पारलौकिक लाभ, *चिन्तामणिम्* सांसारिक लाभ, *नित्यानन्दसुधाम्* सविशेष मोक्ष, और *निरन्तररमासौभाग्यम्* निर्विशेष मोक्ष। '*सुखेन धीयते पीयत इति सुधा*' — जिसका सुख के लिये व सुखपूर्वक पान हो उसे सुधा कहते हैं अतः उससे सविशेषावस्था ध्वनित होती है क्योंकि पीने वाले और पिये जाने वाले का भेद है। यह तो जो धीमान् नहीं, वे भी पा सकते और पर्याप्त कृतकृत्यता का अनुभव कर सकते हैं। लक्ष्म्यर्थक रमाशब्दित मोक्षसाम्राज्य तो धीमानों को प्राप्य है अतः उसके लिये '*धीमताम्*' शब्द का नियोजन किया है। कुछ व्याख्याता '*सोमम्*' आदि को मोक्ष का ही प्रतीक मानतें हैं ॥३७॥

श्रवण के फलभूत रत्यङ्कुर का वर्णन करते हैं—

प्राक्पुण्याचलमार्गदर्शितसुधामूर्तिः प्रसन्नः शिवः

सोमः सद्गणसेवितो मृगधरः पूर्णस्तमोमोचकः।

चेतः पुष्करलक्षितो भवति चेदानन्दपाथोनिधिः

प्रागल्भ्येन विजृम्भते सुमनसां वृत्तिस्तदा जायते ॥३८॥

प्राक्पुण्याचलमार्गदर्शितसुधामूर्तिः = पूर्व में उपार्जित पर्वताकार अत्यधिक पुण्यों द्वारा दिखाये सुधासमान (अमृतसमान) रूप वाले, **प्रसन्नः** = प्रशान्त, **सद्गणसेवितः** = उत्तम गणों से सेवित, **मृगधरः** = मृग को धारण किये हुए, **पूर्णः** = पूर्णस्वरूप, **तमोमोचकः** = अज्ञान-निवर्तन करने

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वाले, **सोमः** = उमा सहित, **शिवः** = भगवान् शंकर, **चेद्** = यदि, **चेतःपुष्करलक्षितः** = मनरूप तालाब में प्रकट हो जायें, **तदा** = तो, **आनन्दपाथोनिधिः** = आनन्द का समुद्र, **प्रागल्भ्येन** = पुष्कलता से, **विजृम्भते** = फैलता है (और), **सुमनसाम्** = सत्पुरुषों के (मन में), **वृत्तिः** = शिवाकार वृत्ति (प्रेम-वृत्ति), **जायते** = उत्पन्न होती है।

श्रीमद्भागवत के अनुसार श्रीमधुसूदन स्वामी ने भगवद्भक्तिरसायन में उपायों का वर्णन किया है, जिनमें श्रवण के अनन्तर रत्यङ्कुर का उत्पन्न होना बताया है- '*...ततो हरिगुणश्रुतिः ॥ ततो रत्यङ्कुरोत्पत्तिः*' (*पृ. ८७*)। व्याख्या में स्वयं उन्होंने इस रत्यङ्कुर को स्पष्ट किया है- '*रतिर्नाम भक्तिरसस्थायिभावो द्रुतचित्तप्रविष्टभगवदाकारतारूपः संस्कारविशेषः स एवाङ्कुरो भागवतधर्मानुष्ठानात्मकबीजस्य*'। इसे समझने के लिये स्थायिभाव का प्रकृतोपयोगिस्वरूप जानना चाहिये। वहीं (पृ. ४०) कहा है—

'*स्थायिभावगिरातोऽसौ वस्त्वाकारोऽभिधीयते। व्यक्तश्च रसतामेति परानन्दतया पुनः*' ॥

तापक द्वारा द्रुत किये गये (पिघलाये गये) चित्त में वस्तु अपना संस्कार डालती है जो चित्त को वैसे ही फिर छोड़ नहीं पाता जैसे पिघली लाख में डाला रंग.अतः स्थायी होने से वह संस्कार ही स्थायिभाव कहलाता है और स्थायिभाव ही परमानन्दरूप से व्यक्त हो तो रसशब्द से व्यवहृत होता है। अतएव (परमानन्दरूप से व्यक्त होने वाला होने से) चाहे जो संस्कार स्थायिभाव नहीं है किन्तु सुखरूप संस्कार ही स्थायिभाव है यह भी वहीं (पृ. ५०) स्पष्ट है—

'*एवं सति सुखाकारः प्रविष्टो मानसे यदा। तदा स स्थायिभावत्वं प्रतिपद्य रसो भवेत्*' ॥

अतः द्रवावस्थ मन में निविष्टमात्र सुख रत्यंकुर है और दृढावस्थ वही रस है, यह समझना चाहिये। '*रसो वै सः*' (*तै. २.७*) आदि श्रुति के अनुरोध से चैतन्य को ही रस माना जाता है— '*द्रवावस्थमनोवृत्तौ सुखत्वेन आरूढा चिदेव रसः*' (*भक्तिर. पृ. ४६ तथा १७१*)। वृत्त्यारूढचिद्विषयक होने से आनन्दात्मक परेश्वर में रस शब्द गौण है ऐसा तैत्तिरीयभाष्य की वनमाला टीका में कहा है: '*सत्त्वप्रधानेऽन्तःकरणेऽभिव्यक्तःसन् प्राणिनामानन्दकरः.... आनन्दकरत्वसाम्याद् रसशब्दो ब्रह्मानन्दे गौणः*'। जिसके कारण तृप्ति का अनुभव हो वही रस है '*तृप्तिहेतू रसो नाम*' (*तै.वा*)। क्योंकि ब्रह्मज्ञ लोग बाह्य साधनों के अभाव में भी वैसे ही तृप्त रहते है जैसे अज्ञानी लोग बाह्य वस्तुओं की प्राप्ति से, इसलिये निश्चय ही उनकी तृप्ति का कोई कारण है, वह ब्रह्म है, वही रस है। '*बाह्यानन्दसाधनरहिता अप्यनीहा निरेषणा ब्राह्मणा बाह्यरसलाभादिव सानन्दा दृश्यन्ते विद्वांसो, नूनं ब्रह्मैव रसस्तेषाम्*' (*तै. भाष्य. २.७*)। भगवान् भाष्यकार सार को ही रस बताते हैं: '*रसः सार इत्यर्थः*' (*बृ.भा. २.३.२*), '*सारा इति रसाः*' (*छां. भा. ३.५.४*), '*रसान् साररूपान्*' (*छा. भा. ४.१७.१*)। सार का भी तात्पर्य है वह आधार जिसके विना वस्तु टिक न पाये, सूख जाये: '*रसः परायणमवष्टम्भः*' (*छां. भा. १.१.२*), '*यस्मात्कस्माच्चाङ्गात्प्राणउत्क्रामति तदेव तच्छुष्यति, एष हि वाङ्गानां रसः*' (बृ. १.३.१९)। क्योंकि हर सार, वीर्य, रस हो सकता है इसलिये प्रार्थनीय रस को श्रुति ने 'सर्वाधिक कल्याणकारी' विशेषण से विभूषित किया है '*शिवतमो रसः*' (*यजुः सं. ३६.१४*)। एवं च संसारसार होने से परमात्मा ही रस है पर उनका विशिष्टवृत्ति पर आरूढ सुखस्वरूप ही हमारे व्यवहार के योग्य रस है। वह रस जिस द्वार से निष्पन्न होता है उसका नाम है रति और क्योंकि

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

वह रस का 'कारण' है इसलिये रति को ही अंकुर कहते हैं। इस अंकुर के फूटने में कारण बनता है श्रवण। रति का सामान्य अर्थ है प्रेम। भगवान् का श्रवण करने से उनमें प्रेम होना स्वाभाविक है। यद्यपि पहले प्रेम होगा तभी श्रवण संभव है, क्योंकि श्रवणप्रक्रिया में प्रेम को भक्ति नाम से कहा जा चुका है तथापि वह श्रवणमात्र का प्रयोजक और यह रसनिष्पत्ति का प्रयोजक है अतः दृढता और फल में भेद है। इस रत्यङ्कुरोत्पत्ति को '*वृत्तिर्जायते*' से प्रकृत में कहा है। अतः मनरूप तालाब में प्रकट होना द्रुत मन में सुखरूप से निविष्ट होना ही है। संस्कार के लिये अनुभव चाहिये, अतः कहा '*दर्शितसुधामूर्तिः*'। श्रवण की पूर्वभूमिका '*श्रद्धाऽथ तेषां धर्मेषु*' सूचित की '*प्राक्पुण्याचलमार्ग*' से। श्रवण से भगवान् अपनी सुधामूर्ति का दर्शन करा देते हैं, तभी संस्कार पड़ता है। क्योंकि यह प्रारंभिक दर्शन केवल भक्त में रत्यंकुरार्थ होता है, बना रहने वाला नहीं, इसलिये सुधासम मूर्ति को सुधामूर्ति कहा। सगुणोपासक भी साधना की आरंभिक दशा में किसी तरह का भगवदनुभव पाते हैं जिसके बल पर ही वे साधनामार्ग पर चलते हैं। निर्गुणोपासकों को भी श्रवण से सुधामूर्ति का कुछ भान हो जाता है जिसके दार्ढ्य के लिये वे श्रवणादि के अभ्यास में निरत हो पाते हैं। इस सुधामूर्ति की विशेषताएँ स्पष्ट ही साधक को शिक्षा देने के लिये हैं ॥३८॥

रत्यंकुर की कार्यावस्था है स्वरूपाधिगम। उसे दिखाते हैं—

धर्मो मे चतुरङ्घ्रिकः सुचरितः पापं विनाशं गतं
कामक्रोधमदादयो विगलिताः कालाः सुखाविष्कृतः।
ज्ञानानन्दमहौषधिः सुफलिता कैवल्यनाथे सदा
मान्ये मानसपुण्डरीकनगरे राजावतंसे स्थिते ॥३९॥

मान्ये = माननीय, राजावतंसे = सर्वश्रेष्ठ राजा, कैवल्यनाथे = मोक्षसाम्राज्य के स्वामी, भगवान के, मे = मेरे, मानसपुण्डरीकनगरे = मनःकमलरूप नगर में, सदा = हमेशा के लिये, स्थिते = स्थित हो जाने पर, चतुरंघ्रिकः = चार चरणों वाला, धर्मः = धर्म, सुचरितः = सार्थक सिद्ध हो गया। पापम् = पाप, विनाशम् = विनाश को, गतम् = प्राप्त हो गया। कामक्रोधमदादयः = काम, क्रोध, मद आदि, विगलिताः = समाप्त हो गये। कालाः = समय, सुखाविष्कृतः = सुख प्रकट करने वाला हो गया (तथा), ज्ञानानन्दमहौषधिः = ज्ञानात्मक आनन्दरूप मूल्यवान् खेती, सुफलिता = बढ़िया पक गयी।

एकादश भक्तिभूमिकायें हैं—

(१) प्रथमं महतां सेवा, (२) तद्दयापात्रता ततः।
(३) श्रद्धाऽथ तेषां धर्मेषु, (४) ततो हरिगुणश्रुतिः ॥
(५) ततो रत्यङ्कुरोत्पत्तिः, (६) स्वरूपाधिगतिस्ततः।
(७) प्रेमवृद्धिः परानन्दे, (८) तस्याथ स्फुरणं ततः ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(९) भगवद्धर्मनिष्ठाऽत:, *(१०) स्वस्मिंस्तद्गुणशालिता ।*

(११) प्रेम्णोऽथ परमाकाष्ठा, इत्युदिता भक्तिभूमिका:' ॥भक्तिर. पृ. ८७ ॥

इस क्रम में रत्यंकुर ही बढ़कर प्रेमास्पद भगवान् के साक्षात्कार के स्वरूप में पहुँचता है । इस स्फुरण के पूर्व ही स्वरूपाधिगति अर्थात् स्व-रूपेण भगवान् की अधिगति हो चुकी है । स्वरूपाधिगति का लक्षण है— '*प्रत्यगात्मस्वरूपस्य स्थूलसूक्ष्मदेहद्वयातिरिक्तत्वेन साक्षात्कारः... एवं शुद्धे त्वम्पद-लक्ष्येऽवगते तत्पदलक्ष्येण सहाऽभेदज्ञानं भवति' (भक्तिर. पृ. ११७-११९)* । अत: स्फुरण का स्वरूप भी ऐसा ही समझना होगा । क्योंकि इसका उत्कर्ष ही उत्तरावस्थाएँ हैं इसलिये इसके हो जाने पर फललाभ हो चुका समझना चाहिये । उद्धवगीता (१४.२५ आदि) में स्पष्ट कहा है कि भगवल्लाभ के साथ अशोभनीयता का सामानाधिकरण्य संभव नहीं । यह भी बताया है (१५.९) कि धर्मादि की कर्त्तव्यता की इति दृढ भगवत्प्रेम में जाननी चाहिये । अत: स्वरूपत: या स्वरूपेण अधिगम ही स्वरूपाधिगम है और उसीका दृढ साक्षात्कार स्फुरण है । स्फुरणभूमि को प्राप्त अधिगति यहाँ समझनी चाहिये । अभी हम मन में अपने आपको मानते हैं और यह वह स्थिति है जब वहाँ परमात्मा को जानेंगे '*यो वेद निहितं गुहायाम्' (तै. २.१)* । इष्ट, पूर्त, दत्त व शील- ये चार धर्म के चरण समझने चाहिये । महर्षि दुर्वासा ने परशम्भुमहिम्नस्तोत्र में (१२३) भी कहा हैं:

'हतो मायामृत्युर्गुरूवदनखड्गेन महस: प्रसन्नं मालिन्यं व्यपगतमहङ्कारतिमिरम् ।

हता मे कामाद्या: प्रबलरिपव: स्वात्मविषया महेश त्वत्सेवाविदितसुविवेकाग्निमहसा' ॥

'तृप्तो भवति' (ना. भ. सू. ४) से देवर्षि ने यही अवस्था सूचित की है । निर्विशेष के श्रवण से तो स्पष्ट ही स्वरूपस्फुरण होता है, सविशेष की भी श्रवणादि भक्ति से फल यह होता है कि या तो ज्ञानद्वारा परब्रह्म का साक्षात्कार हो जाता है, जैसा कि अमलानन्द जी ने बताया है—

'वशीकृते मनस्येषां सगुणब्रह्मशीलनात् । तदेवाविर्भवेत्साक्षादपेतोपाधिकल्मषम्' ॥

और या मानसनगर में अपनी अविद्यमानसमता व भगवान् की ही प्रधानता हो जाने से परम शान्ति प्राप्त हो जाती है । सिद्ध ईश्वरोपासक के पाप इहलोक में ही निवृत्त हो जाते हैं । यह बादरायणसूत्र '*साम्पराये तर्तव्याभावात्तथा ह्यन्ये' (३.३.२७)* से सिद्ध है ॥ ३९ ॥

श्रवण का सफल वर्णन कर कीर्तन का वर्णन करते हैं—

धीयन्त्रेण वचोघटेन कविताकुल्योपकुल्याक्रमै-
रानीतैश्च सदाशिवस्य चरिताम्भोराशिदिव्यामृतै: ।
हत्केदारयुतश्च भक्तिकलमा: साफल्यमातन्वते
दुर्भिक्षान्मम सेवकस्य भगवन् विश्वेश भीति: कुत: ॥४० ॥

भगवन् = हे भगवान् ! विश्वेश = हे विश्वनाथ ! धीयन्त्रेण = बुद्धिरूपी रहट से, वचोघटेन = वाणीरूप घड़े से, च = और, कविताकुल्योपकुल्याक्रमै: = कवितारूप छोटी-बड़ी नालियों के

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

रास्तों से, आनीतैः = लायी गयी, सदाशिवस्य = सदाशिव के, चरिताम्भोराशिदिव्यामृतैः = कथानकरूप दिव्य अमृतमय जलराशियों से, हृत्केदारयुताः = हृदयरूप खेत वाले, भक्तिकलमाः = भक्तिरूप धान, साफ़ल्यम् = पक, आतन्वते = रहे हैं, च = तो, मम = मुझ, सेवकस्य = (आपके) सेवक को, दुर्भिक्षात् = दुर्भिक्ष से, कुतः = क्यों, भीतिः = डर (होगा) ?

'सगुणस्य वा निर्गुणस्य वा बोधकस्य शब्दस्य उच्चारणं कीर्तनम्' (न्या.रत्न. पृ ३१४, प्र.द्वा.)— यह कीर्तन का अर्थ है । *'कीर्तयन्तो माम्', 'कथयन्तश्च' (गी. ९.१४, १०.९)* आदि भगवद्वचन अनुसन्धेय हैं । यहाँ खेती का रूपक है । भक्तिरूप पौधे का सिंचन कीर्तन से होता है । कीर्तन से पुनः पुनः भगवान् का चिन्तन होता है और संस्कारदाढ्र्य आता है । अन्य लोगों में भी कीर्तन सुनकर भक्तिभाव होता है । भक्तों द्वारा स्तोत्र साहित्य का सर्जन इसी प्रयोजन से होता है । कीर्तन व्यक्त वाणी से करना चाहिये । किंतु प्रमुखतया कीर्तन स्वयं अपने खुद के लिये किया जाता है, अन्य कोई उससे लाभ उठाये तो हानि नहीं, अतः प्रसारणयन्त्र आदि के प्रयोग से रात्रि आदि काल में अनिच्छुक व्यक्तियों को जबरदस्ती कीर्तन सुनाना व्यर्थ और उलटे फल वाला है क्योंकि उन्हें कीर्तनमात्र से विरोध हो जाता है । यथासंभव अध्यात्मसाधनों को लादना नहीं चाहिये । इसी प्रकार कीर्तन सुरूचिपूर्ण होना चाहिये । जो हमें ही कर्णकटु लगेगा वह भगवान् को क्या रिझायेगा । साथ ही साथ कीर्तन के शब्दों का व धुनों का चयन ऐसा होना चाहिये कि श्रोता को या स्वयं को अनभीष्ट भावों का स्मरण न आये । इन्हीं सब का विचार किया जाये यह 'धी' शब्द से सूचित किया । कविता को नाली बताया है । प्रधान तो बहने वाला जल होता है, नाली नहीं । अतः कविता के गुणों पर इतना मुग्ध हो जाना नहीं चाहिये कि पानी साफ है या गंदला इसका ख्याल न रहे । ऐसे ही स्वरादि के विषय में समझना चाहिये । कीर्तन से चरित-वारि लाना है हृत्केदार में, यह ख्याल रखना चाहिये । जो हम कीर्तन करें उसका अर्थ हमारे मन में बैठता जाना चाहिये । अन्य के भी हृदय में अर्थ पहुँचना चाहिये । समझे बूझे विना बोलते रहना यहाँ कीर्तन से विवक्षित नहीं । अतएव भाषाबद्ध कीर्तनों का प्रचार है । किंतु बहुधा उनके भी अर्थ का कोई विचार नही रहता, जबकि रहना चाहिये । इस तरह कीर्तन करते रहें तो भक्तिरूप खेती सूखेगी नहीं ।।४० ।।

अब अर्चन नामक अंग का परिचय कराते हैं—

पापोत्पातविमोचनाय रुचिरैश्वर्याय मृत्युंजय
स्तोत्रध्याननतिप्रदक्षिणसपर्यालोकनाकर्णने ।
जिह्वाचित्तशिरोङ्घ्रिहस्तनयनश्रोत्रैरहं प्रार्थितो
मामाज्ञापय तन्निरूपय मुहु र्मामेव मा मेऽवचः ।।४१ ।।

मृत्युञ्जय = हे मृत्यु- विजेता ! पापोत्पातविमोचनाय = पाप की छलाँगों से बचाव के लिये (और), रुचिरैश्वर्याय = उज्ज्वल ऐश्वर्य की प्राप्ति के प्रयोजन से, 'जिह्वाचित्तशि-रोङ्घ्रि-हस्तनयनश्रोत्रैः = जीभ, मन, सिर, चरणों, हाथों, आँखों व कानों द्वारा, अहम् = मुझ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

से, **स्तोत्रध्याननतिप्रदक्षिणसपर्यालोकनाकर्णने** = (क्रमशः) स्तोत्रपाठ, ध्यान, नमस्कार, प्रदक्षिणा, पूजा, दर्शन व कथा श्रवण करने के लिये, **प्रार्थितः** = प्रार्थना की जा रही है। **माम्** = मुझे (उचित कार्य करने को), **आज्ञापय** = आज्ञा दीजिये। **मुहुः** = बार-बार, **माम्** = मुझे, **तत्** = उसे, (उचित कार्य को), **एव** = अवश्य, **निरूपय** = स्पष्ट कर समझाइये। **मे** = मेरे लिये, **अवचः** = चुप, **मा** = मत हो जाइये।

'श्रवणादिभिन्नो विष्णुप्रीतिहेतुव्यापारः' अर्चन शब्दार्थ है। इसे ही *'श्रद्धाऽथ तेषां धर्मेषु'* से एकादश भूमिकाओं में समझना चाहिये। स्वधर्मनिर्वाह के प्रति इस उत्साह को चित्तद्रावक भी समझना चाहिये। भक्तिरसायन में (पृ. १४३) बताया है—

'तथा स्वधर्मरक्षार्थं या प्रवृत्तिः प्रयत्नतः। तया चित्तस्य विस्तारो धर्मोत्साहो द्रुतौ भवेत्'॥

यद्यपि

'धर्मेत्साहो दयोत्साहो जुगुप्सा त्रिविधां शमः षडप्येतेन्यविषया भगवद्विषया न हि'॥

इत्यादि द्वारा धर्मोत्साह भक्तिरसता प्राप्त नहीं करता ऐसा वहीं (पृ. १४६) बताया है, तथापि वह अभक्त विषयक समझना चाहिये। जो भक्त नहीं और धर्म में यत्नशील हैं, उन्हें धर्मोत्साह से चित्तद्रुति नहीं मिलती, किन्तु जो हैं ही भक्त और धर्माचरण से भगवत्प्रीति ही चाहते हैं उन्हें तो मिल ही जाती है। प्रयत्नपूर्वक स्थित धर्मोत्साह को तृतीय व स्वाभाविक हो चुके उसे नवम भूमिका समझना चाहिये: *'भगवद्धर्मनिष्ठा प्रयत्नपूर्विका साधनम्, स्वतःसिद्धा तु भगवद्धर्मनिष्ठा भवति फलभूता नवमी भूमिका' (भक्तिर. पृ. १२६)*। यहाँ तृतीय भूमिका विवक्षित है, नवम भूमिका आगे (८१ व ९४) बतायी जायेगी। श्रवण व कीर्तन दोनों का उपकार करने वाली होने से अर्चना उनके बाद बतायी है। *'न हि कश्चित्क्षणमपि जातु तिष्ठत्यकर्मकृत्' (गी. ३.५)* आदि शास्त्र व अनुभव से सिद्ध है कि बाह्याभ्यन्तर करण कुछ न कुछ किये बिना नहीं रहते। यदि उन्हें धर्म करने में नहीं लगायेंगे तो वे अधर्म करेंगे। अतः प्रयत्नतः उन्हें धर्म में व्यापृत रखना चाहिये। इससे अधर्मोपचय ही नहीं बचता, पुण्य या शुद्धि रूप लाभ भी मिलता है। श्रवण व कीर्तन से भगवद्विषयक रति की तीव्रता हो जाने से मन आदि इन्द्रियाँ स्वयं भगवत्सम्बन्ध पाना चाहती हैं। इसमें लौकिक प्रीति व दैव प्रीति की तुल्य प्रवृत्ति है। किन्तु भक्त अपनी शरणागति को याद कर भगवान् से आज्ञा माँग रहा है। इस अवस्था में सर्वोत्तम है गुरुरूप से प्रत्यक्ष उपलब्ध परमेश्वर से आज्ञा व निर्देश माँगना। अधिकारानुरूप साधना लाभकारी होती है। किसी के लिये स्तोत्रपाठ अधिक हितकारी होगा तो किसी के लिये दर्शन। अतः आज्ञा—प्रार्थना और इतिकर्तव्यता का ज्ञान— माँगना संगत है। यदि गुरु की उपलब्धि न हो तो अन्तर्यामी रूप से स्थित परमेश्वर से इस विषय में प्रेरणा की याचना करनी चाहिये। सभी करण यद्यपि भगवदर्चन में विनियुक्त करने हैं तथापि गौण-प्रधानभाव तथा प्रकार में नाना विभेद होने से प्रेरणा की आवश्यकता है। यदि सीधे ही प्रेरणा न मिले तो इष्ट से एतद्विषयक प्रार्थना करते रहना चाहिये। उससे यथाकाल यथोचित प्रतिभान हो जाता है, यह निश्चित है। यह भी याद रखना है कि मिली प्रेरणा या आज्ञा की कथमपि उपेक्षा नहीं करनी चाहिये, पालन ही करना चाहिये ॥४१॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नवाङ्ग भक्ति के दास्यरूप अंग का प्रतिपादन करते हैं—

गाम्भीर्यं परिखापदं घनधृतिः प्राकार उद्यद्गुण-
स्तोमश्चाप्तबलं घनेन्द्रियचयो द्वाराणि देहे स्थितः ।
विद्यावस्तुसमृद्धिरित्यखिलसामग्री समेते सदा
दुर्गातिप्रिय देव मामकमनोदुर्गे निवासं कुरु ॥४२ ॥

दुर्गातिप्रिय= हे किलों के शौकीन! **देव**= हे महादेव, **गाम्भीर्यम्**= अनुच्छृंखलता (जिसकी), **परिखापदम्**= खाई का स्थान है, **घनधृतिः**= दृढ धैर्य (जिसका), **प्राकारः**= परकोटा है, **उद्यद्गुण-स्तोमः**= उत्तम गुणों का समुदाय (जिसका), **आप्तबलम्**= पर्याप्त सैन्य बल है, **देहे**= देहमें, **स्थितः**= स्थित, **घनेन्द्रियचयः**= पुष्ट इन्द्रियों का समूह (जिसके), **द्वाराणि**= दरवाजे हैं, **च**= और, **विद्या**= विद्या (जिसमें), **वस्तुसमृद्धिः**= आवश्यक वस्तुओं की सम्पत्ति है, **इति**= इस प्रकार, **अखिलसामग्री-समेते**= सारी सामग्री से सम्पन्न, **मामकमनोदुर्गे**= मेरे मनरूप किले में, **सदा**= हमेशा, **निवासम्**= निवास, **कुरु**= कीजिये ।

अपने किले का अधिकार दे देने से किलेदार की दासता अर्थसिद्ध है । यहाँ मन को किले के रूपक से प्रस्तुत किया है । भगवान् के रहने लायक स्थान कैसे होते हैं यह पहले पटकुटी (२१) और नगर (३९) के रूपकों द्वारा बताया जा चुका है । भक्त में छिछलापन नहीं होना चाहिये । थोड़े-से भी विक्षेपक से अधिक विक्षिप्त हो जाना अगम्भीरता है । गांभीर्य को खाई की जगह बताया । किले की दीवार के बाहर खुदी खाई के कारण किले में प्रवेश दुष्कर होता है, ऐसे ही गंभीरता हो तो सांसारिक कठिनाइयाँ मन में प्रवेश नहीं कर पाती । बाहर ही बाहर उन्हें निपटा दिया जाता है, मन के भजन में वे रुकावट नहीं डाल पाती । इस खाई में दक्षता रूप जल भरा समझना चाहिये । बिना दक्षता के अकेला गाम्भीर्य अधिक लाभ नहीं देता । औचित्य पहचान कर परिस्थितियों से सामंजस्य स्थापित कर कार्य कर लेने के कौशल को दक्षता कहते हैं । सामंजस्य में कुछ स्वयं झुकना पड़ता है, कुछ परिस्थिति को बदलना पड़ता है, किंतु सारी प्रक्रिया में औचित्य का परित्याग नहीं होना चाहिये । अन्यथा दक्षता की जगह अवसरवादिता होगी । सहने व प्रतीक्षा कर सकने की शक्ति का नाम धैर्य है । सहसा जो किया जाता है वह प्रायः सन्तोषप्रद नहीं होता । सत्य, अकुटिलता, अनिन्द्याचारिता, अदम्भिता, दर्पराहित्य, अकुटिलता, मात्सर्यरहितता अक्रोधिता, शौच, करुणा, अहिंसा, इन्द्रियनिरोध आदि सद्गुण हैं । प्रायशः, जिन गुणों को किसी में पाकर उस पर श्रद्धा हो, 'यह भला है' ऐसा निश्चय हो, वे सद्गुण समझने चाहिये । जैसे सैनिक शत्रु से लड़ते हैं ऐसे इन गुणों को भी अपने प्रतिपक्षी गुणों से लड़ना पड़ता है । अन्यत्र सुख देखकर ईर्ष्यारूप शत्रु आये तो मैत्रीरूप सैनिक से उसे लड़ाना चाहिये । दुःखी को देख उपेक्षा का भाव जगे तो करुणा से उसे दबाना चाहिये । इसी प्रकार अन्य प्रातिस्विक प्रतिपक्षभावनाएँ काम में लानी चाहिये । सामन्यतः 'हिंसादि दुःखादिफलक हैं' यह विचार भी प्रतिपक्षभावना है (योगसूत्र २.३४) । जैसे युद्धरहित काल में भी सैनिकों को कवायद आदि और

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

पोषक आहार आदि से पुष्ट रखा जाता है ऐसे इन अध्यात्म-सैनिकों को भी विरोधी भाव न होने पर भी अभ्यस्त रखना चाहिये, अर्थात् ईर्ष्या उठने पर ही मैत्रीभाव करें ऐसा नहीं, सामान्यतः भी मैत्री ही करनी चाहिये तथा मैत्री आदि के लाभ का विचाररूप भोजन भी समर्पित करते रहना चाहिये।

बाहर विजयार्थ जाने के लिये व प्रतिद्वन्द्वी को अन्दर न घुसने देने के लिये किले में मजबूत दरवाजे चाहिये। अध्यात्म किले के दरवाजे दसों इन्द्रियाँ हैं: कुछ जानना या करना हो तो इन्हीं से बाहर जाया जाता है व बाह्य विषय मनोदुर्ग में इन्हीं से प्रवेश करते हैं। कर्मेंद्रियों की चेष्टाओं से संबद्ध होकर विषय कर्मेन्द्रियों द्वारा भी घुसते हैं। पुष्टता का तात्पर्य इन्द्रियों की उस सामर्थ्य से है जो आक्रमणकारी विषयों को मन पर विजय न पाने दे । जब मन किसी पूर्वश्लोकोक्त भगवदाज्ञानुकूल कार्य करने इस सामर्थ्य से युक्त होकर जाये तो उसे सफलता मिले। सम्पत्ति तो विद्या ही है। विद्या से ज्ञान व उपासना, दोनों समझने चाहियें। अब तक मन नामक किलेपर हमारा ध्वज फहरा रहा है, उसे उतार भगवान् से प्रार्थना है कि अब आप का ही ध्वज फहरावें, मैं तो दासता स्वीकारता हूँ।

शिवपुराण में (सती. २३.२९) दास्य का यही लक्षण है—

'*सदा सेव्यानुकूल्येन सेवनं तद्धि गोगणैः। हृदयामृतभोगेन प्रियं दास्यमुदाहृतम्*' ॥

दुर्गातिप्रिय शब्द से 'दुर्गा जिन्हें अति प्रिय हैं' यह भी अर्थ समझना चाहिये ॥४२॥

अब सख्य नामक अंग दिखाते हैं—

मा गच्छ त्वमितस्ततो गिरिश भो मय्येव वासं कुरु
स्वामिन्नादिकिरात मामकमनःकान्तारसीमान्तरे।
वर्तन्ते बहुशो मृगा मदजुषो मात्सर्यमोहादय-
स्तान् हत्त्वा मृगयाविनोदरुचितालाभं च सम्प्राप्स्यसि ॥४३॥

भो= हे, गिरिश= पर्वतवासी !, स्वामिन्= हे नाथ !, आदिकिरात= हे प्रथम किरात ! त्वम्= आप, इतः= इधर से, ततः= उधर, मा= मत, गच्छ= घूमिये। मयि= मुझमें, एव= ही, वासम्= निवास, कुरु= कीजिये। मामकमनःकान्तारसीमान्तरे = मेरे मनरूप जंगल की सीमाओं के अंदर, मात्सर्यमोहादयः= असूया, अविवेक आदि रूप, मदजुषः= मदमस्त, बहुशः= अनेक प्रकार के, मृगाः= जानवर, वर्तन्ते= रहते हैं। तान्= उन्हें, हत्त्वा= मारकर (आप), मृगयाविनोद-रुचितालाभम्= शिकार खेलने के शौक को पूरा करने का मौका, च= भी, सम्प्राप्स्यसि= पा लेंगे।

पहले, अपनी तैयारी कर भगवान् को निमंत्रित किया था (२१, ४२)। किन्तु यहाँ न अपनी कोई उदात्ततारूप तैयारी बताई है व न अपनी ही गरज प्रकट की है, बल्कि कहा है कि मुझमें आने से आपको अपना शौक पूरा करने का मौका मिलेगा। अतः यहाँ मैत्रीपूर्ण आह्वान होने से सख्यभक्ति की सूचना है। जो भी मेरे पास सबसे अच्छा आहार आदि है वही आपके लिये उपस्थित है। शिकार में मैं भी साथ रहूँगा, सहायता करता चलूँगा। सख्य का स्वरूप न्यायारत्नावली में बताया है: '*सख्यं प्रेमविशेषादिरूप,*

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यथा सख्यौ तथा विष्णौ । यथा चोपादेयं भक्ष्यादिकं प्राप्तं सख्ये निवेद्यते प्रेमविशेषपूर्वकं, तथा विष्णवे । यथा सख्युः दूषणादिकं परेण क्रियमाणं सोढुं न शक्यते, तथा विष्णोः तन्न सोढव्यम् । यथा तदीयकर्म स्वकीयकर्मवत् क्रियते, तथा विष्णुकर्म कार्यम् । यथाऽयम्मदिष्टं साधयिष्यत्येवेति विश्वासेन सख्युरनुवृत्तिः क्रियते, तथा विष्णोरित्यादि' । अर्थात्- विशेष प्रकार के प्रेम को सख्य कहते हैं । जैसा मित्र में प्रेम होता है वैसा इष्ट में हो तो सख्य भक्ति होती है । जैसे मिला हुआ उपयुक्त भोजनादि मित्र को निवेदित किया जाता है वैसे इष्ट के लिये उसे निवेदित करना और उसी तरह विशेष प्रेमपूर्वक जिस प्रकार मित्र को जबरदस्ती आदि कर किया जाता है; जैसे मित्र पर किसी के द्वारा मढ़ा जाता दोष सहन नहीं किया जा सकता वैसे इष्ट पर किये जाते दोषारोपण को सहन न करना, जैसे मित्र का काम अपना ही काम मानकर कर लिया जाता है वैसे इष्ट के काम को कर लेना; जैसे 'यह मेरा हित अवश्य करेगा' इस निश्चय से मित्र का अनुसरण किया जाता है ऐसे इष्ट का करना इत्यादि सख्य भक्ति है । अंतिम विचार सख्य के अंतर्गत शिवपुराण में (सती. २३.३२) भी है—

'मंगलामंगलं यद्यत् करोतीतीश्वरो हि मे । सर्वं तन्मंगलायेति विश्वासः सख्यलक्षणम्' ॥

इस भाव में औपचारिकता की कमी तथा स्वयं सहारा देने की सामर्थ्य का अनुभव है । दास्य की तरह सर्वथा शरणागति नहीं है । मद आदि को मैं भी जानवर रूप में पहचान चुका हूँ । किंतु दास्य की अपेक्षा प्रेम में वैशिष्ट्य है: दास्य में प्रार्थना थी 'मेरे मन में रहिये' और यहाँ सीधे ही 'मुझ में रहिये' । एवमपि भगवान् की महत्ता का ख्याल होने से '*स्वामिन्*' सम्बोधन है । इस अंग के अनुष्ठाता को अपने सामने आयी हर परीस्थिति का इस भाव से सामना करना चाहिये कि यह मेरे हित के लिये मेरे सखा श्री भगवान् द्वारा भेजी गयी है । अतः परिस्थिति से मुँह मोड़ने का प्रश्न नहीं । परमेश्वर का जो काम है— साधुपरित्राण, दुष्ट-विनाश आदि— उसे अपना ही कार्य मानकर करना चाहिये । भगवान् पर यदि कोई दोषारोपण करे तो सामर्थ्य होने पर उसे उससे विरत करना चाहिये व असमर्थता हो तो वहाँ से चल देना या कान बन्द कर लेना चाहिये । वस्तुतः निश्चय रखना चाहिये कि परमेश्वर में कोई दोष है नहीं । पर यदि कभी स्वयं को शंका हो भी जाये तब भी नास्तिक आदि को तो यथाकथंचित् चुप करना ही चाहिये क्योंकि मित्र के दोष उजागर होने दिये नहीं जाते । हाँ, एकान्त में गुरु आदि से शंका-समाधान द्वारा मन के संदेह अवश्य दूर कर लेने चाहिये । मदादि को भगवान् ही निवृत्त करें ऐसी जगद्धर भट्ट ने (स्तु. कु. १७. १२) भी प्रार्थना की है:

'शम्भो दम्भो दहति कुहकारम्भसंभावनाभिः साभिद्वेषस्त्विषमपकषत्येष रोषप्रदोषः ।

सावष्टम्भं भ्रमयति बृहन्मामहंकारभारः पारं नेतुं प्रभवति भवद्भक्तिरेका भवाब्धेः' ॥

कुहक— द्रोह, उसे उत्पन्न कर दंभ मुझे जला रहा है । *द्वेषपूर्ण रोष*, गुस्सा, मेरे *त्विषम्*- तेज का समापन करने वाला *प्रदोष*- संध्या काल है । अहंकार मुझे *सावष्टंभम्*- गर्व वाला बनाकर कुपथ में भटका रहा है । संसार सागर से पार आपकी भक्ति ही ले जा सकती है ।

'पुंजिष्ठेभ्यश्च वो नमः' इस नमकाध्याय के मंत्र में पुंजिष्ठशब्द से किरातरूपता वाले शिव को नमन प्रसिद्ध है अतः वे ही आदिकिरात हैं ॥४३ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अब स्मरण नामवाले अंग का वर्णन करते हैं—

करलग्नमृगः करीन्द्रभङ्गो घनशार्दूलविखण्डनोऽस्तजन्तुः ।
गिरिशो विशदाकृतिश्च चेतःकुहरे पञ्चमुखोस्ति मे कुतो भीः ॥४४ ॥

करलग्नमृगः = जिसके हाथ में हरिण है, **करीन्द्रभंगः** = गजराज का जिसने नाश किया है, **घनशार्दूलविखण्डनः** = तगड़े चीते को जिसने मारा है, **अस्तजन्तुः** = जन्तुओं को समाप्त करने वाला, **च** = और, **विशदाकृतिः** = विशाल शरीर वाला, **गिरिशः** = पर्वतवासी, **पंचमुखः** = पंचमुख (शेर तथा महादेव), **चेतःकुहरे** = मनरूप गुफा में, **अस्ति** = है (अतः), **मे** = मुझे, **कुतः** = काहे का, **भीः** = डर ।

शिवपुराण के (सती. २३.२८) अनुसार स्मरण का लक्षण है—

'व्यापकं देवि मां दृष्ट्वा नित्यं सर्वत्र सर्वदा । निर्भयत्वं सदा लोके स्मरणं तदुदाहृतम्' ॥

नित्य भगवान् को सदा सर्वत्र व्यापक देखने से संसार में हमेशा निडर रहना स्मरण नामक अंग है । प्रकृत में शेर के रूपक से इस भयरहित अवस्था का वर्णन है । विस्तृत मुख वाला होने से शेर व सद्योजात आदि पाँच मुखों वाले होने से महादेव पंचमुख कहाते हैं । अतिशय सामर्थ्य वाला शेर जैसे रक्षा करने को तैयार हो तो जंगल में डर नहीं वैसे ही भगवान् रक्षा कर रहे हैं तो संसार-कान्तार में भय कैसा ? क्योंकि व्यापक होने से ही शिव की चेतःकुहरस्थता संभव है इसलिये पुराणोक्त स्मरण स्पष्ट बताया गया है । दारुकवन में मृगधारण, व्याघ्रनाश व जन्तुओं का नाश तथा वाराणसी में गजभंग स्कन्दादि पुराणों में प्रसिद्ध हैं । मेरु नामक गिरि को भी जिन्होंने अपना छोटा सा धनुष बना लिया (*गिरिं स्यति—चापार्थं तनूकरोतीति गिरिशः*) ऐसे प्रबलतम पर्वतवासी (*गिरौ शेत इति*) महादेव के कारण डर सर्वथा समाप्त हो जाता है । वस्तुतः वेद ही मृग है जिसके बताये मार्ग पर चलना निर्भयता से संभव है । कामना गज है, जिसकी निवृत्ति से पापप्रवृत्ति की संभावना समाप्त हो जाती है । क्रोध शार्दूल है । क्रोध भी समाप्त हो जाये तो अन्य क्षुद्र दोष निश्चय ही अस्तंगत हो जाते हैं । इस सबके लिये निरवच्छिन्न विशद आकृति और चेतःकुहरस्थता समझनी पड़ती है तभी अभय प्रतिष्ठा का लाभ होता है । भ्रम निवृत्त कर जो पदार्थसमूह को भगवान् का शरीर ही जानता है उसके लिये सारा जगत् अपना ही होने से भय क्योंकर होगा ?— ऐसा उत्पलदेव ने (१३.१६) भी कहा है—

'योऽविकल्पमिदमर्थमण्डलं पश्यतीश निखिलं भवद्वपुः ।
स्वात्मपक्षपरिपूरिते जगत्यस्य नित्य-सुखिनः कुतो भयम्' ॥

यद्यपि यह फलावस्था का वर्णन है तथापि एतदनुकूल भक्ति का अनुष्ठान काम, क्रोध आदि का उपशम करते हुए वेदमार्ग पर चलकर और अपने में व सर्वत्र शिवदृष्टि का अभ्यास करने से करना चाहिये । प्रसिद्ध अनुस्मरण आगे (५० से) बताया जायेगा ॥४४ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सेवन व वन्दन सूचित किये जाते हैं—

छन्दःशाखिशिखान्वितैर्द्विजवरैः संसेविते शाश्वते
सौख्यापादिनि खेदभेदिनि सुधासारैः फलैर्दीपिते ।
चेतःपक्षिशिखामणे त्यज वृथासंचारमन्यैरलं
नित्यं शङ्करपादपद्मयुगलीनीडे विहारं कुरु ॥४५॥

चेतःपक्षिशिखामणे = हे मनरूप श्रेष्ठ पक्षी ! **वृथासंचारम्** = व्यर्थ घूमना, **त्यज** = छोड़ो। **अन्यैः** = अन्य सहारे, **अलम्** = अब बहुत हो चुके (उनसे कुछ पाने की आशा छोड़ो)। **छन्दःशाखिशिखान्वितैः** = वेदरूप वृक्ष की (उपनिषद्रूप) शाखा से जुड़े, **द्विजवरैः** = अच्छे पक्षियों द्वारा (उत्तम ब्राह्मणों द्वारा), **संसेविते** = आश्रित, **शाश्वते** = नित्य, **सौख्यापादिनि** = सुख प्रदान करने वाले, **खेदभेदिनि** = कष्ट निवारण करनेवाले, **सुधासारैः** = अमृतमय, **फलैः** = फलों से, **दीपिते** = भरपूर, **शंकरपादपद्मयुगलीनीडे** = शंकर के चरणकमल-द्वय रूप घोंसले में, **नित्यम्** = सदा, **विहारम्** = विहार, **कुरु** = करो।

भगवान् के चरण घोंसला व मन पक्षी है ऐसा रूपक बाँधा है। चरण में जाने को कहने से वन्दन की सूचना समझनी चाहिये। पूजा- बहिर्भूत नमस्कार वन्दन है। सतीखण्ड में (२३.३१) बताया है—

'मन्त्रोच्चारणध्यानाभ्या मनसा वचसा क्रमात्। यदष्टांगेन भूस्पर्शं तद्वै वन्दनमुच्यते ॥'

'मैं नमस्कार कर रहा हूँ' इस अर्थ के द्योतक शास्त्रविहित वाक्यों के उच्चारणपूर्वक, एकाग्रता और श्रद्धा से साष्टांग प्रणाम वन्दन कहाता है। अष्टांगों से प्रणाम करना चाहिये। आठ अंग ये हैं—

'जानुभ्यां च तथा पद्भ्यां पाणिभ्यामुरसा धिया।
शिरसा वचसा दृष्ट्या प्रणामोऽष्टाङ्ग ईरितः' ॥

दोनों जाँघों से, दोनों पैरों से, दोनों हाथों से, छाती से, मन से, शिर से, वचन से और दृष्टि से प्रणाम करना चाहिये। वन्दनीय के सम्मुख इस प्रकार पट लेटना चाहिये कि उक्त अंग धरती को छूते हों। मन, वचन और दृष्टि का साक्षात् स्पर्श विवक्षित नहीं। स्त्रियों को पंचाङ्ग प्रणाम करना चाहिये *'बाहुभ्यां चैव जानुभ्यां शिरसा वक्षसा दृशा'*, अर्थात् पैर पसार कर सर्वथा लेट नहीं जाना चाहिये। देवमंदिर आदि में पूजा से अतिरिक्त नमस्कार की वन्दन में गणना होती है। अशौच आदि काल में पूजा न की जा सके तब भी दूर से वन्दन तो कर ही लेना चाहिये। सेवन का विषय पूर्व में आ चुका है (श्लो. ३३)। यहाँ *'विहारं कुरु'* से सेवन की सूचना है। उपभोग करना भी सेवन का अर्थ है। भक्त को सुखप्राप्त्यर्थ शिवचरणों का ही हर तरह से उपभोग करना चाहिये, यह तात्पर्य है। यद्यपि तीव्र वैराग्य न होने से विषयपरित्याग साकल्येन सम्भव व यहाँ विवक्षित नहीं तथापि अभ्यास यह करना चाहिये कि शिवचरणों के पूजन, ध्यानादि में सुख का अनुभव करें। इससे स्वयं ही राग में क्षीणता व रुचि में परिवर्तन होता है। ज्ञान व कर्म दो पक्षों वाला होने से मन श्रेष्ठ पक्षी है। इसे निवासार्थ घोंसला चाहिये, जो अभी संसार में नाना जगह उपलब्ध

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizaqtion by eGangotri

है पर उनमें कहीं भी यह सदा के लिये डेरा डाल नहीं सकता अतः उन सब को छोड़ भगवान् के चरणों में ही इसे रहने के लिये प्रेरित किया जा रहा है। '*गतानुगतिको लोकः*' न्याय से बताते हैं कि अन्य भी बहुतों ने उसका सहारा ले रखा है। अथवा सेवनीयता में प्रमाण इस प्रकार उपस्थित किया है। संसारवृक्ष के फल हैं सुख-दुःख (महाभा. १४.३५.२१)। किन्तु प्रकृत नीड में उपलब्ध फल हैं 'सुधासार'। दुःख से अनन्तरित अगाध आनन्द ही सुधासार फल है। अथवा सुधा भी जिनके सामने असार है (*यदपेक्ष्य सुधाऽसारा तानि तैः*) वे फल शिवचरणरूप नीड में हैं, यह अर्थ है। सविशेष- निर्विशेष क्रम से अर्थ समझना चाहिये। फल से भरपूर इसलिये बताया कि '*योगक्षेमं वहामि*' पर श्रद्धा कर सर्वतोभावेन सेवन करने में संकोच नहीं।

यद्यपि नवांगों में क्रम का आग्रह नहीं तथापि यौक्तिक क्रम समझा जा सकता है। सेव्य का ज्ञान न हो तो कैसी भी भक्ति असंभव होने से ज्ञान कराने वाला श्रवण प्रथम है। श्रुत का धारण हो इसके लिये कीर्तन है। श्रवण- कीर्तनपूर्वक ही स्मरण हो सकता है। गुणस्मरण कर ही सेवा करने की प्रेरणा होती है। सेवा करने से महत्ता का निकट से अनुभव होने पर अर्चना की इच्छा होती है। अर्चना के साधनों की तुच्छता देख वन्दना में ही प्रवृत्ति होती है। वन्दना करने से अपनी दासरूपता का भान होता है। दासतापूर्वक सामीप्य होने पर मैत्री का उदय होता है तथा अन्त में आत्मार्पण। ऐसा क्रम न्यायरत्नावली (पृ. ३१५ प्र.द्वा.) में बताया है। प्रकृत क्रम में श्रवण (३७) और कीर्तन (४०) के अनन्तर अर्चन (४१) आ गया है। स्मरण तो अभयप्रतिष्ठारूप होने से उत्तर भूमिका है इसलिये बाद में (४४) गिनाया है। सेवन 'उपभोग करना' इस अर्थ से तदनन्तर आया है। वन्दन का साधनरूप अर्चन के अन्तर्गतं समझ लेना चाहिये। सर्वत्र शिवदृष्टि होने से हर प्रवृत्ति वन्दन है इस तात्पर्य से उसे फलरूप से सेवन के साथ रखा। दास्य (४२) व सख्य (४३) यथाक्रम हैं ॥४५॥

अन्तिम अंग आत्मनिवेदन बताते हैं—

आकीर्णे नखराजिकान्तिविभवैरुद्यत्सुधावैभवै-
राधौतेऽपि च पद्मरागललिते हंसव्रजैराश्रिते।
नित्यं भक्तिवधूगणैश्च रहसि स्वेच्छाविहारं कुरु
स्थित्वा मानसराजहंस गिरिजानाथाङ्घ्रिसौधान्तरे ॥४६॥

मानसराजहंस = हे मनरूप श्रेष्ठ हंस ! नखराजिकान्तिविभवैः = नखों की पंक्तियों की कान्ति के वैभव से, आकीर्णे = व्याप्त, अपि = और, उद्यत्सुधावैभवैः = बढ़ते चन्द्रमा की किरणों से, आधौते = उजले, च = तथा, पद्मरागललिते = लाल मणियों से सुशोभित, च = एवम्, हंसव्रजैः = हंससमूहों द्वारा, आश्रिते = आश्रित, गिरिजानाथाङ्घ्रिसौधान्तरे = गिरिजापति के चरणरूप महल में, स्थित्वा = रहकर, नित्यं = सदा, भक्तिवधूगणैः = भक्तिरूप पत्नियों से, रहसि = एकान्त में, स्वेच्छाविहारम् = यथेच्छ विहार, कुरु = करो।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

आत्मार्पण या आत्मनिवेदन नामक नवम अंग में अपने आपको भगवान् के भरोसे पूरी तरह छोड़ दिया जाता है, अपने जीवन की भी खुद को चिन्ता नहीं रहती: *'यथाविक्रीतस्य गवादेः योगक्षेमचिन्तायामनभिनिवेशः, तथा स्वकीयायां योगक्षेमचिन्तायाम्' (न्या. रत्न. पृ. ३१५ प्र. द्वा)*। अतः यहाँ कहा कि क्योंकि अब और कोई मनोव्यापार रहा नहीं इसलिये '*भक्तिवधूगणैः स्वेच्छाविहारं कुरु*'। बाकी अंगों में कुछ अन्य विचार रह जाते हैं अतः भक्ति में विक्षेपक आना स्वाभाविक है, किंतु इस अवस्था में यह बात नहीं। यद्यपि साधनावस्था में सम्पूर्ण आत्मार्पण असंभव है तथापि इस दृष्टि को अपनाना इस अंग का अभ्यास समझना चाहिये। अपने रहने, खाने, पहनने आदि के विषय में स्वयं कोई विचार न कर, यथोपलब्ध से कार्य चलाते हुए निरन्तर भगवदनुसन्धान में तल्लीन रहने का प्रयास करना आत्मार्पण है। क्योंकि यह अभ्यास भी साधु संन्यासी ही कर सकते है, इसलिये '*हंसव्रजैः*' कहा, हंसपद संन्यासीपरक है। असंन्यासी के लिये पत्नी, पुत्र आदि का भार उपस्थित रहता है अतः उसे अपने लिये न भी करना हो तो उनके लिये कोई अर्थकर उपाय करना पड़ता है। यदि किसी गृहस्थ की भी दृढ निष्ठा हो तो उसे भी इसका अभ्यास करने से रोका नहीं जा सकता। स्थिति की श्रेष्ठता को बताने के लिये ही पक्षी को राजहंस बना दिया गया है व नीड को महल। फल यहाँ नहीं कहा है, वह '*स्वयं फलरूपतेति ब्रह्मकुमाराः' (ना. सू. ३०)* इस देवर्षिवचन को याद कर स्वेच्छा विहार को ही फल मानकर है। यद्यपि इसे अंगों में गिना है तथापि जैसे क्रियानिर्वृत्ति फलरूप होने पर भी आठ अंगों में गिनी जाती है वैसे इसकी भी गणना समझनी चाहिये। इसी दृष्टि से भक्ति को पुरुषार्थविशेष माना जाता है। परम पुरुपार्थ न होने पर भी पुरुषार्थता स्वीकारना संगत है। '*कुर्वन्त्यहैतुकीं भक्तिम्*' आदि वाक्य इसमें प्रमाण हैं। क्योंकि यह परम पुरुषार्थ नहीं इसलिये आत्मार्पण को भी मोक्ष के उपयोगी रूप में समझना चाहिये। इस प्रकार के आत्मनिवेदन से भगवत्कृपा द्वारा ज्ञान की सुयोग्यता प्राप्त होती है जिससे सकृत् श्रवणमात्र से अखण्डसाक्षात्कार हो जाता है। परमहंस लोग भगवान् के चरणों का आश्रयण लेते हैं ऐसा उद्धव ने भी कहा है—

'अथात आनन्ददुघं पदाम्बुजं हंसाः श्रयेरन्नरविन्दलोचन।
सुखं नु विश्वेश्वर योगकर्मभिस्त्वन्माययामी विहता न मानिनः' ॥उ.गी. २४.३ ॥

'*सुधावैभवैः*' से सात्त्विकता की और उसके फलभूत ज्ञान व सुख की क्रमशः '*नखराजिकान्तिविभवैः*' व '*पद्मरागललिते*' से सूचना दी है। इस अवस्था में विविध प्रकारों से भक्ति होती है क्योंकि सभी तरह से भक्ति ही की जाती है, अतः '*भक्तिवधूगणैः*' का बहुवचन सार्थक है ॥४६ ॥

नव अंगों का वर्णन कर बगीचे के रूपक से भक्ति के विकसित स्वरूप का वर्णन करते हैं जिससे इन अंगों का अनुष्ठान सार्थक सिद्ध होता है—

शम्भुध्यानवसन्तसङ्गिनि हृदारामेऽघजीर्णच्छदाः
स्रस्ता भक्तिलताच्छटा विलसिताः पुण्यप्रवालश्रिताः।
दीप्यन्ते गुणकोरका जपवचः पुष्पाणि सद्वासना
ज्ञानानन्दसुधामरन्दलहरी संवित्फलाभ्युन्नतिः ॥४७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शम्भुध्यानवसन्तसंगिनि= शम्भु के ध्यानरूप वसन्त वाले, **हृदारामे** = (मेरे) हृदयरूप बगीचे में, **अघजीर्णच्छदाः** = पापरूप पुराने पत्ते, **स्रस्ताः** = गिर चुके हैं, **पुण्यप्रवालश्रिताः** = पुण्यरूप नवीन पत्तों वाले, **भक्तिलताच्छटाः** = भक्तिरूप लताओं के समूह, **विलसिताः** = शोभित हो रहे हैं, **गुणकोरकाः** = सद्गुणरूप कलियाँ, **जपवचःपुष्पाणि** = जप करते वचनरूप पुष्प, **सद्वासना** = सत्संस्काररूप सुगन्ध, **ज्ञानानन्दसुधामरन्दलहरी** = ज्ञानात्मक सुखलक्षण अमृतरूप पुष्परस का आधिक्य(और), **संवित्फलाभ्युन्नतिः** = ज्ञानरूप फल की बढ़ोतरी, (—ये सब), **दीप्यन्ते** = (सुन्दर ढंगसे) प्रकाशित हो रहे हैं।

हृदय को जब हृद कहा था तब उसमें आनन्दलहरी बतायी थी (२) कुम्भ कहा था तो मुदमृत से पूर्ण बताया था (३६), पुष्कर कहा था तो आनन्दपाथोनिधि का विजृंभण बताया था (३८), और अब आराम कहा है तो *ज्ञानानन्दसुधामरन्दलहरी* बतायी है। इससे भक्ति की साध्य अवस्था में आनन्दाधिक्य का वर्णन कर पञ्चम पुरुषार्थता का प्रतिपादन समझना चाहिये। साध्य से साधन का अत्यन्त विरोध न होने से साधनावस्था में भी सुखाधिक्य अर्थसिद्ध है। भक्ति का अनुष्ठान व पर्यवसान दोनों आनन्दपूर्ण हैं अतः सबको इसमें तत्पर हो जाना चाहिये यह तात्पर्य है। कलिकाल के लिये शिवभक्ति ही वह रसायन—औषधि है, जो संसाररोग के भय को हटाती है ऐसा उपमन्युकथन है।

'हरचरणनिरतमतिना भवितव्यमनार्जवं युगं प्राप्य।
संसारभयं न भवति हरभक्तिरसायनं पीत्वा' ॥ *महाभा. अनु. दान. १४. १८४* ॥

इस रसायन की रसरूपता बताकर इसके सेवन के लिये प्रेरित करना अतिकरुण आचार्यों का ही काम है। भक्तिलता को स्थिरतारूप सहारा चाहिये, यह आगे (४९) बताना है। दीर्घकाल, नैरन्तर्य व सत्कार तीनों अभ्यास को दृढ भूमि प्रदान करते हैं ऐसा पतञ्जलि ऋषि ने भी कहा है। पत्ते वृक्ष या लता के लिये भोजन निर्माण करने वाले अंग हैं, पुण्य भी भक्ति का पाथेय है। '*न चलति निजवर्णधर्मतो यः..... तमवेहि विष्णुभक्तम्' (विष्णुपु. ३.७.२०)* आदि वचन इसमें प्रमाण हैं। इससे, भक्ति मार्ग कर्मनिरपेक्ष है, यह मान्यता निराकृत समझनी चाहिये। सापेक्षता भी सहसमुच्चय से ही है। '*अपि चेत्सुदुराचारः'(गी. ९.३०)* से भी भक्त को पाप करने का अधिकार नहीं मिलता क्योंकि इसी गलती से बचाने के लिये भगवान् ने तुरन्त कह दिया है '*क्षिप्रं भवति धर्मात्मा'(९.३१)*। '*अहिंसा-सत्य-शौच-दया-आस्तिक्यता-आदिचरित्राणि परिपालनीयानि' (ना. सू. ७८)* कहकर देवर्षि ने भी यही कहा है। भक्ति की अभिव्यक्ति- व्यक्तियों के भेद से '*भक्तिलताच्छटाः*' का बहुवचन संगत है। '*सुधासार'(४५)*, '*सुधावैभव'(४६)* और '*सुधामरन्द'* कहकर धर्म, अर्थ व काम की अपेक्षा उत्तमता और संवित्फल कहकर मोक्ष की अपेक्षा अपरमता बतायी ॥४७॥

आनन्दसुधामकरन्दप्राप्त्यर्थ यत्न करने का विधान करते हैं—

नित्यानन्दरसालयं सुरमुनिस्वान्ताम्बुजाताश्रयं
स्वच्छं सद्द्विजसेवितं कलुषहृत्सद्वासनाऽऽविष्कृतम्।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शम्भुध्यानसरोवरं व्रज मनोहंसावतंस स्थिरं
किं क्षुद्राश्रयपल्वलभ्रमणसंजातश्रमं प्राप्स्यसि ॥४८॥

मनोहंसावतंस= हे मनरूप श्रेष्ठ हंस ! **नित्यानन्दरसालयम्**= नित्य आनन्दरूप जल की अथाह राशि वाले, **सुरमुनिस्वान्ताम्बुजाताश्रयम्**= देवताओं व मुनियों के मनरूप कमलों के आश्रय, **स्वच्छम्**= साफ, **सद्द्विजसेवितम्**= अच्छे द्विजों (पक्षियों व ब्राह्मणों) द्वारा सेवित, **कलुषहृत्सद्वासनाविष्कृतम्**= पापकालुष्य का निवारण करने वाली सुखद सुगन्ध देने वाले, **स्थिरम्**= स्थायी, **शम्भुध्यानसरोवरम्**= शम्भु के ध्यानरूप सरोवर को, **व्रज**= जाओ। (वहाँ चले गये तो), **क्षुद्राश्रयपल्वलभ्रमणसंजातश्रमम्**= तुच्छ आश्रय जो छोटे ताल, उनमें घूमते रहने से होने वाली थकान, **किम्**= क्योंकर, **प्राप्स्यसि**= पाओगे ?

उड़ कर नयी-नयी जगहों को जाने की आदत वाला और रहने के लिये आश्रय चाहने वाला होने से मन को पक्षी (४५), राजहंस (४६), हंस, चातक (५२), कोक व चकोर (५९) कहा गया है। सत्त्वकार्य होने से श्रेष्ठता है। स्वभाव से मन का रुझान श्रेष्ठ की ओर होता है, वासनावशात् उन्मार्ग पर चल देता है, यह अत्यन्त संतोष का विषय है। *'देवा अप्यस्य रूपस्य नित्यं दर्शनकांक्षिणः'* (गी. ११.५२) कहकर देवों को भी भगवद्-दर्शन सदा अभीप्सित है यह भगवान् ने बताया है। सन्तों का लक्ष्य मैं ही हूँ— ऐसा उद्धवगीता में भी कहा है- *'प्रायणं हि सतामहम्'* (६.४८)। अथवा— स्वान्तरूप अम्बु (जल) से उत्पन्न भक्ति का आश्रय (विषय), यह अर्थ है। या, स्वान्ताम्बुजात जिसका आश्रय है, यह अर्थ समझना चाहिये। *द्विजवरैःसंसेवितम्* पहले भी (४५) कहा था। *कलुषहृत्सद्वासनाविष्कृतम्* का यह भी अर्थ है- कलुषित हृदयों में भी सद्वासना विकसित कर देने वाला। इसमें पूर्वोक्त गीतावचन (९.३०-३१) प्रमाण समझने चाहिये। *स्थिरम्* को क्रियाविशेषण भी माना जा सकता है- *स्थिरं यथा स्यात्तथा व्रज*। पहले(४७) शम्भुध्यान को वसन्त कहा था क्योंकि जैसे प्रयास के विना वसन्त आता है वैसे ध्यान का होना वहाँ विवक्षित था, यहाँ उसे सरोवर— श्रेष्ठ सर— कहा क्योंकि कर्तव्यता बतानी है। मन भगवान् का दृढ आश्लेष करे यह जैमिनी महर्षि की भी परम अभिलाषा है।

'सुगन्धि सुखसंस्पर्शं कामदं सोमभूषणम्।
गाढमालिंग मच्चेतो योषाजारमिव प्रियम्' । *वेदपाद ८९ ॥४८॥*

आशीर्वाद पूर्वक अंगप्रकरण का उपसंहार करते हैं—

आनन्दामृतपूरिता हरपदाम्भोजालवालोद्यता
स्थैर्योपघ्नमुपेत्य भक्तिलतिका शाखोपशाखान्विता।
उच्चैर्मानसकायमानपटलीमाक्रम्य निष्कल्मषा
नित्याभीष्टफलप्रदा भवतु मे सत्कर्मसंवर्धिता ॥४९॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हरपदाम्भोजालवालोद्गता= भगवान् हर के चरणकमलरूप क्यारी में उगने वाली, **आनन्दामृतपूरिता** = आनन्दरूप जल से सींची, **सत्कर्मसंवर्धिता**= अच्छे कर्मों से पोषित, **शाखोपशाखान्विता**= शाखा-प्रशाखाओं वाली, **निष्कल्मषा**= दोषरहित, **भक्तिलतिका**= भक्तिरूप लता, **स्थैर्योपघ्नम्**= स्थिरतारूप सहारे को, **उपेत्य**= पाकर, **मानसकायमानपटलीम्**= मन:शरीर के आकार के छप्पर पर, **उच्चैः**= ऊँची, **आक्रम्य**= फैलकर, **मे**= मुझे, **नित्याभीष्टफलप्रदा**= सदा अभीप्सित फल देने वाली, **भवतु**= होवे ।

लता को बहुधा घर के छप्पर पर चढ़ा दिया जाता है जहाँ वह यथेष्ट फलती फैलती रहती है । मन को यहाँ वह छप्पर बताया है जिस पर भक्ति पूरी तरह फैले यह आशा व्यक्त की है । पहले (४७) केवल वसन्त का ही अनुभव था, अब नित्य फल की प्रार्थना है । साधन की साध्याऽविरुद्धता *आनन्दामृतपूरिता* से बतायी । भक्तिसाधना में जबरदस्ती करना अधिक फल देने वाला नहीं होता । यह तो आनन्द की साधना है । क्योंकि भगवान् के प्रति प्रेम है इसलिये उनके लिये कुछ भी करने से कष्ट का अनुभव नहीं । यदि कष्ट होता है तो निश्चय ही प्रेम में कमी है, जिसे श्रवणादि उपायों से दूर करना चाहिये । पूर्व में (४७) पुण्य को पत्ते कहा था, यहाँ पोषकतत्त्व (खाद) कहा है अत: तात्पर्य एक ही है क्योंकि पत्ते भी पोषण ही करते हैं । आर्तभक्ति आदि शाखायें हैं । जब आर्ति हो तब भी भगवान् की ही शरण जाना मन में स्वाभाविक हो *'आर्तानां शरणं त्वहम्' (उ.गी. २१.३३)* । जब जिज्ञासा हो तब भी भगवान् से ही जानना चाहे । जब किसी वस्तु की आवश्यकता हो तब भी उन्हीं से माँगे । यह मनरूप छप्पर पर भक्ति की शाखोपशाखाओं का फैलना है । इसी प्रकार भक्ति की अभिव्यक्ति नाना प्रकार से होनी चाहिये । माता, पिता तथा अन्य श्रेष्ठ लोगों की भगवद्दृष्ट्या सेवा करनी चाहिये, छोटे से भी उसी दृष्टि से वात्सल्य रखना चाहिये, ब्राह्मणों को भगवान् का शरीर मानकर पूजना चाहिये तथा अन्य भी विभिन्न ढंग अपनाने का प्रयास करना चाहिये कि भक्ति प्रकट हो । इसमें सहारा मिलेगा स्थिरता से । धैर्यपूर्वक निरंतर प्रयास, यह स्थिरता का तात्पर्य है ।

साथ ही नियम का ख्याल रखना चाहिये । पूजा, जप आदि को नियम से करने से सफलता जल्दी मिलती है । प्रथमत: समय का नियम रखना चाहिये, रोज उसी समय पूजनादि करना आवश्यक है । स्थान का भी नियम रखना उचित है । यथासम्भव नित्य एक ही स्थान पर पूजन, जप आदि का अनुष्ठान कर्तव्य है । प्रक्रिया का भी नियम रखना चाहिये । जिन मंत्रों से जो द्रव्य चढ़ाये जाते हों, रोज उन्हीं की आवृत्ति करनी चाहिये । नैमित्तिक जप, पूजा आदि करना तो पृथक् है पर नित्य जप, पूजा, ध्यान आदि एक ही ढंग से करना चाहिये । चाहे कम किया जाये किंतु किया नियम से जाये । यह स्थिरता है । इस प्रकार चौदह श्लोकों में श्रवणादि अंगों का और उनसे प्राप्य अवस्था का वर्णन किया ॥४९ ॥

पूर्व में (४४) स्मरण नामक भक्ति-अंग का प्रतिपादन किया था । किन्तु प्रसिद्ध अनुस्मरण— भगवान् को याद करना— भी उपयोगी अंग है । उद्धव को उपदेश देते हुए (उद्ध. गी. ९.२७) कहा है ।

'विषयान् ध्यायतश्चित्तं विषयेषु विषज्जते । मामनुस्मरतश्चित्तं मय्येव प्रविलीयते' ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अर्थात् विषयों का चिन्तन करने से चित्त विषयों में रम जाता है व भगवान् का बार बार स्मरण करने से उन्हीं में अनुरक्त हो जाता है। यह स्मरण करना ध्यानादिरूप समझना चाहिये क्योंकि सुनकर होने वाली स्मृति तो श्रवण से गतार्थ है। अत एव ब्रह्मानन्द स्वामी ने स्मरण का लक्षण किया है *'तादृशविष्णोः शब्दान्यकरणेन ज्ञानम्, शब्दजन्यतज्ज्ञानस्य श्रवणत्वात्'(न्या. रत्न. पृ. ३१४, प्र.द्वा.)*। अनुस्मरण के उपयोगी कुछ वर्णन यहाँ आचार्यचरण उपस्थित कर रहे हैं, जिनके अनुसार ध्यानादि करना चाहिये। पूर्व में (२७-३५) जो वर्णन थे वे भजनीय स्वरूप को स्पष्टतः व्यक्त करने के लिये थे जबकि अब किये जाने वाले वर्णन अनुस्मरण के शेषरूप से हैं अतः पुनरुक्ति नहीं। आठ श्लोकों द्वारा यह प्रसंग प्रकट किया जा रहा है। सर्वप्रथम दो श्लोकों में मल्लिकार्जुन नामक ज्योतिर्लिंग का स्मरण कर शिववर्णन करते हैं—

सन्ध्यारम्भविजृम्भितं श्रुतिशिरःस्थानान्तराधिष्ठितं
सप्रेमभ्रमराभिराममसकृत्सद्वासनाशोभितम्।
भोगीन्द्राभरणं समस्तसुमनःपूज्यं गुणाविष्कृतम्
सेवे श्रीगिरिमल्लिकार्जुनमहालिङ्गं शिवालिङ्गितम्॥५०॥

सन्ध्यारम्भविजृम्भितम्= सन्ध्या के प्रारंभ में क्रीडा करने वाले, श्रुतिशिरःस्थानान्तराधिष्ठितम्= वेद के उत्तमांग उपनिषत् में प्रतिपादित, सप्रेमभ्रमराभिरामम्= प्रेमयुक्त भ्रमराम्बिका से सुशोभित, असकृत्= निरन्तर, सद्वासनाशोभितम्= उत्तम संस्कार वालों में प्रकाशित होने वाले, भोगीन्द्राभरणम्= सर्पराजरूप गहना धारण किये, समस्तसुमनःपूज्यम्= सभी देवताओं के पूज्य, गुणाविष्कृतम्= गुणों को प्रकट करने वाले, शिवालिंगितम्= शिवा से आलिंगित, श्रीगिरिमल्लिकार्जुनमहालिंगम्= श्रीशैल स्थित मल्लिकार्जुन नामक महान् ज्योतिर्लिङ्ग का, सेवे= (मैं) भजन करता हूँ।

श्रीशैल में देवी का नाम भ्रमराम्बिका है। श्रीशैल में भगवान् भाष्यकार कुछ समय रहे थे ऐसा प्रसिद्ध है तथा जलस्रोत के निकट एक स्थान भी बताया जाता है जहाँ उन्होंने वास किया था। सायंकाल परमेश्वर नृत्य करते हैं यह विदित ही है। वेदान्तों का प्रतिपाद्य *'शिवमद्वैतम्'(माण्डू.७)* ही है इसमें सन्देह नहीं। देवी से भगवान् की शोभा और बढ़ जाती है। अभिरामता की ही व्याख्या है— *शिवालिंगितम्*। अथवा *शिवामालिंगितः* ऐसा समास है। एवं च सप्रेम इत्यादि से शिवा से आलिंगित सूचित कर *शिवालिंगितम्* से शिवा का आलिंगन करने वाले — यह बताया।

इस श्लोक का आध्यात्मिक तात्पर्य यों बताया जाता है— सन्ध्या मिलन-काल है, अध्यास ही वह मिलन है जब से आत्मा क्रीडा करना प्रारंभ करता है। वेदप्रतिप्राद्य तो आत्मतत्त्व है ही। बुद्धि से यह सुशोभित है। सत्संस्कार वालों में ही इसकी वास्तविकता भासती है। शोधित पदार्थों के संस्कार ही सत्संस्कार हैं। भोक्तृत्व आत्मा का अलंकार है क्योंकि इसमें इसकी ज्ञानरूपता खिल उठती है। सभी इंद्रियाँ इसके लिये भेंट लाती हैं। आत्मसम्बंध से ही जड शरीरादि में चैतन्यादि गुण प्रकट होता है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बुद्धि से इसका आलिंगन प्रायः बना रहता है । मल्ल धातु का अर्थ है धारण करना । अर्जुन का अर्थ है सफेद, जो सत्त्वगुण के कार्य ज्ञान का लक्षक है । जगत् की विधृति और ज्ञान ही वे पर्याप्त चिह्न हैं जिनसे आत्मविषयक संशय समाप्त हो जाते हैं ॥५० ॥

एक अन्य श्लोक से वहीं का वर्णन करते हैं—

भृङ्गीच्छानटनोत्कटः करिमदग्राही स्फुरन्माधवा-
ह्लादो नादयुतो महासितवपुः पञ्चेषुणा चादृतः ।
सत्पक्षः सुमनोवनेषु स पुनः साक्षान्मदीये मनो-
राजीवे भ्रमराधिपो विहरतां श्रीशैलवासी प्रभुः ॥५१ ॥

भृङ्गीच्छानटनोत्कटः = भृंगी ऋषि की इच्छानुसार प्रशस्त नृत्य करने वाले, **करिमदग्राही** = गजासुर का मद निवृत्त करने वाले, **स्फुरन्माधवाह्लादः** = शोभित होते महाविष्णु से आह्लाद पाने वाले, **नादयुतः** = प्रणव निनाद करने वाले, **महासितवपुः** = कर्पूरगौर वर्ण के महान् शरीर वाले, **पञ्चेषुणा** = कामदेव द्वारा, **आदृतः** = आश्रित, **च** = और, **सत्पक्षः** = सत्पुरुषों के पक्षधर, **श्रीशैलवासी** = श्रीशैल में रहने वाले, **भ्रमराधिपः** = भ्रमराम्बिका के अधीश्वर, **सः** = वे (प्रसिद्ध दयालु), **प्रभुः**= सर्वशासक, **सुमनोवनेषु** = संस्कृत मनरूप जंगलों में, **पुनः** = और, **मदीये** = मेरे, **मनोराजीवे** = मनरूप कमल में, **साक्षात्** = स्वयम्, **विहरताम्** = विहार करें ।

यहाँ भ्रमर-अन्योक्ति है । भृंगीच्छेत्यादि विशेषण भ्रमरपरक भी लगा लेने चाहिये । भ्रमरी को भृंगी कहा है । हाथी के मद का भ्रमर पान करते ही हैं । माधव अर्थात् वसन्त से भ्रमर खुश हो यह उचित ही है क्योंकि शिशिर में प्रायः सब वृक्ष निष्पुष्प हो जाते हैं । भ्रमर का गुंजन प्रसिद्ध है । *असितवपुः* ऐसा छेद करना चाहिये । कामदेव भ्रमर को आदर देता है क्योंकि भ्रमर उद्दीपक माना गया है । सत् अर्थात् विद्यमान जो कोई भी उसके अगल-बगल मंडराना उसका काम है । सुमन अर्थात् पुष्पों के वन में विहार करना भ्रमर का स्वभाव है । ऐसे भ्रमरों के राजा को अपने मनःसरोज में आने के लिये आमन्त्रित किया है ।

भ्रमर अपनी अस्थिरता के लिये प्रसिद्ध है ।

'नीरजान्यपि निषेव्य निर्भरं नीरसानि कुटजानि वाञ्छसि ।
चंचलत्वमिह चंचरीक ते साहसं कथमिदं विमोक्ष्यसि' ॥

भगवान् को उलहाना दिया जा रहा है कि आप भी कभी समाधि आदि शान्त काल में मुझे दर्शन देकर फिर विक्षेपावस्था में चले जाते हैं यह उचित नहीं । उत्पलदेव ने भी कहा है कि या तो अनुग्रह कर सदा मेरे सम्मुख रहिये और या निग्रह कर मुझे सर्वथा दर्शन लाभ से वंचित रखिये, कभी निग्रह कभी अनुग्रह की लुकाछिपी कर मुझे और अधिक क्यों कष्ट देते हैं ?—

'हृदि ते न तु विद्यतेऽन्यदन्यद्वचने कर्मणि चान्यदेव शंभो ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

परमार्थसतोप्यनुग्रहो वा यदि वा निग्रह एक एव कार्यः' ॥११.७ ॥

दूसरी विशेषता है सारज्ञता की ।

'आनम्राः स्तबकभरेण पल्लविन्यः शोभन्ते कति न लताः परागपूर्णाः ।

आमोदे मधुनि च मार्दवे च तासां यो भेदः स खलु मधुव्रतैकवेद्यः' ॥

यह सन्तोष व्यक्त किया जा रहा है कि आप में परखने की अचूक सामर्थ्य होने से यदि मैं योग्य हो जाऊँ तो आपका आना निश्चित है ॥५१ ॥

किन्तु प्रथमतः तो मुझमें योग्यता आना ही असंभव है, और कथंचित् आयी भी तो वह इतनी कम होगी कि उसके अनुपात से यदि अनुग्रह हुआ तो संसारदावानल क्योंकर शान्त होगा ? इस द्विविध चिन्ता को मेघ-अन्योक्ति से हटाते हैं—

कारुण्यामृतवर्षिणं घनविपद्ग्रीष्मच्छिदाकर्मठं
विद्यासस्यफलोदयाय सुमनःसंसेव्यमिच्छाकृतिम् ।
नृत्यद्भक्तमयूरमद्रिनिलयं चञ्चज्जटामण्डलं
शम्भो वाञ्छति नीलकन्धर सदा त्वां मे मनश्चातकः ॥५२ ॥

शम्भो = हे शम्भो ! नीलकन्धर = हे नीलकण्ठ ! कारुण्यामृतवर्षिणम् = करुणामृत बरसाने वाले, घनविपद्ग्रीष्मच्छिदाकर्मठम् = घोर तिपत्तिरूप गर्मी को हटाने में चतुर, विद्यासस्यफलोदयाय = ज्ञानरूप खेती के पकने के लिये, सुमनःसंसेव्यम् = शुद्ध चित्त वालों द्वारा भली प्रकार सेवित, इच्छाकृतिम् = स्वेच्छा से (या भक्तेच्छा से) नाना आकृतियाँ लेने वाले, नृत्यद्भक्तमयूरम् = नाचते हुए भक्त रूप मोरों से घिरे, अद्रिनिलयम् = पहाड़ पर रहने वाले, चंचज्जटामंडलम् = हिलती जटा वाले, त्वाम् = आपको, मे = मेरा, मनश्चातकः = मनरूप चातक, सदा = हमेशा, वाञ्छति = चाहता है ।

इस श्लोक को मेघपरक भी समझना चाहिये । कल्याण करने वाला होने से वह शम्भु है । नीले जल को धारण करने वाला नीलकन्धर है । करुणापूर्वक जब बरसाता है तब गर्मी, जो स्वयं एक विपत्ति है उसे हटाता है । भले किसान अच्छी खेती के लिये उससे प्रार्थना करते ही हैं । इच्छानुसार मेघ अपनी आकृतियाँ बदलता रहता है । भक्त की तरह मोर उसे देख नाचते हैं । ऊँचा होने से मानो वह पर्वतों पर टिका रहता है । बादल के उत्तमांग जटा की तरह हिलते प्रतीत होते हैं । चातक बादल की आस लगाये रहता है यह प्रसिद्ध ही है । मेघ की विशेषता है कि यह योग्यता देख कर नहीं बरसता, योग्य अयोग्य सभी स्थानों पर निष्पक्ष होकर बरस जाता है । ऐसे ही भगवान् हमारी योग्यता की अपेक्षा किये बिना हम पर कृपा करें, यह तात्पर्य है । दूसरी विशेषता बादल की है कि चाहने वाले के हिसाब से यह जल नहीं बरसाता, अपने ही हिसाब से बरसा देता है ।

'चातकः स्वानुमानेन जलं प्रार्थयतेऽम्बुदात्। स स्वौदार्यतया सर्वां प्लावयत्यम्बुना महीम्' ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ऐसे ही भगवान् की कृपा से संसाररोग की निवृत्ति के लिये पर्याप्त औषधि प्राप्त हो जाती है, हमारे पास सामर्थ्य हो, चाहे न हो। भक्ति मार्ग पर चलने के दो ढंग बताये गये हैं, एक बन्दर की तरह और दूसरा बिल्ली की तरह। बन्दर का बच्चा खुद अपनी माता से चिपकता है जबकि बिल्ली का बच्चा खुद कुछ नहीं करता, अपनी माता को ही सब करने देता है, बिल्ली अपने बच्चे को मुँह में पकड़ कर इधर-उधर रखती है। इसी प्रकार भक्ति करने का एक तरीका है— हम प्रयास करें, योग्य बनें। इसे तो पूर्व श्लोक में ध्वनित किया था।

दूसरा तरीका है— भगवान् के ही आसरे रहें। यह इस श्लोक में सूचित है। किंतु इस प्रकार में जो दृढता चाहिये वह चातक के रूपक से बतायी। चातक चाहे प्यासा मर जाये लेकिन वह बादल से गिरता हुआ पानी ही पीता है, ऐसी कविप्रसिद्धि है। हम भी आमरण दृढता से केवल भगवान् को चाहें, और कुछ हमारी इच्छा का विषय न बने, तब हम इस ढंग को अपना सकते हैं। अपनी मानसिकता के अनुसार चुनाव करना चाहिये। स्वयं अपने को धोखा देंगे तो हमें ही नुकसान होगा यह समझ लेना चाहिये। चातक तो प्यास लगने पर ही मेघ को चाहता है पर भक्त का मनश्चातक तो *सदा वाञ्छति* यह विशेष है। इस प्रसंग में यह भी जानना चाहिये कि आचार्य बता रहे हैं कि बादल, भ्रमर, मयूर आदि को देखकर हमें परमात्मा की याद आनी चाहिये, तब अनुस्मरण का अभ्यास होगा ॥५२॥

बादल का तो कोई निश्चय नहीं कब आये, भवदुःख तो अभी साक्षात् सता रहा है, अतः कोई स्फुट उपाय होना चाहिये— यह आकांक्षा होने पर स्वयं रहस्य दर्शा देने वाले मयूर के रूप में भगवान् का वर्णन करते हैं—

आकाशेन शिखी समस्तफणिनां नेत्रा कलापी नता-
नुग्राहिप्रणवोपदेशनिनदैः केकीति यो गीयते।
श्यामां शैलसमुद्भवां घनरुचिं दृष्ट्वा नटन्तं मुदा
वेदान्तोपवने विहाररसिकं तं नीलकण्ठं भजे ॥५३॥

तम् = उस, **नीलकण्ठम्** = नीलकण्ठ का (भगवान् व मोर का), **भजे** = भजन करता हूँ, **यः** = जो, **आकाशेन** = आकाश से, **शिखी** = कलगी वाला है (आकाश ही जिसकी कलगी है), **समस्तफणिनाम्** = सभी साँपों के, **नेत्रा** = राजा से, **कलापी** = भूषण वाला है (परों वाला है), **नतानुग्राहिप्रणवोपदेशनिनदैः** = प्रणत भक्तों पर अनुग्रह करने वाले प्रणव के उपदेशरूप शब्दों से, **यः** = जो, **केकीति** = 'के-का'-ऐसी आवाज वाले के रूप से, **गीयते** = प्रशंसित होता है, **घनरुचिम्** = बादल-सी छवि वाली, **शैलसमुद्भवाम्** = पर्वतपुत्री, **श्यामाम्** = श्यामा पार्वती को, **दृष्ट्वा** = देखकर, **मुदा** = आनन्द से, **नटन्तम्** = नाचता है (और), **वेदान्तोपवने** = वेदान्तरूप बगीचे में, **विहाररसिकम्** = विहार करने का रसिक है।

इस श्लोक में भगवान् को दिव्य मयूर बताया है। कलगी, पर, केका-ध्वनि, बादल देखकर नाचना व बगीचों में विहार करना मोरों में स्वाभाविक है। यह सब विशिष्ट ढंग से महादेव में भी है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'अग्निर्मूर्धा' (मुं. २.१.४),

'द्यौर्मूर्धानं यस्य विप्रा स्तुवन्ति खन्नाभिं वै चन्द्रसूर्यौ च नेत्रे ।

दिशः श्रोत्रे चरणौ चास्य भूमिः सोऽचिन्त्यात्मा सर्वभूतप्रसूतिः' ॥ (वायुपु. ९.११२) ॥

आदि श्रुति-स्मृति में जैसे पुमाकार वर्णन, '*अन्तरिक्षमपूपः' (छा. ३.१.१)* आदि में मधुमखियों के छत्ते के आकार का वर्णन, '*उषा वा*' (बृ. १.१) आदि में घोड़े के आकार का वर्णन है, वैसे यहाँ मोर के आकार का वर्णन है । इसे उपासनार्थ भी समझना चाहिये ।

मोर की एक विलक्षण विशेषता है: अत्यधिक लम्बे व भार से झुके पंख होने से मोर का गुदारूप गुह्यस्थान दीखना कठिन है पर बादल की आवाज से प्रसन्न हो जब वह नाचता है तो अनायास ही उसे वह खुद दिखा देता है—

'यत्नादपि कः पश्यति शिखिनामाहारनिर्गमस्थानम् ।

यदि जलदनिनदमुदितास्त एव मूढा न नृत्येयुः' ॥ पंच. १.४४१ ॥

यही स्थिति करुणामय श्रीमहेश्वर की है । उनकी गुह्य स्थिति— हृदय गुहा में स्थिति— हम युक्ति या किसी भी प्रकार से जान नहीं सकते । वे ही अपनी करुणाशक्ति के कारण वेदान्तों में प्रत्यक्षर विहार करते और महावाक्यों में नाचकर उसे दिखा देते हैं । अतः बादल का भरोसा कर इन्तजार भारी लगे तो वेदान्तोपवन में चले जाना चाहिये जहाँ नाचते हुए नीलकण्ठ के कारण अक्षय शान्ति यों ही उपलब्ध है ॥५३ ॥

मोर भी गर्मी की समाप्ति पर, वर्षा आने पर नाचता है । इस अलौकिक मोर को नाचने के लिये कैसी ऋतु चाहिये , यह बताते हुए इसका नृत्य प्रतिदिन होता है अतः अधिक प्रतीक्षा की आवश्यकता नहीं, यह बताते हैं—

सन्ध्या घर्मदिनात्ययो हरिकराघातप्रभूतानक-

ध्वानो वारिदगर्जितं दिविषदां दृष्टिच्छटा चंचला ।

भक्तानां परितोषबाष्पविततिर्वृष्टिर्मयूरी शिवा

यस्मिन्नुज्ज्वलताण्डवं विजयते तं नीलकण्ठं भजे ॥५४ ॥

तम् = उन, **नीलकण्ठम्** = नीलकण्ठ का, **भजे** = (मैं) भजन करता हूँ, **(यस्य** = जिनका), **उज्ज्वलताण्डवम्** = प्रशस्त ताण्डव नृत्त, **विजयते** = सर्वोत्कृष्ट है, **यस्मिन्** = जिस (ताण्डव) में, **सन्ध्या** = सन्ध्या वेला, **घर्मदिनात्ययः** = गर्मी के दिनों की समाप्ति है, **हरिकराघातप्रभूतानकध्वानः** = विष्णु के हाथ की थाप से होने वाली ढोल की तेज आवाज, **वारिदगर्जितम्** = बादलों का गर्जन है, **दिविषदाम्** = देवताओं की, **दृष्टिच्छटा** = नेत्रों की पंक्ति, **चञ्चला** = (चमकती) बिजली है, **भक्तानाम्** = भक्तों के, **परितोषबाष्पविततिः** = सन्तोष के आँसुओं की भरमार, **वृष्टिः** = बरसात है (और), **शिवा** = भगवती पार्वती, **मयूरी** = मोरनी है ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उमारमण के नृत्य के लिये आवश्यक वातावरण यहाँ बताया है। नित्य प्रदोष काल में नटराज का नृत्य होता है यह प्रसिद्ध है। अपने अहंकार के सूर्य के अस्त होने की ही प्रतीक्षा है, उस सायंसन्ध्या में ही भगवान् का आनन्द ताण्डव होगा। अपने कर्तृत्व का तालमेल भगवान् के पदचापों से मिलाना ही *हरिकराघातप्रभूतानवध्वान* है। नर्तक काअनुसरण ढोल वाला किया करता है। अभी हम भगवल्लीला में बेताला ढोल बजाते फिरते हैं जिससे कष्ट भी हमें ही है। हमारा कुछ भी करना तभी सफल होता है जब चाहकर या अनुमान से वह भगवदिच्छा के अनुकूल पड़ जाये। अभ्यास करना है कि हम भगवान् की इच्छा के अनुसार ही करें। तब ढोल की संगत ठीक होगी। श्रुति-स्मृति में भगवान् की इच्छाएँ प्रकाशित ही हैं। सभी इन्द्रियों से इस नृत्य को देखना है। मोरनी के लिये मोर नाचता है। भगवान् भी करुणा के लिये ही नाचते हैं। अतः हमें निःसंदेह परितोष मिल सकता है। प्रदोष काल भगवान् का प्रिय काल है अतः उस समय अवश्य पंचाक्षर जप आदि भजन करना चाहिये। उक्त अहंकारनिवृत्ति आदि के लिये प्रयास करना चाहिये तथा इस ढंग से नाचते हुए भगवान् के मोररूप का ध्यान करना चाहिये। मोर देखकर भगवान् का अनुस्मरण हो यह तो इष्ट ही है ॥५४॥

अव रूपक, अन्योक्ति को छोड़ सीधे ही भगवत्स्वरूप का दो श्लोकों में वर्णन अनुस्मरणार्थ करते हैं—

आद्यायामिततेजसे श्रुतिपदैर्वेद्याय साध्याय ते
विद्यानन्दमयात्मने त्रिजगतः संरक्षणोद्योगिने।
ध्येयायाखिलयोगिभिः सुरगणैर्गेयाय मायाविने
सम्यक्ताण्डवसम्भ्रमाय जटिने सेयं नतिः शम्भवे ॥५५॥

आद्याय = सबके कारण, **अमिततेजसे** = असीम तेज वाले, **श्रुतिपदैः** = श्रुति के शब्दों द्वारा, **वेद्याय** = ज्ञेय, **साध्याय** = साधना द्वारा पाने योग्य, **विद्यानन्दमयात्मने** = ज्ञान व आनन्द स्वरूप वाले, **त्रिजगतः** = तीनों लोकों के, **संरक्षणोद्योगिने** = संरक्षण के लिये प्रयासशील, **अखिलयोगिभिः** = सब योगियों द्वारा, **ध्येयाय** = ध्येय, **सुरगणैः** = देवताओं द्वारा, **गेयाय** = जिनकी कीर्ति का गान किया जाता है, **मायाविने** = माया के अधिष्ठाता, **सम्यक्ताण्डवसंभ्रमाय** = ठीक तरह ताण्डव करने में उत्साह वाले, **जटिने** = जटाधारी, **ते** = आप, **शम्भवे** = शम्भु के लिये, **सा** = वह (सत्संस्कार उदय होने पर संभव), **इयम्** = यह (मुझ अलब्धाधिकार द्वारा किया जाता), **नतिः** = नमस्कार है।

अमिततेज से अविषयीकृत ज्ञान समझना चाहिये। अथवा *आद्याय* से जन्मकारण, *संरक्षणोद्योगिने* से स्थितिकारण और *अमिततेजसे* से लयकारण समझना चाहिये। सारे संसार के लय के लिये आवश्यक तेज भगवान् का ही है। क्योंकि परमेश्वर सिद्ध है इसलिये *साध्याय* की व्याख्या के लिये भी *ज्ञेयाय* समझना चाहिये। *विद्यानन्दमयात्मने* से स्वरूप लक्षण बताया है। यहाँ मयट् स्वार्थक ही है। *अखिलयोगिभिः* से कहा कि जो अन्यों का ध्यान करते हैं वे भी अज्ञान पूर्वक भगवान् का ही ध्यान करते हैं। इसमें '*येप्यन्यदेवताभक्ता.... मामेव.... यजन्त्यविधिपूर्वकम्*' (*गी. ९.२३*) इस स्मृति को प्रमाण

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जानना चाहिये। *सुरगणैः* आदि से देवाधिदेवरूपता बतायी। इसमें *'भीषास्माद्वातः पवते'* (*तै. २.८*) आदि वाक्य प्रमाण हैं। माया का नियन्त्रण करने वाले परमेश्वर हैं यह *'ईक्षतेर्नाशब्दम्'* (*ब्र.सू. १.१.५*) आदि शास्त्रप्रसंग में निर्धारित है। सांख्यवाद की तरह माया कोई स्वतन्त्र तत्त्व भाष्यकारीय तन्त्र में नही माना गया है। *'प्रकृतिं स्वामधिष्ठाय'* (*गी. ४.६*) आदि वाक्य इसमें प्रमाण है। लोकसंग्रहार्थ की गयी भगवल्लीला भी ठीक तरह ही की जाती है। जट् धातु जुड़ना अर्थ वाला है। जुड़े होने पर ही बालों को जटा कहते हैं। जटा वाला जटी कहाता है। माया से जुड़ा रूप भी भगवान् का है यह तात्पर्य है। पर व अपर दो ब्रह्म नहीं हैं। प्रकृत प्रसंग में जीव-ब्रह्म की एकता का विषय न होने से श्रुति-वाक्यों को छोड़कर श्रुतिपदों का संग्रह किया है। यह ज्ञात ही है कि अभेद वाक्यार्थ है, पदार्थ नहीं। *'वेदैश्च सर्वैरहमेव वेद्यः'* (*गी. १५.१५*) आदि स्मार्तवचन व *'तत्तु समन्वयात्'* (*ब्र.सू. १.१.४*) आदि सूत्र इसमें प्रमाण हैं। समस्त वेद भगवदेकपरक हैं इसे नीलकण्ठ दीक्षित ने विलक्षण ढंग से कहा है—

'मन्त्रे वा क्वचिदर्थवादशकले दिष्ट्या गृहीते सकृत्
स्वे नाम्नि त्रिदशा वहन्ति महतीं कीर्तिं यदीयोक्तिषु।
श्वानस्ते निगमा यदीयभवनद्वारे चरन्ति स्वतः
स स्वामी मम दैवतं तदितरो नाम्नाऽपि नाम्नायते'॥*शिवोत्कर्षमंजरी ८*॥

योगी भगवान् का ध्यान करते हैं यह बताकर योग का भक्तिमार्ग में स्थान है यह सूचित किया है। शाण्डिल्य महर्षि ने भी कहा है कि चित्तवृत्तिनिरोधरूप योग ज्ञान और भक्ति दोनों का उपकारक है:—*'योगस्तूभयार्थमपेक्षणात्प्रयाजवत्'* (*शां. सू. १९*)॥५५॥

अनुस्मरण बार-बार करना चाहिये यह उपदेश देने के लिये तथा दूरस्थ भगवान् के वर्णन का उपसंहार करने के लिये पुनः भगवान् का निर्व्याज वर्णन करते हैं—

नित्याय त्रिगुणात्मने पुरजिते कात्यायनीश्रेयसे
सत्यायादिकुटुम्बिने मुनिमनःप्रत्यक्षचिन्मूर्तये।
मायासृष्टजगत्त्रयाय सकलाम्नायान्तसंचारिणे
सायन्ताण्डवसम्भ्रमाय जटिने सेयं नतिः शम्भवे॥५६॥

नित्याय = आदि- अन्त रहित, त्रिगुणात्मने = तीनों गुणों के अधिष्ठान, कात्यायनीश्रेयसे = भगवती पार्वती के लिये परम कल्याण (मंगल) रूप, सत्याय = सदा अबाध्य, आदिकुटुम्बिने = (जगत्पिता होने से) प्रथम गृहस्थ, मुनिमनःप्रत्यक्षचिन्मूर्तये = चिन्मात्र रूपसे मुनियों को मन के द्वारा साक्षात् प्रत्यक्ष, मायासृष्टजगत्त्रयाय = माया से त्रिलोकी को उत्पन्न कर चुके, सकलाम्नायान्तसंचारिणे = समस्त वेदान्तों के प्रतिपाद्य, सायन्ताण्डवसम्भ्रमाय = शाम को ताण्डव करने के प्रति उत्साह वाले, जटिने = जटाधारी (आप), शम्भवे = शम्भु के लिये, सा = वह (महत्फल वाला), इयम् = यह (बार-बार किया जाता)। नतिः = नमस्कार है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सत्वादि तीनों गुण महेश्वर में ही अध्यस्त हैं । अत एव तत्तद्गुण के प्राधान्य से प्रसिद्ध त्रिमूर्ति भी भगवान् की ही है । बाण ने मंगलाचरण किया है—

'रजोजुषे जन्मनि, सत्त्ववृत्तये स्थितौ, प्रजानां प्रलये तमःस्पृशे ।

अजाय सर्गस्थितिनाशहेतवे त्रयीमयाय त्रिगुणात्मने नमः' ॥ कादं ॥

पुष्पदन्ताचार्य ने '*बहुलरजसे.... निस्त्रैगुण्ये शिवाय नमो नमः*' में यही कहा है । वेदसारशिवस्तोत्र में भी—

'त्वत्तो जगद्भवति देव भव स्मरारे त्वय्येव तिष्ठति जगन्मृड विश्वनाथ ।

त्वय्येव गच्छति लयं जगदेतदीश लिंगात्मके हर चराचर विश्वरूपिन्' ॥(स्तुतिकदंब पृ. ५६)

इसे बताया है । '*यतो वा इमानि*'(तै. ३.१)आदि श्रुति व '*जन्माद्यस्य यतः*'(१.१.२) आदि सूत्र स्पष्ट ही जन्मादि तीनों का कारण एक है यह बताते हैं । शक्तिरूप भगवती के लिये शक्तिमान् शिव ही मंगल हैं । सारे संसार के माता पिता होने से शिव पार्वती ही प्रथम दम्पती है । इससे यह बताया कि हम सब भगवान् के ही कुटुम्बी हैं अतः आपसी वैर आदि नहीं रखना चाहिये । '*कुटुम्बं त्रैलोक्यम्*' (आनन्दलहरी १५) आदि अन्यत्र भी कहा है । मन की अपेक्षा भी प्रत्यक्ष हैं यह तात्पर्य है । अन्यत्र की अपेक्षा उपनिषदों में अधिक स्पष्ट भगवत्प्रतिपादन होने से पहले (५५) *श्रुतिपदैः* कहकर अब *आम्नायान्त* कहा है । स्मरण, नमन आदि का अभ्यास कर्तव्य है ॥ ५६ ॥

अनुस्मरणार्थ किये अब तक के वर्णन में अपने से दूर ही भगवान् का चित्रण किया । अब अपने अतिनिकट अंतर्यामी रूप का वर्णन करते हैं जिसका अनुस्मरण आलम्बनान्तर की अपेक्षा के बिना ही संभव है—

नित्यं स्वोदरपूरणाय सकलानुद्दिश्य वित्ताशया
व्यर्थं पर्यटनं करोमि भवतः सेवां न जाने विभो ।
मज्जन्मान्तरपुण्यपाकबलतस्त्वं शर्व सर्वान्तर-
स्तिष्ठस्येव हि तेन वा पशुपते ते रक्षणीयोस्म्यहम् ॥५७ ॥

विभो = हे व्यापक नियन्ता ! **शर्व** = हे लयकर्ता ! **पशुपते** = हे सर्वजीव-पालनकर्ता ! **स्वोदरपूरणाय** = अपना पेट भरने के लिये, **वित्ताशया** = धन प्राप्ति की आशा से, **सकलान्** = सभी से, **उद्दिश्य** = माँगने के उद्देश्य से, **व्यर्थम्** = निष्फल ही, **नित्यम्** = हमेशा, **पर्यटनम्** = भ्रमण, **करोमि** = करता रहता हूँ । **भवतः** = आपकी, **सेवाम्** = सेवा को, **जाने** = कोई महत्त्व देने के प्रति, **न** = जागरूक नहीं हूँ । **मज्जन्मान्तरपुण्यपाकबलतः** = (मानो) पूर्व जन्मों में किये मेरे पुण्यों के फलित होने की अवस्था में आ चुकने के कारण (अर्थात् मेरे सौभाग्य से), **हि** = क्योंकि, **त्वम्** = आप, **सर्वान्तरः** = सबके अन्दर (अतः मुझ में भी), **तिष्ठसि** = रहते हैं, **एव** = ही, **तेन** = इसलिये, **वा** = भी (मेरे प्रयास न करने पर भी), **ते** = आप द्वारा, **अहम्** = मैं, **रक्षणीयः** = बचाने योग्य, **अस्मि** = हूँ ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain. Digitizagtion by eGangotri

क्योंकि आप पालनकर्ता हैं और सबको शासित रखते हैं तथा संसारसमाप्ति कर सकते हैं इसलिये मेरा ऐसा पालन कीजिये कि आपकी आज्ञानुसार दुःख मेरे पास न आये और मेरा भवरोग समाप्त हो जाये, यह सम्बोधनों का तात्पर्य है। हमारी स्थिति तो यह है कि भस्मक रोग से पीड़ित होने से हमारी भूख मिटने का नाम नहीं लेती जिससे सदा विषय से सुख की भीख माँगते रहते हैं। कोई टुकड़ा डाल देता है कोई धत्ता बता देता है, पर अब तक कोई दानवीर नहीं मिला, जिसने पेट भर दिया हो। अतः अब तक घूमना व्यर्थ ही हुआ, जिसके फलस्वरूप जब तक सार्थक न होगा, तब तक माँगते रहेंगे और संसार का स्वरूप ऐसा है कि हमें नित्य ही भटकना पड़ेगा। जैसे विषयों से भीख माँगते हैं वैसे शरीर व इंद्रियों से भी— कर्तृत्त्व व भोक्तृत्व पाने के लिये द्विविध शरीर से याचना करते हैं: आँख मुझे द्रष्टृत्व दे दे, पैर गन्तृत्व दे इत्यादि। इस उधार को चुकाने के लिये विषयों से सुख का उधार लेते हैं और फिर उस उधार को चुकाने के लिये कर्तृत्वादि का उधार ले लेते हैं। यह व्यापार कभी समाप्त होने का नहीं। हाँ, एक ही तरीका है, दोनों देनदारों को आपस में मिला दें— वे दोनों आपंस में निर्णय कर लें और हम पल्ला झाड़ लें—'*गुणा गुणेषु वर्तन्त इति मत्त्वा*' (गी.३.२८)। किंतु जब तक यह हिम्मत न हो तब तक अन्तर्यामी की सेवा के लिये फुरसत नहीं मिलती। पर एक आशा अवश्य है कि भगवान् मेरे अंदर स्थित हैं, वे सारा उधार चुका देंगे। यद्यपि भगवान् करुणास्वभाव से ही हमारे अंदर बैठे हैं तथापि लेनदेन के व्यवहार में लिप्त होने से मुझे लगता है वे भी किसी पुण्यवश वहाँ आये हैं। जो हो, अब उन्हीं का भरोसा है। यहाँ यह समझना चाहिये कि जब हम कोई वैषयिक व्यवहार करें तब 'मैं भिखमंगा बन रहा हूँ', ऐसी दृष्टि कर अन्तर्यामी रूप से स्थित परमात्मा का अनुस्मरण करना चाहिये— यह बताया जा रहा है। व्यवहार हमेशा रहेगा। अतः इस अनुस्मरण में बादल या मोर देखने की प्रतीक्षा नहीं और अपने निकटतमरूप से भगवान् को याद किया जायेगा। *तिष्ठस्येव* से ध्वनित किया कि आप मुझ में रहते हैं तो कुछ तो किराया दीजिये, अधिक नहीं माँगता, बस दोनों उधार उतर जायें इतना ही दे दीजिये। तात्पर्य है कि अपनी साक्षिता के प्रति हम जागरूक हों तो भीख माँगनी नहीं पड़ेगी। यहाँ *सर्वान्तरः* कहकर शिवभक्ति में सबका अधिकार है यह बता दिया। इसमें ये सौर पुराण वचन (१२.७१, ६४.१५) प्रमाण हैं—

'ब्राह्मणाः क्षत्रियाः वैश्याः शूद्राश्चान्ये च संकराः। मद्भक्तिभावनापूता यान्ति मत्परमं पदम् ॥

म्लेच्छोऽपि वा यदि भवेद्भवभक्तिसमन्वितः। न तत्समश्चतुर्वेदी नाग्निष्टोमादियज्ञकृत्' ॥

स्त्रियों को भी शिवभक्ति में रुकावट नहीं: '*ब्रह्मक्षत्रविशःशूद्राः स्त्रियश्चात्राधिकारिणः*' (शिवगी.१६.२)। अनुपनीत भी नामसंकीर्तनादि कर सकता है '*नामसंकीर्तने ध्याने सर्व एवाधिकारिणः*' (शिवगी. १६.११)। भस्म व रुद्राक्ष सभी धारण कर सकते हैं '*सर्वेण सर्वदा कार्यं भूतिरुद्राक्षधारणम्*' (वहीं २०)। शिवसर्वस्व भविष्य पुराण में (द्र. निर्णयसि. पृ. २४१) कहा है—

'यस्तु पूजयते लिङ्गं देवादिं मां जगत्पतिम्। ब्राह्मणः क्षत्रियो वैश्यः शूद्रो वा मत्परायणः ॥

तस्य प्रीतः प्रदास्यामि शुभाँल्लोकाननुत्तमान्' ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

स्कन्दपुराण का वचन है—

'शूद्रः कर्माणि यो नित्यं स्वीयानि कुरुते प्रिये ।तस्याहमर्चां गृह्णामि चन्द्रखण्डविभूषिते' ॥

किंतु यह ध्यान रखना चाहिये कि जिन स्थानों पर मर्यादित धर्माचरण करने वालों द्वारा पूजा करने का अधिकार सीमित किया है, उनमें जबरदस्ती पूजनार्थ प्रयास दोष का ही कारण है क्योंकि वह भक्ति से प्रेरित नहीं है । भक्ति से प्रेरित व्यक्ति इष्टस्थान के नियमों का उल्लंघन करना चाहे यह असंभव है । ऐसे ही प्रतिष्ठा करने में कुछ को शास्त्र ने अनधिकारी बताया है । उन्हें प्रतिष्ठा नहीं करनी चाहिये, जिन लिंगों में पूजा करने का अधिकार है वहाँ पूजा कर लेनी चाहिये । यदि कोई ऐसा देवालय न मिले तो बेल के वृक्ष अथवा फल में ही शिवपूजा कर लेनी चाहिये ।कहा गया है (शि. गी. १६.३१)—

'बिल्ववृक्षे तत्फले वा यो मां पूजयते नरः। परां श्रियमभिप्राप्य मम लोके महीयते' ॥

बिना शिवाराधना किये किसी भी परिस्थिति में भोजन नहीं करना चाहिये ।

'न चैवापूज्य भुञ्जीत शिवलिंगे महेश्वरम् ।सूतके मृतके चैव न त्याज्यम् शिवपूजनम्' ॥

(निर्णयसि. पृ. २४४) ।

अन्यत्र रुकावटे हों तो स्वयं में शिवदृष्टि करना रूप सर्वोत्तम पूजा सबके लिये सुलभ है । शिवगीता में (१६. ३८) कहा है—

'आत्मपूजासमा नास्ति पूजा रघुकुलोद्भव । सत्सायुज्यमवाप्नोति चण्डालोप्यात्मपूजया' ॥

द्रव्यादि न हों तो मानस पूजा ही कर लेनी चाहिये । तात्पर्य है कि जाति, लिंग आदि के कारण शिवभक्ति के मार्ग पर चलने में कोई रुकावट नहीं । इतना अवश्य है कि सब के लिये निर्धारित मार्ग (lanes) हैं जिन पर चलें तो टक्कर हुए बिना शिवभक्तिरूप घण्टापथ पर सब चल सकते हैं ॥५७ ॥

जैसे अंगप्रकरण को प्रार्थना से समाप्त किया था (४९) वैसे इस अनुस्मरणशेषतया भगवद्वर्णन-प्रकरण को प्रार्थना द्वारा समाप्त करते हैं—

एको वारिजबान्धवः क्षितिनभोव्याप्तं तमोमण्डलं
भित्त्वा लोचनगोचरोऽपि भवति त्वं कोटिसूर्यप्रभः ।
वेद्यः किं न भवस्यहो घनतरं कीदृग्भवेन्मत्तम-
स्तत् सर्वं व्यपनीय मे पशुपते साक्षात्प्रसन्नो भव ॥५८ ॥

पशुपते = हे पशुपति !, वारिजबान्धवः = सूर्य, एकः = एक ही है, अपि = फिर भी, क्षितिनभोव्याप्तम् = पृथिवी से आकाश तक फैले, तमोमण्डलम् = अन्धकाररूप पिण्ड को, भित्त्वा = नष्ट कर, लोचनगोचरः = दृष्टिगोचर, भवति = हो जाता है । त्वम् = आप (तो), कोटिसूर्यप्रभः = करोड़ों सूर्यों की प्रभावाले हैं, (फिर), किम् = क्यों, न = नहीं, वेद्यः = (मेरे लिये आप)

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ज्ञेय, भवसि = हो जाते ? अहो = आह, मत्तमः = मेरा अज्ञानान्धकार, कीदृक् = कैसा, घनतरम् = अत्यधिक गहरा है ! तत् = उस, सर्वम् = सारे अन्धेरे को, व्यपनीय = हटाकर, साक्षात् = (आप) स्वयम्, मे = मुझ पर, प्रसन्नः = प्रसन्न, भव = होइये ।

पूर्वश्लोक में भगवान् को सर्वान्तर कहा था । सर्वान्तर हैं तो सर्ववेद्य होने चाहिये पर हैं नहीं, अतः किसी अंधेरे ने उन्हें ढक रखा है । उन्हें क्या ढाँकेगा, हमें उनसे ढाँके रखा है । अतः उनसे प्रार्थना है कि उस अन्धकार को वे ही निवृत्त करें । *प्रसन्नो भव* की ही व्याख्या *साक्षाद्भव* है ऐसा समझना चाहिये । अविद्यनिवृत्त्युपलक्षित चित् ही भगवान् की प्रसन्न अवस्था है । *व्यपनीय साक्षाद्भव* का तात्पर्य है कि आप तो अभी भी साक्षात् हैं पर तम के कारण मुझे समझ नहीं आ रहा है, तमोनिवृत्ति ही प्रार्थनीय है, आप तो साक्षात् हैं ही । अन्धकार के दृष्टान्त से और तरप्प्रयोग से अज्ञान की भावरूपता बतायी । भट्टजगद्धर ने (स्तु. कु. १०.६५-६६) भी ऐसा भाव एक युग्म में प्रकट किया है

'चिन्तामणिः स्फटिकजातिरचेतनोऽपि कल्पद्रुमः कठिनकाष्ठविनिर्मितोऽपि ।

तिर्यग्दशामपि गता किल कामधेनुर्भाग्यैरभीष्टफलदाः कृतिनां भवन्ति ॥

त्वं तु प्रभो त्रिभुवनैकमहेश्वरोऽपि पर्याप्तशक्तिरपि पूर्णकृपार्णवोऽपि ।

आक्रन्दतोऽपि करुणं विधिवंचितस्य त्यक्तादरोऽसि मम दर्शनमात्रकेऽपि' ॥

ऐसे ही उन्होंने अन्यत्र (३३.२४) भी अपने भाग्य को कोसा है । काश्मीर के ही भक्त कवि उत्पलदेव ने भी अपनी स्थिति पर आश्चर्य व्यक्त किया है—

'तत्किं नाथ भवेन्न यत्र भगवान् निर्मातृतामश्नुते

भावः स्यात्किमु तस्य चेतनवतो नाशास्ति यं शंकरः ।

इत्थं ते परमेश्वराक्षतमहाशक्तेः सदा संश्रितः

संसारेऽत्र निरन्तराधिविधुरः क्लिश्याम्यहं केवलम्' ॥स्तो. ११.१२ ॥

यहाँ तक अनुस्मरण वर्णित हुआ ॥५८ ॥

भक्तिस्वरूप की चर्चा उपोद्घात में की जा चुकी है । परम प्रेम की अभिव्यक्ति को भक्ति समझना चाहिये । किन्तु भगवद्विषयकतामात्र से प्रेम की भक्तिता स्वीकार ली जाती है; परमता न होने पर भी यदि भगवान् से प्रेम है व उसे प्रकट किया जाये तो भी कहा जाता है 'यह भक्ति कर रहा है' । अतः भक्ति के अनेक प्रकार सम्भव हो जाते हैं, प्राकट्यवैविध्य से ही नहीं, प्रेमवैविध्य से भी । प्राकट्यवैविध्य श्रवणादिभेद से व शरणागतिभेद से पहले बताया जा चुका है । अब अपरवैविध्य सोलह दृष्टान्तों से तीन श्लोकों में प्रतिपादित किया जा रहा है । तृतीय श्लोक में उदात्तस्वरूप को बतायेंगे, पहले सामान्य रूपों को बताते हैं:—

हंसः पद्मवनं समिच्छति यथा नीलाम्बुदं चातकः

कोकः कोकनदप्रियं प्रतिदिनं चन्द्रं चकोरस्तथा ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

चेतो वाञ्छति मामकं पशुपते चिन्मार्गमृग्यं विभो
गौरीनाथ भवत्पदाब्जयुगलं कैवल्यसौख्यप्रदम् ॥५९॥

पशुपते = हे पशुपति !, **विभो** = हे व्यापक परमेश्वर !, **गौरीनाथ** = हे गिरिजाधीश !, **यथा** = जैसे, **हंसः** = हंस, **पद्मवनम्** = कमलसमूह की, **चातकः** = चातक पक्षी, **नीलाम्बुदम्** = श्यामवर्ण मेघ की, **कोकः** = चक्रवाक पक्षी, **कोकनदप्रियम्** = कमल के प्रिय सूर्य की, **चकोरः** = चकोर पक्षी, **चन्द्रम्** = चन्द्र की, **प्रतिदिनम्** = रोज, **समिच्छति** = उत्कट इच्छा रखता है, **तथा** = वैसे, **मामकम्** = मेरा, **चेतः** = हृदय, **चिन्मार्गमृग्यम्** = ज्ञानरूप मार्ग से ढूँढे जा सकने वाले, **कैवल्यसौख्यप्रदम्** = मोक्षरूप सुख देने वाले, **भवत्पदाब्जयुगलम्** = आपके चरणकमलद्वय की, (**प्रतिदिनम्** = निरन्तर), **वाञ्छति** = उत्कट इच्छा करता है ।

यहाँ कुछ कविप्रसिद्धियों का सहारा लिया गया है । हंस कमल खाता है, वही उसका भोजन है यह माना जाता है । चातक बादल से गिरता पानी ही पीता है, अन्य पानी नहीं । चक्रवाकों का जोड़ा सूर्य के रहते साथ रहता है, सूर्य डूब जाने पर बिछुड़ जाता है । चकोर का आहार चन्द्रज्योत्स्ना है । इन्हीं पक्षियों की तरह नाना अधिकारी भगवान् को चाहते हैं । हंस पद्म चाहता है पर कोई निश्चित पद्म इसकी इच्छा का विषय नहीं । साथ ही एक पद्म से इसे तृप्ति भी नहीं, पद्मवन चाहिये । वैसे कुछ लोग परमेश्वर को चाहते हैं पर इनको किसी निश्चित स्वरूप की इच्छा नहीं । जब जैसा स्वरूप प्रतीत हुआ या किसी ने समझा दिया तब वैसे स्वरूप की ही इच्छा कर ली । साथ ही इन्हें एक परमात्मा से सन्तोष नहीं होता— विश्वास नहीं होता कि एक परमात्मा ही सर्वसमर्थ है । ये नाना देवताओं की सेवा में लगे रहते हैं । संसार से उत्कृष्ट तत्त्वविषयक होने से यह भी है भक्ति ही, पर निकृष्ट भक्ति ही है । चातक की कामना बादल से मिलने वाले पानी की हैः वह बादल को चाहता हो ऐसा नहीं, उससे प्राप्य पानी को चाहता है । इस प्रकार अन्य लोग किसी आवश्यक वस्तु की प्राप्ति के लिये परमात्मा को चाहते हैं । उनका वास्तविक प्रिय परमेश्वर नहीं, उससे मिलने वाली वह वस्तुविशेष है । क्योंकि अन्य आश्रयों को छोड़ परमेश्वर से माँगने का भाव है अतः यह भी भक्ति है । इतना समझना चाहिये कि ये लोग सभी कुछ परमात्मा से माँगने वाले नहीं, कुछ वस्तुविशेषों को ही उनसे चाहते हैं । किंतु चाहते उनसे ही हैं । जैसे चातक अन्यत्र उपलभ्य जल भी नहीं चाहता वैसे ये भी उन वस्तुओं को परमशिव से ही चाहते हैं । चक्रवाक चाहता है चक्रवाकी को पर सूर्य के होने पर ही वह उसे मिलेगी इसलिये उसे सूर्य चाहिये । उसे सूर्य से कोई प्रेम नहीं । यह '*कोकनदप्रियम्*' कहकर सूचित किया । लालकमल को कोकनद कहते हैं । उसे खिलाने वाला होने से उसका प्रिय सूर्य है । प्रिय तो वह कमल का है, चाह उसे चक्रवाक रहा है । ऐसे ही कुछ सांसारिक व्यक्ति भगवान् को चाहते हैं । अभिलाषा तो उन्हें धन, यश आदि सर्वथा अन्य वस्तुओं की है पर भगवान् के कारण वे वस्तुएँ मिल जाती हैंअतः वे भगवान् की इच्छा कर लेते हैं । किंतु चातक की तरह ये अकेले भगवान् पर निर्भर नहीं, यह विशेष है । अपनी इच्छा को कथंचिद् भगवदभिमुख किया, अतः ये भी भक्त ही हैं । चकोर चन्द्र को चाहता है पर चन्द्र से प्रेम है इसलिये नहीं किन्तु इसलिये कि वह उसका भोजन है । ऐसे ही कुछ लोग धन्धा आदि के कारण भगवान् से सम्बन्ध रखते हैं, प्रेम के कारण नहीं । अन्य

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सांसारिक सम्बन्धों से भगवत्सम्बन्ध श्रेष्ठ ही है अतः यह भी भक्ति का ही एक निकृष्ट प्रकार है । चकोर की चन्द्रप्रीति जगद्धर भट्ट ने भी दृष्टान्तरूप में ग्रहण की है ।

'ज्योत्स्नाच्छटाभिरिव देव चकोरकस्य भास्वत्प्रभाभिरिव पंकजकोरकस्य ।

दैवीभिरद्भिरिव बर्हिकिशोरकस्य प्रीतिर्न ते नुतिकथाभिरघोर कस्य' ॥स्तु. कु. ९.४९ ॥

(बर्हिकिशोरक = मयूर) । इन चारों विधाओं में समानता है *प्रतिदिनम्* और *समिच्छति* की । इनके बिना ये सम्बन्ध, ये इच्छाएँ भक्ति नहीं हो पायेंगी । क्योंकि प्रकृत सब भक्त बाह्य ही किसी विषय को इष्ट बनाने वाले हैं इसलिये उन्हें उद्बोधित करते हुए आचार्य ने कहा कि वस्तुतः अपनाने योग्य तो 'चिन्मार्ग' है । हम ही चित् हैं । अतः अपने को रास्ता बनाकर जब चलेंगे, प्रत्यक् की वास्तविकता खोजेंगे तब विभु महेश्वर मिलेंगे ॥५९ ॥

सात और दृष्टान्तों से अन्य प्रकार की भक्तिप्रवृत्तियाँ बताते हैं—

रोधस्तोयहृतः श्रमेण पथिकश्छायां तरोर्वृष्टितो

भीतः स्वस्थगृहं गृहस्थमतिथिर्दीनः प्रभुं धार्मिकम् ।

दीपं सन्तमसाकुलश्च शिखिनं शीतावृतस्त्वं तथा

चेतः ! सर्वभयापहं व्रज सुखं शम्भोः पदाम्भोरुहम् ॥६० ॥

(यथा = जैसे), तोयहृतः = जल द्वारा बहाकर ले जाया गया व्यक्ति, रोधः = किनारे की ओर (जाता है), श्रमेण = परिश्रम से (थका), पथिकः = यात्री, तरोः = पेड़ की, छायाम् = छाया में (जाता है), वृष्टितः = बरसात से, भीतः = डरा व्यक्ति, स्वस्थगृहम् = पक्के मकान में (जाता है), अतिथिः = सदा पर्यटन करने वाला, गृहस्थम् = सद्गृहस्थ के पास (जाता है), दीनः = गरीब आदमी, धार्मिकम् = धर्मभीरु, प्रभुम् = दानवीर के पास (जाता है), सन्तमसा = घने अंधेरे से, आकुलः = परेशान व्यक्ति, दीपम् = दीपक के पास (जाता है), च = और, शीतावृतः = ठण्ड से पीडित व्यक्ति, शिखिनम् = आग के पास (जाता है), तथा = ऐसे ही, चेतः = हे मन ! त्वम् = तुम, सर्वभयापहम् = सब भयों का अपहरण करने वाले, शम्भोः = शम्भु के, पदाम्भोरुहम् = चरण कमल को, सुखम् = आराम से (निश्चिन्त होकर), व्रज = जाओ ।

मरते समय या ऐसे ही अत्यन्त कष्ट के काल में होने वाला भगवान् के प्रति प्रेम प्रथम दृष्टान्त से बताया है । दैवात् बचने पर वह किनारे का सहारा लिये ही रहता है । ऐसे ही इस प्रकार का भक्त यदि तात्कालिक भक्तिवशात् उस परेशानी से उबर जाये तो भक्ति को अपनाये ही रखता है । यात्री पेड़ की छाया में कुछ देर सुस्ताना भर चाहता है, वहीं रुक नहीं जाता । इस तरह कुछ लोग भगवान् को चाहते तो हैं पर केवल संसार के झमेले से परेशान मन को बहलाने के लिये । कथा प्रवचन आदि में भी अनेक श्रोता केवल इसीलिये पहुँचते हैं कि चार गंभीर, चार हल्की अच्छी तरह कही बातों से मन बहल जायेगा । क्योंकि मन बहलाने के अन्य नाटक, काव्य आदि साधनों को छोड़ कर भगवत्कथा में वे रुचि लेते हैं या

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

उसी प्रयोजन से अन्य तरह से भगवत्सम्बन्ध रखते हैं अतः भक्त उन्हें भी मानना ही चाहिये। बरसात से बचाव चाहने वाले का भाव होता है— पक्का मकान मिल जाये तो बेहतर है, नहीं मिला तो भी काम चलेगा। वह अपना रास्ता छोड़कर पक्का मकान ढूँढ़ने नहीं चल देता। रास्ते पर ही अगल-बगल देखता रहता है। कुछेक भक्तों की यही स्थिति हैः सांसारिक व्यवहार के चलते कुछ परेशानी है पर वह अत्यन्त असह्य नहीं। यदि व्यवहार चलता रहे और परमात्मा का सहारा लेने से परेशानी हट जाये तो परमेश्वर की छत्रछाया में पहुँच जायेंगे पर व्यवहार छोड़कर उसे पाने के लिये ही उस तक जाने वाले नहीं। थके यात्री को तो छाया न मिलने से तड़प होती रहती है, लेकिन गाँव पहुँचना आवश्यक होने से कुछ आराम मिलते ही फिर चल देता है, पर वर्षा से डरा व्यक्ति ऐसी तड़प का अनुभव नहीं करता। किंच यात्री थकान मिटा कर बढ़ जाता है पर भीगा व्यक्ति पक्के मकान में पहुँचता है और अभी कपड़े सूख भी नहीं पाते कि देखता है वर्षा थमी तथा चल देता है। भक्तों में भी कुछ तो यात्री की तरह तड़प मिटाने के लिये भगवान् से सम्बन्ध करते और बहुत कुछ उसे मिटा कर पुनः व्यवहार में लगते हैं। अन्य वे हैं जो सम्बन्ध स्थापित करते तो हैं पर उस समय भी व्यवहार की पीड़ा कुछ न कुछ बनी रहती है। दोनों की तीव्रता में अन्तर है और उसका कारण है कि दोनों जिसके कारण प्रवृत्त हुए हैं उसमें भेद है। अतिथि गृहस्थ के घर जाता है तो भिखमंगे की तरह नहीं क्योंकि वह जानता है कि मेरी सेवा से गृहस्थ का भी स्वधर्म निभ रहा है। अतः जैसे गृहस्थ मेरा, वैसे मैं उसका उपकार कर रहा हूँ। कुछ महानुभाव इसी तरह भगवान् से हिसाब रखते हैं—भगवान् ने हमारे लिये इतना किया इसलिये हम उनका भजन करें। प्रेम का प्रसंग नहीं। जब उन्हें लगे कि भगवान् ने हित करना छोड़ दिया है, तब उनका भजन भी बन्द हो जाता है। मनौती मानना भी इसी ढंग की निकृष्ट भक्ति समझनी चाहिये। भिखारी अर्थार्थी भक्त का दृष्टान्त है। चातक तो केवल जल चाहता है पर भिखारी सभी कुछ चाहता है। यह भेद है। अंधेरे से परेशान व्यक्ति आर्त का उदाहरण है किंतु यात्री आदि से वैलक्षण्य यह है कि यह ठोकर आदि खाते हुए भी दीपक की ओर बढ़ता है और पर्याप्त मात्रा में अपना रास्ता भी बदल लेता है। आर्त भक्त भी कष्ट झेलते हुए, उनके कारण विमुख न होते हुए, सांसारिक व्यवहार को कुछ सीमा तक छोड़ कर भी भगवत्सेवा करते हैं। आग चाहने वाला तो तत्काल लाभ चाहने वाले का प्रतीक है। ऐसे भक्त अतिप्रसिद्ध हैं ही। चित्त को कहा है कि इनमें से किसी भी भाव से सही, पर भगवान् में लगे। शिवगीता में (१.२१) कहा है—

'अनादरेण शाठ्येन परिहासेन मायया। शिवभक्तिरतश्चेत्स्याद् अन्त्यजोऽपि विमुच्यते'॥

भगवत्सम्बन्ध की विशेषता है कि वह स्वयं कुछ न कुछ प्रगति कराता है। आवश्यक नहीं कि नाना व्यक्तियों का ही यह वर्णन हो, एक व्यक्ति भी विभिन्न अवस्थाओं में, विभिन्न परिस्थितियों में भिन्न-भिन्न प्रकार की भक्ति करता है। यह भी सूचित किया कि ऐसी सब अवस्थाओं में भगवत्प्रवणता का प्रयास करें। यह सत्य है कि प्रेम निर्देशानुसार नहीं होता किंतु यह भी उतना ही सत्य है कि निरन्तर व लम्बा सम्बन्ध रहे तो सम्बन्धियों में प्रेम हो ही जाता है। दम्पति का प्रेम काल से बढ़ता है ऐसा देखा जाता है। भगवान् से भी यदि हम बार-बार हर तरह का सम्बन्ध रखना प्रारंभ करें तो संदेह नहीं कि हमारा उनसे प्रेम होगा। जिसे प्रेम हो गया वह तो सम्बन्ध स्वाभाविक रूप से ही रखता है। जिसे अभी

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

लगता नहीं कि उसे भगवान् से प्रेम है, उसे भी हर तरह से उनसे सम्बन्ध स्थापित करने का प्रयास करना चाहिये, यह उपाय है । इसीलिये पूर्व श्लोक में *वाञ्छति* कह कर इस श्लोक में *व्रज* कहा है । भक्ति का क्रियापक्ष किसी तरह गौण समझना खतरनाक इसलिये होता है क्योंकि साधक उसकी उपेक्षा कर बैठता है । जहाँ उसकी निम्नकोटिता कही जाती है वह सिद्ध की दृष्टि से बतायी जाती है, साधक के लिये तो वह कर्तव्यकोटि में ही है । वस्तुतस्तु सिद्ध की भी सेव्यानुकूलतार्थ क्रिया रहती ही है, अतः यहाँ गौणता का भ्रम नहीं करना चाहिये । *सर्वभयापहम्* कहकर इहलौकिक, पारलौकिक व अलौकिक तीनों तरह के फल चाहने वालों द्वारा शम्भु के चरणकमल आश्रयणीय हैं यह स्पष्ट कर दिया ॥६० ॥

पाँच अन्य उदाहरणों से भक्तिभाव स्पष्ट करते हैं—

अङ्कोलं निजबीजसन्ततिरयस्कान्तोपलं सूचिका
साध्वी नैजविभुं लता क्षितिरुहं सिन्धुः सरिद्वल्लभम् ।
प्राप्नोतीह यथा तथा पशुपतेः पादारविन्दद्वयं
चेतोवृत्तिरुपेत्य तिष्ठति सदा सा भक्तिरित्युच्यते ॥६१ ॥

यथा= जैसे, **इह**= संसार में, **निजबीजसन्ततिः**= (उसके) अपने बीजों की शृंखला, **अङ्कोलम्**= अंकोलवृक्ष को, **सूचिका** = सुई, **अयस्कान्तोपलम्** =चुम्बक पत्थर को, **साध्वी** =पतिव्रता स्त्री, **नैजविभुम्**=अपने पति को, **लता**=लता, **क्षितिरुहम्**=वृक्ष को, **सिन्धुः**= नदी **सरिद्वल्लभम्**= समुद्र को, **प्राप्नोति**= प्राप्त होती है, **तथा**= वैसे, **चेतोवृत्तिः**= चित का समस्त व्यापार, **पशुपतेः**= पशुपति के, **पादारविन्दद्वयम्**= चरणकमलयुगल को, **उपेत्य**= प्राप्त कर, **सदा**= हमेशा (वहीं), **तिष्ठति**= रहे, **सा**= वह, **भक्तिः** = भक्ति, **इति**= इस शब्द से, **उच्यते**= कहा जाता है ।

अङ्कोलवृक्ष के बीज गिर कर उसी वृक्ष के मूल पर संलग्न हो जाते हैं । यह उनकी स्वाभाविक प्रक्रिया है । ऐसे ही बहुतेरों को स्वभाव से ही भगवान् से प्रेम होता है । बचपन में ही दीखता है कि इसे भगवान् में रुचि है । सोच विचार कर या अनुकरण कर नहीं, स्वयं ही जो भगवत्परता होती है उसमें प्रथम दृष्टान्त है । यह पूर्वकृत सुकृत का फल होता है । पूर्व में (१७) भी निसर्गजा भक्ति का प्रसंग आ चुका है । इसके दो भेद जानने चाहिये । प्रथम तो वे होते हैं जो पूर्वजन्म में भक्तिमार्ग पर बढ़ रहे थे व फल पाने योग्य होने से पूर्व मर गये । वे तो *'यतते च ततो भूयः संसिद्धौ' (गी. ६.४३)* नियम से नैसर्गिक भक्ति पाकर उसी में प्रगति कर जाते हैं । दूसरे वे होते हैं जिनके कर्म, संस्कार आदि तो उत्कृष्ट रहे पर भक्तिमार्ग में वे विशेष प्रवृत्त नहीं थे । वे उत्पन्न होते हैं तो चित सात्त्विकतर होने से भगवत्प्रवण होता है, किंतु उन्हें उसे उस ओर लगाने के लिये प्रयास करना पड़ता है, अन्यथा वह प्रावण्य शिथिल पड़ जाता है । ऐसे व्यक्तियों को संग आदि ठीक मिले तो जल्दी उन्नति कर जाते हैं, कुसंग मिले तो उस मार्ग को छोड़कर संसार में ही प्रवृत्त हो जाते हैं । इस भक्ति की स्वाभाविकता से श्रेष्ठता भी है पर अविचारितता से दुर्बलता भी, यह ध्यान रखना चाहिये । वस्तुतस्तु सभी जीव स्वभाव से यत्किंचित् परमेश्वरपरक होते हैं । नास्तिक

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

होने के लिये बुद्धि लगानी पड़ती है। और नास्तिक भी स्वात्मरूप परमेश्वर से तो प्रेम करता ही है। नीलकण्ठ दीक्षित ने (आनन्द सागर. २२) कहा है—

'भक्तिस्तु का? यदि भवेद्रतिभावभेदस्तत्केवलान्वयितया विफलैव भक्तिः।
प्रीतिस्त्वयि त्रिजगदात्मनि कस्य नास्ति स्वात्मद्रुहो न खलु सन्ति जनाखिलोक्याम्'॥

विफलैव इसलिये कि स्वात्मा परेश है ऐसा बोध नहीं, अन्यथा तो सफल ही है। सर्वथापि, भगवान् में कुछ न कुछ प्रेम हम सब को है किंतु संसारप्रेम से वह ढँक जाता है। वह आवरण हटे— संसारप्रेम कम हो— तो वह नैसर्गिक प्रेम बढ़ाया जा सकता है। जयमङ्गलादि आधुनिक आचार्यों ने इसी दृष्टि से प्रेमावरण माना है— *'प्रेमवृद्धिस्तथा प्रेमावरणक्रमभंगतः'— (ना.भ.सू. वार्तिक. २. १८९)*। यद्यपि उक्त वार्तिककार भक्ति को भगवत्स्वरूप मानकर प्रेमावरण आदि व्यवस्था बनाते हैं जबकि प्रकृत प्रसंग में, जैसा कि उपोद्घात में कहा जा चुका है, भावपूर्ण अभिव्यक्ति को भगवत्प्रेम या भक्ति माना जा रहा है तथापि इतना समान है कि जीवमात्र में परमेश्वर से प्रेम व उसे प्रकट करने की प्रवृत्ति स्वाभाविक होती है तथा विषयासक्तिप्रधान आवरण से ढँकी रहती है। पूर्व में (श्लोक १३) भी यह तथ्य इंगित हो चुका है। अतः भगवत्प्रेम की 'उत्पत्ति' अर्थात् अभिव्यक्ति के लिये आवरण— जिसका विषयासक्तिरूप ही प्रधान है— निवृत्त करना ही पर्याप्त है, हाँ, उसकी वृद्धि के लिये साधानाभ्यास अवश्य आवश्यक है। जैसे राख से ढँकी आँच 'पैदा' तो राख हटने से हो जाती है पर बढ़ती यत्नान्तर से है, वैसे समझना चाहिये। यत्नान्तर आवश्यक होने की दृष्टि से प्रेमावरण का परित्याग उपोद्घात में है। विषयासक्त्यादिरूप आवरण व उक्त प्रकार से परमात्मप्रावण्य की स्वाभाविकता तो स्वीकार्य ही है।

सूई चुम्बक से चिपकती है पर तब जब चुम्बक के कारण सुई में कुछ परिवर्तन आ चुकता है— वह स्वयं हल्का चुम्बक बन जाती है। इसी प्रकार भगवान् के कारण कुछ परिवर्तन हममें आता है जिससे हमारी भगवदभिमुखता होती है। भगवान् के प्रति प्रेम वाला होने के लिये व्यक्ति कोई निजी प्रयास नहीं करता, पर उसके लिये अज्ञेय कारणवश ही उसमें वह उत्पन्न होता है। ऐसी भक्ति को दूसरी उपमा से व्यक्त किया। इसे यहाँ गिनने का प्रयोजन यह है कि ऐसी भक्ति अपने प्रयास से की गयी न होने से हमारे द्वारा उपेक्षित न हो जाये। कदाचित् उत्पन्न ऐसे भाव को यह चंचल भावमात्र है, ऐसा मानकर हम भुला न दें बल्कि उसे बढ़ाने की कोशिश करें यह अभिप्राय है। चुम्बक से भी पहले सूई में परिवर्तन आता है व तदनन्तर वह चुम्बक की ओर बढ़ती है। पत्नी का पति के प्रति सोचा समझा प्रेम होता है। ऐसा प्रेम स्थायी व दृढ होता है। रूप, स्वभाव आदि निमित्तक प्रेम तो *'निमित्तापाये नैमित्तिकस्याप्यपायः'* की श्रेणी का होता है, चाहे तीव्र जितना भी हो। विचारपूर्वक किया प्रेम ऐसा नहीं होता। ऐसे ही हमें भगवान् से प्रेम करना चाहिये। वस्तुतः साधना-भक्ति का प्रारंभ इस दृष्टान्त से है। लता हर प्रकार से वृक्षाश्रित होती है। ऐसे ही हमें शरणागति ग्रहण करनी चाहिये। अपना एकमात्र व सम्पूर्ण सहारा भगवान् ही रहे। यह भेदभक्ति की पराकाष्ठा है। नदी तो समुद्र से अत्यन्त अभेद पाती है। यह अभेदभक्ति को बताने वाला उदाहरण है। इस अभेदभावनात्मिका भक्ति का शिवगीता में वर्णन है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

*'कर्तापि सर्वलोकानां अक्षय्यैश्वर्यवानपि। शिवः शिवोहमस्मीति वादिनं यं च कंचन।
आत्मना सह तादात्म्यभागिनं कुरुते भृशम्'* ॥१.३४,३५॥

देवीभागवत में भी *'स्वाऽभेदेनैव मां नित्यं जानाति न विभेदतः'* (७.३७.१५) को परमभक्ति कहा है। *'मयि चानन्ययोगेन भक्तिरव्यभिचारिणी'* (गी. १३.१०) का ब्रह्मानन्दगिरिव्याख्यान है— *'अनन्ययोगेनापृथक्समाधिना— अहमेव भगवान् वासुदेव इति निश्चयेन, अत एव स्वात्मभूते मयि अव्यभिचारिण्येकान्तिकी भक्तिः'*। यह भावना *सिन्धुः सरिद्वल्लभम्* में समझ लेनी चाहिये। चेतोवृत्ति से चित्त के समस्त व्यापार कहे हैं अतः इन्द्रियव्यापार भी समझ लेने चाहिये। *चेतोवृत्तिः तिष्ठति* कहकर प्रेम की आत्मस्वरूपता अनभिप्रेत बता दी है। चेतोवृत्ति क्रियात्मक है इसमें संदेह नहीं। अतएव चेतोवृत्तिरूप ऋगादिमंत्रों की आवृत्ति भाष्यकार ने सिद्ध की है।

इस प्रकार पर व अपर सब प्रकार की भक्ति का संग्रह इन सोलह दृष्टान्तों में हो गया है। अपनी स्थिति पहचान कर भक्ति में प्रगति प्रारंभ कर देनी चाहिये व *प्रतिदिनम्* (५९) तथा *सदा* से कहे नैरन्तर्य के लिये प्रयासशील होते हुए अभेदानुसन्धान रूप परमभक्ति को आदर्श रखना चाहिये यह तात्पर्य है। ॥६१॥

पूर्वोक्त विचार से भक्ति को एक भावमात्र न समझ लिया जाये इसलिये सात्त्विक भावों को सूचित करते हुए भक्ति की अभिव्यक्ति बताते हैं—

**आनन्दाश्रुभिरातनोति पुलकं नैर्मल्यतश्छादनं
वाचा शंखमुखे स्थितैश्च जठरापूर्तिं चरित्रामृतैः।
रुद्राक्षैर्भसितेन देव वपुषो रक्षां भवद्भावना-
पर्यङ्के विनिवेश्य भक्तिजननी भक्तार्भकं रक्षति ॥६२॥**

देव = हे महादेव! भक्तिजननी = भक्तिरूप माता, आनन्दाश्रुभिः = आनन्द के आँसुओं से, पुलकम् = खुशी की सिहरन, नैर्मल्यतः = निर्मलता (रूप वस्त्र) से, छादनम् = आच्छादन, वाचा = वाणीरूप, शंखमुखे = शंख के अगले हिस्से में, स्थितैः = रखे, चरित्रामृतैः = आपकी कथारूप अमृतराशिओं द्वारा, जठरापूर्तिम् = पेट भरना, च = और, रुद्राक्षैः = रुद्राक्ष के दानों द्वारा (व), भसितेन = भस्मोद्धूलन द्वारा, वपुषः = शरीर की, रक्षाम् = रक्षा, आतनोति = करती है (एवम्), भवद्भावनापर्यंके = आपका ध्यान करना रूप पलंग पर, विनिवेश्य = लिटा कर, भक्तार्भकम् = भक्तरूप बच्चे को, रक्षति = सँभालती है।

'भक्तिर्मातेति गीयते' (बृहन्नारदीय. पु. ४.२९) कहकर पुराणकार ने ही भक्ति की माता रूप में कल्पना पुरस्कृत की है। उसी को दृष्टि में रख प्रकृत पद्य में रूपक का विस्तार किया है। आँसू आदि सात्त्विक भाव हैं जिन्हें आगे (६७) बताया जाना है। यहाँ इतना ही विवक्षित है कि भक्ति के कारण अश्रुपातादि बाह्य विक्रिया होती है। ऐसी ही बाह्य व आभ्यन्तर निर्मलता भी भक्तिवशात् जीवन में आती

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

है । गीता में भी शौच को (१३.८) भगवत्प्राप्ति के साधनों में गिना है । जैसे आजकल बोतल से बच्चे को दूध पिलाते हैं, वैसे पहले शंख में दूध डाल कर उसके अग्रभाग द्वारा बच्चे को दूध आदि पिलाया जाता था । भक्ति के कारण कथा श्रवण में प्रवृत्ति होती है यह तात्पर्य है । शिवभक्ति में भस्मधारण की बड़ी महिमा है। शिवगीता में (१५.३-४) कहा है—

'नर्यभस्म समादाय विशुद्धं श्रोत्रियालयात् । अग्निरित्यादिभिर्मन्त्रैरभिमन्त्र्य यथाविधि ॥

उद्धूलयति गात्राणि तेन चार्चति मामपि। तस्मात्परतरा भक्तिर्मम राम न विद्यते' ॥

नर्यभस्म अर्थात् गार्हपत्याग्नि की भस्म । रुद्राक्षधारण का भी माहात्म्य है, (वहीं १५.५)—

'सर्वदा शिरसा कण्ठे रुद्राक्षान्धारयेत्तु यः । पंचाक्षरीजपपरः स मे भक्तः स मे प्रियः' ॥

चारों वर्णों वाले रुद्राक्षधारण में अधिकृत हैं । भस्मधारण में भी सबका अधिकार है ।

'ब्राह्मणैः क्षत्रियैर्वैश्यैः शूद्रैरपि च संकरैः ।

अपभ्रंशैर्धृतं भस्म त्रिपुण्ड्रोद्धूलनात्मना' ॥सू. सं. ४.३०.४९ ॥ इतना भेद ध्यान रखना चाहिये कि श्रौत व स्मार्त भस्म का मंत्रपूर्वक धारण द्विजों के लिये व अन्यों के लिये लौकिक भस्म का विना मंत्र के धारण विहित है (सूत सं. ४.३०.१५, १७)—

'श्रौतं भस्म तथा स्मार्तं द्विजानामेव कीर्तितम्।अन्येषामपि सर्वेषामपरं भस्म लौकिकम् ॥

धारणं मन्त्रतः प्रोक्तं द्विजानां मुनिपुंगवैः। केवलं धारणं विप्रा अन्येषामपि कीर्तितम्' ॥

'अग्निरिति भस्म । वायुरिति भस्म । जलमिति भस्म । स्थलमिति भस्म । व्योमेति भस्म । सर्वं ह वा इदं भस्म । मन एतानि चक्षूंषि भस्मानि' । इन सात मंत्रों से जलयुक्त भस्म से उद्धूलन करना चाहिये । भगवान् का ध्यान करना भी भक्त के लिये आवश्यक है । पूजाङ्गभूत ध्यान से पृथक् भी ध्यान करना चाहिये ॥६२ ॥

भक्तिपूर्वक पूजादि करनी चाहिये इसे एक भक्त के चरित्र का स्मरण करते हुए बताते हैं—

मार्गावर्तितपादुका पशुपतेरङ्गस्य कूर्चायते
गण्डूषाम्बुनिषेचनं पुररिपोर्दिव्याभिषेकायते ।
किञ्चिद्भक्षितमांसशेषकवलं नव्योपहारायते
भक्तिः किं न करोत्यहो वनचरो भक्तावतंसायते ॥६३ ॥

अहो = आश्चर्य है ! मार्गावर्तितपादुका = जिसे पहन रास्तों पर चला जा चुका है ऐसा जूता, पशुपतेः = पशुपति के, अंगस्य = शरीर को (पोंछने की), कूर्चायते = कूची बन जाता है ।गण्डूषाम्बुनिषेचनम् = कुल्ले के पाने को उगलना, पुररिपोः = त्रिपुरारि का, दिव्याभिषेकायते = अलौकिक अभिषेक हो जाता है । किंचिद्भक्षितमांसशेषकवलम् = थोड़ा खाकर बचा हुआ मुट्ठीभर मांस,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

नव्योपहारायते = नवीन भेंट बन जाता हैं । भक्तिः = भक्ति, किम् = क्या, न = नहीं, करोति = कर देती ? वनचरः = जंगली व्यक्ति, भक्तावतंसायते = श्रेष्ठ भक्त बन जाता है ।

सुवर्णमुखरी नदी के तट पर 'दक्षिण कैलास' कहाने वाला श्रीकालहस्तीश्वर स्थान है । कण्णप्पा नामक वनवासी ने वहाँ भक्तिपूर्वक महादेव की नियमतः पूजा की । किंतु जंगली होने से पात्रादि तो उसके पास थे नहीं । जानवर मारता और चखकर देखता कि मांस भगवान् के लायक है या नहीं । ठीक होने पर हाथ में जूठा—चखा जा चुका—मांस ले आता । मुँह में पानी भर लाता, उसे ही भगवद्विग्रह पर उगल देता । हाथ में तो मांस रहता अतः जूता पहने पैर से ही शिवलिंग को पोंछ कर नैवेद्य अर्पित कर देता था । एक बार श्रीविग्रह के नेत्रस्थान से उसे रक्त निकलता दीखा । उसे एक उपाय मालूम था— यदि आँख फूट जावे तो उस पर दूसरी आँख रखने से ठीक हो जाती है । उसने तुरंत अपनी एक आँख निकाल कर भगवान् के नेत्रस्थान पर लगा दी । वहाँ से खून बन्द हो गया पर दूसरी आँख से खून निकलने लगा । कण्णप्पा को सन्तोष था कि उपचार मालूम है । किंतु समस्या थी कि जब वह अपनी दूसरी आँख भी निकाल देगा तो यह कैसे जानेगा कि उसे लगाना कहाँ है ? पर तुरन्त उसे उपाय सूझा । उसने अपने पैर का अंगूठा लिंग पर उस जगह टिका दिया जहाँ से खून निकल रहा था । अब आँख कहाँ रखनी है पता चल जायेगा । यों सब तैयार कर वह अपनी दूसरी आँख निकालने को उद्यत हुआ । तभी भगवान् प्रकट हुए और उसे दिव्यता प्रदान की । इस कथा की ओर यहाँ संकेत है । शिवगीता में (१२.७) कहा है

'विधिनाऽविधिना वापि भक्त्या ये मामुपासते ।तेभ्यः फलं प्रयच्छामि प्रसन्नोऽहं न संशयः ॥

अतः विधिरहित भी भक्तिपूर्वक किया आराधन सफल होता है । यह आराधना की प्रशंसा है । भक्ति से पूजनादि करना चाहिये । इस कथा का यह तात्पर्य नहीं कि अविधिपूर्वक ही उसे किया जाये बल्कि यह है कि भक्तिपूर्वक करना चाहिये ॥६३ ॥

शिव हमेशा चित्त में उपस्थित बने रहें यह भी भक्ति के स्वरूप में निविष्ट है । भक्ति केवल कुछ देर करने का कार्य नहीं । इसे सूचित करते हैं—

वक्षस्ताडनमन्तकस्य कठिनापस्मारसंमर्दनं
भूभृत्पर्यटनं नमत्सुरशिरःकोटीरसंघर्षणम् ।
कर्मेदं मृदुलस्य तावकपदद्वन्द्वस्य किं वोचितं
मच्चेतोमणिपादुकाविहरणं शम्भो सदाऽङ्गीकुरु ॥६४ ॥

शम्भो = हे शम्भो ! अन्तकस्य = यम की, वक्षस्ताडनम् = छाती पर चोट करना, कठिनापस्मारसम्मर्दनम् = कड़े शरीर वाले अपस्मार राक्षस को दबाना, भूभृत्पर्यटनम् = पर्वतों पर घूमना, नमत्सुरशिरःकोटीरसंघर्षणम् = नमस्कार करते देवताओं के शिरःस्थित मुकुटों से रगड़ खाना, मृदुलस्य = कोमल, तावकपदद्वन्द्वस्य = आपके चरण-युगल का इदम् = यह सब, कर्म = काम,

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

किम् = क्या, **वा** = बिल्कुल भी, **उचितम्** = उचित है? **मच्चेतोमणिपादुकाविहरणम्** = मेरे मनरूप मणि से बनी पादुका पहन कर घूमना, (व अन्य कार्य करना), **सदा** = सदा के लिये, **अंगीकुरु** = स्वीकार कीजिये ।

मार्कण्डेय की रक्षा के समय यमराज की छाती पर लात मारी थी । अपस्मार पर दक्षिणामूर्ति का पैर पड़ा ही है । हिमालय की शृंखलाओं पर भगवान् शंकर घूमते रहते हैं । देवता उनके चरणों पर माथा रगड़ते हैं तो उनके मुकुटों की रगड़ भगवान् के चरणों पर पड़ती है । इन सब कार्यों को करने वाले पैर को एक जूता अवश्य चाहिये अतः अपने मन को जूतारूप से उन्हें भेंट किया जा रहा है । मनरूप जूते में हमेशा भगवान् का चरण बना रहे, यह भाव है । साधकजीवन में काम्य धार्मिक प्रवृत्तियों से विमुख होना यम की छाती पर लात मारना है । दुष्प्रवृत्तियों को न उठने देना अपस्मार को दबाये रखना है । अध्यात्म मार्ग पर चलना भूभृत्पर्यटन है । इसे कवियों ने दुर्गम पथ कहा ही है (कठ. ३.१४) । प्रलोभनों से बचने का प्रयास कोटीर-संघर्षण है । यह सब तभी सदा किया जा सकता है जब सदैव मन में भगवान् के पादारविन्द रहें । अतः यही यहाँ उपदेश है ॥६४॥

भक्ति की महत्फलता बताते हुए इस (५९ से चले) भक्तिस्वरूप-प्रसंग को समाप्त करते हैं—

वक्षस्ताडनशंकया विचलितो वैवस्वतो निर्जराः
कोटीरोज्ज्वलरत्नदीपकलिकानीराजनं कुर्वते ।
दृष्ट्वा मुक्तिवधूस्तनोति निभृताश्लेषं भवानीपते
यच्चेतस्तव पादपद्मभजनं तस्येह किं दुर्लभम् ॥६५॥

भवानीपते = हे भवानीपति ! **यच्चेतः** = जिसका चित्त, **तव** = आपके, **पादपद्मभजनम्** = चरणकमल के भजन में लगा है, **तस्य** = उसके लिये, **इह** = संसार में, **दुर्लभम्** = दुर्लभ, **किम्** = क्या है?, **वक्षस्ताडनशंकया** = छाती पर चोट पड़ेगी इस डर से, **वैवस्वतः** = यम, **विचलितः** = डरा रहता है (अतः उसे नहीं छूता) । **निर्जराः** = देवता, **कोटीरोज्ज्वलरत्नदीपकलिकानीराजनम्** = मुकुटस्थ चमकते रत्नरूप दीपों की पंक्तियों से आरती, **कुर्वते** = करते हैं । **दृष्ट्वा** = (उसे) देखने मात्र से, **मुक्तिवधूः** = मुक्तिरूप पत्नी, **निभृताश्लेषम्** = गाढ आलिंगन को, **तनोति** = स्थिर कर देती है ।

कर्त्रर्थक ल्युट् मानकर भजनशब्द समझना चाहिये । भक्ति मोक्षका साधन है इसे स्पष्ट किया । स्वयं भक्ति ही परम पुरुषार्थ नहीं । भक्ति से पावित चित्त में अखण्ड बोध स्थिर होता है— विज्ञान, निदिध्यासन होता है, अतः उत्तम भक्त को अत्यल्प यत्न करना पड़ता है इसे *दृष्ट्वा* से कहा । क्योंकि भक्त अपने कल्याण के प्रति निःशंक बना रहता है इसलिये उसे मृत्यु डराती नहीं । इंद्रियाँ भगवदर्चनादि में ही लगी रहती हैं अतः उसकी मंगलकामना करते हुए उसे सुख ही देती हैं । एवं च जीवित रहते भी भक्त निडर सुखी है व मरकर भी उसे दुर्गति की चिन्ता नहीं तथा बहुधा तो वह यहीं ज्ञान पाकर मुक्त हो जाता है । अतः सबको ऐहिक व आमुष्मिक सुखप्राप्ति के लिये यथासम्भव प्रकारों से सर्वाङ्गोपेत भगवद्भक्ति करनी चाहिये, यही प्रकरणार्थ है ॥६५॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

भक्ति हमारा कर्तव्य है क्योंकि भगवान् से हमारी विमुखता हो रखी है। यह हुई ही क्यों? यह प्रश्न पूर्व में (१५) उठा था। इसका उत्तर देते हैं—

क्रीडार्थं सृजसि प्रपंचमखिलं क्रीडामृगास्ते जना
यत्कर्माचरितं मया च भवतः प्रीत्यै भवत्येव तत्।
शम्भो स्वस्य कुतूहलस्य करणं मच्चेष्टितं निश्चितं
तस्मान्मामकरक्षणं पशुपते कर्तव्यमेव त्वया ॥६६॥

शम्भो = हे शम्भु !, पशुपते = हे पशुपति ! (आप), क्रीडार्थम् = खेल के लिये, अखिलम् = समस्त, प्रपंचम् = संसार को, सृजसि = उत्पन्न करते हैं। जनाः = जीव, ते = आपके, क्रीडामृगाः = आमोदार्थ पशु हैं। च = अतः, मया = मेरे द्वारा, यत् = जो, कर्म = कर्म, आचरितम् = किया जाता है, तत् = वह, भवतः = आपकी, प्रीत्यै = प्रसन्नता के लिये, एव = ही, भवति = होता है। स्वस्य = अपने, कुतूहलस्य = मनोरंजन के, करणम् = साधनरूपसे, मच्चेष्टितम् = मेरी सब चेष्टाएँ (आपके द्वारा), निश्चितम् = निश्चित की गयी हैं। तस्मात् = (क्योंकि मैं जो, जैसा व जो कुछ करते हुए हूँ उसके लिये मैं जिम्मेदार नहीं) इसलिये, मामकरक्षणम् = मेरी रक्षा, त्वया = आपके द्वारा, एव = ही, कर्तव्यम् = की जानी चाहिये।

प्रपंच शिवक्रीडा मात्र ही है। अकेले रमण न होने से बहुभवन हुआ ऐसा श्रौतनिर्देश होने से रमणार्थ सृष्टि मानना संगत है। क्रीडा भी कोई प्रयोजन नहीं इस दृष्टि से क्रीडार्थसृष्टिपक्ष का अन्यत्र निराकरण है किन्तु '*लीलाकैवल्यम्*' आदि बादरायणोक्ति के अर्थ में क्रीडार्थता स्वीकार्य है।

'स्वतःसिद्धं पतित्त्वं मे युष्माकं पशुताऽपि च। तदेव दर्शयाम्यद्य पणबन्धविनोदतः' ॥

आदि पुराणवचन अनुसन्धेय हैं। आत्मार्पणस्तुति में इस खेल के लिये किये बटवारे का उल्लेख करते हुए दीक्षित जी ने कहा है, '*भुंक्षे गुप्तं दत सुखनिधिं तात साधारणं त्वं . . . मायया मां विभज्य*' (३५)। विमुखता तो खेल के लिये है। हम खेल की भावना भूल गये और इसे सत्य मानकर रोने लगे यही हमारी मूर्खता है। खेलरूपता समझ आ जाये— प्रपंच के मिथ्यात्व का बोध हो— इसके लिये भक्ति कर्तव्य हो गयी। भगवान् ने हमारी उपेक्षा की ऐसी कोई बात नहीं, खेल के लिये पति और पशु का विभाजन है, हमें दुःख हो इसलिये तो नहीं। क्योंकि '*तदेवानु प्राविशत्*' (*तै. २.६*) '*सः . . .आपद्यत*' (*ऐ १.३.१२*) '*सः . . प्रविष्टः*' (*बृ. १.४.७*) आदि वचनों से परमात्मा ही जीव है, अपने से भिन्न किसी को संसार में उसने नहीं छोड़ा है, इसलिये संसार खेल के लिये ही संभव है। स्मर्तव्य है कि यह विमुखता अनादि है जिसे पुराण ने '*स्वतःसिद्धम्*' कहा। हम जो कुछ भी करते हैं उसका एकमात्र प्रयोजन है शिवप्रसन्नता, किंतु भ्रमवश हम इस तथ्य को भूल जाते हैं और व्यर्थ दुःख पाते हैं। और शिव भी कोई दूर हिमगिरि पर विराजमान नहीं, हमारा अपना आत्मा ही है। इसी से उत्पलदेव ने कहा है '*मोक्षायते च संसारो यत्र मार्गः स शांकरः*'

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(२०.१२)। उद्धव से भगवान् ने भी कहा है *'मया सन्तुष्टमनसः सर्वाः सुखमया दिशः'* (उ.गी. ९.१३)। आचार्य ने भी अन्यत्र कहा है *'सम्पूर्णं जगदेव नन्दनवनं...'* (धन्याष्टक १)। अतः संसार की दुःखमयता अज्ञानवश ही है।

इस अज्ञान को मिटाने के लिये भक्ति उत्तम उपाय है अतः हमारा कर्तव्य बन जाती है। हम शिवप्रीत्यर्थ ही अपनी सब चेष्टाएँ कर दें तो वे हमारी रक्षा करने को तैय्यार हैं यह बताया *मत्कर्म भवतः प्रीत्यै भवति, त्वया मामकरक्षणं कर्तव्यम्* कह कर। भृत्यवद् याचना नहीं क्योंकि शिवाऽभेद का निश्चय है। क्रीडार्थ कहने से प्रपंच की मायामयता स्पष्ट की। दीक्षितश्लोक में तो *'मायया विभज्य'* स्पष्ट ही कहा है। *अखिलम्* कह कर अमायिक, अक्रीडार्थ, दिव्य लोकादि के भ्रम का वारण किया। रुद्रलोकादि की दिव्यता में, श्रेष्ठता में, प्राप्तव्यता में कोई सन्देह नहीं किंतु हैं वे भी सब क्रीडार्थ, मायिक हैं यह तात्पर्य है। *सृजसि* से अन्त्यकार्यपर्यन्त शिवहेतुकता प्रकट की व जीवेश्वर भेद किसी काल से प्रारंभ हुआ है यह भ्रांति हटाई। *जनाः* कहकर जन्म लेने वाला— अहंकारादि—क्रीडामृग है यह स्पष्ट किया। *जनाः* का *मया* से परामर्श कर उस अहंकारादि में तादात्म्यबुद्धि को अनर्थनिदान बताया। *स्वस्य* और *मच्चेष्टितम्* द्वारा अपनी शिवाभिन्नता ध्वनित कर दी है। इर प्रकार संक्षेप में सृष्टिरहस्य और उसमें अनुभूयमान दुःख की निवृत्ति का उपाय इस श्लोक द्वारा बता दिया है ॥६६ ॥

अब तक भक्त, भगवान् और भक्ति का वर्णन किया और प्रपंच की क्रीडार्थता बताई जिससे हम व्यर्थ कष्ट से बचने का उपाय कर सकें। अव भक्ति का ही और विस्तार किया जा रहा है। अनुष्ठेयतया विधेय होने से प्रधान होने के कारण उसका पुनरपि प्रतिपादन अभीष्ट है। पूर्व में (६२) सूचित सात्त्विक भावों को भक्तिसहचर के रूप में बताते हैं—

वहुविधपरितोषबाष्पपूरस्फुटपुलकांकितचारुभोगभूमिम्।
चिरपदकांक्षिसेव्यमानां परमसदाशिवभावनां प्रपद्ये ॥६७॥

बहुविधपरितोषबाष्पपूरस्फुटपुलकांकितचारुभोगभूमिम् = हर तरह के सन्तोष से जन्य आनन्दाश्रुओं से भरपूर प्रफुल्लित रोमांच जिसका गुण है ऐसे सर्वाधिक सुन्दर आनन्दभोग की भूमिरूप, चिरपदकांक्षिसेव्यमानाम् = नित्य परमपदरूप फल चाहने वाले जिसका सेवन करते हैं (उस) परमसदाशिवभावनाम् = परात्पर भगवान् सदाशिव के ध्यान की, प्रपद्ये = मैं शरण लेता हूँ।

शिवध्यान की महत्ता यहाँ प्रकट की है।

'स्तम्भः स्वेदोऽथरोमांचः स्वरभंगोऽथ वेपथुः। वैवर्ण्यमश्रुप्रलय इत्यष्टौ सात्त्विका मताः' ॥

ये सात्त्विक भाव कहाते (भक्तिर. पू.६२) हैं। अन्तःस्थ भावना के ये बाह्य चिह्न हैं। देह व मन का भावोद्रेक से अवरुद्ध हो जाना स्तम्भ है। पसीने को स्वेद कहते हैं। भावप्रकर्ष से कदाचित् पसीना निकलता है। रोंगटे खड़े हो जाना रोमांच है जो हर्ष, आश्चर्य आदि से हो जाता है। गला भर आने का नाम स्वरभंग और सिहरन का नाम वेपथु है। कृशता, पीला पड़ना आदि वैवर्ण्य है जो विरहकष्ट आदि से होता है। आँसू गिरना अश्रुप्रलय है। क्योंकि भावना की अधिकता से ये

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सब होते है, इसलिये भक्तिभाव से भी इनका सम्बन्ध है। जब अपने में शिवसम्बन्धितत्तद्भावनावशात् ततत् लक्षण प्रकट हो तब पता चलता है कि भावना सचमुच प्रकृष्ट हुई। इन चिन्हों को नाटक की तरह प्रकट करना तो व्यर्थ है। स्वाभाविक रूप से इन्हें प्रकट होना चाहिये। इनके प्राकट्य से परितोष होता है क्योंकि भावाधिक्य का निश्चय होता है। ध्यान करते हुए ये चिह्न भी प्रकट होते हैं अतः भावना का इन्हें विशेषण बताया है। योगमार्ग की दृष्टि से ध्यानकाल में ऐसे भाव प्रकट होना अभीष्ट नहीं पर भक्तिमार्ग में अभीष्ट समझना चाहिये। शिवभावना से परमपद प्राप्त होता है। निदिध्यासनरूप से यह भावना की जाती है। अथवा 'मैं शिव हूँ, सब कुछ शिव है'ऐसा ध्यान समझना चाहिये। *परम* इतना पृथक् सम्बोधन पद भी सम्भव है। *शिवभावनां सदा प्रपद्ये* ऐसा अन्वय भी समझा जा सकता है ॥६७॥

शिवभावना की शरण लेना भगवान् के सहारे ही संभव है। उत्पलदेव (स्तो. १६.२१) कहते हैं—

'त्वं भक्त्या प्रीयसे भक्तिः प्रीते त्वयि च नाथ यत्। तदन्योन्याश्रयं युक्तं यथा वेत्थ त्वमेव तत्' ॥

अतः भगवान से प्रार्थना करते हैं—

अमितमुदमृतं मुहर्दुहन्तीं विमलभवत्पदगोष्ठमावसन्तीम्।

सदय पशुपते सुपुण्यपाकां मम परिपालय भक्तिधेनुमेकाम् ॥६८॥

सदय = हे दयालु !, पशुपते = हे पशुपति !, सुपुण्यपाकाम् = महत् पुण्य परिपाक से प्राप्त, विमलभवत्पदगोष्ठम् = आपके निर्मल चरणरूप बाड़े में, आवसन्तीम् = रहने वाली, मुहुः = बार-बार, अमितमुदमृतम् = निःसीम आनन्दरूप दूध, दुहन्तीम् = देने वाली, मम = मेरी, एकाम् = अकेली (असहाय), भक्तिधेनुम् = भक्तिरूप गाय का, परिपालय = (आप) हर तरह से पालन कीजिये।

भक्ति को गाय की उपमा से बृहन्नारदीयपुराण में (पू. ४.१२) भी देखा जा सकता है।

'हरिभक्तिः परा नृणां कामधेनूपमा स्मृता।

तस्यां सन्त्यां पिबन्त्यज्ञाः संसारगरलं ह्यहो' ॥

पशुपति सम्बोधन सप्रयोजन है। यद्यपि भक्ति को पुण्य का फल कहना विवक्षित नहीं तथापि भक्ति हो सकी इसके लिये मिलने वाली अनुकूल परिस्थितियों को पुण्य का फल मानना ही होगा अतः भक्ति पुण्यप्रयुक्त है यह विवक्षित है। अथवा सुख देने वाली होने से भक्ति को पुण्यहेतु कहा समझना चाहिये। *एकाम्* से एकनिष्ठता सूचित की। *मुहुः* से अनुष्ठानकाल और फलकाल समझने चाहिये। अपनी भक्ति पर अधिक विश्वास होने से उपेक्षा कर सकते हैं। अतः चाहे वह *अमितमुदमृतं दुहन्तीम्* हो चुकी हो फिर भी उसके परिपालन के लिये भगवान् से प्रार्थना करते रहना चाहिये। भगवदनुकम्पा से ही भक्ति उपजती, रहती तथा बढ़ती है ॥६८॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

यद्यपि अपनी असामर्थ्य का बोध भक्ति के लिये आवश्यक है यह पूर्व में (५ आदि) कहा गया है तथापि उसका स्वरूप किसी प्रकार की हीनभावना नहीं बल्कि अपनी वास्तविक स्थिति की पहचान है यह द्योतित करते हैं—

जडता पशुता कलंकिता कुटिलचरत्वं च नास्ति मयि देव ।
अस्ति यदि राजमौले भवदाभरणस्य नास्मि किं पात्रम् ॥६९ ॥

देव = हे महादेव !, राजमौले = हे राजेश्वर !, मयि = मुझमें, जडता = अचेतनता (या नितान्त मूर्खता), पशुता = पशुरूपता, कलंकिता = किसी कलंक वाला होना, च = और, कुटिलचरत्वम् = आचरण में कुटिलता, नास्ति = नहीं है । यदि = अगर, अस्ति = है (भी, तो), किम् = क्या, भवदाभरणस्य = आपका आभूषण बनने, पात्रम् = योग्य, न = नहीं, अस्मि = हूँ ?

जड चर्म, पशु मृग, कलंकी चन्द्र और चलने की वक्रता वाले साँप भगवान् के आभरण हैं अतःऐसा कहा है । यहाँ पशुता से पाशव प्रवृत्ति वाला होना समझना चाहिये । पूर्वोक्त पशुता को यहाँ नहीं कहा जा रहा है । अन्यथा *पशुं माम्* (५) से विरोध होगा । अतः तात्पर्य है कि भक्ति का अनुष्ठान करने वाला आत्मसंयम आदि से जडतादि का परित्याग कर चुका है जिससे उसे अपने में कोई हीनदृष्टि नहीं करनी चाहिये । मैं पापी हूँ, आदि यदि पुनः-पुनः विचार किया जाये तो सचमुच ही पापी बनने की प्रवृत्ति होगी ऐसा मनोवैज्ञानिकों का मानना है । इसलिये ऐसा नहीं सोचना चाहिये । मैं जैसा हूँ वैसा भगवान् के योग्य हूँ, यह सोचना चाहिये । इसे संभव बनाने के लिये ही करुणामय परमेश्वर ने जड आदि वस्तुओं को प्रेम से अपना रखा है । उन्हें देख हमें ढाँढस बँधता है कि हम परमात्मा के अयोग्य नहीं । इससे यह विपरीत बुद्धि न हो जाये कि हमें शुद्धि आदि लाने की जरूरत नहीं, इसलिये पहले कहा कि मुझमें जडता आदि नहीं है । अतः प्रयासपूर्वक जडतादि की निवृत्ति भी अभिप्रेत है । शिवभुजंग स्तोत्र में (स्तुतिकदम्ब पृ. २६) भी कहा है—

'पशुं वेत्सि चेन्मां तमेवाधिरूढः कलंकीति वा मूर्ध्नि धत्से तमेव ।
द्विजिह्वः पुनः सोऽपि ते कण्ठभूषा त्वदंगीकृताः शर्व सर्वेऽपि धन्याः ' ॥१२ ॥

उपमन्युमुनि भी शिवस्तोत्र में (स्तुतिकदंब पृ. १८) कहते हैं—

'अशुचिं यदि माऽनुमन्यसे किमिदं मूर्ध्नि कपालदाम ते' (१४) । जगद्धर भट्ट ने दीनाक्रन्दन नामक स्तोत्र में (११.३९.-६१) अत्यन्त विस्तार से इस भाव को प्रकट किया है । गंगा, सूर्य, अग्नि, नन्दी, पिनाक, त्रिशूल आदि को भगवान् ग्रहण करते हैं तो मुझे भी ग्रहण कर सकते हैं ऐसा बड़ा मार्मिक वर्णन कवि ने वहाँ किया है ॥ ६९ ॥

भक्त को प्रवृत्ति व निवृत्ति दोनों स्थितियों में भगवान् के साहचर्य के प्रति जागरूक रहना उचित है यह बताते हैं—

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

अरहसि रहसि स्वतन्त्रबुद्ध्या वरिवसितुं सुलभः प्रसन्नमूर्तिः ।

अगणितफलदायकः प्रभुर्मे जगदधिको हृदि राजशेखरोऽस्ति ॥७० ॥

स्वतन्त्रबुद्ध्या = विषयपारतन्त्र्यरहित बुद्धि से, रहसि = एकान्त में (तथा) अरहसि = व्यवहारभूमि में (जिनके साथ), वरिवसितुम् = भली प्रकार से रहना, सुलभः = सहज है। अगणितफलदायकः = अनगिनत फल देने वाले, प्रसन्नमूर्तिः = प्रसन्न स्वरूप वाले, राजेशेखरः = राजाओं के सिरमौर, जगदधिकः = संसार से अतीत, प्रभुः = परमेश्वर, मे = मेरे, हृदि = हृदय में, अस्ति = हैं।

भगवान् के साथ एकान्त में व जब एकान्त नहीं है तब, रहना अवश्य है क्योंकि वे हृदय में हैं ही। किन्तु इस मौके का ठीक फायदा उठाने के लिये स्वतन्त्र बुद्धि चाहिये। अन्यथा साथ रहते परमेश्वर से हमारा विवाद चलता रहेगा और हम निरन्तर कष्ट पायेंगे। उस हृदयस्थ देव से हमारा अविवाद हो जाये तो अनगिनत फल मिलता हैं क्योंकि अपनी शान्ति बनी रहती है। कहीं कहा गया है

'यमो वैवस्वतो देवो यस्तवैष हृदि स्थितः। सह तेनाऽविवादस्ते मा गङ्गान् मा कुरून् गमः' ॥

प्रभुः व *हृदि अस्ति* कहकर ईश्वर व साक्षी का अभेद सूचित किया। यही रूप ऐसा है जिससे हर अवस्था में सम्बन्ध रह सकता है। अतः भक्ति के अभ्यास के लिये अन्तर्यामी परमात्मा का चिन्तन सुलभ व आवश्यक उपाय है ॥७० ॥

यह चिन्तन स्मरण के सहारे व जप के सहारे किया जा सकता है अतः इन्हें क्रमशः बताते हैं—

आरूढभक्तिगुणकुंचितभावचाप-

युक्तैः शिवस्मरणबाणगणैरमोघैः ।

निर्जित्य किल्बिषरिपून् विजयी सुधीन्द्रः

सानन्दमावहति सुस्थिरराजलक्ष्मीम् ॥७१ ॥

आरूढभक्तिगुणकुंचितभावचापयुक्तैः = भक्तिरूप प्रत्यंचा जिस पर चढ़ी है और उसी से जो खिंचा हुआ है ऐसे भावना (ध्यान) रूप धनुष पर तैयार रखे, अमोघैः = अमोघ (व्यर्थ न जाने वाले), शिवस्मरणबाणगणैः = शिव का स्मरणरूप वाण समूहों द्वारा, सुधीन्द्रः = बुद्धिमानों में श्रेष्ठ व्यक्ति, किल्बिषरिपून् = पापरूप शत्रुओं को, निर्जित्य = सर्वथा जीत कर, विजयी = (उन पर) विजयी हुआ, सुस्थिरराजलक्ष्मीम् = कभी न छूटने वाली परम स्वाराज्यरूपमोक्षलक्ष्मी को, सानन्दम् = आनन्द से, आवहति = पाता है (अपने पास ले जाता है)।

भक्तिपूर्वक किया ध्यान अत्यधिक बलवान् होता है। योगियों का भी ध्येय समाधिप्राप्ति होने से उनके लिये भी भक्ति से ईश्वरप्रणिधान ही उत्तम उपाय है। भक्ति के बिना भी तत्तत्स्थलादि में किया ध्यान सिद्धि आदि व कथंचित् समाधि में फलीभूत हो सकता है, पर उसके साथ किया ध्यान समाधिलाभ

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

के लिये अधिक सशक्त है। प्रकृत ध्यान में ईश्वर स्मरण की ही आवृत्ति करनी चाहिये। अनुस्मरण-प्रकरण में इसके उपाय बताये जा चुके हैं। इससे पापसंस्कार क्षीण होते हैं तथा पापप्रवृत्ति स्वयमेव कुण्ठित होती है। कामना को श्रीकृष्ण ने वैरी बताया है। अतः यहाँ भी किल्बिष से पापहेतु काम भी समझा जा सकता है। क्रोधादि स्वरूपों की दृष्टि से बहुवचन अथवा विषयबहुत्व से बहुवचन संगत है। ईश्वरध्यान से सांसारिक कामना क्षीण होती है यह अपने ध्यान की सफलता नापने का मापदण्ड समझ लेना चाहिये। *निर्जित्य* से कहा कि कामनाओं की स्वच्छन्द प्रवृत्ति रुक जाती है और *विजयी* से कहा कि उन्हें अपने अनुकूल प्रवृत्त किया जा सकता है। अभी हम कामना के अनुकूल चलते हैं। शिवध्यान के माहात्म्य से हम उन्हें अपने अनुसार चला पाते हैं। इस सारी लड़ाई में जोर-जबरदस्ती की जगह धैर्य व उपाय से काम लेना चाहिये यह *सानन्दम्* से कहा। शांकरमार्ग भी कष्ट का नहीं और इससे जहाँ पहुँचना है वह भी कष्ट नहीं। अनुस्मृति सहकृत कहकर चित्त को निर्वृत्तिक कर देना आदि ध्यान यहाँ उपाय के रूप में नहीं बताया जा रहा यह स्पष्ट किया। अनुस्मरण सविशेष व निर्विशेष दोनों का हो सकता है यह कहने के लिये *शिव* शब्द का प्रयोग किया। पंचमुखी महादेव तथा प्रपंचोपशम — दोनों अर्थ *शिव*शब्द से पता चल जाते हैं। '*अप्रमतेन*'(मुं. २.२.४) श्रुति के स्मारणार्थ *सुधीन्द्रः* कहा है। किन्तु श्रुतिप्रोक्त उपासना से प्रकृत उपासना का ऐक्य नहीं ॥७१ ॥

अब क्रमप्राप्त जपसहकृत ध्यान का प्रतिपादन करते हैं—

ध्यानांजनेन समवेक्ष्य तमःप्रदेशं
भित्त्वा महाबलिभिरीश्वरनाममन्त्रैः ।
दिव्याश्रितं भुजगभूषणमुद्वहन्ति
ये पादपद्ममिह ते शिव ते कृतार्थाः ॥७२ ॥

शिव = हे शिव ! ये = जो, ध्यानांजनेन = ध्यानरूप काजल लगी आँख से, तमःप्रदेशम् = अज्ञानरूप स्थान की (भूमि की), समवेक्ष्य = अच्छी तरह परीक्षा कर, उसे, महाबलिभिः = अत्यधिक बलशाली, ईश्वरनाममन्त्रैः = भगवान् के नाममन्त्ररूप (कुदाली) से, भित्त्वा = खोद कर, दिव्याश्रितम् = देवता (भी) जिसका आश्रयण लेते हैं उस, ते = आपके, पादपद्मम् = चरणकमलरूप खजाने को, भुजगभूषणम् = जो कि साँपों से भूषित (रक्षित) है, उद्वहन्ति = पा लेते हैं, ते = वे, इह = इस संसार में, कृतार्थाः = कृतकृत्य हैं।

भूमि में गड़े खजाने को निकालने के प्रयत्न के रूपक का प्रयोग है। नामजप और ध्यान का साहचर्य विवक्षित है। जप के साथ अर्थभावना भी करनी चाहिये ऐसा पतंजलि महर्षि ने भी बताया है। जैसे भूमि खजाने और हमारे बीच व्यवधान बनती है ऐसे अज्ञान शिव और जीव के मध्य का व्यवधान है, जिसे खोद डालने से खजाना मिल जायेगा। मिला हुआ होने पर भी न मिले हुए की तरह है अतः न मिले होने की निवृत्ति हो जायेगी यह अर्थ है। शिव की दबे खजाने से तुल्यता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

छान्दोग्य श्रुति में प्रसिद्ध ही है, *'यथापि हिरण्यनिधिं निहितमक्षेत्रज्ञा उपर्युपरि संचरन्तो न विन्देयुरेवमेवेमाः सर्वाः प्रजा अहरहर्गच्छन्त्य एतं ब्रह्मलोकं न विन्दन्त्यनृतेन हि प्रत्यूढाः '(छा. ८.३.२)*। नाममन्त्र से प्रणव समझना चाहिये जो महावाक्यरूप होने से अज्ञाननाशक है ही। अथवा अन्य नामों को समझना चाहिये जिनके प्रताप से चित्त शुद्ध होकर अज्ञान-निवृत्ति हो सके। ध्यान अंजन और मन आँख जाननी चाहिये। *'मनोऽस्य दैवं चक्षुः' (छां. ८.१२.५)* ऐसी श्रुति भी है। भगवन्नाम का कुठार के रूप में वर्णन शिवपुराण में (वि. २३.३०) है—

'संसारमूलभूतानां पातकानां महामुने। शिवनाभकुठारेण विनाशो जायते ध्रुवम्'॥

भक्त को नित्य शिवसहस्रनाम का जप करना चाहिये। न हो सके तो शिवाष्टोत्तरशतनाम का जप करना चाहिये। शिवरहस्य में (७.१३) कहा है—

'एतानि दिव्यानि नामानि... बहून्यपि ततस्तेषामावृत्तिरतिदुर्लभा॥

अस्ति गुह्यतमं देवि नाम्नामष्टोत्तरं शतम्। शम्भोरहं प्रवक्ष्यामि पठतां शीघ्रकामदम्' ॥

यदि यह भी असंभव हो तो *'शर्वाय क्षितिमूर्तये नमः'* आदि रूप से इन आठ नामों का जप करना चाहिय जैसा शिवपुराण में (शतरु. २.३-४) बताया है

'शर्वो भवस्तथा रुद्र उग्रो भीमः पशोःपतिः। ईशानश्च महादेवो मूर्तयश्चाष्ट विश्रुताः॥
भूम्यम्भोग्निमरुद्व्योमक्षेत्रज्ञार्कनिशाकराः। अधिष्ठिताश्च शर्वाद्यैरष्टरूपैः शिवस्य हि' ॥

इसमें भी अशक्त को शिव इस द्व्यक्षर नाम का ही जप कर लेना चाहिये। शिवोपनिषत् में (१.२०) कहा है

'नामसंकीर्तनादेव शिवस्याशेषपातकैः। यतः प्रमुच्यते क्षिप्रं मन्त्रोऽयं द्व्यक्षरः परः '॥

शंकरसंहिता में इस नाम का माहात्म्य इसी से बताया है कि यह वेद के मध्य में स्थित है—

'सर्वासामपि विद्यानामुत्कृष्टा श्रुतिरुच्यते। चतुर्णामपि वेदानां यजुर्वेदो विशिष्यते॥
यजुर्वेदे चतुष्काण्डः श्रीरुद्रस्तत्र, तत्र च। नमः सोमाय चेत्यत्र वरा पंचाक्षरी मता'॥
तन्मध्ये जीवरत्नं स्यात् शिव इत्यक्षरद्वयम्॥

अधिकारी के लिये तो एकाक्षर-जप ही सर्वोत्तम है। सर्वथापि नामजपसहकृत ध्यान के विधान में तात्पर्य है। शिवलाभ ही कृत्य—करने योग्य—है। उसके अतिरिक्त कोई कृत्य नहीं ॥७२॥

शिवलाभार्थ व्यापार ही कृत्य है इसे प्रकट करते हैं—

भूदारतामुदवहद्यदपेक्षया श्री-
भूदार एव किमतः सुमते लभस्व।
केदारमाकलितमुक्तिमहौषधीनां
पादारविन्दभजनं परमेश्वरस्य ॥७३॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सुमते = हे सद्बुद्धि !, आकलितमुक्तिमहौषधीनाम् = मुक्ति की प्रसिद्ध महान् औषधियों के, केदारम् = खेत रूप, परमेश्वरस्य = भगवान् के, पादारविन्दभजनम् = चरणकमल का भजन, लभस्व = कर, यदपेक्षया = जिसके लिये, श्रीभूदारः = श्रीदेवी व भूदेवी जिनकी पत्नियाँ हैं उन महाविष्णु ने, एव = भी, भूदारताम् = वराहरूपता (तक), उद्वहत् = ग्रहण की थी ।अतः = इससे (वेहतर और), किम् = क्या (कार्य हो सकता है) ?

चरणकमल का भजन वह खेत है जिसमें मोक्षप्रद औषधियाँ उगती हैं । ज्योतिर्लिंग के चरण को ढूँढने के लिये ही विष्णु ने वराहरूप लिया था यह प्रसिद्ध है । भट्ट जगद्धर ने नतोपदेश नामक स्तोत्र में '*विभुं भजध्वं गिरिजाभुजंगम्, व्रजत . . . . शरणं तुषारकिरणाभरणम्, श्रयत विभुं हतकल्मषजालम्, भजत प्रभुमद्रिसुताधवलम्, प्रणमतपुरहरमशरणशरणम्*', आदि कहकर हमें यही उपदेश दिया है कि भगवान् का भजन ही एकमात्र कर्तव्य है । यद्यपि अन्य काम भी कर लेने चाहिये अन्यथा व्यवहार न चलने से शिवभजन न हो सकेगा तथापि कर्तव्यबुद्धि परमेश्वर के भजन में ही रखनी चाहिये । अन्य काम इसीलिये हैं कि उनसे सब व्यवस्थित रहे और हम अधिक से अधिक शिवभावना में लीन रहें । वे काम ही प्रमुख बन जाने नहीं चाहिये । *श्रीभूदार* कहकर सूचित किया कि सांसारिक समृद्धि को भजन का फल नहीं समझना चाहिये । यदि वही फल होता तो उसे पा चुके महाविष्णु क्योंकर चरणानुसन्धान में प्रवृत्त होते ? साथ ही शिवाराधना के लिये चाहे जितना नीचा झुकना पड़े, झुक लेना चाहिये, विष्णु तो सूअर तक बन गये थे । अर्थात् वृथा अभिमान की रक्षा के पीछे भजन का मौका नहीं छोड़ना चाहिये ॥७३ ॥

शिवचरणसेवा से लौकिक सम्पत्ति नहीं तो किसकी आशा करें ? यह वताते हैं—

आशापाशक्लेशदुर्वासनादि-
भेदोद्युक्तैर्दिव्यगन्धैरमन्दैः ।
आशाशाटीकस्य पादारविन्दं
चेतःपेटीं वासितां मे तनोतु ॥७४ ॥

आशाशाटीकस्य = दिगम्बर भगवान् शंकर के, पादारविन्दम् = चरणकमल, आशापाशक्लेशदुर्वासनादिभेदोद्युक्तैः = कामना, कर्मादि पाश, अविद्यादि क्लेश, कुसंस्कार आदि को निवृत करने में उद्यत, अमन्दैः = अति समर्थ, दिव्यगन्धैः = अलौकिक सुगन्धों से, मे = मेरे, चेतःपेटीम् = चित्तरूप डिब्बे को, वासिताम् = सुगन्धित, तनोतु = करें ।

अनुभूतिप्रकाश में (१२.३०-३४) विद्यारण्यमुनि ने चार पाश बताये हैं—

'पाशाश्चतुर्विधाः शैवशास्त्रेषु प्रतिपादिताः ॥

मलो माया कर्म तत्त्वतिरोधानं च ते मताः। मलो ज्ञानक्रियाशक्त्याच्छादको दोष इष्यते ।

रागादिहेतुर्मायोक्ता कर्म पुण्यं च पातकम् मूढैस्तत्त्वतिरोधानं सर्वैरप्यनुभूयते' ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

शिवतत्त्व को न जानना, रागादि की कारणभूत माया, कर्म तथा ज्ञान व क्रियाशक्ति के अभिभावक दोष— ये पाश हैं। *'अविद्याऽस्मितारागद्वेषाभिनिवेशाः'* ये पाँच क्लेश योगसूत्र में (२.३) वर्णित हैं। विपर्यय ज्ञान अविद्या है। अनित्य को नित्य समझना, बीभत्स को शुद्ध समझना, दुःख को सुख समझना, और अनात्मा को आत्मा समझना— यही चतुष्पदा अविद्या है। बुद्धि आदि को आत्मा से भिन्न न समझना तो अविद्या है और उसे आत्मा ही समझ लेना तथा बुद्धिगुणों को अपना ही मानना अस्मिता है। विज्ञानभिक्षु ने कहा है *'सामान्यतोऽहंबुद्धिः .... भेदाभेदेनाप्युपपद्यते, अत्यन्ताऽभेदाऽग्रहणात्, सैव अविद्या; न तु तदुत्तरकालीनः पुरुषे बुद्ध्यादिगुणदोषारोपः 'ईश्वरोऽहमहं भोगी' त्यादिरूपः... अस्मिता त्वेतदुभयरूपिणी। भमत्त्वाऽविशेषेऽपि कार्यकारणरूपाऽवान्तरविशेषाद् अविद्याऽस्मितयोर्भेदेनोपन्यासः'* (२.६)। सुख को याद कर उसकी तथा उसके साधन की तृष्णा राग है। दुःख को याद कर उसके व उसके साधन के प्रति क्रोध— यह न हो ऐसी इच्छा— द्वेष है। मैं बना रहूँ, यह आशा अभिनिवेश है। सन्मार्ग में प्रवृत्ति रोकने वाले तथा असन्मार्ग में प्रवृत्ति कराने वाले संस्कार कुसंस्कार हैं। इन सबकी निवृत्ति की आशा भगवच्चरणकमलपरिमल से करनी चाहिये। केवल इनकी निवृत्ति ही नहीं, सत्संस्कारादि के उदय की भी प्रार्थना है यह *दिव्यगन्धैः वासिताम्* से कहा। पटकुटी (२१), कुम्भ (३६), दुर्ग (४२), कुहर (४४) आदि की शृखंला में पेटी का भी मन के लिये विलक्षण रूपक रखा गया है ॥७४॥

पुनः-पुनः करने से वासना बनती है अतः अपनी कर्मेन्द्रियाँ भगवत्परक करनी चाहिये यह उपदेश देते हैं—

कल्याणिनं सरसचित्रगतिं सवेगं
सर्वेङ्गितज्ञमनघं ध्रुवलक्षणाढ्यम्।
चेतस्तुरंगमधिरुह्य चर स्मरारे
नेतः समस्तजगतां वृषभाधिरूढ ॥७५॥

स्मरारे = हे कामशत्रु!, **समस्तजगताम्** = (हे) समस्त संसार के, **नेतः** = नेता!, **वृषभाधिरूढ** = हे वृषभ (साँड) पर चढ़ने वाले! आप, **कल्याणिनम्** = सौभाग्यवान्, **सरसचित्रगतिम्** = पसीने से तर होने पर भी नाना प्रकार की चाल से चलने वाले, **सवेगम्** = तेज गति वाले, **सर्वेङ्गितज्ञम्** = सब इशारों को समझने वाले, **अनघम्** = निर्दोष, **ध्रुवलक्षणाढ्यम्** = स्थायी विशेषताओं वाले, **चेतस्तुरङ्गम्** = (मेरे) मन रूप घोड़े पर, **अधिरुह्य** = चढ़कर, **चर** = विचरण कीजिये

यद्यपि चेतस्तुरंग कहा है तथापि *'कर्मेन्द्रियाणि अस्य हयाः' (मैत्रायण्युप. २.६)* श्रुति के आधार पर यहाँ चेतःशब्द से कर्मेन्द्रियाँ लक्षित समझनी चाहिये। साँड से घोड़े पर आने का तात्पर्य है कि शास्त्रप्रोक्त धर्म करना आवश्यक है, किये विना धर्म नहीं होता। वस्तुतः यज्ञादि क्रिया ही धर्म है। *'अयजन्त देवास्तानि धर्माणि' (पुरुषसूक्त)* श्रुति इसमें प्रमाण है। *स्मरारे* से स्पष्ट किया कि निष्काम व्यक्ति ही धर्म कर व करा सकता है। कामनाप्रयुक्त प्रायशः अधर्म ही होता है। *नेतः* से कहा कि हमें रास्ता

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बताकर उस पर ले चलनेवाले महादेव ही हैं अत: हमें उनकी आज्ञा का पालन करना है, उन्हें हम अपने अनुसार चलाने की इच्छा न करें। खञ्ज आदि को कर्मानधिकार होने से अविकलेन्द्रियत्व स्वयं सौभाग्यवत्व होने से इन्द्रियों को सौभाग्य कहा है। थकानशील भी धर्माचरण ठीक से कर पाये यह असंभव होने से *सरसचित्रगतिम्* कहा। हमें आसन, व्यायाम आदि से अपनी क्रियासामर्थ्य इस योग्य बनानी चाहिये कि शैवमार्ग पर चलते समय झट से थकान न आवे। निरुत्साह मन्दगति होता है। साधक को उत्साही अतः सवेग होना चाहिये। जीवन का कोई ठिकाना नहीं कब तक रहे, अतः शीघ्रातिशीघ्र लक्ष्य तक पहुँचने का प्रयासरूप साधनानुष्ठान करना आवश्यक है। धर्म यद्यपि अनेक छोटी-छोटी बातों को स्पष्ट करता है तथापि नित नवीन संसार में प्रतिदिन ऐसी अनेक स्थितियाँ आती हैं जब पुस्तक से यह पता नहीं चलता कि क्या करना उचित है। इसलिये धर्म का संकेत समझना पड़ता है जिससे ऐसे संशयों को काटा जा सके। अथवा, अन्तर्यामी के इशारे को समझने वाली इंद्रियाँ विवक्षित हैं। मन यदि अंतर्यामी से विरुद्ध प्रेरणा दे तो इंद्रिय में यह सामर्थ्य होनी चाहिये कि अंतर्यामी की आज्ञा का ही अनुसरण करे। यह योग्यता अभ्याससाध्य है। यदि हम बार-बार इंद्रियों से वही करें जो उचित है न कि जो मन को इच्छित है तो इंद्रियों में यह ताकत आ जाती है। इंद्रियाँ खुद रागहीन हों यह उनका निर्दोषत्व है। *'हरन्ति प्रसभं मनः'(गी. २.६०)* से माना जा सकता है कि इंद्रियाँ भी सराग होती हैं, अंत: उसे हटाना चाहिये। ये सब विशेषताएँ कदाचित् व पर्याय से प्राय: सब में मिल जाती हैं पर उससे यहाँ काम नहीं चलना इसलिये *ध्रुवलक्षणाढ्यम्* कहा। श्लोक का तात्पर्य यही है कि इन विशेषताओं को अपने में लाकर शिवधर्म का अनुष्ठान कर शिवभावना को अपने में स्थायी बना लेवे ॥७५॥

भक्तिपथिक के लिये सन्तोषी होना बहुत आवश्यक है यह बताते हैं—

भक्तिर्महेशपदपुष्करमावसन्ती
कादम्बिनीव कुरुते परितोषवर्षम्।
सम्पूरितो भवति यस्य मनस्तटाकः
तज्जन्मसस्यमखिलं सफलं च नान्यत् ॥७६॥

महेशपदपुष्करम् = भगवान् शंकर के चरण रूप आकाश में, **आवसन्ती** = रहती हुई, **भक्तिः** = भक्ति, **कादम्बिनी** = मेघ-पंक्तियों की, **इव** = तरह, **परितोषवर्षम्** = सन्तोषरूप जल की वर्षा, **कुरुते** = करती है। **यस्य** = जिस व्यक्ति का, **मनस्तटाकः** = मनरूप तालाब (उस वर्षा से), **सम्पूरितः** = भर जाता, **भवति** = है, **तज्जन्मसस्यम्** = उसकी जन्मरूप खेती, **अखिलम्** = पूरी, **च** = ही, **सफलम्** = सफल है, **अन्यत्** = उससे अन्य की जन्मरूप खेती, **न** = (सफल) नहीं।

भक्ति का साधन तथा साध्य सन्तोष है। *'सन्तोषादनुत्तमः सुखलाभः'(२.४२)* यह योगसूत्र है। इसकी व्याख्या के लिये वाचस्पति मिश्र ने विष्णु[illegible] (४.१०.२६) श्लोक उद्धृत किया है—

'या दुस्त्यजा दुर्मतिभिर्या न जीर्यति जीर्यताम्। तां तृष्णां सन्त्यजन्प्राज्ञः सुखेनैवाभिपूर्यते'॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

जीर्यताम् — बूढ़े होते हुओं की भी तृष्णा स्वयमेव जीर्ण नहीं होती, उसके त्याग के लिये प्रयत्नशील होना चाहिये यह तात्पर्य है। साधनामार्ग सांसारिक प्रगति नहीं होने देता जिससे लौकिक वस्तुओं की कमी रहना अपरिहार्य है। सन्तोष होगा तो कमी में जीवनयापन कर व्यक्ति साधना में लगा रहेगा, अन्यथा कमी पूरी करने के असम्भव प्रयास में लग जाएगा। साधनावस्था की तरह सिद्धावस्था भी सन्तोषपूर्ण है। अंतर यह है कि साधक को सायास सन्तोष का अभ्यास करना होगा जबकि सिद्ध नित्यसन्तुष्ट रहेगा। सन्तोष की प्रमुखता से ही इसे भगवान् ने दो बार साधनरूप से गिन दिया है *'सन्तुष्टः सततम्'* व *'सन्तुष्टो येन केनचित्' (गी.१२.१४,४१)*। भक्ति के कारण सन्तोष मिलता है अतः अपनी भक्तिसम्बन्धी बढ़ोतरी को सन्तोष के अनुपात से मापा जा सकता है। किसी भी परिस्थिति में इसके अतिरिक्त और कुछ नहीं चाहिये, ऐसा निश्चय बना रहना ही सन्तोष है। किन्तु यह सन्तोष संसार के विषय में ही करना चाहिये, कल्याण के उपाय भक्ति-अनुष्ठान में तो माघकवि की बात माननी चाहिये *'श्रेयसि केन तृप्यते'* ॥७६॥

अब तक मन को कमल, कपि, तम्बू, किला, हंस, बगीचा, पादुका आदि नाना प्रतीकों द्वारा द्योतित कर भगवदर्पण करने की प्रेरणा दी। मधुसूदनाचार्य ने बताया है, *'शृङ्गारो मिश्रितत्वेऽपि सर्वेभ्यो बलवत्तरः' (भक्तिर पृ १५१)* अर्थात् कामादि से मिश्रित होने पर भी शृंगार सबसे बलवान् रस है। स्मार्त मार्ग की मर्यादा के अनुकूल होने से इस शृंगार के प्रयोग भी सीमित ही संभव हैं। जैसे सखिसम्प्रदाय आदि में सम्भोगशृंगार के द्वारा भक्तिभाव का प्रकर्ष अभीष्ट होता है, वैसा यहाँ स्वीकार्य नहीं। विप्रलम्भ शृंगार का मर्यादित प्रयोग संभव होने से उसे दो श्लोकों द्वारा सूचित करते हैं। बुद्धि को वधू की उपमा देकर शृंगार की सूचना है। पहले विरह व्याकुलता का वर्णन करते हैं—

बुद्धिः स्थिरा भवितुमीश्वरपादपद्म-
सक्ता वधूर्विरहिणीव सदा स्मरन्ती।
सद्भावनास्मरणदर्शनकीर्तनादि
संमोहितेव शिवमन्त्रजपेन विन्ते ॥७७॥

ईश्वरपादपद्मसक्ता = महादेव के चरणकमलों में आसक्त, बुद्धिः = बुद्धि, स्थिरा = (वहाँ) स्थिर, भवितुम् = होने के लिये, विरहिणी = विरहातुर, वधूः = पत्नी, इव = की तरह, सदा = हमेशा (उन्हें), स्मरन्ती = याद करती हुई (रहती है)। शिवमन्त्रजपेन = 'शिव' इस मन्त्र के जप से, इव = मानों, सम्मोहिता = सम्मोहनग्रस्त हो (वह), सद्भावनास्मरणदर्शनकीर्तनादि = शिवविचार, शिवस्मृति, शिवदर्शन, शिवकीर्तन आदि को ही, विन्ते = (सब कुछ) समझती है।

विरह को प्रेम पकाने वाला माना जाता है। संयोग न होने का दुःख और संयोग की कामना—दोनों होने से इसकी तीव्रतरता है। जैसे लौकिक विरहिणी को कान्तचिन्तन से भिन्न कुछ रुचता नहीं और चाहे जो व्यवहार करते हुए उसका मन प्रिय में ही लगा रहता है वैसे भक्त भी भगवत्परायण होना चाहिये। भट्ट जगद्धर ने कहा है

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'आदौ भक्तिवयस्यया परिचयान्नीतोन्मुखत्वं शनै-

रारूढा विषमेषुवर्त्मसु चिरं भ्रान्ताऽथ तान्तेः पदम् ।

दूतीकृत्य नवानवद्यवचसं देवीं पुरो भारती-

पेषा त्वामुपगन्तुमिच्छति पतिं प्रोद्दामकामा मतिः ' ॥३३.२० ॥

बाला पहले किसी सखी द्वारा प्रेममार्ग का परिचय पाती है । धीरे-धीरे उसे प्रिय को मिलने की उत्कण्ठा होती है । कामदेव के निर्देशानुसार भटकती हुई (*तान्ति अर्थात्*) खेद पाती है । फिर किसी को दूती बनाकर प्रिय को सूचना भेज कर उससे मिलना चाहती है । ऐसे बुद्धि भक्तिरूप सखी द्वारा भगवत्प्राप्ति के मार्ग का परिचय पाकर भगवान् से मिलने को उत्कण्ठित होती है । कठिन मार्ग पर चलती हुई बहुत देर तक भगवान् को न पाकर खिन्न हो जाती है । फिर स्तुतिरूप वाणी को दूती बनाती है और अत्यधिक कामना वाली हुई भगवान् के पास जाना चाहती है । स्वयं को विरहाकुल संयोगेच्छुक तरुणी की तरह समझ शिवचिन्तनादि में एकचित्त रहना चाहिये यह तात्पर्य है ॥७७ ॥

अब भगवान् से प्रार्थना करते हैं कि इस विरहिणी का उद्धार कीजिये—

सदुपचारविधिष्वनुबोधितां सविनयां सुहृदं समुपाश्रिताम् ।

मम समुद्धर बुद्धिमिमां प्रभो वरगुणेन नवोढवधूमिव ॥७८ ॥

प्रभो = हे प्रभु !, सदुपचारविधिषु = भली प्रकार सेवा करने की विधियाँ, अनुबोधिताम् = जिसे समझा दी गयी हैं, सविनयाम् = (जो) विनययुक्त (है), (और), सुहृदम् = मुझ अपने सज्जन बन्धुपर, समुपाश्रिताम् = आश्रित है, (उस), इमाम् = इस, मम = मेरी, बुद्धिम् = बुद्धि को (वैसे ही), समुद्धर = अपने पास ले जाइये, इव = जैसे, नवोढवधूम् = नवविवाहिता स्त्री को, वरगुणेन = उसके श्रेष्ठ गुणों के कारण (उसका पति जल्दी ही ले जाता है) ।

अत्यन्त प्रेमासक्त होने से निश्चय है कि बुद्धिवधू का अन्यत्र परिणय होना नहीं । अब तो भगवान् ही इसे अपना लें । वे अपनायें इसके योग्य इसे मैंने — जो कि इसका संरक्षक हूँ — बना दिया है । यदि इसके प्रेम की गणना न भी करें तो इसके गुणों के कारण ही इसे ले जाइये । अब क्योंकि यह आपकी हो गयी है अतः इसे मैं ही पालता रहूँ यह उचित नहीं । भट्ट जगद्धर ने भी कहा है

'प्रियतमोऽपि मते र्मम सा पुन र्न गुणवत्यपि ते हृदयंगमा ।

इति महेश भवद्विरहातुरा भजति कामपि कामकदर्थनाम्' ॥१०.५३ ॥

सद्गुण-सम्पन्न और शंकर को ही प्राणप्रिय समझने वाली होने पर भी जो यह विरहातुर हो असंख्य कष्ट पा रही है उसका यही कारण समझ आता है कि परशम्भु को यह मेरी बुद्धि प्रिय नहीं है । तात्पर्य है कि भगवत्प्रेम उत्पन्न हो चुकने पर अन्यत्र रति की आशा भी छोड़ अपने चित्त को सर्वथा भगवदर्पण करना चाहिये । प्रायः यही भाव उत्पलदेव ने अन्य प्रकार से व्यक्त किया है

'भगवन् भवदिच्छयैव दासस्तव जातोऽस्मि परस्य नात्र शक्तिः ।

कथमेष तथापि वक्त्रबिम्बं तव पश्यामि न जातु चित्रमेतत्' ॥१२.२६ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हे भगवान् ! मैं आपकी इच्छा से ही आपका दास बना हूँ क्योंकि यह संभव नहीं कि आपकी इच्छा न हो और मैं आपका दास बन जाऊँ । किन्तु आश्चर्य यह है कि आपकी इच्छानुसार आपका सेवक बनने पर भी अब तक आपका दर्शन भी नहीं कर पाया ! ॥७८ ॥

यद्यपि शृंगारसम्बन्धी संयोग अनभीप्सित है तथापि सेव्यसेवकभाव से वह इष्ट ही है यह सूचित करते है —

नित्यं योगिमनःसरोजदलसंचारक्षमस्त्वत्क्रमः
शम्भो तेन कथं कठोरयमराड्वक्षःकवाटक्षतिः ।
अत्यन्तं मृदुलं त्वदङ्घ्रियुगलं हा मे मनश्चिन्तय-
त्येतल्लोचनगोचरं कुरु विभो हस्तेन संवाहये ॥७९ ॥

शम्भो = हे शम्भु !, विभो = हे व्यापक परमेश्वर !, त्वत्क्रमः = आपका पैर, नित्यम् = सदा, योगिमनःसरोजदलसञ्चारक्षमः = योगियों के मनरूप कमलदल पर घूमने की क्षमता वाला है, तेन = उससे, कठोरयमराड्वक्षःकवाटक्षतिः = कठोर देह वाले यमराजकी छाती रूप दरवाजे का तोड़ना, कथम् = कैसे (किया होगा) ? हा = हाय !, त्वदङ्घ्रियुगलम् = आपके दोनों पैर तो, अत्यन्तम् = अत्यन्त, मृदुलम् = कोमल हैं । मे = मेरा, मनः = मन, चिन्तयति = चिन्तित है(क्या हाल होगा उन पैरों का ?), एतत् = अपने चरणयुगल को, लोचनगोचरम् = (मेरे) दृष्टिगोचर, कुरु = कीजिये । हस्तेन = अपने हाथ से (उन्हें), संवाहये = सहला (मालिश कर) दूँ ।

पूर्व में (६४) कठिन कार्यों के लिये अपने मन को भगवच्चरणों के लिये पादुका रूप में अर्पित किया था । यदि महादेव ने स्वीकार कर लिया होता तब कोई कठिनाई नहीं थी, किंतु उन्होंने ऐसा किया नहीं अतएव चिन्ता है कि मृदु सुमनविस्तर पर संचरण करने वाले श्रीचरणों को कठोर स्पर्श से असुविधा अवश्य हुई होगी और सेवा की आवश्यकता होगी । तात्पर्य है कि यदि साधनारंभ में ही मैं शिवसंकल्प बन गया होता तो उसी के आधार पर संसार-तापों से बच जाता, पर वैसा हुआ नहीं और जैसे तैसे मैंने भक्ति का आश्रयण लिया जिससे मुझ अयोग्य के भी कष्ट भगवान् ने दूर कर दिये अतः अब और भी अधिक तत्परता से शिवसेवा मुझे करनी चाहिये । लौकिक शान्ति आदि मिलने से यह समझ नहीं लेना चाहिये कि हमारी स्थिति अच्छी हो गयी है, बल्कि यह जानना चाहिये कि यह शान्ति आदि केवल शिवकृपा से मिली है जिससे और अधिक भक्ति की जाये । साथ ही भगवान् के घूमने लायक स्थल कमल सदृश मन बताया । अतः अपने मन को वैसा बनाना चाहिये । निर्मलता, वैराग्य और कड़ा न होना — इन कमल में प्रसिद्ध गुणों को स्वयं में आहित करने का प्रयास कर्तव्य है । पादसेवा भक्ति का ही अंग है । यहाँ अजहल्लक्षणा से सभी अंग समझने चाहिये । उत्पलदेव ने भी भगवान् की चरणसेवा की उत्कण्ठा प्रकट की है—

'दासधाम्नि विनियोजितोप्यहं स्वेच्छयैव परमेश्वर त्वया ।
दर्शनेन न किमस्मि पात्रितः पादसंवहनकर्मणापि वा' ॥१३.१० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

मैं आपकी चरणसेवा करूँ इसके योग्य नहीं, दर्शन करूँ इसके योग्य नहीं तो आखिर आपने अपनी इच्छा से मुझे अपना दास बनाया किसलिये ? ॥७९ ॥

'यदि पद्मसदृश मन वाले योगियों में ही भगवान् का रमण है तो मुझ सरीखे कठोरचित्त में वे क्योंकर होंगे ? अतः मुझे मनःस्थतया शिवाराधन में अधिकार नहीं;' — यह भ्रम न हो जाये इसलिये '*प्राणिमात्रस्य भक्तावधिकारः*' (*भक्ति. पृ. २५*) वताने के लिये कहते हैं —

> एष्यत्येष जनिं मनोऽस्य कठिनं तस्मिन्नटानीति म-
>
> द्रक्षायै गिरिसीम्नि कोमलपदन्यासः पुराभ्यासितः ।
>
> नो चेद् दिव्यगृहान्तरेषु सुमनस्तल्पेषु वेद्यादिषु
>
> प्रायः सत्सु शिलातलेषु नटनं शम्भो किमर्थं तव ॥८० ॥

शम्भो = हे शम्भु !, एषः = 'यह, जनिम् = जन्म, एष्यति = लेगा, अस्य = इसका, मनः = मन, कठिनम् = कठोर (होगा और), तस्मिन् = उसमें, अटानि = मुझे संचरण करना होगा', इति = (ऐसा सोचकर) इस कारण से, मद्रक्षायै = मेरी रक्षा करने के लिये, गिरिसीम्नि = पहाड़ों की कठोर चोटियों पर, कोमलपदन्यासः = अपने कोमल चरणों को पड़ने का, पुरा = (आपने) पहले ही, अभ्यासितः = अभ्यास डाल दिया है । चेत्=यदि (ऐसा), नो = न (होता तो), दिव्यगृहान्तरेषु = अलौकिक घरों के भीतरी भाग में स्थित, वेद्यादिषु = सहन आदि में, सुमनस्तल्पेषु = पुष्पचर्चित तख्तों के, प्रायः = बहुतायत से (सुलभ), सत्सु = होते हुए, शिलातलेषु = पत्थरों के तलों पर, तव = आपका, नटनम् = नाचना, किमर्थम् = किसलिये ?

ऊबड़ खाबड़ पहाड़ी इलाके में घूमने का अभ्यास महादेव इसीलिये कर लेते हैं कि मुझ जैसों के बेढब मनों में संचरण करना मुश्किल न हो । अतः यह भय व्यर्थ है कि योगियों को ही निकटतया भगवान् उपलब्ध हैं, हमें नहीं । वे हम सब को उपलब्ध हैं । हाँ यह हमारा काम है कि हम उनके चलने लायक अपने मन को यथासंभव बनायें जिससे उन्हें कष्ट न हो । अपने सांसारिक अनुभवों से परमात्मपथ पर बढ़ने को सहारा देना चाहिये । लौकिक व्यवहार में बहुधा हम अनेक दुर्वचन सुन लेते हैं । उससे हममें जो गाली सहने की क्षमता आयी उसे प्रयुक्त करना चाहिये जब अध्यात्ममार्ग पर चलते हुए गाली सुननी पड़े । प्रायः हम संसार के लाभों के लिये तो गाली सुनना, मार खाना आदि सह लेते हैं पर परमेश्वर की अर्चना में इन्ही अड़चनों से रुक जाते हैं । अतः आचार्य ध्वनित कर रहे हैं कि संसार के लिये किये अभ्यास से परमार्थमार्ग पर चलने का प्रयास उचित है ।

ज्ञानरूप सरल मार्ग के रहते भक्तिरूप कठिन मार्ग भगवान् ने इसलिये बनाया कि हमारा मन कठिन है — इस आग्रह वाला है कि कठिनता से प्राप्त वस्तु ही महान् होती है । अतः कठिनता-सरलता का अंतर मार्ग में है — ऋजुता व कुटिलता का भेद है — नटराज में भेद नहीं । ज्ञानद्वारकता ही कठिनता या कुटिलता समझनी चाहिये ॥८० ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्योंकि सबको अधिकार है और भगवान् की सर्वसुलभता समान है इसलिये श्रेयइच्छुक को हर तरह से भगवद्भजन में प्रवृत्त होना चाहिये । यह प्रवृत्ति साधन भी है और भगवद्धर्मनिष्ठारूप फलभूत भूमिका भी —

कंचित्कालमुमामहेश भवतः पादारविन्दार्चनैः
कंचिद्ध्यानसमाधिभिश्च नतिभिः कंचित्कथाकर्णनैः ।
कंचित्कंचिदवेक्षणैश्च नुतिभिः कंचिद् दशामीदृशीं
यः प्राप्नोति मुदा त्वदर्पितमना जीवन्स मुक्तः खलु ॥८१ ॥

उमामहेश = हे उमापति !, यः = जो, त्वदर्पितमनाः = आपको अपना मन अर्पित करने वाला, ईदृशीम् = ऐसी, दशाम् = अवस्था, मुदा = सहर्ष (अनायास), प्राप्नोति = पाता है (जिसमें), कंचित् = कुछ, कालम् = समय, भवतः = आपके, पादारविन्दार्चनैः = चरण कमलों की पूजा करने से, कंचित् = कुछ, नतिभिः = नमस्कार करने से, च = व, कंचित् = कुछ, ध्यानसमाधिभिः = सविशेष तथा निर्विशेष स्वरूपों के चिन्तन से, कंचित् = कुछ, कथाकर्णनैः = (आपकी) कथा सुनने से, कंचित् = आपके, अवेक्षणैः = दर्शन करने से, च = एवम्, कंचित् = कुछ, नुतिभिः = गुणगान करने से (व्यतीत होता है), खलु = यह निश्चित है कि, सः = वह, जीवन् = जीवित रहते हुए, मुक्तः = मोक्ष पा चुका है ।

जीवन का प्रत्येक क्षण शिवसंगति वाला हो, यही भक्त की परम इच्छा है । सर्वत्र ब्रह्म जानता हुआ मुक्त भी प्रतिवोधविदित् शिव का अभिन्न साहचर्य पाता है । अतः सदा भगवद्भजन में अनुरक्त और सिद्ध में थोड़ा ही फरक है । वह उत्तम साधक मोक्ष पाने ही वाला है अतः मुक्त ही समझा जाना चाहिये । इस स्थिति का सबसे प्रमुख व प्रथम उपाय है मन को भगवदर्पण करना । इसके विना सार्वकालिक भक्ति असंभव है । फिर यह सारा प्रयास भय आदि प्रयुक्त नहीं, सहर्ष होना चाहिये । साथ ही इस प्रकार सब तरह हर समय भगवदेकपरायण होना तभी हो सकता है जब हमारी दृष्टि कुछ बँधे प्रतीकों में रुकी न रहे । यदि पूजा के लिये शिवलिंग व पंचपात्र ही चाहिये तो निश्चय ही कभी पूजा में व्यवधान आयेगा । यह भ्रम नहीं कर लेना चाहिये कि प्रकृत साधक को मूर्ति व अन्य द्रव्य नहीं चाहिये, या वह मंदिर आदि में प्रतिमा आदि का पूजन नहीं करेगा; यहाँ तो यह तात्पर्य है कि साधक शिवलिंगादि सामने न देखते हुए भी शिवपूजा करता रहेगा । स्कन्दपुराण में कहा है

'पुष्पाणि सन्तु तव देव ममेन्द्रियाणि धूपोऽगरुर्वपुरिदं हृदयं प्रदीपः ।
प्राणा हवींषि करणानि तवाक्षताश्च पूजाफलं व्रजतु साम्प्रतमेष जीवः' ॥

इस दृष्टि को अपनाने से ही उक्त स्थिति लभ्य है । शिवभक्त उत्पलदेव ने भी यही अभिलाषा प्रकट की है

'तत्तदिन्द्रियमुखेन सन्ततं युष्मदर्चनरसायनासवम् ।
सर्वभावचषकेषु पूरितेष्वापिबन्नपि भवेयमुन्मदः' ॥१३.८ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सब इंद्रियरूप मुखों से, सब पदार्थरूप पात्रों से निरन्तर शिवार्चनरूप मदिरा से सनातन उन्माद अभीप्सित है । यह उन्माद, यह आवेश ही जीवन्मुक्ति है । मदमस्त को कहीं भी अपना अभीष्ट ही दीखता है, खम्बा भी प्रेयसी दीखती है । मुक्त भी सर्वत्र एक अखण्ड शिव ही देखता है, और तो और स्वयं को भी शिव ही जानता है ! ॥८१ ॥

हर तरह से शिवप्रीत्यर्थ व्यवहार करना श्रेष्ठगति का साधन है यह बताते हुए शिवैकनिष्ठा देवतान्तरों के अनादर का कारण न बने, उनकी भी शिवपरायणता से महत्ता ज्ञात कराने वाली बने यह कहते हैं—

बाणत्वं वृषभत्वमर्धवपुषा भार्यात्वमार्यापते
घोणित्वं सखिता मृदंगवहता चेत्यादिरूपं दधौ ।
त्वत्पादे नयनार्पणं च कृतवांस्त्वद्देहभागो हरिः
पूज्यात्पूज्यतरः स एव हि न चेत्को वा तदन्योऽधिकः ॥८२ ॥

आर्यापाते = हे पार्वतीपति !, हरिः = विष्णु ने, बाणत्वम् = बाणरूपता, वृषभत्वम् = साँडरूपता, अर्धवपुषा = (आपका) आधा शरीर होकर, भार्यात्वम् = पत्नीरूपता, घोणित्वम् = सुअररूपता, सखिता = सखीरूपता, च = तथा, मृदंगवहता = मार्दंगिकरूपता, इत्यादि = और ऐसे अनेक, रूपम् = रूप, दधौ = धरे; च = एवम्, त्वत्पादे = आपके चरण पर, नयनार्पणम् = अपनी आँख को अर्पित, कृतवान् = किया; त्वद्देहभागः = आपके शरीर का हिस्सा, सः = वे विष्णु, एव = ही, चेत् = यदि, पूज्यात् = पूज्यसे, पूज्यतरः = और अधिक पूज्य, न = न हों (तो), हि = आखिर, तदन्यः = उनसे अतिरिक्त, अधिकः = श्रेष्ठ(और), कः = कौन(होगा) ?, वा = विचार तो करो ।

त्रिपुरसंहारार्थ भगवान् शंकर ने महान् आडम्बर से तैयारी की थी । पृथ्वी रथ बनी, ब्रह्मा सारथि, मेरुपर्वत धनुष, चंद्र व सूर्य रथ के पहिये बने । विष्णु बाण बने थे — '*इषुर्विष्णु र्महातेजाः*' (*शिवपु. रुद्रसं.* ८.२६) ।स्कन्दपुराण में (मा. कौ. खं. ३३.२५) भी कहा है —

'क्षोणी रथो विधिर्यन्ता शरोऽहं मन्दरो धनुः ।रथांगे चापि चन्द्रार्कौ युद्धे यस्य च त्रैपुरे' ॥

उसी युद्ध में जब वेदरूप घोड़ों से रथ संभला नहीं तो विष्णु ने सांडरूप होकर रथ को सहारा दिया था । यह लिंगपुराण में (१.७२.२९-३१) वर्णित है—

'तस्मिन्नारोहति रथं कल्पितं लोकसंभृतम् ।शिरोभिः पतिता भूमौ तुरंगा वेदरूपिणः ॥

अथाधस्ताद्रथस्यास्य भगवान् धरणीधरः । वृषेन्द्ररूपी चोत्थाय स्थापयामास वै क्षणम्' ॥

देवी भगवती विष्णु का रुप हैं, क्योंकि हरिवंश में कहा है

'प्रकृत्याः प्रथमो भाग उमा देवी यशस्विनी । व्यक्तः सर्वमयो विष्णुः स्त्रीसंज्ञा लोकभावनः' ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'अर्धनारीश्वरो भूत्वा ययौ देवः स्वयं हरः' ॥ *शिवपु. वायुसं. पूर्व. १५.९* ॥ आदि स्थलों पर आधा शरीर होकर पत्नीरूपता प्रसिद्ध है । अथवा वामनपुराण (अध्याय ५९) में वर्णित हरिहरमूर्ति की ओर संकेत समझना चाहिये—

'सार्धं त्रिनेत्रं कमलाहिकुण्डलं जटामहाभारशिरोजमण्डितम् ।

हरिं हरं चैव नगेन्द्रभूषणं पीताजिनाच्छन्नकटिप्रदेशकम् ॥

चक्रासिहस्तं धनुःशार्ङ्गपाणिं पिनाकशूलाजगवान्वितं च ।

कन्दर्पखट्वाङ्गकपालघण्टासशंखचक्राब्जधरं महर्षे ॥

दृष्ट्वैव देवा हरिशंकरं तं नमोस्तु ते सर्वगताव्ययेति'।

इत्यादि वहां वर्णित है ।

शिवचरणों का पता लगाने के लिये विष्णु का सुअर रूप *'इत्युक्त्वा सूकरतनुर्विष्णुस्तस्यादिमीयिवान्' (शिवपु. विद्ये. ७.१६)* आदि में प्रसिद्ध है । मोहिनी रूप में विष्णु शिव की सखी बने थे । *'ददर्श मोहिनीरूपं विष्णोः स हि वसद्गुणः' (शिवपु. शतरुद्र २०.३)* आदि में यह लीला वर्णित है । स्कन्दपुराण के प्रदोषस्तोत्र में (५) बताया है कि नटराज के नाचते समय विष्णु मृदंग बजाते हैं—

'वाग्देवी धृतवल्लकी शतमखो वेणुं दधत्पद्मजस्तालोन्निद्रकरो रमा भगवती गेयप्रयोगान्विता ।

विष्णुः सान्द्रमृदंगवादनपटु र्देवाः समन्तात् स्थिताः सेवन्ते तमनु प्रदोषसमये देवं मृडानीपतिम्' ॥

पूर्व में (श्लोक ५४) भी आचार्य ने इस तथ्य को सूचित किया था । आदि पद से कृष्णादि रूपों को समझना चाहिये जिनमें विष्णुभगवान् ने शिवाराधना की ।

अपनी आँख अर्पित भगवान् विष्णु ने तब की जब सहस्रकमलार्चन करते हुए एक कमल कम पड़ गया था— *'तदप्राप्य विशुद्धात्मा नेत्रमेकमुदाहरत्'* ॥ *शिवपु कोटिरु. ३४.२२* ॥ स्कन्दपुराण के माहेश्वर खण्ड में अरुणाचलमाहात्म्य में भी यह प्रसंग आया है ।

हरि शिव के शरीर के बायें हिस्से हैं यह *'वामपार्श्वाच्च विष्णुस्त्वं समुत्पन्नः परात्मनः'* ॥ *शिवपु. रुद्रसं ९.१७* ॥ आदि से प्रमित होता है । इस प्रकार पुराणों में वर्णित विष्णुचरित्र को सुन्दर रीति से आचार्य ने इस श्लोक में यों संग्रथित किया है कि उनकी शिवपरायणता प्रकट हो तथा हमें प्रथमतः यह शिक्षा मिले कि भक्ति के लिये किस प्रकार सर्वविध व्यापार भजनीयपरक करने चाहिये और दूसरी यह कि यद्यपि शरण हम एकमात्र परमेश्वर की लें तथापि अन्य देवताओं के प्रति आदर रखें क्योंकि वे भी अत्युत्तम शिवभक्त हैं । जैसा यहाँ विष्णु के लिये कहा है वैसा अन्य भी देवताओं के विषय में समझ लेना चाहिये ।

'बाणत्वम्' से साधुपरित्राण दुष्कृतविनाशात्मक शिवकर्म में सहायक बनने को कहा है । *'वृषभत्वम्'* से धर्मानुष्ठान में निरत होना कर्तव्य बताया । *'अर्धवपुषा भार्यात्वम्'* से सूचित किया कि बुद्धि शिवमयी बनानी चाहिये । *'घोणित्वम्'* से कहा कि अधिष्ठान के प्रति जिज्ञासु होना चाहिये ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'*सखित्वम्*' का तात्पर्य है कि भगवान् से कुछ गुप्त रखने का विचार न रखें। '*मृदंगवहता*' से बताया कि प्रपंचरूप शिवताण्डव में हम शिवेच्छानुकूल व्यवहार करें, प्रतिकूल नहीं। '*नयनार्पणम्*' तो शिवज्ञान-प्राप्ति का स्पष्ट उपदेश है। '*देहभागता*' से शिवाभेदरूप फल कहा है। एवं च इन साधनों का अनुष्ठान करते हुए भक्ति को करना चाहिये ॥८२॥

सर्वपूज्य विष्णु का अनुकरण कर अन्य आलम्बनों को छोड़ उमापति की ही शरण लेनी उचित है यह बताते हैं—

> जननमृतियुतानां सेवया देवतानां
> न भवति सुखलेशः संशयो नास्ति तत्र।
> अजनिममृतरूपं साम्बमीशं भजन्ते
> य इह परमसौख्यं ते हि धन्या लभन्ते ॥८३॥

जननमृतियुतानाम्= जन्म-मृत्यु-युक्त, देवतानाम्= देवताओं की, सेवया= सेवा से, सुखलेशः= थोड़ा भी सुख, न= नहीं, भवति= होता, तत्र= इस विषय में, संशयः= कोई सन्देह, न= नहीं, अस्ति= है। अजनिम्= जन्म रहित व, अमृतरूपम्= अमृतरूप, साम्बम्= उमा-सहित, ईशम्= महेश्वर का, ये= जो, भजन्ते= भजन करते हैं, ते= वे, धन्याः= धन्य हैं, हि= क्योंकि, इह= जीवित रहते हुए ही, परमसौख्यम्= परमसुख, लभन्ते= पा जाते हैं।

'*लभन्ते तत्र संशयो न*' ऐसा दहलीदीपन्याय से समझना चाहिये। स्वयं जो अनित्य हो वह दूसरे को कैसे नित्य बना सकता है? अतः अनित्यों की सेवा अनित्य फल ही देती है। केवल महादेव, जिनमें निरुपपद ईश्वर पद रूढ है, हमें अपने से अभिन्न कर नित्य बनाते हैं। नीलकण्ठदीक्षित ने दक्षाध्वरनाश से यही शिक्षा पायी है कि महादेव से अन्य सभी सेव्यतम नहीं—

> *'क्रत्वात्मा पुरुषः क्रतुः क्रतुभुजो वक्ता क्रतूनां क्रतो—*
> *राधारः क्रतुकालकल्पनपरौ सर्वेऽप्यमी संहताः।*
> *यस्यातिक्रमतः सह क्रतुकृता भ्रष्टाश्च नष्टाः क्षणात्*
> *स स्वामी मम दैवतं तदितरो नाम्नापि नाम्नायते'* ॥ शिवोत्कर्ष. १३ ॥

भास्करराय शिवनामकल्पलतालवाल में नौ कारणों से शम्भु ही सेवनीय हैं यह स्थापित करते हैं—

> *'आनन्त्यौदार्यसत्यादृतिमृतिहृतिभिः स्वल्पसेवातितोषात्*
> *संकष्टोच्छित्त्युपेक्षाभयहितवचनैरुत्तमत्वाच्च शम्भुः।*
> *सेव्यो विष्णूपमन्युद्रुहिणमुनिसुतश्रीदमन्थेच्छुदेवै-*
> *र्दक्षश्रीरामवेदैरशिशुपशुवधूराक्षसैः साक्षिभि र्नः'* ॥२॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(१) अनन्त होने से शम्भु सेव्य हैं। उनकी अनन्तता में विष्णु साक्षी हैं, वे ही ज्योतिर्लिंग का अन्त पाने गये थे और पा न सके। विष्णु ने जिसका अन्त नहीं पाया वह निःसंशय अनन्त है। (२) उदार होने से शम्भु सेव्य हैं। उदारता में उपमन्यु साक्षी हैं जिन्होंने मांगा पीने के लिये दूध था और पाया क्षीरार्णव। (३) सत्य का आदर करने वाले होने से शम्भु सेव्य हैं। इसमें शापग्रस्त ब्रह्मा साक्षी हैं जिन्होंने 'ज्योतिर्लिंग का अन्त पा लिया' ऐसा झूठ बोला और भगवान् से अभिशप्त हो उसका फल पा लिया। (४) मृत्यु को निवृत्त करने वाले होने से शंभु सेव्य हैं। इसमें मुनिसुत मार्कण्डेय साक्षी प्रसिद्ध हैं। (५) थोड़ी सेवा करने से भी प्रसन्न होने वाले होने से शम्भु सेव्य हैं। इसमें श्रीद कुबेर साक्षी हैं : काशीखण्ड में कथा है कि किसी ब्राह्मणकुमार ने अपने कपड़े को बत्ती बना कर महादेव के मंदिर में जलते दीपक को बढ़ाया था और इतनी सी सेवा के फलस्वरूप भगवान् ने उसे कुबेर बना दिया। (६) संकट निवृत्त करने वाले होने से शम्भु सेव्य हैं। इसमें अमृतार्थ सागर का मंथन करने वाले देवता साक्षी हैं। कालकूटरूप संकट परमेश्वर से अतिरिक्त कौन दूर कर पाया? (७) यदि उनकी उपेक्षा की जाये तो डराकर पुनः सन्मार्ग पर ले आते हैं इसलिये शम्भु सेव्य हैं। इसमें दक्ष साक्षी हैं। दक्ष ने महादेव की उपेक्षा की तो उन्हें अत्यधिक डरा कर पुनरुज्जीवित कर सही रास्ते लगाया। (८) हित का उपदेश देने वाले होने से शम्भु सेव्य हैं। इसमें श्रीराम प्रमाण हैं जिन्होंने उनसे मोक्षशास्त्र का उपदेश पाया। यह उपदेश पद्मपुराणान्तर्गत है और शिवगीता नाम से जाना जाता है। (९) उत्तम होने से शम्भु सेव्य हैं। शम्भु की उत्तमता में तो वेद ही प्रमाण है : *'विश्वाधिपो रुद्रो महर्षिः' (श्वे. ३.४), 'तमीश्वराणां परमं महेश्वरम्' (श्वे. ६.७), 'तमादिमध्यान्तविहीनमेकं विभुं चिदानन्दमरूपमद्भुतमुमासहायं परमेश्वरं प्रभुं त्रिलोचनं नीलकण्ठं प्रशान्तम्' (कै. १.७), 'ईशानं भूतभव्यस्य' (कठ. २.१.५)* आदि सहस्रशः वेदवाक्य शम्भु की उत्तमता में साक्षी हैं। शंका होती है कि प्रह्लाद, विभीषण, गजेन्द्र, द्रौपदी आदि तो इसमें साक्षी हैं कि श्रीपति ही सेव्य हैं, तब निश्चय कैसे करें? इसकी निवृत्ति के लिये कहा कि श्रीपति की सेव्यता में साक्षी या शिशु-प्रह्लाद है, या पशु-गजेन्द्र है, या स्त्री-द्रौपदी है, या राक्षस-विभीषण है जबकि शिशु आदि की साक्षी लोक में भी विश्वसनीय नहीं होती; स्त्री और बालक की असाक्षिता स्मृतिसिद्ध भी है *'स्त्रीवृद्धबाल_असाक्षिणः' (याज्ञ. स्मृ. व्यवहाराध्याय. ४.७२-७३)* तथा प्रकृत में शम्भु की सेव्यता के साक्षी उक्त दोष वाले नहीं। अतः निर्णय सहज ही किया जा सकता है — *'शम्भुः सेव्यः'*।

यह स्मर्तव्य है कि परमेश्वर के किसी नाम विशेष का आग्रह यहाँ नहीं कहा जा रहा, परमेश्वर से भिन्न की सेव्यता नहीं, इतना ही तात्पर्य है। अप्पय दीक्षित ने कहा है—

'वस्तां पिशंगं वसनं दिशो वा गरुत्मता यातु ककुद्मता वा।
निद्रातु वा नृत्यतु वाधिरंगं भेदो न मे स्यात्परमस्य धाम्नः' ॥

अत एव आनन्दलहरी में वे स्पष्ट कहते हैं कि नारायण ब्रह्मकोटि ही हैं जीव कोटि नहीं *'आस्माकीनान्तु सैद्धान्तिकसरणिरियं यत्परब्रह्मकोटिः श्रीमान्नारायणः सन्महित इति महाभारतादिप्रसिद्धः'*। एवं च स्पष्ट है कि जीवकोटि वालों का समाश्रयण न ले, परमेश्वर की ही शरण ले इतना ही आचार्यों का अभिप्राय है। परमेश्वर के किसी नाम आदि में कोई आग्रह नहीं। स्वयं श्रुति कहती है *'स ब्रह्मा स शिवः सेन्द्रः*

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

(महाना. ११.१३), *'त्वं यज्ञस्त्वं विष्णुस्त्वं रुद्रस्त्वं ब्रह्मा'* *(महाना. १५.६)*। अन्यत्र भी शिव विष्णु आदि में भेददर्शक की निन्दा स्मृत है। विष्णुपुराण में (५.३३.४९) श्रीकृष्ण ने कहा है—

'अविद्यामोहितात्मानः पुरुषा भिन्नदर्शिनः। विदन्ति भेदं पश्यन्ति चावयोरन्तरं हर' ॥

भागवत में भी कहा है *'क्षेमी स्यात् किमु विश्वेशे कृतपापो जगद्गुरौ'* *(१०.१२.४०)*। *'ते भविता जनेषु साम्यं मया सत्कृतिरप्यलप्स्थाः'* *(शिवपु. विद्ये. ७.३१)*, *'रुद्रं नारायणात्मकम्'* *(कूर्मपु. उत्तर. ५.१८)* आदि पुराणों का यही अभिप्राय है। अत एव आचार्य शंकर ने महदेव, देवी, विष्णु, गंगा आदि सभी के स्तोत्र रचे हैं। इसलिये नामादिविशेष में आग्रह नहीं। यहाँ आदि का वर्णन भर्तृहरि के इस वचन के आधार पर समझा जा सकता है —

'महेश्वरे वा जगतामधीश्वरे जनार्दने वा जगदन्तरात्मनि।

न वस्तुभेदप्रतिपत्तिरस्तु मे तथापि भक्तिस्तरुणेन्दुशेखरे' ॥

'साम्बम्' के विषय में रत्नत्रयपरीक्षा के अप्पयदीक्षितवचन का अनुसन्धान करना चाहिये *'साहित्यं सा भवानी भजति नियमतः शंकरोपासनासु'* *(६)* ॥८३॥

साम्ब सदाशिव की भक्ति के लिये प्रेरित करते हैं —

शिव तव परिचर्यासन्निधानाय गौर्या भव मम गुणधुर्यां बुद्धिकन्यां प्रदास्ये।
सकलभुवनबन्धो सच्चिदानन्दसिन्धो सदय हृदयगेहे सर्वदा संवस त्वम् ॥८४॥

शिव = हे शिव !, भव = हे जगदधिष्ठान !, सकलभुवनबन्धो = हे समस्त त्रिभुवन के हितैषी !, सच्चिदानन्दसिन्धो = हे सत्-ज्ञान-आनन्दरूप समुद्र !, सदय = हे दयालु !, गौर्या = भगवती गौरी के साथ, तव = आपकी, परिचर्यासन्निधानाय = सेवा करते हुए साथ रहने के लिये, मम = (मैं) अपनी, गुणधुर्याम् = सद्गुणपरिपूर्ण, बुद्धिकन्याम् = बुद्धिरूप कन्या, प्रदास्ये = दूँगा, (मम = मेरे), हृदयगेहे = हृदयरूप घर में, सर्वदा = हमेशा के लिये, त्वम् = आप, संवस = बस जाइये।

बुद्धिकन्या आपकी और माता पार्वती की सेवा करेगी अतः आपको कोई दिक्कत न होगी यह भाव है। परमेश्वर की शक्ति ही गौरी है अतः शक्तिमान् की उपासना में विशेषणरूप शक्ति का होना अर्थसिद्ध है। निर्विशेष तो उपास्य नहीं। इसी अभिप्राय से प्रथम श्लोक में *'शिवाभ्याम्'* पद था। अथवा यहाँ *'गौर्या परिचर्यासन्निधानाय'* ऐसा सम्बन्ध है अर्थात् आपकी सेवा करने में गौरी की सहायता के लिये मैं अपनी बुद्धिकन्या दूँगा। गौरी भी हैं भगवान् की सेवा के लिये। शिव-शिवा का अनुत्तम प्रेम है जिस के कारण भगवती शिवपरिचर्या अवश्य करती हैं। इससे स्पष्ट किया कि प्रेम सेवा के रूप में प्रकट होना चाहिये। शक्ति शक्तिमान् की शेष होती है यह तो स्फुट है। वस्तुदृष्ट्या दोनों अर्थों में विशेष अंतर नहीं : प्रथम योजना में सीधे ही बुद्धि शिवपार्वती की सेवा करेगी; द्वितीय योजना में शिव की सेवा करती हुई पार्वती की सहायता करेगी अर्थात् पार्वती की सेवा करेगी और तद्द्वारा शिवसेवा करेगी। मुख्य सेव्य तों शम्भु हैं इसमें सन्देह नहीं ॥८४॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

सेवा के लिये बुद्धि को नियुक्त करने से अतिरिक्त मैं और कर भी क्या सकता हूँ? और कुछ आपके लायक करूँ इसके मेरे पास साधन कहाँ? यह बताते हुए बुद्धिदान का माहात्म्य सूचित करते हैं—

जलधिमथनदक्षो नैव पातालभेदी
न च वनमृगयायां नैव लुब्धः प्रवीणः।
अशनकुसुमभूषावस्त्रमुख्यां सपर्यां
कथय कथमहं ते कल्पयानीन्दुमौले ॥८५॥

इन्दुमौले = हे चन्द्रशेखर!, न = न, एव = तो (मैं), जलधिमथनदक्षः = समुद्र मथने में कुशल हूँ, च = और, न = न, पातालभेदी = पाताल का भेदन कर सकता हूँ। न = न, एव = ही, वनमृगयायाम् = जंगली शिकार करने में, प्रवीणः = कुशल, लुब्धः = शिकारी (या व्याधा) हूँ। कथय = बताइये, अहम् = मैं, ते = आपकी, सपर्याम् = पूजा, कथम् = कैसे, कल्पयानि = करूँ (जिसमें), अशनकुसुमभूषावस्त्रमुख्याम् = नैवेद्य, फूलों के अलंकार और वस्त्र प्रधान समर्प्य हैं?

नैवैद्य तो जहर चाहिये क्योंकि वह भगवान् का आहार है और उसके लिये समुद्रमंथन की सामर्थ्य चाहिये। महादेव को सर्पमय पुष्पालंकार चाहिये जिसके लिये पातालभेदन कर साँप लाने आवश्यक हैं। वस्त्र के रूप में व्याघ्र या गज का चमड़ा चाहिये जो शिकार-कुशल हुए विना लाया नहीं जा सकता। अतः भगवान् के लायक द्रव्य इकट्ठे करने की योग्यता न होने से बाह्य पूजा कैसे की जाये? तात्पर्य है कि बाह्यपूजा के लिये चाहे जितना प्रयास करें, वैसी सामग्री नहीं जुटायी जा सकती जैसी भगवान् के लिये चाहिये, अतः अपनी बुद्धि ही भगवान् को अर्पित कर देनी चाहिये, यही सर्वोत्तम है। यह अर्पित हो गयी तो द्रव्य की न्यूनता की पूर्ति हो जायेगी। पूर्व में (२७) भी मन को ही भगवदर्पण के योग्य कहा था ॥८५॥

कथंचित् पूजन-सामग्री इकट्ठी हो भी गयी तो भगवान् पर उसे अर्पित कैसे किया जाये: सिर पर जलादि चढ़ाया जाता है और पैरों पर पाद्यादि। भगवान् के सिर और पैर दोनों ही जानने असंभव हैं। अतः भी बुद्धिसमर्पण ही श्रेष्ठ है यह बताते हैं—

पूजाद्रव्यसमृद्धयो विरचिताः पूजां कथं कुर्महे
पक्षित्वं न च वा किटित्वमपि न प्राप्तं मया दुर्लभम्।
जाने मस्तकमङ्घ्रिपल्लवमुमाजाने न तेऽहं विभो
न ज्ञातं हि पितामहेन हरिणा तत्त्वेन तद्रूपिणा ॥८६॥

उमाजाने = हे उमापति!, विभो = हे विभु! (व्यापक!), पूजाद्रव्यसमृद्धयः = पूजामें विनियोग वाला सामान बहुतायत से, विरचिताः = इकट्ठा हो गया (तो भी), पूजाम् = पूजा, कथम्

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

= कैसे, कुर्महे = करें ?, न = न, दुर्लभम् = दुर्लभ, पक्षित्वम् = पक्षिरूपता, च = और, न = न, वा = ही, किटित्वम् = वराहरूपता, अपि = भी, मया = मेरे द्वारा, प्राप्तम् = पायी गयी है । अहम् = मैं, ते = आपके, मस्तकम् = मस्तक को (व), अंघ्रिपल्लवम् = कोमल चरणों को, न = नहीं, जाने = जानता । तद्रूपिणा = पक्षी व वराहरूप धारण करने वाले, पितामहेन = ब्रह्मा द्वारा (एवम्), हरिणा = विष्णु द्वारा, हि = भी (मस्तक व चरण), तत्त्वेन = वस्तुतः, न = नहीं, ज्ञातम् = जाने गये थे ।

प्रथमतः तो पक्षिरूपतादि मुझे प्राप्त नहीं । यदि हो तो भी मैं आपके मस्तक या चरण पा नहीं सकूंगा क्योंकि ब्रह्मा, विष्णु भी उन्हें नहीं पा सके थे । '*विभो*' सम्बोधन व्यापकताद्योतन से सप्रयोजन है । न तो शिव की कारणता समझ आती है और न उनका कार्य । शुद्धतत्त्व कारण क्योंकर होगा ? कार्य तो है ही अनिर्वचनीय । अतः इस माथापच्ची को छोड़ कर भगवान् को बुद्धि समर्पित कर आनन्द पाना चाहिये, यही तात्पर्य ॥८६ ॥

मनःसमर्पण का फल बताने के लिये अन्य फल असंभव होने से अन्य वस्तुओं का समर्पण भी निष्प्रयोजन बताते हैं —

अशनं गरलं फणी कलापो वसनं चर्म च वाहनं महोक्षः ।
मम दास्यसि किं किमस्ति शंभो तव पादाम्बुजभक्तिमेव देहि ॥८७ ॥

शम्भो = हे समस्त जगत् की कल्याणभूमि !, गरलम् = जहर (आपका), अशनम् = भोजन है, फणी = साँप, कलापः = गहना है, चर्म = चमड़ा, वसनम् = कपड़ा है, च = और, महोक्षः = बूढ़ा साँड, वाहनम् = वाहन है । मम = मुझे (आप), किम् = क्या, दास्यसि = देंगे ?, अस्ति = (आपके पास) है (ही), किम् = क्या ? तव = अपने, पादाम्बुजभक्तिम् = चरण कमल की भक्ति, एव = ही, देहि = दीजिये ।

तत्तद् द्रव्यों के समर्पण से तत्तत् फल मिलते हैं यह प्रसिद्ध है किंतु महादेव के पास देनेको तो कुछ दीखता नहीं । अतः द्रव्यों को अर्पित करने का प्रयास छोड़ मन ही अर्पित करें जिससे उनके चरण कमल की भक्तिरूप फल मिले । यद्यपि पहले (२७) मन समर्पित करते समय नाना समृद्धियाँ भगवान् के पास दीख रही थीं, तथापि मनोऽर्पणसे ही पता चला कि वे हमें प्राप्ताव्य नहीं, प्राप्ताव्य तो शिवभक्ति है, अतः यहाँ उन समृद्धियों की याद ही नहीं दिलायी जिससे भगवान् को यह मौका न मिले कि हमें उन्हीं में से कोई समृद्धि देकर टरका दें । बुद्धिकन्यादान से भक्ति ही चाहनी चाहियें, और किसी ऐहिक या आमुष्मिक फल की कामना करना विशुद्ध मूर्खता है यह तात्पर्य है ।

अज्ञान जहर है, भेद-बुद्धि फणी है, अनात्मधर्मों का तादात्म्याध्यास चर्म है और संसार ही महोक्ष है । इनमें कुछ भी ग्राह्य नहीं, केवल शिव भक्ति ही ग्राह्य है । भक्तिपद स्वरूपपरक है । गरल आदि तो भगवत्स्वरूप नहीं । वे हमें अपना स्वरूप ही दें, यह अभिप्राय है ॥८७ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

बाह्य पूजा के लिये द्रव्य नहीं, मस्तक व चरणों का ज्ञान नहीं, प्रयोजन नहीं, यह बताकर अब कहते हैं कि मुझमें योग्यता भी नहीं —

यदा कृताम्भोनिधिसेतुबन्धनः करस्थलाधःकृतपर्वताधिपः ।
भवानि ते लंघितपद्मसम्भवस्तदा शिवार्चास्तवभावनक्षमः ॥८८ ॥

शिव = हे शिव !, यदा = जब, कृताम्भोनिधिसेतुबन्धनः = समुद्र पर पुल बाँधना कर चुकूँगा, करस्थलाधःकृतपर्वताधिपः = हथेली से पर्वतराज विन्ध्य को नीचा कर चुकूँगा, लंघितपद्मसंभवः = ब्रह्मा जी की अपेक्षा अतिशय पा चुकूँगा, तदा = तब, ते = आपकी, अर्चास्तवभावनक्षमः = पूजा, स्तुति व ध्यान करने में समर्थ, भवानि = होऊँगा ।

रामचन्द्र जी ने समुद्र पर पुल बाँध था । इस सामर्थ्यातिशय वाले होने से वे रामेश्वर में शिवपूजा कर पाये । अगस्त्य महर्षि ने विन्ध्याचल हथेली के इशारे से नीचा कर दिया था : विन्ध्याचल ऊँचा बढ़ता जा रहा था । सूर्यादि की गति में बाधा न आये इसलिये उसे रोकना ज़रूरी था । अतः उसके गुरु अगस्त्य से उपाय करने को कहा गया । उन्होंने विन्ध्य से कहा कि वह लेट जाये जिससे उन्हें पार करने में कठिनाई न हो और तब तक लेटा रहे जब तक वे लौट न आवें । विंध्य मान गया । अगस्त्य उसे लाँघ कर दक्षिण चले गये और फिर कभी लौट कर आये ही नहीं । यह कथा वामनपुराण में (देवी माहात्म्य, अध्याय १८) वर्णित है । क्योंकि वे इतने समर्थ हैं इसीलिये अगस्त्य भगवान् के मस्तक की पूजा कर सकते हैं *'वसिष्ठकुम्भोद्भवगौतमार्यमुनीन्द्रदेवार्चितशेखराय' (शिवपंचाक्षर ४)* ; कुम्भोद्भव अगस्त्य का ही नामान्तर है । ब्रह्मा जी की अपेक्षा महाविष्णु ने सत्यवदन में अतिशय पाया अत एव शिवाराधन में सक्षम हुए यह स्कन्दपुराण, शिवपुराण (विद्ये. ७.३३) आदि में बहुशः वर्णित है—

'इति देवः पुरा प्रीतः सत्येन हरये परम् ददौ स्वसाम्यमत्यर्थं देवसंघे च पश्यति' । ।

एवं च शिवपूजा का अधिकार इतने योग्य व्यक्तियों को मिलता है अतः हम पूजा के अधिकार की आशा छोड़ चेतःसमर्पण करें इसी में कल्याण है ।

सेतु बहाव रोकता है । हम भी जब अपनी इन्द्रियादि के बहाव को रोक पायें, अन्तर्मुख होवें, तब शिवाराधना कर सकेंगे । मदवश बढ़ने वाला हठी होने से मन ही पर्वताधिप है । उसे जब आसानी से इष्ट के चरणों में झुका सकेंगे, तब शिवाराधना होगी । पद्मसम्भव रजोनिर्वर्त्य कर्म के सूचक हैं । उनका लंघन है कामत्यागपूर्वक कर्म करना । ऐसा कर्म कर चुकने पर ही शिवाराधन की सामर्थ्य होगी । यह भी अर्थ यहाँ विवक्षित समझना चाहिये ॥८८ ॥

बाह्य उपचारों के विषय में यह वैचित्र्य भी देखा गया है कि सामान्यतः शिवद्रोह प्रतीत होने वाले व्यवहारों से भी भगवान् प्रसन्न हो जाते हैं । अतः मनोभाव ही प्रधान है यह बताते हैं —

नतिभिर्नुतिभिस्त्वमीश पूजाविधिभिर्ध्यानसमाधिभिर्न तुष्टः ।
धनुषा मुसलेन चाश्मभिर्वा वद ते प्रीतिकरं तथा करोमि ॥८९ ॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ईश = हे ईश्वर !, नतिभिः = नमस्कारों से, नुतिभिः = स्तुतियों से, पूजाविधिभिः = नाना विधियों से की पूजाओं से, ध्यानसमाधिभिः = सगुण व निर्गुणरूप में चित्त एकाग्र करने से, त्वम् = आप, तुष्टः = प्रसन्न, न = नहीं हुए। धनुषा = धनुष से, मुसलेन = मूसल से, च = और, वा = या, अश्मभिः = पत्थरों से (क्या आपकी सेवा करूँ ?), वद = बताइये, (जैसे), ते = आपको, प्रीतिकरम् = अच्छा लगे, तथा = वैसे, करोमि = करूँ।

यदि नति आदि से भगवान् प्रसन्न हो गये होते तो अब तक दर्शन दे दिया होता। नहीं दिया, इससे स्पष्ट है कि वे प्रसन्न हुए नहीं। अतः उपायान्तर से सेवा करनी चाहिये। अर्जुन ने धनुष से भगवान् से लड़ाई लड़ी थी और भगवान् उस पर प्रसन्न हो गये थे (शिवपु. शतरुद्र. ४१)। गणेश जी ने परिघ अर्थात् मूसल से महादेव के हाथ के पिनक को गिरा दिया था '*तमप्यपातयद्भूमौ परिघेण गणेश्वरः*' (*शिवपु. रुद्रसं. कुमार. १६.२१*)। उन पर भी भगवान् की कृपा रही और वे गणाध्यक्ष बने। तमिळ के पेरियापुराण में शाक्यनायनार की कथा है : जैनराज्य में शाक्यनायनार रहते थे। अपनी बहन अक्का की प्रेरणा से उन्होंने नियमतः शिवपूजा का निश्चय किया किंतु शासन नास्तिक होने से यदि वे प्रत्यक्ष ही पूजा करते तो दण्डित होना पड़ता, अतः वे भगवान् पर नियम से पत्थर फेंकते थे लेकिन इस भावना से कि वे फूल चढ़ा रहे हैं। क्योंकि बाहर से यह न प्रतीत हुआ कि वे शिवपूजा कर रहे हैं इसलीये राज्यकोप नहीं हुआ। किंतु भावग्राही महेश्वर ने पत्थरों को फूल ही माना और उन पर प्रसन्न हो गये। अतः बाह्य उपचार की अपेक्षा मनोभाव प्रधान है यह तात्पर्य है। अर्जुन भी मनसे शिवानुचर था। गणेश भी शिवाभिन्न-शिवानुचर थे। शिवा प्रीति के लिये ही वे शिव से युद्धरत थे। इसी से नीलकण्ठदीक्षित ने कहा है —

'अर्चामीति धिया यदेव कुसुमं क्षिप्त्वा जनो मुच्यते
विध्यामीति धिया तदेव विकिरन् भस्मीकृतो मन्मथः।
इत्याभ्यन्तरवृत्तिमात्ररसिको बाह्यानपेक्षश्च यः
स स्वामी मम दैवतं तदितरो नाम्नापि नाम्नायते' ॥ *शिवोत्कर्ष. २* ॥

फूल ही भक्त चढ़ाता है और मोक्षरूप फल पाता है। फूल ही कामदेव ने फेंके थे और जला दिया गया। क्यों ? भक्त इस भाव से फूल चढ़ाता है कि मैं अर्चना कर रहा हूँ। स्मर ने इस भाव से फेंके कि मैं इन्हें कामना से बींध दूँगा। इस भावभेद की पहचान शंभु को है। वे मनःप्रेम समझते हैं, बाह्य उपचार का अधिक विचार नहीं करते। यदि भावना निकृष्ट है तो द्रव्य चाहे जितना उत्कृष्ट हो, भगवान् उसे निकृष्ट ही मानते हैं। भावना उदात्त है तो चाहे जैसा द्रव्य अत्युत्तम मानते हैं। कण्णप्पा का प्रसंग आ ही चुका (६३) है। अतः भावगाम्भीर्य के लिये हमें प्रयत्नशील होना चाहिये यह प्रकरणार्थ है। '*तथा करोमि*' से पुनः प्रकट किया कि भक्ति में अभिव्यक्ति अंश—क्रिया अंश—भी है। धनुषादि में तात्पर्य नहीं, '*ते प्रीतिकरम्*' में तात्पर्य है। जिस किसी भी तरह से, चाहे वह तरह लोकदृष्ट्या जैसी भी हो, भगवान् की प्रसन्नता के लिये आचरण करना उचित है। भगवान् ने श्रुति-स्मृति में वे सब कार्य बताये हैं जिन्हें हम करें तो वे प्रसन्न होते हैं। अथवा गुरु से शिवप्रीतिजनक कार्य पता लग सकते हैं। सांसारिक लाभ-हानि की परवाह न कर उन धर्मों का अनुष्ठान करें तो पुरुषार्थ के भागी हम बन सकते हैं ॥८९॥

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

क्योंकि शिवप्रीतिकर सब कर्म भक्ति हैं अतः शिवचरित्र का गान, प्रचार आदि गीतोक्त पराभक्ति का भी स्मार्तप्रक्रिया में स्थान है यह कहते हैं —

वचसा चरितं वदामि शम्भोरहमुद्योगविधासु तेऽप्रसक्तः ।
मनसाऽऽकृतिमीश्वरस्य सेवे शिरसा चैव सदाशिवं नमामि ॥९० ॥

अहम् = मैं, **ते** = आपके, **उद्योगविधासु** = ध्यान में सोद्योग लगने में, **अप्रसक्तः** = अक्षम हूँ (अतः), **वचसा** = वाणी से, **शम्भोः** = शम्भुके, **चरितम्** = लीलाचरित्र को, **वदामि** = गाता हूँ । **मनसा** = मन से, **ईश्वरस्य** = भगवान् के, **आकृतिम्** = रूप का, **सेवे** = चिन्तन करता हूँ, **च** = और, **शिरसा** = सिर से, **सदाशिवम्** = श्रीसदाशिव को, **एव** = ही, **नमामि** = नमस्कार करता हूँ ।

श्रीकृष्ण ने गीता में (१८.६८-६९) कहा है

'य इमं परमं गुह्यं मद्भक्तेष्वभिधास्यति । भक्तिं मयि परां कृत्वा मामेवैष्यत्यसंशयः ॥

न च तस्मान्मनुष्येषु कश्चिन्मे प्रियकृत्तमः । भविता न च मे तस्मादन्यः प्रियतरो भुवि' ॥

भगवत्स्वरूप का प्रकथन पराभक्ति है और इसे करने वाला भगवान् का परमप्रिय है । प्रकथन करते हुए भावना यह होनी चाहिये कि मैं इस प्रकार परमेश्वर की सेवा कर रहा हूँ *'भगवतः परमगुरोरच्युतस्य शुश्रूषा मया क्रियत इत्येवं कृत्वा' (भाष्य)* । अन्यथा ख्याति, लाभ आदि को दृष्टि में रख किया प्रकथन भी भक्ति नहीं होगा । प्रबुद्ध व्यक्तियों का भजन-प्रकार भी यही है कि भगवान् के बारे में कथोपकथन करें —

'.... बुधा भावसमन्विताः ॥मच्चित्ता मद्गतप्राणा बोधयन्तः परस्परम् ।

कथयन्तश्च मां नित्यं तुष्यन्ति च रमन्ति च' ॥१०.८-९ ॥

यह बोधन व कथन ग्रन्थादिरूप भी समझना चाहिये । जैसे पुष्पमाला बनाने में कुशल व्यक्ति सुन्दर पुष्पमाला बनाकर अर्पित कर भगवान् को प्रसन्न करता है ऐसे वचनकुसुमों को ग्रथित कर समर्पित करने वाला भी भगवान् का प्रीतिभाजन ही बनता है । अत एव *'उपासनैव क्रियते'* यह उदयनाचार्य की उक्ति सार्थक है । चरित सविशेष व निर्विशेष दोनों समझने चाहिये । शिवोपनिषत् में (७.१३८) भी कहा है—

'ये श्रावयन्ति सततं शिवधर्मं शिवार्थिनाम् । ते रुद्रास्ते मुनीन्द्राश्च ते नमस्याः स्वभक्तितः' ॥

कठोपनिषत् का भी वचन है—

'य इमं परमं गुह्यं श्रावयेद्ब्रह्मसंसदि । प्रयतः श्राद्धकाले वा तदानन्त्याय कल्पते' ॥१.३.१७ ॥

भगवान् की स्तुतियाँ धन्य हैं क्योंकि वे पापपंक से छुड़ाती हैं, निर्मल पुण्य से सम्पन्न करती हैं और गंगा की तरह त्रिविध ताप का शमन करती हैं—

'याः पंकिलेन कलिलेन वियोजयन्ति नित्योज्ज्वलेन कुशलेन च योजयन्ति ।

ता धूर्जटेरमरनिर्झरणीतरंगभंगाभिरामगतयः स्तुतयो जयन्ति' ॥स्तुतिकुसु. ८.२ ॥

छत्तीसवे स्तोत्र में तो इकतालीस श्लोकों द्वारा जगद्धर भट्ट ने शिवचरित्र गायकों की धन्यता बतायी है ।

'मनसा कृतिम्' ऐसा भी पदच्छेद है । ईश्वर की कृति वेद है, इसमें *'शास्त्रयोनित्वात्'* (१.१.३) सूत्र प्रमाण है । गीता आदि भी ईश्वरकृतियाँ समझनी चाहिये । उन ईश्वरकृतियों का मन से विचार कर

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

ही वचन से चरितकथन करना चाहिये। अप्रामाणिक पुस्तकों के आधार पर भगवान् का वर्णन करना अनुचित है। '*शिरसा*' अर्थात् बुद्धि से सदा शिवविषयक ही निश्चय रखना चाहिये। श्रौतमत की सिद्धान्तकोटिता में कभी सन्देह नहीं रखना चाहिये। अद्वैत ही श्रुतिसम्मत मत है, भेदाभेद, भेद आदि सब श्रुति-विरुद्ध हैं— '*एकत्ववादी त्वं वेदार्थपरत्वात्, बहवो हि नानात्ववादिनो वेदबाह्याः*' (*तै.भा. २.८*) आदि भाष्य इसमें प्रमाण है। वेदविरोधि कपिलादि मत की भ्रान्तता में भी कोई सन्देह नहीं '*तेषां मूलाभावे वेदविरोधे च भ्रान्तत्वोपपत्तेः*' (*तै. भा. ३.१०*),

'*तस्माद् भ्रान्तिरतोऽन्या हि बन्धमोक्षादिकल्पनाः।*

सांख्यकाणादबौद्धानां मीमांसाहतकल्पनाः' ॥*उप. सा. १६.६४* ॥

आदि स्पष्ट वचन भगवान् शंकराचार्य के हैं। अतः किसी की यशोगाथा से अभिभूत होकर उसके मत में श्रद्धा रखना अविवेकपूर्ण ही है। इस प्रकार बुद्धि, मन और वाणी से भगवत्स्वरूप का निश्चय, चिन्तन और प्रतिपादन यहाँ परा भक्ति के रूप में विधित्सित है ॥९० ॥

उक्त शिवाभेद समझे बिना बुद्धिप्रदान आदि संभव नहीं। यदि ईश्वर सचमुच भिन्न है तो हमारे मन में उसका अधिक से अधिक द्वितीय स्थान सुरक्षित रह सकता है। प्रथम स्थान तो हमारा अपना निश्चित है। भाषाकवियों ने इस परम प्रेम रूप गली को अति संकरा बताया है, इसमें दो नहीं समा सकते हैं; या परमात्मा ही रहे, या मैं ही रहूँ। प्रेम तो अनेकों से सम्भव हैं पर परम प्रेम एक ही से, यह भाव है। इसलिये इस अभेद को समझकर भक्ति करनी चाहिये यह कहते हैं—

आद्याऽविद्या हृद्गता निर्गताऽसीद्विद्या हृद्या हृद्गता त्वत्प्रसादात्।
सेवे नित्यं श्रीकरं त्वत्पदाब्जं भावे मुक्तेर्भाजनं राजमौले ॥९१ ॥

राजमौले = हे राजश्रेष्ठ, **हृद्गता** = बुद्धि में होने वाली, **आद्या** = प्राथमिक, **अविद्या** = भेद-बुद्धि रूप अविद्या, **निर्गता** = निकल गयी, **आसीत्** = थी। **हृद्या** = जिसका बुद्धि में रहना योग्य है वह, **विद्या** = अभेदरूप वास्तविकता की विद्या, **त्वत्प्रसादात्** = आपकी कृपा से, **हृद्गता** = बुद्धि में आ गयी। **मुक्तेः** = मुक्ति के, **भाजनम्** = खजाने, **श्रीकरम्** = कल्याण करने वाले, **त्वत्पदाब्जम्** = आपके चरण कमल का, **भावे** = हृदय में, **नित्यं** = सदा, **सेवे** = भजन करता हूँ।

अनादि अविद्यावशात् आदिविकार भेदनिश्चयरूप अहंकार होता है। पहले श्रवणादि से उसे हटाना चाहिये। मैं शिव हूँ ऐसा साक्षात्कार यहाँ विवक्षित नहीं किंतु यह विश्वास विवक्षित है कि वास्तविकता यही है कि मैं शिव हूँ। इस विश्वास से ही भक्ति संभव है। सामान्य लौकिक प्रेम में भी '*यूयं वयं वयं यूयम्*' ऐसा अभेद प्रसिद्ध है। अतः परप्रेम वास्तविक अभेद के आधार पर ही हो सकता है। लोक में भी जिससे भेदभाव हो उससे प्रेम है ऐसा नहीं माना जाता। परमात्मा से भी भेदभाव रखने वाले उनसे प्रेम नही रख सकते। वे डरते ही रह सकते हैं '*द्वितीयाद्वै भयं भवति*' (*बृ. १.४.२*), पशु की तरह अपने मालिक की सेवा करते रह सकते हैं '*अथ योऽन्यां देवतामुपास्तेऽन्योसावन्यो हमस्मीति न स वेद, यथा पशुरेव स देवानाम्*' (*बृ. १.४.१०*)। अतः

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

'..... अद्वैत एव श्रुतिशिखरगिरामागमानां च निष्ठा
साकं सर्वैः पुराणैः श्रुतिनिकरमहाभारतादिप्रबन्धैः ।
तत्रैव ब्रह्मसूत्राण्यपि च विमृशतां भान्ति विश्रान्तिमन्ति' (शिवार्कमणिदीपिका मंगल)

—यह निश्चय कर *'ईश्वरानुग्रहादेषा पुंसामद्वैतवासना'* इस अवधूतगीता के वचन का अनुसरण कर परमात्मभक्ति करना श्रेयस्कर है। यह निश्चय ही हृद्या विद्या है। यह भी शिवकृपा से ही प्राप्य है। इस निश्चय पूर्वक हृदय में बुद्धिसाक्षिरूप से शिव का चिन्तन करना चाहिये: *'यो वेद निहितं गुहायाम्'* (तै. ३.२.१), *'हृत्पुण्डरीकं . . . विचिन्त्य मध्ये . . . . शिवं . . . ध्यात्वा . . . . गच्छति . . . तमसःपरस्तात्'* (कै. १.६, ७), *'तस्याः शिखाया मध्ये परमात्मा व्यवस्थितः'* (महाना. ११.१३), *'दहरं पुण्डरीकं वेश्म दहरोस्मिन्नन्तर आकाशस्तस्मिन्यदन्तस्तदन्वेष्टव्यम्'* (छां. ८.१)।

अथवा अविद्या से अशुचि में शुचिदृष्टि आदि योगशास्त्र प्रसिद्ध मिथ्याज्ञान समझना चाहिये जिसे जगद्धर पण्डित ने (स्तु. ३५.६) यों संग्रथित किया है

'अनित्ये नित्याशामशुचिनि शुचित्वव्यसनिता-मनात्मन्यात्मास्थामथ महति दुःखे सुखमतिम् ।
चतुर्धा दुर्भेद्यामविरतमविद्यां परिणतां हताशेषस्वाभामभिदधति मूलं भवतरोः' ॥

(*हता अशेषा स्वस्य= आत्मनः आभा प्रकाशो यया सा ताम् ।*) इस अविद्या के रहते संसारप्रावण्य ही संभव है शिवप्रावण्य नहीं।

अथवा जीवन्मुक्त अपनी स्थिति बता रहा है कि मूलाविद्या निवृत्त हो गयी, ब्रह्मविद्या प्रतिष्ठित हो गयी और मैं विज्ञानशब्दित निदिध्यासन से परमानन्द में हूँ। अविद्या का हृद्गतत्व बताया होने से प्रथम व्याख्यान रुचिकर है ॥९१ ॥

उपर्युक्त विद्या से वह योग्यता आती है जिससे हमारा उद्धार हो सके यह, तथा उस योग्यता को बताते हैं—

दूरीकृतानि दुरितानि दुरक्षराणि दौर्भाग्यदुःखदुरहंकृतिदुर्वचांसि ।
सारं त्वदीय चरितं नितरां पिबन्तं गौरीश मामिह समुद्धर सत्कटाक्षैः ॥९२ ॥

गौरीश= हे गौरीपति ! **दुरक्षराणि**= कठिनता से समाप्त होने वाले, **दुरितानि**= पाप (तथा), **दौर्भाग्यदुःखदुरहंकृतिदुर्वचांसि**= दुर्भाग्य से होने वाले दुःख, गलत अहंकार व दुर्वचन, **दूरीकृतानि**= दूर कर दिये गये हैं। **त्वदीयचरितम्**= आपकी कथा को, **सारम्**= जो कि सारभूत है, **नितराम्**= एकाग्रतापूर्वक, **पिबन्तम्**= सुनते-समझते हुए, **माम्**= मुझे, **सत्कटाक्षैः**= सद्रूप मोक्षदायक कृपा कटाक्षों द्वारा, **इह**= इस संसार में रहते हुए ही, **समुद्धर**= बचा लीजिये।

भक्त को परलोक से सन्तोष नहीं, यहीं पराभेदसाक्षात्कार चाहता है। पाप आदि की निवृति होने से वह अपेक्षित शुद्ध है जिससे साक्षात्कार हो सकता है। पाप न करना और उसके संस्कार न होना, यह पापनिवृत्तिका अर्थ है। संस्कार न होने का तात्पर्य है कि किसी अवस्था में उत्सर्गतः, स्वभावतः, पाप

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

करना मन न चाहे। पापक्रिया से रुकना तो कथंचित् संभव है, संस्कारनिवृत्ति ही वस्तुतः दुरक्षर है। असन्तोष से ही दुःख होता है अतः असन्तोष ही दौर्भाग्य है। सन्तोष के अभ्यास से दुःख निवृत्त होने पर ही मन शांत होकर शिवतत्त्व ग्रहण कर सकता है, अन्यथा नहीं। अनावश्यक जिम्मेदारियां ओढ़ने से चित्त व्याकुल व व्यस्त रहता है, फलतः शिवचिन्तन में नैरन्तर्य नहीं होता। जरूरी से अधिक व्यापार अपने सिर नहीं बाँधे तो भजन के लिये पर्याप्त समय मिलता है। भेद प्रतिपादक वचन ही दुर्वचन हैं। उन्हें छोड़ना इष्ट है। '*अन्या वाचो विमुंचथामृतस्यैष सेतुः*'(मुं. २.२.५), '*नानुध्यायाद्बहूञ्शब्दान्वाचो विग्लापनं हि तत्*'(बृ. ४.४.२१) आदि श्रुति इसमें प्रमाण है। पुष्पित वाणी की निन्दा भगवद्गीता में (२.४२-४४) भी सुनी जाती है। इस प्रकार पाप, असन्तोष और भेदविचार — ये तीनों निवृत्त कर लेने चाहिये। किन्तु इतने मात्र से कृतार्थता नहीं। इसके बाद समाहितचित्त से ऊहापोह पूर्वक चतुर्थ अद्वैत शिव की कथा का श्रवण करना चाहिये। फिर भी मोक्ष तो भगवत्कृपा से ही होता है '*यमेवैष वृणुते तेन लभ्यस्तस्यैष आत्मा विवृणुते तनूं स्वाम्*' (मुं. ३.२.३)। भगवत्कृपा से मोक्ष का तात्पर्य है भगवत्कृपा से वैसा दृढ ज्ञान होना जिससे मोक्ष होता है। अतः श्रवणादि करते हुए शिवाराधन तथा शिवरूप गुरु की आराधना करनी चाहिये। साक्षात्कार के बहुत पूर्व शिवाभेद की श्रद्धा से ही दुरितादि निवृत्त हों यह स्वाभाविक है। विष्णुपुराण में (३.७.२३) कहा है —

'स्फटिकगिरिशिलाऽमलः क्व विष्णु र्मनसि नृणां क्व च मत्सरादिदोषः।
नहि तुहिनमयूखरश्मिपुंजे भवति हुताशनदीप्तिजः प्रतापः' ॥

तुहिनमयुख चंद्र को कहा है। अभेद साक्षात्कार तो सर्वदोष निवारक है इसमें क्या कहना? दुर्वासा महर्षि ने परशम्भुमहिम्नस्तोत्र (१२४) में कहा है—

'जातिर्लज्जा निजकुलमदः सर्वसंशित्वराधिर्देहाऽहन्ता स्वकृतदुरितद्वन्द्वपाशोऽभिमानः।
सर्वे ह्येते मम विनिहतास्त्वन्महावाक्यसूर्यज्योतिःपुञ्जैः किमपरमहं देव भद्रं समीहे' ॥९२॥

चित्त शुद्ध होने पर स्वभावतः शिवप्रावण्य होता है अतः सदा परमेश्वर का भजन होता रहे यही प्रार्थना है—

सोमकलाधरमौलौ कोमलघनकन्धरे महामहसि।
स्वामिनि गिरिजानाथे मामकहृदयं निरन्तरं रमताम् ॥९३॥

सोमकलाधरमौलौ = चन्द्रमा की कला को सिर पर धारण करने वाले, **कोमलघनकन्धरे** = सुन्दर तथा मेघवर्ण के कण्ठ वाले, **महामहसि** = महातेजोरूप, **गिरिजानाथे** = गिरिजापति, **स्वामिनि** = त्रैलोक्य अधीश्वर में, **मामकहृदयम्** = मेरा मन, **निरन्तरम्** = सदा, **रमताम्** = रमण करे।

चन्द्रमा को शिरःस्थान देना भगवान् की करुणाशक्ति का प्रमाण है। वराहपुराण में उदधिमन्थन से निकले सोम को भगवान् ने सिर पर धरा, ऐसा वर्णित है '*रुद्रस्तमेव सकलं दधार शिरसा तदा*'। '*वक्राकारः*' इत्यादि शिवपादादिकेशान्तवर्णनस्तोत्र में (३४) आचार्य ने भी इस कथा का वर्णन किया है।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

हम शिवसेवा करें यही शिवमुकुटस्थ सोम का सन्देश है । मेघवर्ण वाला कण्ठ भी भगवान् की कृपा का अद्भुत प्रदर्शन है । नीलिमा से ही कर्पूरगौर गात्र में कण्ठ की शोभा है । कृपा से ही शक्तिशाली सुशोभित होते हैं । तेजोरूप से भगवान् ब्रह्मा-विष्णु के संमुख प्रकट हुए थे । इस चरित्र द्वारा भी यही बताया कि भगवान् की भक्ति से उनका साक्षात्कार होता है, भक्ति के बिना चाहे जितना प्रयास करें विफल ही रहता है । *'तवैश्वर्यं यत्नाद्... तव किमनुवृत्ति र्न फलति'* (१०) इस महिम्नश्लोक में यह स्पष्ट है । गिरिजापति बन कर भगवान् ने पुनः घोषित किया कि भक्ति असंभव को भी संभव कर देती है । हिमवान् की इच्छा व कामदेव के प्रयास से भगवान् उमा को ग्रहण करने को तैयार न हुए किन्तु अपर्णा के तप से मानो उनके दास हो गये — *'अद्यप्रभृत्यवनितांगि तवास्मि दासः क्रीतस्तपोभिः' (कुमारसंभव ५.८६)*। ऐसे महादेव का सदा मन में चिन्तन चले यही कल्याण का उपाय है ॥९३ ॥

केवल चिन्तन ही नहीं, समस्त व्यवहार शिवपरक होना ही जीवन की सार्थकता है—

सा रसना ते नयने तावेव करौ स एव कृतकृत्यः ।
या ये यौ यो भर्गं वदतीक्षेते सदार्चतः स्मरति ॥९४ ॥

सा = वही, रसना = जीभ है, या = जो, भर्गम् = भगवान् शंकर के विषय में, वदति = बोलती है । ते = वे ही, नयने = आँखें है, ये = जो (उन्हें), ईक्षेते = देखती हैं । तौ = वे, एव = ही, करौ = हाथ हैं, यौ = जो (उनकी) सदा = हमेशा, अर्चतः = पूजा करते हैं । सः = उसने, एव = ही, कृतकृत्यः = अपना सारा कर्तव्य पूरा कर लिया है, यः = जो (उन्हें), स्मरति = याद रखता है ।

यदि शिवानुयायी नहीं तो नयनादि की नयनादिरूपता ही क्या ? सौरपुराण में (४८.१०-१३) यही प्रसंग वर्णित है—

'मनस्तद्विद्धि कर्मज्ञं शंकरे यत्प्रवर्तते । सा वाणी वाक्पतिं शम्भुं या स्तौत्यच्युतमच्युता ॥
श्रवणौ तौ श्रुतौ याभ्यां श्रूयन्ते तत्कथाः शुभाः । पादौ तौ सफलौ पुंसां शिवायतनगामिनौ ॥
ते च नेत्रे शुभायालं याभ्यां सन्दृश्यते शिवः । सफलौ तौ स्मृतौ विप्रास्तत्पूजाकारिणौ करौ ॥
तदेव सफलं कर्म शिवमुद्दिश्य यत्कृतम् । सेयं लक्ष्मीः परा पुंसां सेयं भक्तिः समीहिता' ॥

मानसपूजास्तोत्र में *'यद्यत्कर्म करोमि तत्तदखिलं शंभो तवाराधनम्'* से यही कहा है । सायास किये जाने पर यह शिवमयता साधना है, जब स्वाभाविक हो जाये तब सिद्धावस्था । *'यत्करोषि' (गी. ९.२७)* आदि स्मृति की सार्थकता इसी दृष्टि से समझनी चाहिये । शिवगीता में भी कहा है—

'यत्करोषि यदश्नासि यज्जुहोषि ददासि यत् ॥ यत्तपस्यति राम त्वं तत्कुरुष्व मदर्पणम् ॥
ततः परतरा नास्ति भक्तिर्मयि रघूत्तम' ॥१४.४४-४५ ॥

मुकुन्दमाला में भी कहा है

'जिह्वे कीर्तय केशवं मुररिपुं चेतो भज श्रीधरं
पाणिद्वंद्व समर्चयाच्युतकथाः श्रोत्रद्वयं त्वं शृणु ।

Dr. Urmila Sharma Collection, Varanasi

CC0. In Public Domain, Digitizagtion by eGangotri

कृष्णं लोकय लोचनद्वय हरे र्गच्छाङ्घ्रियुग्मालयं

जिघ्र घ्राण मुकुन्दपादतुलसीं मूर्धन्नमाधोक्षजम्' ॥२१ ॥

